सूर्योदय : 5:21
सूर्यास्त : 6:43
अधिकतम तापमान : 41.0
न्यूनतम : 29.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-321 पेज-16

मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 16 मई 2025

17 ज़िक़ादा 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com



# ठाकुर बांकेबिहारी गलियारा पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय

## बांके बिहारी मंदिर की धनराशि को कॉरिडोर बनाने पर खर्च कर सकेगी यूपी सरकार, कोर्ट ने दी अनुमति

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश सरकार वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर की धनराशि (फंड) का उपयोग कॉरिडोर विकास के लिए कर सकेगी। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को अनुमति देते हुए कहा कि वह इस धनराशि से कॉरिडोर के लिए मंदिर के आसपास पांच एकड़ भूमि खरीद सकती है।

शीर्ष अदालत ने आदेश दिया है कि जिस भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा, उसका मंदिर के देवता के नाम पर पंजीकरण कराना होगा। कोर्ट ने कॉरिडोर के लिए राज्य सरकार की 500 करोड़ रुपये की विकास योजना को ध्यान में रखते हुए बांके बिहारी मंदिर ट्रस्ट की सावधि जमा राशि के उपयोग की अनुमति दे दी। वृंदावन के श्रीबांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर निर्माण मामले में 20 नवंबर 2023 इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार की याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट ने कहा था कि कॉरिडोर का निर्माण हो, लेकिन इसमें मंदिर फंड का इस्तेमाल न करें। सरकार अपने स्तर से इसका खर्च वहन करे। वहीं उत्तर प्रदेश सरकार का कहना था कि अगर सरकार अपने खर्च से जमीन खरीदेगी तो उस पर सरकार का मालिकाना हक होगा। इसी प्रकार कॉरिडोर के निर्माण पर सरकार धनराशि खर्च करेगी तो उस पर भी सरकार का ही अधिकार होगा।



# वार की जगह ट्रेड करें भारत-पाक : ट्रंप

- कतर में डोनाल्ड ट्रंप ने फिर की सीजफायर का क्रेडिट लेने की कोशिश
- भारत में नहीं बनेगा एप्पल प्रोडक्ट्स, ट्रंप ने लगाई रोक


**दोहा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने अरब दौरे के दौरान एक बार फिर भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर का क्रेडिट लेने की कोशिश की है। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान को वार की बजाय ट्रेड करने को कहा था।

बता दें कि ट्रंप इस वक्त खाड़ी देशों के दौरे पर हैं। इस दौरान कतर में एक बेस पर अमेरिकी सैनिकों से ट्रंप ने कहा, भारत और पाकिस्तान के बीच की शत्रुता समाप्त हो गई है। ट्रंप ने कहा कि परमाणु हथियार संपन्न पड़ोसियों ने कूटनीति और संयुक्त राज्य अमेरिका के दबाव के बाद शनिवार को युद्ध विराम पर सहमत होने के बाद लगभग तीन दशकों में अपनी सबसे खराब लड़ाई रोक दी। उन्होंने कहा कि मैंने भारत और पाकिस्तान को सलाह दी थी कि वे वार के बजाय ट्रेड पर ध्यान केंद्रित करें और दोनों इससे खुश हैं। इसके पहले ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीर विवाद पर मध्यस्थता की बात भी कही थी। भारत ने इस पर आपत्ति जताई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने कहा है कि इस बातचीत के बाद एपल अमेरिका में अपना उत्पादन बढ़ाएगा। हालांकि, उन्होंने चर्चा के परिणाम या भारत में एपल की योजनाओं में किसी भी बदलाव के बारे में और विवरण साझा नहीं किया। ट्रंप की टिप्पणी भारत की ओर से अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाने की चेतावनी के कुछ ही दिनों बाद आई है। भारत का यह प्रस्ताव अमेरिका की ओर से भारतीय स्टील और एल्युमीनियम निर्यात पर शुल्क बढ़ाने के जवाब में दिया गया था।

### भारत अपना ख्याल खुद रख सकता है

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि उन्होंने एपल के सीईओ टिम कुक से बात की है और उनसे भारत में एपल के उत्पादन का विस्तार न करने के लिए कहा है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में इसका दावा किया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने दोहा में एक कार्यक्रम में टिम कुक से कहा कि हमें आपके भारत में निर्माण करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। वे अपना ख्याल खुद रख सकते हैं। वे बहुत अच्छा कर रहे हैं। दोहा में एक कार्यक्रम में डोनाल्ड ट्रंप ने एपल सीईओ टिम कुक से कहा कि मुझे टिम कुक के साथ थोड़ी परेशानी थी। कल मैंने उनसे कहा कि टिम आप मेरे दोस्त हैं। मुझे लगता है। आप बहुत अच्छे हैं। आप 500 बिलियन डॉलर लेकर यहां आ रहे हैं। लेकिन अब मैंने सुना है कि आप भारत में निर्माण कर रहे हैं। मैं नहीं चाहता कि आप भारत में निर्माण करें। यदि आप भारत का ख्याल रखना चाहते हैं तो आप भारत में निर्माण कर सकते हैं। क्योंकि भारत दुनिया में सबसे अधिक टैरिफ वाले देशों में से एक है। इसलिए भारत में बिक्री करना बहुत मुश्किल है।



# राष्ट्रपति मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट से पूछे 14 सवाल



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की तरफ से राष्ट्रपति और राज्यपालों के लिए विधेयकों पर फैसला लेने की समयसीमा तय किए जाने का मुद्दा फिर सुर्खियां बटोर रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट को चिट्ठी लिखकर 14 सवाल पूछे हैं जिस पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अपनी एक एक्स पोस्ट में आरोप लगाया कि यह सुप्रीम कोर्ट ने संवैधानिक महत्व का जो मुद्दा सुलझा दिया था, उसे फिर से कटघरे में खड़ा करने का प्रयास किया जा रहा है। अब राष्ट्रपति ने इस पर आपत्ति जताई है और कहा कि देश के संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, तो सुप्रीम कोर्ट किस आधार पर यह फैसला दे सकता है। राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट से राज्यपाल की शक्तियों, न्यायिक दखल और समयसीमा तय करने जैसे विषयों पर स्पष्टीकरण मांगा है। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार बनाम राज्यपाल मामले में दिए अपने फैसले में कहा था कि राज्यपाल के पास कोई वीटो पावर नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल की ओर से भेजे गए विधेयक पर राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर फैसला लेना होगा। अगर तय समयसीमा में फैसला नहीं लिया जाता तो राष्ट्रपति को राज्य को इसकी वाजिब वजह बतानी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में ये भी कहा कि राष्ट्रपति किसी विधेयक को पुनर्विचार के लिए राज्य विधानसभा के पास वापस भेज सकते हैं। अगर विधानसभा उस विधेयक को फिर से पारित करती है तो राष्ट्रपति को उस पर अंतिम फैसला लेना होगा।

# लखनऊ में बनेगा सीड पार्क

## योगी कैबिनेट की बैठक में 10 बड़े प्रस्तावों को मिली मंजूरी

- गांवों में बनेंगे पंचायत उत्सव भवन
- किसानों, उद्योगों और नगरीय विकास होगा
- योगी मंत्रिमंडल ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को बताया भारत की ताकत और एकता का प्रमाण



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने कैबिनेट बैठक में कई बड़े फैसले लिए हैं। गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश के विकास से जुड़े कुल 10 अहम प्रस्तावों को मंजूरी मिल गई है।

इस बैठक में कृषि, उद्योग, दुग्ध उत्पादन, नगरीय विकास, पंचायती राज और नागरिक उड्डयन से संबंधित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। वहीं, पहलगाम के जवाब में भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर पर पीएम नरेंद्र मोदी, भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम पर अभिनंदन प्रस्ताव पास हुआ है। कैबिनेट में दुग्ध नीति में बदलाव करते हुए नागरिक उड्डयन विभाग के पायलट समेत अन्य कर्मियों के वेतन संबंधी बड़ा फैसला लिया गया है। **पशुधन और दुग्ध विकास**- प्रदेश में दुग्धशाला विकास एवं उत्पाद प्रोत्साहन नीति 2022 में संशोधन कर नई दुग्ध प्रसंस्करण यूनिटों को अब 35 प्रतिशत पूंजीगत अनुदान मिलेगा। इससे ग्रामीण क्षेत्र में निवेश को बल मिलेगा। **ग्राम पंचायतों में पारदर्शिता को बढ़ावा**- ग्राम सभाओं की बैठकों और संचालन में होने वाले व्ययों के लिए विशेष फंडिंग नीति को मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर जरूरतमंद तक राशन पहुंचाने की व्यवस्था को और सुदृढ़ करने पर जोर दे रही है। योगी सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत उचित दर वितरण प्रणाली को मजबूत करने के लिए 179.42 करोड़ रुपये की बड़ी धनराशि स्वीकृत की है। यह धनराशि उठाई, धराई और अंतरराज्यीय संचालन से लेकर उपभोक्ताओं तक राशन सामग्री के सुचारु वितरण के लिए स्वीकृत की गई है, जो खाद्य एवं रसद विभाग की कार्यक्षमता को नई गति देगी।

### कृषि क्षेत्र को बड़ी सौगात

लखनऊ में भारत रत्न चौधरी चरण सिंह जी के नाम पर एक अत्याधुनिक सीड पार्क की स्थापना को मंजूरी दी गई है। यह पार्क 130.63 एकड़ भूमि पर 251.70 करोड़ की लागत से बनेगा। **नगर विकास विभाग-** अमृत योजना-1 के अंतर्गत 7 निकायों के 90 करोड़ के निकाय अंश को माफ किया गया है। साथ ही अमृत योजना के तहत निकाय अंश को कम करने के प्रस्ताव को भी हरी झंडी मिली है।

### उद्योगों को बढ़ावा देने पर जोर.....

- प्रदेश में विभिन्न कंपनियों को निवेश प्रोत्साहन के तहत Letter of Comfort (LOC) जारी किए गए। इनमें प्रमुख हैं
- जेके सीमेंट, प्रयागराज - 450.92 करोड़ रुपये
- मून बेवरेज लिमिटेड, हापुड़ - 469.61 करोड़ रुपये
- सिल्वर पल्प एंड पेपर मिल, मुजफ्फरनगर- 403.88 करोड़ रुपये
- ग्लोबल स्पिलट्स लिमिटेड, लखीमपुर - 399.74 करोड़ रुपये
- चांदपुर इंटरप्राइजेज - 273.90 करोड़ रुपये

### ऑपरेशन सिंदूर की सराहना

कैबिनेट ने आतंकवाद के विरुद्ध ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सुरक्षा बलों के लिए अभिनंदन प्रस्ताव पारित कर उनकी वीरता की प्रशंसा की। **पंचायती राज विभाग-** प्रदेश में निर्माणाधीन पंचायत उत्सव भवनों के नामकरण के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। **नागरिक उड्डयन विभाग-** निदेशालय में संविदा पर कार्यरत पायलट, को-पायलट, इंजीनियर और अन्य कर्मियों के पुनर्निर्धारित पारिश्रमिक और सातवें वेतन आयोग के अनुसार वेतनमान को मंजूरी दी गई है।

# अब भारतीय हवाई अड्डों पर काम नहीं कर पाएगी तुर्किये की कंपनी सेलेबी

**नई दिल्ली।** विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने भारतीय हवाई अड्डे पर तुर्किये की ग्राउंड हैंडलिंग कंपनी सेलेबी की सुरक्षा मंजूरी तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी। यह जानकारी एक आधिकारिक आदेश के जरिए दी गई। विमानन मंत्रालय के आदेश में कहा गया, सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को ग्राउंड हैंडलिंग की सुरक्षा मंजूरी 21 नवंबर 2022 को दी गई थी, उसे अब देश की सुरक्षा के हित में तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है।

# तीन आईएएस और 51 पीसीएस के तबादले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शासन ने गुरुवार को तीन आईएएस एवं 51 पीसीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। पीसीएस अधिकारियों में दो उपजिलाधिकारी और 49 अपर जिलाधिकारी स्तर के अधिकारी हैं। पीसीएस अधिकारियों में तीन साल तक एक ही स्थान पर रहने वालों को हटाया गया है। आईएएस अधिकारियों में शशांक चौधरी नगर आयुक्त मथुरा से अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी इंवेस्ट यूपी बनाए गए हैं। जग प्रवेश मुख्य विकास अधिकारी बरेली से नगर आयुक्त मथुरा और देवयानी संयुक्त मजिस्ट्रेट झांसी से मुख्य विकास अधिकारी बरेली बनाई गई हैं। पीसीएस अधिकारियों में संतोष बहादुर सिंह एडीएम (वि/रा) बरेली से एडीएम (प्रशासन) सहारनपुर, अर्चना द्विवेदी एडीएम (प्रशासन) सहारनपुर से अपर आयुक्त आजमगढ़, संतोष कुमार सिंह एडीएम (वि/रा) शामली से एडीएम (वि/रा) बरेली बनाए गए हैं। सुभाष चंद्र प्रजापति एडीएम (वि/रा) फर्रुखाबाद से प्रधान प्रबंधक उत्तर प्रदेश चीनी मिल संघ लखनऊ, अनिल चतुर्वेदी प्रधान प्रबंधक उत्तर प्रदेश चीनी मिल संघ लखनऊ से एडीएम (न्यायिक) अमेठी, संजय कुमार पांडेय एडीएम (प्रशासन) शाहजहांपुर से एडीएम (नजूल) प्रयागराज, अरुण कुमार सिंह तृतीय एडीएम (प्रशासन) झांसी से एडीएम (वि/रा) फर्रुखाबाद बनाए गए हैं। प्रदीप कुमार एडीएम (नजूल) प्रयागराज से अपर नगर आयुक्त नगर निगम सहारनपुर, योगानंद पांडेय एडीएम (वि/रा) मथुरा से एडीएम (नगर) अयोध्या, अजय कुमार सिंह एडीएम (प्रशासन) आगरा से एडीएम (वि/रा) मिर्जापुर बनाए गए हैं।

# मंत्री विजय शाह के खिलाफ दर्ज एफआईआर से असंतुष्ट हाईकोर्ट

- कर्नल सोफिया कुरैशी पर टिप्पणी मामला
- पुलिस को जमकर लगाई फटकार



**भोपाल।** महिला सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर मंत्री विजय शाह के विवादित बयान पर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने सख्त टिप्पणी की थी। साथ ही एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए थे।

मंत्री विजय शाह के मामले में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में जस्टिस अतुल श्रीधरन तथा जस्टिस अनुराधा शुक्ला की युगलपीठ के समक्ष गुरुवार को फिर सुनवाई हुई। हाईकोर्ट के आदेशानुसार मंत्री विजय शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं किए जाने पर युगलपीठ ने नाराजगी व्यक्त की है। युगलपीठ ने सुनवाई के दौरान अपने आदेश में कहा है कि एफआईआर ऐसे कंटेंट के साथ लिखी गई है, जो चुनौती देने पर निरस्त हो जाए।

युगलपीठ ने आदेश में उल्लेखित कंटेंट के बारे बताते हुए एफआईआर दर्ज करने के लिए कहा है। इसके अलावा एफआईआर में पुलिस विवेचना की मॉनिटरिंग हाईकोर्ट द्वारा की जाएगी। युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि यह उल्लेख करना आवश्यक है कि कर्नल सोफिया कुरैशी विंग कमांडर व्योमिका सिंह के साथ, मीडिया और राष्ट्र को पाकिस्तान के खिलाफ हमारे सशस्त्र बलों द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर की प्रगति के बारे में जानकारी देने वाले सशस्त्र बलों का चेहरा थीं। मंत्री ने कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ एक व्यंग्यात्मक टिप्पणी की, जो किसी और के लिए नहीं बल्कि उनके लिए ही हो सकती है। सार्वजनिक समारोह में उन्होंने कर्नल सोफिया कुरैशी को पहलगाम में 26 निर्दोष भारतीयों की हत्या करने वाले आतंकवादियों की बहन बताया है।

# सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में गुरुवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दक्षिण कश्मीर के अवंतीपुरा के नादेर त्राल इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सटीक सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि तलाश अभियान के दौरान छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। अधिकारी ने बताया कि जवाबी कार्रवाई में तीन आतंकवादी मारे गए। आतंकवादियों की पहचान और उनके संगठन के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस के अनुसार, इलाके में तलाश अभियान अब भी जारी है। गौरतलब है कि मंगलवार के बाद से दक्षिण कश्मीर में यह दूसरी मुठभेड़ है।

# आतंकवाद और पीओके खाली करने पर होगी बात : एस जयशंकर



- हमने पाकिस्तान को किया था आगाह
- जयशंकर ने शहबाज सरकार के झूठ की खोली पोल

**नई दिल्ली।** भारत पाकिस्तान संघर्ष विराम के बाद उठ रहे सवालों का विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ हमारे संबंध और व्यवहार पूरी तरह से द्विपक्षीय होंगे। इसमें बिल्कुल भी बदलाव नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री ने भी स्पष्ट किया है कि पाकिस्तान के साथ अब बातचीत केवल आतंकवाद और पीओके खाली करने पर होगी। होंडुरास के दूतावास के उद्घाटन के अवसर पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान के पास आतंकवादियों की एक सूची है जिसे उसे हमें सौंपना होगा। साथ ही उसे आतंकियों के बुनियादी ढांचे को बंद करना होगा। वे जानते हैं कि क्या करना है। हम उनके साथ आतंकवाद के बारे में चर्चा करने के लिए तैयार हैं। ये वे वार्ताएं हैं जो संभव हैं। उन्होंने कहा कि सिंधु जल संधि स्थगित है और तब तक स्थगित रहेगी जब तक पाकिस्तान द्वारा सीमा पार आतंकवाद को रोका नहीं जाता। कश्मीर पर चर्चा के लिए केवल एक ही बात बची है, वह है पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में अवैध रूप से कब्जाए गए भारतीय क्षेत्र को खाली करना।



# श्रावण मास के आरंभ से पूर्व सरोवर का सौंदर्यकरण कार्य हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए: अभिषेक कुमार

**सीडीओ ने विधायक अमन गिरी के साथ निर्माणाधीन गोला छोटी काशी कॉरिडोर का स्थलीय निरीक्षण किया**




*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी ।** छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध गोला गोकर्णनाथ में बन रहे भव्य कॉरिडोर की तस्वीर अब तेजी से बदलने जा रही है। गुरुवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने विधायक अमन गिरी के साथ निर्माणाधीन गोला छोटी काशी कॉरिडोर का स्थलीय निरीक्षण किया और प्रगति का जायजा लिया इस मौके पर मुख्य रूप से एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, पीडी एसएन चौरसिया, यूपीपीसीएल के जीएम राजेश वर्मा, अवर अभियंता विवेक बाजपेई, आर्किटेक्ट उत्कर्ष शुक्ला मौजूद रहे निरीक्षण के दौरान विधायक और सीडीओ ने निर्माण में आ रही बाधाओं को लेकर संबंधित विभागीय अफसरों और कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों संग विस्तार से चर्चा की। मौके पर मौजूद अधिकारियों और कार्यदायी संस्था को दो टूक कहा कि रुकावटें नहीं, समाधान चाहिए। हर बाधा को प्राथमिकता से दूर कर निर्माण की गति बढ़ाई जाए निरीक्षण के दौरान पाया कि अब तक 250 मीटर लंबी प्रस्तावित रिटेनिंग वॉल में से 170 मीटर का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष कार्य तेजी से प्रगति पर है। सीडीओ ने यह भी स्पष्ट किया कि आसपास की बस्तियों के नाले की निकासी की उचित व्यवस्था की जाए, ताकि कार्यस्थल पर कोई बाधा उत्पन्न न हो सीडीओ ने निर्देश दिए कि श्रावण मास के आरंभ से पूर्व सरोवर का सौंदर्यकरण कार्य हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए। श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए यात्री प्रतीक्षालय के डिज़ाइन में बदलाव कर उसे अधिक सुविधाजनक और आधुनिक बनाया जाएगा। कॉरिडोर परिसर में प्रस्तावित 11 मंदिरों के निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा गया है। साथ ही पुराने मंदिरों की मूर्तियों को ससम्मान पुनः स्थापित किया जाएगा, ताकि परिसर अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को और अधिक प्रखर कर सके।

# शिव मंदिर निर्माण को ध्वस्त कराने का विरोध सेवानिवृत्त अपर पुलिस अधीक्षक को पड़ गया काफी महंगा

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी ।** शहर की श्यामनगर कॉलोनी में शिव मंदिर पर लोगों के सहयोग से कराए गए निर्माण को ध्वस्त कराने का विरोध करना सेवानिवृत्त अपर पुलिस अधीक्षक को काफी महंगा पड़ गया। मंदिर और कुएं की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने वाले युवक ने उनके साथ गाली गलौज की। इतना ही नहीं हाथापाई भी कर दी। पुलिस ने पूर्व एएसपी की तहरीर आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। साथ ही एससीएसटी एक्ट भी लगाया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है सीतापुर रोड स्थित श्यामनगर कॉलोनी निवासी राम किशोर राजवंशी अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) पद से सेवानिवृत हुए हैं। उनके घर के पास प्राचीन कुआं और शिव मंदिर है। अपर पुलिस अधीक्षक रामकिशोर राजवंशी ने बताया कि शिव मंदिर और कुओं का निर्माण सन 1960 में हुआ था। आरोप है कि मोहल्ले के ही सूरज वर्मा ने उस मंदिर और कुएं की खाली जमीन का फर्जी बैनामा कराकर अवैध निर्माण कार्य कर लिया है। मोहल्ले के लोग जन सहयोग से शिव मंदिर के पास की जमीन पर निर्माण कार्य करा रहे थे। जिसे बुधवार को आरोपी सूरज वर्मा ने गिराकर तहस-नहस कर निर्माण कार्य रुकवा दिया। वहां मौजूद सभी लोगों को गालियां देने लगा। इसी बीच वह भी मौके पर पहुंच गए और निर्माण रोकने के संबंध में जानकारी करनी चाही तो सूरज वर्मा उन पर भी भड़क गया। जाति सूचक गालियां देते हुए कहा कि मैं अनुसूचित जाति के लोगों को जूते से मारता हूं। उनके विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथापाई करने लगा। मौके पर मौजूद मोहल्ले के ही अंकित गुप्ता, उजागिर सिंह, गंगाराम व मोहित आदि ने किसी तरह से बीच बचाव कर उनकी जान बचाई। आरोपी ने धमकी दी कि उसके पिता ने 50 हत्याएं की हैं। एक हत्या तुम्हारी हो जायेगी तो मेरा कुछ नहीं बिगड़ेगा। उन्होंने बताया कि इतने में आरोपी के पिता भी आ गए और उन्होंने भी उनके साथ गाली गलौज की। पीड़ित एएसपी ने आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने सूरज वर्मा और उसके पिता के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। एससीएसटी एक्ट भी लगाया है।

# गोवध की घटना मे संलिप्त 03 नफर अभियुक्तगण गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना भीरा पुलिस टीम द्वारा गोवध की घटना मे संलिप्त 03 नफर अभियुक्तगण वारिस पुत्र सलारा उम्र करीब 37 वर्ष नि0ग्राम हाशिम टाण्डा थाना भीरा अजमत उर्फ डोली उर्फ मोटुआ पुत्र अहमद उम्र करीब 35 वर्ष नि0ग्राम भगवन्तपुर थाना पूरनपुर जनपद पीलीभीत आशिफ पुत्र रहमतुल्ला कुरैशी उम्र करीब 20 वर्ष नि0ग्राम परतापुर चौधरी थाना इज्जतनगर जनपद बरेली को मु0अ0सं0 186/2025 धारा 3/5/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधि0 की घटना मे प्रयुक्त 02 अदद छुरी, 01 अदद बांका, 03 अदद रस्सी के टुकड़े व 01 अदद पिकअप डाला सीज अन्तर्गत धारा 207 स्क्ष्क्ष्ह्ल व अभि0 वारिस उपरोक्त के कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर मय 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। अभि0 वारिस के विरुद्ध गिरफ्तारी/बरामदगी फर्द के आधार पर मु0अ0सं0 193/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तगणों को न्यायालय भेजा गया।

# नवागत एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने संभाला कामकाज



**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता) जिले** के नवागत एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने लखीमपुर पहुंचकर कामकाज संभाला श्री सिंह देवरिया जिले के मूल निवासी है, वे 2011 बैच के पीसीएस अधिकारी हैं।नरेंद्र बहादुर सिंह को प्रशासनिक क्षेत्र में व्यापक अनुभव प्राप्त है इससे पहले वे मुजफ्फरनगर व बदायूं में एडीएम के पद पर कार्यरत रह चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने मुरादाबाद में सिटी मजिस्ट्रेट और गोरखपुर, चित्रकूट, कौशांबी, तथा मऊ जैसे महत्वपूर्ण जिलों में उप जिलाधिकारी के रूप में प्रशासनिक जिम्मेदारियां निभाई हैं कार्यभार ग्रहण करते हुए एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं को धरातल पर उतारना और जन समस्याओं का त्वरित समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने पारदर्शिता, जनभागीदारी और समयबद्ध कार्यों को प्रशासनिक कार्यशैली की आधारशिला बताया।

# मदर टेरेसा वैश्विक शांति पुरस्कार से सम्मानित हुए महताब खान चांद



**नजीबाबाद। (अवधनामा संवाददाता)** मदर टेरेसा इंटरनेशनल फाउंडेशन की अवार्ड चयन समिति के इंटरनेशनल चैरिटी आफ अरजैटीना फ्लोरेसिया अल्जोगरे इंटरनेशनल अध्यक्ष युसूफजई संस्थापक चेयरमैन मौहम्मद परवेज ने मानवता विश्व शांति कूटनीति मानवाधिकार के लिए उत्कृष्ट योगदान और समर्थन तथा सार्वभौमिक शान्ति स्थापना के लिए उत्कृष्ट योगदान और विश्व भर में सभी समुदायों के बीच शांति प्रेम सद्भाव और एकता को बढ़ावा देने और स्थापित करने में उल्लेखनीय योगदान करने के लिए शान्ति प्रेम मानवता के लिए वर्ष 2025के लिए विश्व शान्ति पुरस्कार से सम्मानित करने का निर्णय लिया है!

# जनपद में मनाई गई बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि



**नजीबाबाद। (अवधनामा संवाददाता)** भारतीय किसान यूनियन संस्थापक बाबा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की 14 वीं पुण्यतिथि पर भाकियू राष्ट्रीय किसान भवन में आयोजित हवन यज्ञ में भाकियू राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत की उपस्थिति में पश्चिमी यूपी के दर्जनों जनपदों के नेताओं के साथ बिजनौर के पदाधिकारियों ने भी पहुंच कर आहुति दी उसके बाद उनकी समाधि पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर ने कहां कि बाबा चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत ने दुनिया भर के किसान मजदूरों की लड़ाई लड़ते लड़ते किसानों और मजदूरों को अपने हक के लिए लड़ना सिखाया और आज बाबा महेन्द्र सिंह टिकैत के संघर्ष का परिणाम है कि किसान अधिकारियों की छाती पर चढ़कर अपने काम कराने की क्षमता रखता हैं। उन्होंने कहां कि बाबा महेंद्र सिंह टिकैत ही ऐसे किसान महापुरुष हुए है जिन्होंने पश्चिमी यूपी के मुजफ्फरनगर जिले के अपने सिसौली गाँव से दुनिया भर के किसान कमरे वर्ग को जाती पाती से दूर रखते हुए 36 बिरादरी भाईचारे को बढ़ावा देते हमेशा सरकार की सरकारी राजनीति का चक्रव्यूह तोड़ते हुए किसानों के हकों की लंबी लड़ाई अपनी सादगी, सच्चाई और ईमानदारी से लड़ते हुए अनेक आंदोलनो से प्रदेश से लेकर देश की सरकार को न जाने कितनी बार हिलाया और कई बार झुकाया और अपनी बात मनवाते हुए जीवन पर्यंत जल, जंगल, जमीन के लिए आन्दोलन चलाएं। हवन यज्ञ में बिजनौर से जिला संरक्षक महेंद्र सिंह प्रधान, प्रदेश सचिव जितेंद्र पहलवान, मण्डल उपाध्यक्ष आदिल जैदी, युवा जिला मुख्य महासचिव अंकित चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष स्योहारा गजेन्द्र सिंह टिकैत, ब्लॉक अध्यक्ष अफजलगढ़ मदन राणा, युवा ब्लॉक अध्यक्ष नजीबाबाद अभिषेक चांगियांन, योगेंद्र सिंह, सुखवीर सिंह, अभय कुमार, बंटी कुमार आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिले के हुक्मरानों ने किया दरगाह का भ्रमण

## होने वाली वार्षिक मजलिसों का लिया जायज़ा लेकर दिये संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज तहसील नजीबाबाद के ग्राम जोगीरम्पुरी स्थित दरगाह ए आलिया नज्फ़े हिंद में आयोजित होने वाले वार्षिक अंतरराष्ट्रीय मेले के दृष्टिगत भ्रमण किया गया। उन्होंने इस अवसर पर दरगाह के अध्यक्ष से मेले के संबंध में सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं के बारे में विस्तृत रूप से विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी को दरगाह ए आलिया नज्फ़े हिंद के प्रशासक श्री गुलरेज हैदर रिजवी ने बताया कि आगामी 22 मई से 25 मई 2025 तक चार दिवसीय मजालिस का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश एवं विदेशों के लाखों जायरीन भाग लेंगे। उन्होंने आयोजित होने वाले के अवसर पर विद्युत आपूर्ति सुचारु रखने, स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल कैंपों का आयोजन, एंबुलेंस एवं फायर ब्रिगेड की गाड़ियों की उपलब्धता, नजीबाबाद से दरगाह तक रोडवेज बस सर्विस, लोक निर्माण विभाग द्वारा साईन बोर्ड एवं सड़कों की समुचित मरम्मत, पेयजल एवं सफाई व्यवस्था कराने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी ने उक्त समस्याओं का संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का तत्काल निराकरण करना सुनिश्चित करें ताकि मेले के आयोजन के समय जायरीन को कोई असुविधा न होने पाए। उन्होंने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि मेले में लगने वाले स्टालों में उपलब्ध खाद्य सामग्री का नियमित रूप से निरीक्षण कराएं किसी भी अवस्था में बासी खाद्य सामग्री का क्रय-विक्रय नहीं होने दिया जाए तथा सभी खाद्य सामग्री की रेट लिस्ट बड़े और स्पष्ट शब्दों में बाहर प्रदर्शित कराना सुनिश्चित कराएं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण विनय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी नजीबाबाद एवं सीओ पुलिस सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, अली ज़ैदी सदस्य, शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड उत्तर प्रदेश, एडीओ पंचायत राकेश कुमार एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# खेतों में मंगेतर के सामने युवती से गैंगरेप

## दरिंदों ने वीडियो बनाकर किया वायरल



*अवधनामा संवाददाता*

**किरतपुर।** बिजनौर में कुछ युवकों ने मंगेतर के सामने युवती से गैंगरेप किया। आरोपियों ने दुष्?कर्म का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने युवती की शिकायत पर छह आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों को पकड़ने की कोशिश कर रही है। किरतपुर के एक गांव में एक युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है, युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 10 मई की रात करीब 10 बजे उसका मंगेतर उससे मिलने आया था। वे दोनों घर के पास खेतों में बात कर रहे थे। तभी नितिन, लवीश, बाली और तीन अज्ञात युवक वहां पहुंचे और उससे छेड़छाड़ करने लगे। युवती ने जब विरोध किया तो युवकों ने उसके साथ मारपीट की। इसके बाद वे उसे जबरदस्ती खेत में ले गए और बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया।

### बदनामी के डर से चुप थी युवती

युवती ने बदनामी के डर से इस घटना के बारे में किसी को नहीं बताया। लेकिन आरोपियों ने दुष्कर्म का वीडियो वायरल कर दिया। इसके बाद उसने अपने परिवार को बताया और बुधवार को थाने में जाकर सभी छह आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया। थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि गैंगरेप का मामला दर्ज कर लिया गया है। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। जल्द ही बाकी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### क्षेत्र में सनसनी फैली!

इस जघन्य अपराध की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। स्थानीय लोग आरोपियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जल्द से जल्द सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने के सख्त निर्देश दिए हैं। यह घटना एक बार फिर महिलाओं की सुरक्षा और समाज में बढ़ते अपराधों पर एक गंभीर सवाल खड़ा करती है।

# पुरानी रंजिश के चलते युवक पर किया बगौड़ी से हमला

**लखीमपुर-खीरी । (अवधनामा संवाददाता)** थाना खीरी के गांव कादीरपुर में आम की बाग की रखवाली कर रहे एक युवक पर पुरानी रंजिश के चलते हमलावर ने गन्ना काटने वाली बगौड़ी से हमला कर दिया। सिर में बगौड़ी लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है गांव कादीपुर निवासी हबीब ने बताया कि उसकी गांव के ही आशिफ पुत्र नबी से पुरानी रंजिश चली आ रही है शाम करीब पांच बजे उनका पुत्र आशिफ गांव के बाहर सईद बाबा मजार के पास स्थित आम के बाग की रखवाली कर रहा था। इसी बीच पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही नबी का पुत्र आशिफ आम की बाग पहुंचा और उनके पुत्र के साथ गाली गलौच करने लगा। पुत्र ने जब गाली देने से मना किया तो जान से मारने की नियत से उसके सिर पर गन्ना काटने वाली धारदार बगौड़ी से प्रहार कर दिया इससे उनका पुत्र लहूलुहान होकर गिर गया आरोपी उसे मृत समझ कर मौके से भाग निकला। घटना की सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल के पिता ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

# पैदल जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, युवक की हुई मौत

**लखीमपुर-खीरी । (अवधनामा संवाददाता)** पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर थाना खीरी क्षेत्र में नकहा क्रेशर के पास अज्ञात वाहन ने पैदल जा रहे गांव अमरनगर थाना तंबौर निवासी कैलाश को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। वह नकहा निवासी एक युवक के पास नौकरी करता था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है सीतापुर जिले के थाना तंबौर के गांव अमर नगर निवासी कैलाश (28) पुत्र अनंतु नकहा निवासी युवराज के यहां मजदूरी करता था। वह किसी काम से रात करीब 11:00 बजे भदफर की तरफ जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन और पुलिस घायल को लेकर सीएचसी पहुंची, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# सात तक बाढ़ नियंत्रण की सभी तैयारियां पूर्ण करें अधिकारी: डीएम



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूँ।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने बाढ़ नियंत्रण की जनपद स्तरीय तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी तैयारियां 07 जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं बाढ़ खण्ड के अधिकारियों को बाढ़ नियंत्रण के संबंध में निर्माणाधीन कार्यों को प्रत्येक दशा में जून के प्रथम सप्ताह तक पूर्ण करने के लिए कहा। उन्होंने अधिकारियों को गंभीरतापूर्वक तथा पूर्ण सक्रियता से कार्य करने के लिए कहा। गुरुवार को शिविर कार्यालय में आहूत बैठक में जिलाधिकारी अवनीश राय ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि 07 जून तक बाढ़ नियंत्रण के सम्बंध में जैसे भूसा, बाढ़ चौकियां, चिकित्सा व दवाई, राशन, टीकाकरण आदि समस्त कार्य प्रत्येक दशा में पूर्ण कर लिए जाएं। अधिशासी अभियंता बाढ़ खण्ड उमेश चंद्र ने बताया कि इस बार मानसून पूर्व में आने की संभावना है। जिलाधिकारी ने बताया कि कलेक्ट्रेट स्थित एकीकृत कमांड कन्ट्रोल रूम 24 घंटे क्रियाशील है, जिसमें मोबाइल नम्बर 7505389289, 7505395940 तथा दूरभाष संख्या 05832-266049, 05832-266050 संचालित हैं। जनपदवासी आवश्यकता पड़ने पर कंट्रोल रूम के नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं।

# अनियंत्रित टैंकर ने सड़क पार कर रहे युवक को कुचला मौके पर हुई मौत

**लखीमपुर खीरी।** धौरहरा कोतवाली क्षेत्र में बहराइच-लखीमपुर हाईवे पर बृहस्पतिवार को अनियंत्रित टैंकर ने सड़क पार कर रहे युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया लखीमपुर-बहराइच हाईवे पर धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के गांव मुरावनपुरवा परसा निवासी 40 वर्षीय मनोहर लाल पुत्र बदलू जो मंदबुद्धि बताया जाता है। वह हाईवे किनारे प्लास्टिक व डिब्बे बीनने के बाद सड़क पार कर रहा था तभी लखीमपुर की तरफ से आ रहे टैंकर ने उसे कुचल दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई घटना की सूचना पाकर पहुंची धौरहरा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

# मोंटफोर्ट स्कूल के बच्चों ने राष्ट्रीय रक्षा कोष में भेजें 5100 रुपए



*अवधनामा संवाददाता*

सहारनपुर। मोंटफोर्ट स्कूल के बच्चों ने वीर सैनिकों के लिए राष्ट्रीय रक्षा कोष में 5100 का बैंक ड्राफ्ट जिलाधिकारी को दिया। यह राशि बच्चों ने घर में अपनी गुल्लक फोड़ कर एकत्र की थी। गागलहेड़ी स्थित मोंटफोर्ट स्कूल के विद्यार्थी कोऑर्डिनेटर पारुल सचदेवा के साथ जिलाधिकारी मनीष बंसल से मिले। उन्होंने सैनिकों के लिए 5100 का बैंक ड्राफ्ट राष्ट्रीय रक्षा कोष के लिए दिया। डीएम मनीष बंसल ने बच्चों के प्रयास की सराहना करते हुए उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने और अनुशासन में रहने के लिए प्रेरित किया। स्कूल के सचिव हर्षित गर्ग ने देशभक्ति के इस नेक कार्य के लिए बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कोऑर्डिनेटर पारुल सचदेवा ने डीएम को बताया कि भारत पाक के बीच पिछले दिनों हुए संघर्ष के बाद से ही बच्चे रोजाना कक्षा में बातचीत करते थे कि हमें भी सैनिकों के लिए सहयोग देना चाहिए। उनकी इसी सकारात्मक सोच को ध्यान में रखते हुए बच्चों को ऐसा करने की अनुमति दी गई। अपनी पॉकेट मनी से घर में गुल्लक में रखे गए पैसे को उन्होंने स्कूल में लाकर जमा किया था। जिलाधिकारी को बैंक ड्राफ्ट सौंपने वालों में शिक्षाविद दिनेश गुप्ता, समाजसेवी हिमांशु गर्ग, रुद्र यादव, आदित्य यादव, शैली, अवनिया, पलक, तनवीर व लक्की आदि विद्यार्थी शामिल रहे।

# जिलाधिकारी ने की सिंघली नदी को पुनर्जीवित करने हेतु ग्रामवार की सघन समीक्षा

- **अभिलेखों के आधार पर हुए चिन्हांकन के अनुसार ही हो नदी की चौडाई एवं गहराई**
- **सिंघली नदी पुनर्जीवित होने से ग्रामों में आएगी समृद्धि, ग्रामवासी भी दें अपना सहयोग**



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सख्त निर्देश दिए कि अभिलेखों के अनुसार हुए चिन्हांकन के तहत ही चौडाई एवं गहराई की खोदाई की जाए। यदि गहराई एवं खोदाई कम पाई गयी, तो संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनपद में नदियों को जीवित करने हेतु उनके जीर्णोद्धार की दिशा में लापरवाही न बरती जाए। अधिकारी निरंतर कार्य का निरीक्षण करें।

जिलाधिकारी मनीष बंसल आज यहां कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में तहसील नकुड में सिंघली नदी के पुनरुद्धार के कार्य की ग्रामवार गहन समीक्षा कर रहे थे। मनीष बंसल ने कहा कि खोदाई के साथ ही साथ नदी किनारे नेपियर घास की बुवाई की जाए। उन्होने निर्देश दिए कि किनारों पर निश्चित दूरी पर ह्यूम पाइप डाले जाएं। ग्राम वासियों को भी नदी की खोदाई के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें नदी के फायदों के बारे में बताया जाए। उन्होने निर्देश दिए कि अतिरिक्त श्रमिक लगाकर कार्य को जून माह के अंत तक पूर्ण किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, उपजिलाधिकारी नकुड़ श्रीमती संगीता राघव, पीडी डीआरडीए प्रणय कृष्ण, डीसी एनआरएलएम इन्द्रपाल सिंह, खण्ड विकास अधिकारी गंगोह अमित कुमार सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नगर पंचायतों के विकास में नहीं आएगी धन की कमी : ए.के. शर्मा

# कर्नल सोफिया कुरैशी पर अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में सपा महिला सभा का पैदल मार्च

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** ऑपरेशन सिंदूर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी पर अपमानजनक बयान देने के विरोध में मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह के विरुद्ध आज समाजवादी पार्टी महिला सभा द्वारा एक पैदल मार्च निकाला गया। यह विरोध मार्च आवास विकास तिराहे से लोहिया मूर्ति तक निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिला पदाधिकारी व पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

महिला सभा की नेताओं ने कहा कि देश के लिए समर्पित और वीरता का परिचय देने वाली महिला अधिकारी के प्रति भाजपा मंत्री की टिप्पणी बेहद शर्मनाक और निंदनीय है। इससे भाजपा की महिला विरोधी और संकीर्ण मानसिकता उजागर होती है। यह टिप्पणी न केवल एक अधिकारी के सम्मान का अपमान है, बल्कि पूरे देश की महिलाओं के आत्मबल पर प्रहार है। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि भारतीय सेना ने जो साहस और पराक्रम दिखाया है, वह सराहनीय है। लेकिन भारत सरकार की उदासीनता और प्रधानमंत्री की कमजोर कूटनीति देश को निराश करती है। आज वही प्रधानमंत्री हैं जो पहले बड़े-बड़े मंचों से पूर्व प्रधानमंत्रियों की आलोचना किया करते थे, लेकिन अब खुद असफल निर्णयों के उदाहरण बन चुके हैं। मार्च में निम्न प्रमुख पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। महानगर अध्यक्ष महिला सभा पूजा कटेरिया, लक्ष्मी राजपूत जिला महासचिव महिला सभा, वसुधा, रीना कटेरिया, पूनम बाथम, अनीता देवी, लीलावती देवी, सिम्मी, राखी, शिल्पी, बबली, सरला, सविता, सीमा, मीना देवी, सरिता, माला, गीता देवी, सरोजनी पाल, गीता राजपूत, सोफिया, संगीता, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, जिला उपाध्यक्ष सुभाष पाल, फ्रंटल संगठन के प्रभारी रामपाल सिंह यादव, शिव शंकर शर्मा, निज़ाम अंसारी, बाबा साहब वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अशोक अंबेडकर, जिला सचिव विनीत परमार, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य छात्र सभा अखिल कटेरिया, मो अलीम खान, आदित्य यादव, राजन यादव, संजय शाक्य, सुधांशु अंबेडकर, शैलू खान आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## आबकारी विभाग ने किया औचक निरीक्षण



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आबकारी आयुक्त, उ0प्र0 के आदेश एवं जिलाधिकारी, फर्रुखाबाद के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी फर्रुखाबाद जीपी गुप्ता के पर्यवेक्षण में प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 15/05/2025 को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 एवं आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 मय स्टाफ द्वारा विद्यालयों में एक युद्ध नशे के विरुद्ध कार्यक्रम के अंतर्गत शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात क्षेत्रांतर्गत आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। स्टाक रजिस्टर, pos से बिक्री, online Payment, CCTV कैमरा का परीक्षण किया गया। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

## किसानों ने मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** तहसील कायमगंज में भारतीय कृषक एसोसिएशन मांगों को लेकर उपजिलाधिकारी कायमगंज को ज्ञापन सोंपा। इस मौके पर भारती कृषक एसोसिएशन राष्टीय अध्यक्ष सुनील कुमार दुबे राष्ट्रीय संगठन मंत्री अमरीश कुमार शुक्ला प्रदेश अध्यक्ष रामदास वर्मा निशांत द्विवेदी बिक्रम यादव, किशन अग्निहोत्री प्रदेश सचिव आशुतोष द्विवेदी कार्यवाहक जिलाध्यक्ष शीलचंद्र रीतादेबी उदयप्रताप सिंह गजेंद्र सिंह जिला प्रभारी प्रबीन गुप्ता जन्टसिह गजेन्द्र सिंह रामनारायन राजपूत लज्जाराम राजपूत सुनीता देबी मधू मुन्नी स्नेह लता संजीव दिबेदी अबधपाल आनन्द सिंह रमाकान्ती जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ धनीराम रिंकू रामसेबक फिरोज खान, अल्पसंख्यकपुर प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सहित सैकड़ो किसान मौजूद रहे।

## सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक संपन्न हुई



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में सी0एम0 डैशबोर्ड की अप्रैल माह की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में किया गया जिसमे जनपद की रैंकिंग 35 आई है। बैठक में 27 विभागों की 79 योजनाओं की समीक्षा की गई, समीक्षा में पशुधन विभाग की कृत्रिम गर्भाधान की रैंक 74व श्रेणी ई आई,अंडा उत्पादन की रैंक 71 आई खराब प्रदर्शन पर सी0वी0ओ0 को नोटिस देने के निर्देश,दुग्ध विकास के सहकारी दुग्ध समितियों कार्यक्रम की रैंक 55 व श्रेणी ई आई,ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की सड़क निर्माण में रैंक 61 व श्रेणी डी आई, नियोजन विभाग की फैमली आई0डी0 में58 रैंक आई, लोक निर्माण विभाग की सड़कों के अनुरक्षण में 47 रैंक आई,मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में 50 रैंक आने पर उपायुक्त उद्योग को नोटिस देने के निर्देश,जलजीवन मिशन में 53 रैंक ,पंचायती राज विभाग के व्यक्तिगत शौचालय निर्माण में 43 रैंक आई,जिलाधिकारी द्वारा व्यक्तिगत शौचालयों की जाँच कराने के निर्देश दिये व डी0सी व डी पी0एम0के कार्यो की जाँच के निर्देश दिये,विद्युत विल सुधार में 61 रैंक, चिकित्सा विभाग की सी0टी0स्कैन में51 व बायोमेडिकल उपकरण रखरखाव में 42 रैंक आई। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन विभागों की रैंक पिछले महीने से गिरी है उनके जिलास्तरीय अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## पूर्व बीडीसी ने फंदे के सहारे लटक कर किया खुदकुशी

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के बुदहट टोला विशुनपुरा निवासी पूर्व बीडीसी ने पेड़ की डाल में नरकुल के रस्सी से फंदा लगा कर खुदकुशी कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के बुदहट टोला विशुनपुरा निवासी मनोज दुबे पुत्र स्व विजय दुबे 35 वर्ष जो पूर्व बीडीसी सदस्य थे। वर्तमान समय में वह दिल्ली में जाकर मजदूरी करते थे। 5 अप्रैल को वह दिल्ली से घर वापस आए थे। पत्नी बुधवार को पत्नी भतीजे के जनेव में शामिल होने के लिए अपने मायके कौड़ीराम गई हुई थी। घर पर मां और बेटे थे। रात्रि में भोजन कर मां बेटे कमरे में सोने चले गए थे। रात्रि में किसी समय मृतक ने दरवाजे के सामने स्थित आम के पेड़ की डाल में नरकुल की रस्सी के सहारे फंदे से लटक कर खुदकुशी कर लिया था। भोर में 4 बजे के करीब चाचा लालजी दुबे लघुशंका करने के लिए बाहर आए तो पेड़ की डाल में लटका देखकर उनके होश उड़ गए। और शोर मचाया। शोर सुनकर ग्रामीण जुट गए। और पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के एक पुत्र तथा दो जुड़वा पुत्रियां है। इस संदर्भ में थानेदार मदन मोहन मिश्र ने कहा कि लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कारवाई की जायेगी।

## सड़क हादसे में एक की दर्दनाक मौत

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवां थाना क्षेत्र के ग्राम मुजौली चड़रांव के बीच कोढिया नाला के पास बृहस्पतिवार को दोपहर में आटो और बाइक की टक्कर में बाइक सवार के सर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं आटो चालक मौका देखकर आटो छोड़ फरार हो गया। घटना की सूचना राहगीरों ने 112 नंबर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पीआरबी 112 नंबर पुलिस ने सहजनवां थाना को जानकारी दी। बीट दारोगा सुमित कुमार अपने हमराहियों के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर बाडी को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान उसकी जेब से बैंक पासबुक मिलने पर हुआ जो संत कबीर नगर जिला मेंहदावल थाना क्षेत्र के ग्राम घूरापाली निवासी ओमप्रकाश पुत्र राम उजागिर उम्र लगभग 42 के रूप में हुई।

## 295 परियोजनाएं संचालित, 61 फीसदी है जल जीवन मिशन के काम की प्रगति

**अमेठी।** बुधवार को डी एम संजय चौहान ने कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। डी एम ने कहा है कि पेय जल योजनाओं की हकीकत की जानकारी के लिए स्वयं गांवों का दौरा करेंगे। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिले में कुल 487परियोजनाएं है। 295 नग पेय जल परियोजनाएं संचालित है।154परियोजनाओं में ओवर हेड टैंकों से जलापूर्ति की जा रही है।141ग्रामीण पेयजल परियोजनाओं में सीधे पम्पिंग के माध्यम से ग्रामीणों को पेय जल की आपूर्ति की जा रही है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन भारत सरकार की प्राथमिकता वाली योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक घर तक सुरक्षित और शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्थावार परियोजना की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए कार्यों की गुणवत्ता, सामग्री की उपलब्धता, ठेकेदारों की कार्यशैली, पाइपलाइन बिछाने की तकनीकी प्रक्रिया, जलस्रोतों की स्थिति, पानी की गुणवत्ता जांच और लाभार्थियों तक जल कनेक्शन की वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

- 2047 तक भारत देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश होगा
- नवनिर्मित नपं मथौली कार्यालय का मंत्री ने किया लोकार्पण

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** नवनिर्मित नगर पंचायत मथौली प्रशासनिक कार्यालय का मुख्य अतिथि नगर विकास मंत्री ए के शर्मा ने गुरुवार की शाम लोकार्पण किया। यशस्वी मोदी और योगी के नेतृत्व में देश की देश प्रदेश आगे बढ़ रहा है। रोज नई नई कृतिमान रच रहा है। एकता, अखंडता, सुरक्षा व संप्रभुता को संजोने का काम किया है। मोदी जी के नेतृत्व में देश सभी क्षेत्रों में नई नई ऊंचाईयों को छू रहा है।

उक्त बाते नवनिर्मित नगर पंचायत मथौली कार्यालय का लोकार्पण करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं उर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने कही। आगे कहा कि दो साल में मथौली के विकास को देखकर कुछ और सिखना चाहिए। मथौली के विकास के लिए इनका पूरा परिवार लगा हुआ है। अमृत योजना का पहला चरण पूरा हो गया है, दुसरा चरण चल रहा है। यह महत्वाकांक्षी योजना जोर पर संचालित है। पीएम मोदी और सीएम योगी के नेतृत्व में भाजपा की डबल इंजन की सरकार देश व प्रदेश में विकास के पथ पर निरंतर अनवरत आगे आगे चल रहा है। राष्ट्रवाद और विचार धारा के साथ बीजेपी सेवा, सुशासन और जनकल्याण की भावना से कार्य कर रही है। हमारा देश विकसित राष्ट्र बने हम सभी को मिल कर बीजेपी को और मजबूत बनाना होगा। जो धनराशि नगर निकायों को दी गई है उससे विकास कार्य आज देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि मोदी और योगी के नेतृत्व में देश व प्रदेश का तेजी से विकास हो रहा है। 2047 तक भारत विकसित भारत का सबसे बड़ा अर्थव्यवस्था वाला देश होगा। उन्होंने कहा कि छोटी नगर पंचायतों में जहां कम आबादी है वहां विकास में अंशदान दो प्रतिशत तक रखा गया है। श्री शर्मा ने कहा कि जिस तरह नगर निकायों में सामुदायिक विवाह भवन बन रहा है वैसे है ही ग्राम पंचायतों में भी विवाह भवन बनाने का निर्णय लिया गया। मुख्य अतिथि ने नपं अध्यक्ष नवरंग सिंह एवं ईओ सर्वेश कुमार श्रीवास्तव को विकास को लेकर शाबाशी दिया। सांसद विजय कुमार दूबे ने कहा मथौली के जनता ने विकास की जो मांग हमारे सामने रखा उसे पूरा कराने का कार्य किया। नरेंद्र मोदी के विकसित भारत बनाने के संकल्प में केन्द्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाएं काफी सहायक बनी है। कार्यक्रम के आयोजक नपं अध्यक्ष नवरंग सिंह ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया, संचालन मन्नजय तिवारी ने किया। अंत में नगर विकास मंत्री ने से स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

**105 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं** शर्मा ने 105 करोड़ की लागत से विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जिसमें मथौली 10 करोड़ शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अकेले कुशीनगर में सबसे ज्यादा धन खर्च किया जा रहा है जिसमें वर्ष 2022-23 में 242 करोड़, 2023-24 में 363 करोड़ तथा बीते वर्ष 424 करोड़ रुपया खर्च किए गए है। इस मौके पर जहां मथौली में 19 परियोजनाओं शिलान्यास किया गया है। इसी प्रकार नगर पंचायत सुकरौली में 17 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं 17 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। इसके साथ ही जिले भर के नगर निकायों में 151 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं 227 परियोजनाओं का शिलान्यास नगर विकास मंत्री द्वारा किया गया, जिसकी लगत 1.05 करोड़ रुपए है।



नगर पंचायत मथौली का लोकार्पण करते नगर विकास मंत्री एके शर्मा



जनसभा को संबोधित करते नगर विकास मंत्री

**शिलान्यास** – नगर विकास मंत्री एके का लोकार्पण व 7 परियोजनाओं का

## मथौली में 19 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं 7 का शिलान्यास



मथौली में वृक्षारोपण करते मंत्री एके शर्मा



स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन करते मंत्री



मंत्री का हुआ जोरदार स्वागत

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** गुरुवार की शाम नवनिर्मित नगर पंचायत मथौली का लोकार्पण करने साथ नगर विकास मंत्री ए. के. शर्मा ने 4.70 करोड़ की लागत से 19 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 1.05 करोड़ से 7 परियोजनाओं का शिलान्यास किया।मथौली नगर पंचायत कार्यालय परिसर में नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने अपने नाम का पौधा रोपा। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। सभी लोगों का दायित्व है कि ज्यादा से ज्यादा पौधा लगाएंगे तथा ऑक्सीजन की कमी करें। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का शिलापट्ट नवनिर्माण कर नगर पंचायत कार्यालय में पुनः स्थापित किया गया जिसपर नगर विकास मंत्री ने माल्यार्पण कर सेनानियों को नमन किया। इसके बाद उनके परिजनों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। नगर पंचायत मथौली कार्यालय पहुंचे ही नगर विकास मंत्री का जोरदार स्वागत किया गया। इससे पहले जनपद सीमा में प्रवेश करते ही भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने जगह जगह जोरदार स्वागत किया। नगर पंचायत सुकरौली में नगर अध्यक्ष राजनेति कश्यप ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत किया। इसके बाद हाटा सहित विभिन्न जगहों पर स्वागत करने बाद नगर पंचायत मथौली में चेयरमैन नवरंग सिंह ने फूल मालाओं से लाद दिया।

इस दौरान ढोल नगाड़े व गाजे बाजे के साथ जोरदार नारा लगाते हुए स्वागत किया गए। इस दौरान नगर विकास मंत्री काफी गदगद दिखे। इस मौके पर रामकोला विधायक विनय कुमार गौड़, हाटा मोहन वर्मा, खड्डा विवेकानंद पांडेय, पडरौना मनीष जायसवाल, पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, पवन केडिया, मदन गोविन्द राव, मथौली ईओ सर्वेश कुमार श्रीवास्तव, चेयरमैन सुकरौली राजनेति कश्यप, चेयरमैन पडरौना विनय कुमार जायसवाल, संदीप कुमार सिंह, संजय सिंह, राणा प्रताप राव, राजेश्वर सिंह, मोहन पटेल, चंद्रपाल कनौजिया, अदालत प्रसाद हरे राम शर्मा, बीरेंद्र पांडेय, अखिलेश दास गुप्ता, नंदेश्वर गुप्ता, व्यासमुनि सिंह, मनीष सिंह, दुर्गेश सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## श्री बुद्ध वीथिका लगाकर, इन्टैक उरई व प्रांतीय धरोहर समिति ने मनाया प्राकट्योत्सव

अवधनामा संवाददाता



**उरई।** इन्टैक उरई अध्याय व प्रान्तीय धरोहर समिति संस्कार भारती के संयुक्त तत्वावधान में श्री बुद्ध पूर्णिमा के पुनीत अवसर पर चूडी वाली गली स्थित श्रीमती सन्ध्या पुरवार के निज निवास पर श्री बुद्ध वीथिका का आयोजन किया गया। इस बुद्ध वीथिका में चीन, जापान, मंगोलिया, तिब्बत,श्री लंका ,भूटान आदि देशों के साथ अपने भारत के डाक विभाग द्वारा जारी तमाम डाक टिकटों का प्रदर्शन किया गया है। इन डाक टिकटों पर श्री बुद्ध जी के साधनारत , की प्रकार के चित्रों का अंकन है। कुछ डाक टिकट श्री बुद्ध भगवान जी के जीवन चरित्र पर भी आधारित हैं। वीथिका में जापान, चीन, श्रीलंका , भूटान, तथा मंगोलिया की विभिन्न आकार प्रकार की मुद्राओं का भी प्रदर्शन किया गया है। इन मुद्राओं में मंगोलिया की त्रिआयामी ,पूर्ण रजतीय श्री बुद्ध मूर्ति रूपी मुद्रा अत्यन्त दुर्लभ एवं आकर्षण का केन्द्र रही। मुद्राओं में भारत की कुषाण कालीन व गुप्त कालीन मुद्रायें भी प्रदर्शित की गई। इस वीथिका में भगवान श्री बुद्ध की दो पेन्टिंगस भी प्रदर्शित की गई जिनमें से एक पेन्टिंग में श्री बुद्ध भगवान अपने पहले पांच शिष्यों को उपदेश देते दर्शाये गये हैंडराइटिंग दूसरी पेन्टिंग में श्री बुद्ध भगवान की पत्नी यशोधरा को प्रतीक्षारत द्वार पर खडे दिखलाया गया है।

## साइबर ठगी के चार शातिर अभियुक्त गिरफ्तार



**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक अपराध के निकट पर्वेक्षण में साइबर सेल अलीगढ/थाना रोरावर पुलिस टीम के द्वारा साइबर अपराध की घटनाओं के रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना रोरावर पुलिस व जनपदीय साइबर सेल टीम की संयुक्त कार्यवाही में थाना रोरावर क्षेत्र से 4 साइबर संगठित गिरोह के अपराधी 1.रिजवान पुत्र स्व0 सलीम निवासी चांद तारा वाली गली ऊपरकोट थाना कोतवाली जिला अलीगढ 2. इमरान पुत्र नवाब खां स्टेडियम के पीछे शाहपपुर कुतुब रोड थाना रोरावर जनपद अलीगढ 3.फैसल पुत्र अकरम निवासी सबा मार्केट मामूदनगर थाना रोरावर जनपद अलीगढ 4.समीर पुत्र दिलशाद निवासी असद स्कूल के पीछे एडीए कालोनी थाना देहलीगेट जनपद अलीगढ को भीमपुर सलेमपुर रेलवे पुल से गिरफ्तार किया गया।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य ने किया पैदल भ्रमण

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. प्रियंका मौर्या ने बुधवार की देर रात नगर में रात्रि भ्रमण कर महिला सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अंबेडकर चौराहा से लेकर सागर तिराहा तक पैदल भ्रमण किया और सड़क पर मिलने वाली महिलाओं व बालिकाओं से सीधे संवाद स्थापित किया। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी अमेठी, थानाध्यक्ष अमेठी समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिसकर्मी भी उनके साथ मौजूद रहे। रात्रि भ्रमण का उद्देश्य प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों की जमीनी हकीकत को समझना और आम महिलाओं की राय जानना तथा लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी देना था। डॉ. मौर्या ने महिलाओं से सीधे बात कर यह जाना कि क्या वे रात के समय घर से बाहर निकलने में सुरक्षित महसूस करती हैं या नहीं।

## महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा के बारे में जानकारी देकर किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अलीगढ़ संजीव सुमन के निर्देशन में ऑपरेशन जागृति अभियान के क्रम में थाना प्रभारियों, महिला पुलिसकार्मिकों द्वारा महिला एवं बालिकाओं को ऑपरेशन जागृति-4 के उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है और अभियान का जन-जन तक प्रचार प्रसार करने की अपील की गई। अनुपम कुलश्रेष्ठ महोदया अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा द्वारा जोन स्तर पर महिलाओं / बालिकाओं की सुरक्षा / सशक्तिकरण / संवाद / परामर्श एवं विभिन्न प्रकार के अपराधों के बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु जोन स्तर पर ऑपरेशन जागृति अभियान की शुरूआत की गयी थी। ऑपरेशन जागृति-4 के 06 मुख्य उद्देश्य इस प्रकार है- महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध की रोकथाम, उनकी सुरक्षा, समानता व अधिकार पर चर्चा महिलाओं को मोहरा बनाकर झूठे केस दायर करना किशोरावस्था में प्रेम प्रसंगों के कारण घर से पलायन साइबर हिंसा व सुरक्षा नशे के दुष्परिणामों से बचाव पारिवारिक विघटन के मामलों पर चर्चा, प्रशिक्षित बीट पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी/ बीट इंचार्ज द्वारा अपने अपने क्षेत्रों के ग्राम पंचायत स्तर पर गाँवों मौहल्ले में महिलाओं एवं किशोरियों के साथ समन्वय करते हुए विभिन्न कार्यक्रम, नुक्कड़ सभा आयोजित कर जागृति के उद्देश्यों के प्रति जागरुक किया जा रहा है।

# राशन केवाईसी के विवाद को दिया गया साम्प्रदायिक रंग

## विभिन्न धाराओं में 7 नामजद जबकि 4-5 अज्ञात के विरुद्ध मामला हुआ दर्ज

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** राशन केवाईसी वाले मामले में आखिरकार तिवारीपुर पुलिस ने बीएन्स की धारा 192(2), 352, 109 और 309(2) के तहत सात नामजद और 4-5 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। आपको बता दें कि मामला तिवारीपुर थाना क्षेत्र के जाफरा बाज़ार में राशन दुकान पर केवाईसी कराने का है। मामले ने तूल पकडा तो मौके को देखते हुए इसे साम्प्रदायिक रंग दे दिया गया। पूरा मामला पार्षद चुनाव को लेकर पहले की रंजिश का है। सबसे बड़ी बात ये है कि पूरी घटना सीसीटीवी में कैद है। आइये जानते हैं इस मामले में पुलिस द्वारा लगाई गई कौन सी धारा कितनी गंभीर है।

**भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 192(2)** इस धारा के अनुसार, जांच के दौरान दर्ज किए गए गवाहों के सभी बयान केस डायरी में शामिल किए जाएंगे। इसका मतलब है कि पुलिस अधिकारी को गवाहों के बयानों को रिकॉर्ड करना होगा और उन्हें केस डायरी में दर्ज करना होगा। यह धारा यह सुनिश्चित करती है कि गवाहों के बयान जांच के दौरान सुरक्षित रहें और बाद में अदालत में सबूत के रूप में इस्तेमाल किए जा सकें। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 192(2) के तहत सजा एक वर्ष तक का कारावास या जुर्माना या दोनों हो सकता है। यह सजा तब दी जाती है जब कोई व्यक्ति जानबूझकर ऐसे कार्य करता है जिससे दंगा भड़क जाए या भड़काने की संभावना हो। **भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 192(2)** इस धारत के अनुसार, जांच के दौरान दर्ज किए गए गवाहों के सभी बयान केस डायरी में शामिल किए जाएंगे। इसका मतलब है कि पुलिस अधिकारी को गवाहों के बयानों को रिकॉर्ड करना होगा और उन्हें केस डायरी में दर्ज करना होगा। यह धारा यह सुनिश्चित करती है कि गवाहों के बयान जांच के दौरान सुरक्षित रहें और बाद में अदालत में सबूत के रूप में इस्तेमाल किए जा सकें। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 192(2) के तहत सजा एक वर्ष तक का कारावास या जुर्माना या दोनों हो सकता है। यह सजा तब दी जाती है जब कोई व्यक्ति जानबूझकर ऐसे कार्य करता है जिससे दंगा भड़क जाए या भड़काने की संभावना हो।

**बीएनएस की धारा 352** इसका मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक शांति को बनाए रखना है। जानबूझकर अपमान करके किसी व्यक्ति को उकसाना, जिससे सार्वजनिक शांति भंग हो या कोई अपराध हो, इस धारा के तहत अपराध माना जाता है। इस धारा के तहत सजा दो साल तक की कारावास हो सकती है।

**भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 109** इस धारा के तहत, कोई भी न्यायालय, यदि वह उचित समझे, तो उसके समक्ष प्रस्तुत किसी भी दस्तावेज या वस्तु को जब्त कर सकता है. यह धारा न्यायालय को महत्वपूर्ण साक्ष्य के प्रबंधन में विवेकाधिकार प्रदान करती है।

**भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 309(2)** यदि कोई व्यक्ति लूट करने या लूट करने का प्रयास करते समय जानबूझकर किसी को चोट पहुंचाता है, तो उसे आजीवन कारावास या 10 वर्ष तक के कठोर कारावास से दंडित किया जाएगा और वह जुर्माने के लिए भी उत्तरदायी होगा। फिलहाल मामले का राजनीतिकरण हो जाने से ये मामला पूरी तरह से राजनीतिक रूप धारण कर चुका है। मामले को पहले पाकिस्तान और भारतीय सेना से जोड़कर नया एंगल देने का प्रयास किया गया था और बाकायदा बयानबाज़ी भी हुई लेकिन पुलिस को दी गई तहरीर से यह सब कुछ गायब कर सिर्फ साम्प्रदायिक शब्द का प्रयोग किया गया है । इसके अलावा मामले में उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज को भी नज़रंदाज़ किया जाना मुश्किल लग रहा है, जो एक अलग कहानी बयां कर रहे है। बहरहाल क्राइम ब्रांच और स्थानीय पुलिस की छापेमारी जारी है। इलाके में खामोशी है लोगों ने चुप्पी साध रखी है। सत्ता पक्ष के लोग घटना के बाद से ही सड़कों से लेकर थाने तक सक्रिय नज़र आ रहे हैं तो वही एक खास वर्ग के वोटों के सौदागर और ठेकेदार चुप्पी साधे खामोश हैं।

# अयोध्या नगर निगम की पार्क सुंदरीकरण योजना में घोटाला




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** नगर निगम अयोध्या एक बार फिर भ्रष्टाचार के आरोपों के घेरे में है। इस बार मामला करोड़ों रुपये के पार्क सुंदरीकरण कार्य से जुड़ा है। एक आरटीआई के जवाब ने खुलासा किया है कि नगर निगम ने छह पार्कों के लिए मिले लगभग 4.54 करोड़ रुपये की धनराशि में पारदर्शिता नहीं बरती है।प्रकरण साकेत पुरी कॉलोनी का है, जहां नगर निगम ने सात मार्च 2024 को छह पार्कों के सुंदरीकरण के लिए टेंडर निकाले थे। परंतु एक वर्ष बीतने के बावजूद न तो सभी पार्कों में काम पूरा हुआ है, न ही उनकी खर्च की गई धनराशि की जानकारी आरटीआई के जरिए सार्वजनिक की गई।आरटीआई में केवल एक पार्क–धर्मेंद्र कुमार तिवारी के मकान के सामने–के लिए ?55.64 लाख खर्च होने की पुष्टि की गई है। बाकी पांच पार्कों पर धनराशि खर्च के जवाब में ÷कार्य प्रगति पर है÷ कहकर निगम ने चुप्पी साध ली है।

विवादों की जड़ बैंक के गोद लिए पार्क पर टेंडर

प्राधिकरण द्वारा भेजे गए दस्तावेजों के अनुसार, बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने वाले पार्क को बैंक ने गोद लिया था। इसके बावजूद नगर निगम ने इस पर भी ?23.69 लाख का टेंडर जारी कर दिया। बाद में जब आरटीआई के जरिए सवाल उठे तो नगर निगम ने जवाब में सुंदरीकरण से इंकार कर दिया।

### इन पार्कों के लिए मिली थी धनराशि

1. धर्मेंद्र कुमार तिवारी के मकान के सामने - 56.46 लाख
2. राजेश जायसवाल के सामने - 23.42 लाख
3. टंकी वाला पार्क, कमलाकांत तिवारी के पास - ?36.56 लाख
4. संजय अग्रवाल के सामने - 18.61 लाख
5. दीपक सिंह के सामने - 13.25 लाख
6. बृजकिशोर गौड़ के सामने - 12.26 लाख

सभी फंड 31 जनवरी 2024 को चेक संख्या 41570 के माध्यम से पंजाब नेशनल बैंक से जारी कर नगर निगम को ट्रांसफर किए गए थे।

### प्रशासन की चुप्पी, जनता की चिंता

जब उक्त मामले में नगर निगम के अपर आयुक्त शशि भूषण राय से जानकरी चाही गयी तो उन्होंने कहा कि पार्कों का काम अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार देखते है। जब उक्त सन्दर्भ में सुमित कुमार से संपर्क किया गया तो उन्होंने फिर शशि भूषण रॉय के ऊपर मामला टाल दिया और कहा कि सिविल का कार्य निर्माण विभाग से सम्पर्क करिये। जब हमने उक्त मामले में नगर निगम के जनसपर्क अधिकारी मुकेश पांडेय से संपर्क किया गया तो उन्होंने कई लोगो को फोन किया लेकिन कोई सही जबाब नही मिल पाया।

इस पूरे मामले में नगर निगम की चुप्पी और जवाबों की गोलमोल भाषा से पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### मामले की हो उच्च स्तरीय जांच-सूर्यकांत पांडेय

अशफाक उल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्य कांत पाण्डेय नगर निगम की भूमिका को संदिग्ध मान रहे हैं और उच्चस्तरीय जांच की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि सरकारीकरण परियोजनाओं में मिले फंड के खर्च और प्रगति की सार्वजनिक जानकारी देना अनिवार्य होता है। पर यहां एक साल बाद भी कार्य पूरा नहीं हुआ और जवाब अधूरे हैं।

## अतिथि पूर्व विधायक खब्बू तिवारी व अन्य

**अयोध्या (*अवधनामा संवाददाता*)।** एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र का गुरुवार को तारुन ब्लॉक सभागार में प्रबुद्ध समागम हुआ। कार्यक्रम में एक देश एक चुनाव के लिए संकल्प लिया गया ।कहा गया कि पूरे देश में एक साथ चुनाव होने से देश के अरबो रुपए की बचत हो जाएगी जो राष्ट्र के विकास में काम आएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोसाईगंज के पूर्व भाजपा विधायक इंद्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी थे। उन्होंने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में एक राष्ट्र एक चुनाव की समिति ने अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को दे दी है ।अब आम जनमानस में यह भाव पैदा करना है कि लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव देशभर में एक साथ ही हों । विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला प्रभारी डॉ मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा कि अगले कुछ दिनों बाद पूरा देश एक चुनाव ही कराएगा। उन्होंने कहा कि दुनिया में जापान सहित केवल पांच देशों में ही एक बार में चुनाव होता है।

# विकास कार्यों का मंडलायुक्त व जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मंडलायुक्त गौरव दयाल ने बुधवार को अयोध्या जनपद में विभिन्न विकास परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। उनके साथ जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे एवं अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार पांडेय भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने अयोध्या-लखनऊ मार्ग पर स्थित टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर के श्री राम द्वार, अयोध्या-रायबरेली मार्ग पर स्थित गरुण द्वार, तथा वशिष्ठ कुंज योजना के निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि द्वारों की थीम के अनुरूप संबंधित वाल पेंटिंग कराई जाए। वहीं मंडलायुक्त गौरव दयाल ने कहा कि मार्गों का निर्माण ÷राम पथ÷ की तर्ज पर कराया जाए तथा समस्त कार्य गुणवत्ता व समयबद्धता के साथ पूर्ण किए जाएं। उन्होंने वशिष्ठ कुंज योजना के अंतर्गत पुराने वृक्षों के संरक्षण पर विशेष बल देते हुए



निर्माण में तेजी लाने के निर्देश भी दिए निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी संबंधित अधिकारियों से प्राप्त की। इस मौके पर उपनिदेशक पर्यटन राजेन्द्र यादव, सहायक अभियंता अजय मिश्रा एवं यूपी प्रोजेक्ट्स कार्पोरेशन लिमिटेड की निर्माण इकाई 11 के अधिकारी एवं अभियंता उपस्थित रहे।

## सोहावल सीएचसी पर ऑपरेशन प्रसव में रिकॉर्ड वृद्धि, डॉ. फातिमा की पहल रंग लाई

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** अयोध्या जनपद के सोहावल क्षेत्र स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर अभूतपूर्व प्रगति देखने को मिल रही है। अधीक्षिका डॉ. फातिमा के नेतृत्व में यहां नॉर्मल व ऑपरेशन प्रसव दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। मई माह के अभी आधे दिन ही बीते हैं और अब तक 20 से अधिक ऑपरेशन के माध्यम से सुरक्षित प्रसव कराए जा चुके हैं, जो सरकार द्वारा तय न्यूनतम मानक (5 ऑपरेशन) से कहीं अधिक है।डॉ. फातिमा, जो स्वयं एक कुशल स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ हैं, ने बताया कि प्रसव संबंधी सुविधाओं में तेजी से सुधार हुआ है और अब ग्रामीण महिलाएं न केवल नॉर्मल प्रसव बल्कि ऑपरेशन के लिए भी सीएचसी पर भरोसा कर रही हैं। उन्होंने कहा, हमारा प्रयास है कि सरकार की मंशा के अनुरूप गांव में ही उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए, ताकि किसी को इलाज के लिए दूर न जाना पड़े। अयोध्या के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. सुनील कुमार बनियान ने बुधवार को सोहावल सीएचसी का निरीक्षण किया और मरीजों से बातचीत कर चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली। मरीजों ने चिकित्सा व्यवस्था की जमकर सराहना की और विशेष रूप से डॉ. फातिमा की सेवा भावना की प्रशंसा की। इस पर सीएमओ ने डॉ. फातिमा को बधाई देते हुए कहा कि ÷सोहावल सीएचसी प्रदेश के अन्य सीएचसी के लिए एक आदर्श बन रहा है। सीएमओ ने यह भी आश्वस्त किया कि जल्द ही ऑपरेशन से जुड़ी अत्याधुनिक मशीनें व उपकरण सोहावल सीएचसी को उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि किसी मरीज को संसाधनों की कमी के कारण परेशानी न हो। इस अवसर पर डॉ. फातिमा व बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण मौर्य ने सीएमओ के साथ केक काटकर अपनी खुशी साझा की और सरकार व स्वास्थ्य विभाग का आभार जताया।नवजात मृत्यु दर में आएगी कमी विशेषज्ञों के अनुसार ऑपरेशन प्रसव की सुविधा बढ़ने से न केवल माताओं की सुरक्षा सुनिश्चित होती है, बल्कि नवजात शिशु मृत्यु दर में भी कमी आती है। सोहावल सीएचसी की यह पहल क्षेत्र के ग्रामीण स्वास्थ्य परिदृश्य को नई दिशा देने वाली साबित हो रही है।

## सीसीटीवी की मदद से 48 घंटे में चोरी की घटना का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**बीकापुर -अयोध्या।** कोतवाली क्षेत्र के भावा पुर में परिषदीय विद्यालय और एक निजी घर में हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा बीकापुर पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की मदद से महज 48 घंटे में कर दिया। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गया पूरा सामान भी बरामद कर लिया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी पीयूष ने बताया कि 12/13 मई की रात कंपोजिट विद्यालय भावापुर में और 14 मई को भावापुर निवासी श्रीनाथ के घर में चोरी की घटनाएं हुई थीं। जांच के दौरान भावापुर के चंदन शर्मा, गौतम निषाद, दीनदयाल निषाद और जेरुवा निवासी राजा बाबू उर्फ विजय यादव को गिरफ्तार किया गया।पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर तमसा नदी किनारे जंगल से चोरी गया सामान बरामद किया, जिसमें इनवर्टर, माइक्रोटेक बैटरी, प्रिंटर, राउटर, पेन ड्राइव, वेब कैमरा, गैस सिलेंडर, विद्युत मोटर, घरेलू बर्तन सहित कई इलेक्ट्रॉनिक और घरेलू सामान शामिल हैं। बिना नंबर की एक मोटरसाइकिल भी बरामद की गई जिसे 207 एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया है।प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज ने बताया कि आरोपियों पर पूर्व में भी आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# भारत शौर्य तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, देशभक्ति के रंग में रंगी अयोध्या

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** गुरूवार की सुबह 8 बजे भारतीय सेना का नमन करते हुए विभिन्न सामाजिक संगठनों, पूर्व सैनिकों, छात्र-छात्राओं तथा भाजपा के पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने सिविल लाइन गांधी पार्क से भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा की अगुवाई प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री सतीश द्विवेदी ने किया। यात्रा का समापन चौक स्थित शहीद स्मृति स्थल पर पुष्पांजलि से हुआ। यात्रा में शामिल लोगों के जयघोष से पूरा परिवेश देश भक्ति के रंग में डूब गया। आतंकवाद तथा पाकिस्तान के विरोध में भी जमकर नारे बाजी की गई। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि देश की एकता और अखंडता के लिए यह तिरंगा यात्रा एक प्रेरणास्रोत है। हमें गर्व है। विधायक वेद गुप्ता ने कहा कि देशभक्ति की भावना जन-जन में जागे, यही हमारा उद्देश्य है। सेना को सलाम है। विधायक रामचन्दर यादव ने



कहा कि भारत शौर्य तिरंगा यात्रा राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। हमें अपने जवानों और उनके पराक्रम पर गर्व है। विधायक अभय सिंह ने कहा कि युवा पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम और बलिदान की भावना जागृत करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि नारी शक्ति भी अब राष्ट्र सेवा में अग्रणी है। तिरंगे के लिए हर बलिदान स्वीकार है। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि यह यात्रा भारत माता को समर्पित है। देश विरोधी ताकतों को एकजुट होकर जवाब देना होगा। विधायक रामचन्दर यात्रा के सहसंयोजक पूर्व सैनिक प्रदीप सिंह ने कहा कि हमारी एकता ही हमारी ताकत है। शहीदों की कुर्बानी को हम व्यर्थ नहीं जाने देंगे। यात्रा के उपरान्त महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि भारत शौर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन विधानसभा, ब्लाक, नगर निगम स्तर पर भी किया जाएगा। तिरंगा यात्रा के माध्यम से सेना के वीर जवानों के प्रति हम अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते है।

## महिला समाजवादी पार्टी का प्रदर्शन, मंत्री विजय शाह की गिरफ्तारी की मांग

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** समाजवादी पार्टी की महिला महानगर अध्यक्ष अपर्णा जायसवाल के नेतृत्व में महिला महानगर कमेटी ने बुधवार को मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन मंत्री द्वारा भारतीय सेना की वीर अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में आयोजित किया गया। प्रदर्शन के उपरांत महिलाओं ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा और विजय शाह की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। अपर्णा जयसवाल ने कहा, ÷कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन कहना न केवल भारतीय सेना का अपमान है, बल्कि पूरे देश का अपमान है। जिस बेटी ने देश के लिए अपने प्राणों की बाज़ी लगाकर आतंकियों के ठिकानों को ध्वस्त किया, उस पर इस प्रकार की टिप्पणी बीजेपी मंत्री की गंदी मानसिकता को उजागर करती है।

## ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर रजी अख्तर का हृदय गति रुकने से निधन



**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** जिले के ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर रजी अख्तर सिद्दीकी का कल रात हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। 36 वर्षीय रजी अख्तर लक्ष्मीपुर देऊरवा के निवासी थे। परिजनों के अनुसार, बुधवार रात लगभग 1 बजे उन्हें सीने में तेज दर्द की शिकायत हुई, जिसके बाद उन्हें तत्काल केएमसी हॉस्पिटल ले जाया गया। लेकिन इलाज के दौरान रात 2–30 बजे डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रजी अख्तर वर्ष 2013 से एनआईसी में कार्यरत थे और जुलाई 2022 से ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर के रूप में सेवाएं दे रहे थे। उनके निधन से जिले के प्रशासनिक महकमे में शोक की लहर दौड़ गई है। जिलाधिकारी अनुनय झा, अपर जिलाधिकारी अनुराग जैन सहित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को सांत्वना दी है।

# 11वे दिन भी जारी रहा संविदाकर्मियों का अनिश्चितकालीन धरना



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** प्रदेश सरकार द्वारा सविंदा कर्मियों की छटनी किये जाने पर प्रदेश भर में सरकार के फैसले के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारी संघ द्वारा पूर्व से निर्धारित अनिश्चितकालीन धरना आज 11 दिन भी जारी रहा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का नेतृत्व उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष निशांत मिश्रा के द्वारा किया गया जिसकी अध्यक्षता मुकेश कुमार शर्मा एवं नेतृत्व अमरेश शर्मा द्वारा किया गया उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि जब तक जिले के 380 संविदा कर्मी सकुशल वापसी नहीं किए जाएंगे तब तक अनिश्चितकालीन धरना लगातार जारी रहेगा धरने का प्रबंधन एवं शासन की तरफ से कोई संज्ञान एवं रुचि नहीं ली गई आज उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष निशांत मिश्रा जी एवं अन्य पदाधिकारियों ने अपनी मांगों के संबंध में इंजीनियर अवनीश कुमार पटेल सदस्य विधान परिषद एवं भाजपा जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य जी को अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए एवं समस्याओं का निराकरण करने हेतु ज्ञापन दिया गया धरने में मुख्य रूप से उपस्थित रहे निशांत मिश्रा, धीरेंद्र प्रताप सिंह, कमलेश कुमार, मुकेश कुमार शर्मा, शिवेंद्र कुमार, राजकुमार चौधरी, अमरेश शर्मा, रोहित कुमार, लाल जी वर्मा, अनिकेत कुमार सहित सैकड़ों सविंदाकर्मी मौजूद रहे।

# किसानों के मसीहा महात्मा टिकैत पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



**बाराबंकी(*अवधनामा संवाददाता*)।** किसानों के मसीहा, महात्मा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत जी की पुण्यतिथि पर जनपद बाराबंकी में भावभीनी श्रद्धांजलि के साथ पर्यावरण संरक्षण और मानव सेवा के संकल्पों से ओतप्रोत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर को जल-जंगल-जमीन पर्यावरण बचाओ संकल्प दिवस एवं रक्तदान शिविर के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वृक्षारोपण के साथ हुई, जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए किसानों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता निभाई। वृक्षारोपण के पश्चात श्रद्धेय टिकैत जी की प्रतिमा स्थल पर हवन-पूजन का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके उपरांत उपस्थित जनसमूह जिला अध्यक्ष अनुपम वर्मा के नेतृत्व में जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक पहुँचा, जहाँ महात्मा टिकैत की स्मृति में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में जनपद के किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कुल 21 किसानों ने रक्तदान कर महात्मा टिकैत जी को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। इस सेवा भावपूर्ण पहल से न केवल मानवता का संदेश दिया गया, बल्कि किसानों के सामाजिक दायित्वबोध को भी दर्शाया गया। कार्यक्रम में रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष रामकिशोर पटेल ने कहा, ÷महात्मा टिकैत जी का जीवन संघर्ष और सेवा की मिसाल है। उनके दिखाए रास्ते पर चलकर हम समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणा बन सकते हैं। इस मौके पर राम सेवक रावत, मीडिया प्रभारी सतीश वर्मा %रिन्कू% ओमप्रकाश वर्मा, महेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. भानू प्रताप यादव संतोष सिंह, मुन्ना लाल, जागेश्वर चौधरी,शिव नारायण सिंह, रामानंद राम राम मदन, प्रमोद कुमार, डॉ. मेड़ीलाल, पन्ना लाल, राजेश कुमार, विशेष कुमार, रोहित कुमार, हनुमान प्रसाद,नअरविंद कुमार, जितेंद्र यादव, वीर बहादुर सिंह, संदीप कुमार आदि शामिल रहे।

## आउटरीच के माध्यम से महावारी स्वछता के बारे में दी गई जानकारी

**महराजगंज (अवधनामा संवाददाता)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी के अधीक्षक डॉक्टर एमपी सोनकर के निर्देश पर कॉउंसलर विनोद गुप्ता द्वारा आउटरीच कार्यक्रम के माध्यम से फरेंदा खुर्द गांव में महावारी स्वछता प्रबंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे 50 से अधिक बालिकाएं मौजुद रही। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए काउंलर विनोद गुप्ता ने कहां की स्वस्थ शरीर से ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है द्य उन्होंने कहां की माहवारी के दौरान स्वच्छता बनाए रखना आवश्यक है। लंबे समय तक पैड या टैम्पोन का इस्तेमाल न करें। प्यूबिक एरिया को साफ-सुथरा रखें ।इस्तेमाल किए गए पैड का सुरक्षित रूप से निपटान करेंद्य कर्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान शकुंतला देवी, कॉउंसलर विनोद गुप्ता, रामशरण गुप्त, राधा, सुमन, गुंजा,अर्चना, राधिका, प्रीती, अनामिका, सरोज, सोनी, शोभा, परमिला, बेबी, माधुरी, सुमन, प्रतिभा, उषा, ज्योति सहित तमाम बालिकाएं मौजूद रही।

## बुखार से पीड़ित मरीजों को उपलब्ध कराएं त्वरित उपचार: सीएमओ



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** डेंगू एक वायरल संक्रमण है। जो मच्छर के काटने से फैलता है। डेंगू उचित देखभाल से नियंत्रित किया जा सकता है, जिसमें साफ सफाई का विरोध महत्व है। डेंगू के रोकथाम के लिए 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाएगा। इस साल डेंगू दिवस का थीम है जल्दी कार्यवाई करें, डेंगू रोकें = स्वस्थ वातावरण, स्वस्थ जीवन। उक्त जानकारी देते मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ श्रीकांत शुक्ला ने बताया कि डेंगू मच्छर के काटने से फैलता है। जब मच्छर किसी संक्रमित व्यक्ति को काटता है तो वह वायरस को अवशोषित कर लेता है। इसके बाद वह मच्छर वायरस का वाहक बन जाता है। मतलब वह मच्छर जब किसी अन्य व्यक्ति को काटता है तो वायरस उस व्यक्ति के शरीर के अंदर प्रवेश कराता है जिससे वह व्यक्ति भी डेंगू से पीड़ित हो जाता है। सीएमओ ने सभी चिकित्सा अधीक्षकों और प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लोग बुखार से ग्रसित मरीजों के त्वरित उपचार को लेकर सतर्क रहें। ऐसे मरीजों को त्वरित जांच और इलाज मिलनी चाहिए। सीएमओ ने बताया कि जागरूकता और साफ सफाई से डेंगू की डंक से बचा जा सकता है। वर्ष 2025 में पहली जनवरी से 15 मई के बीच डेंगू से ग्रसित 13 केस मिले हैं। सबसे सकारात्मक पहलू यह है कि किसी भी पीड़ित व्यक्ति की मृत्यु नहीं पाई। सभी पीडित इलाज से ठीक हो गए।

## पोस्ता के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** जैदपुर पुलिस टीम द्वारा तीन मादक पदार्थ तस्करों को 11किलो अवैध पोस्ता छिलके के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा। जानकारी के मुताबिक कस्बे में अभियान चलाए जाने के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अभियुक्त अरुण वर्मा व अनिकेत वर्मा पुत्रगण अजय कुमार निवासीगण ग्राम मिर्जापुर थाना कोठी और तेज सिंह पुत्र सालिकराम निवासी ग्राम पिपरहा थाना कोठी को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने अभियुक्तगण के कब्जे से 11 किलो अवैध पोस्ता बरामद किया। पुलिस ने तीनों तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।

# जब बच्चे तरक्की करेंगे,तभी गुरु का नाम होगा: रामसिंह भुल्लर



*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन के तत्वाधान में गुरुवार को ब्लाक संसाधन केंद्र बड़ागांव मे शैक्षिक संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ सदस्य जिला पंचायत राम सिंह भुल्लन वर्मा व खण्ड शिक्षा अधिकारी सुश्री फिजा मिर्जा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर की तथा सेवानिवृत्त शिक्षकों को शाल, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए सदस्य जिला पंचायत राम सिंह भुल्लन वर्मा ने कहा कि सभी शिक्षकों के सहयोग से ब्लॉक के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है।बच्चे कोमल होते है,उनको गढ़ने का कार्य शिक्षक ही करते है। जब बच्चे तरक्की करेंगे,तभी गुरु का नाम होगा। जिला पर्यावरण समिति सदस्य आशीष वर्मा ने कहा कि गुरुजनों के मार्गदर्शन में छात्र सफलता हासिल कर सकता है।एसआरजी अवधेश पाण्डेय ने जानकारी दी कि निपुण भारत मिशन के अंतर्गत हुए आकलन में जनपदीय रैंकिंग में ब्लॉक मसौली को द्वितीय स्थान पर हासिल हुआ है।सेवानिवृत्त शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष ओम प्रकाश वर्मा ने शिक्षकों के साथ अपने पुराने संस्मरणों को साझा किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी मसौली सुश्री फिजा मिर्जा ने सेवानिवृत्त शिक्षकों के स्वास्थ्य जीवन की कामना करते हुए कहा कि यह दिन बहुत ही भावुक और प्रेरणादायक है। नई पीढ़ी के लोगों को सेवानिवृत्त शिक्षकों की कार्यशैली से सीखने की आवयश्कता होगी। शिक्षकों ने समाज में बच्चों को अच्छा नागरिक बनने का मौका दिया।जिलाध्यक्ष यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन बाराबंकी अशुतोष कुमार वर्मा ने शिक्षकों की समस्याओं के प्रति संगठन जिम्मेदारी से कार्य कर रहा है।नवगठित ब्लॉक कार्यकारणी से अपेक्षा है कि सरकार की नीतियों के साथ मिलकर शिक्षक एवं छात्र हित में कार्य करें।

# स्कूल गेट पर कार खड़ी करने को लेकर विवाद



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** घुघली थाना क्षेत्र स्थित गुरुकुल ग्लोबल स्कूल के गेट पर चार पहिया वाहन खड़ा करने को लेकर विवाद हो गया। कार खड़ी करने से मना करने पर कार सवार युवक नाराज हो गए और और स्कूल के ऑफिस में घुस गए। प्रबंधक ने मामले की जानकारी स्थानीय घुघली थाने को दी और तहरीर सौंपते हुए न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने वीडियो फुटेज और प्रबंधक की तहरीर के आधार पर पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। घटना से अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन में रोष है।

पुलिस का कहना है कि दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** मिशन शक्ति महिला सुरक्षा को लेकर एक बड़ी पहल है। मिशन शक्ति के तहत शक्ति दीदी अभियान की शुरुआत की गई है। महिलाओं के साथ होने वाले अपराध में कमी लाने के लिए इसे शुरू किया गया है।

महिलाएं कई बार प्रदेश सरकार की योजना से वंचित रह जाती है। अब महिलाओं को मिलने वाली सरकारी योजनाओं का लाभ भी शक्ति दीदी के तहत दिलाया जाएगा इसे क्रम में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा तथा प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार के कुशल नेतृत्व में म0 का0 दिव्या सिंह के द्वारा भानपुर रानी में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं व बच्चों, बालक व बालिकाओं को शिक्षा संबंधित महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत थाना क्षेत्र ग्राम के बच्चों को सशक्तिकरण संबंधी बातों को बताते हुए मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम के अंतर्गत कानून की जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त किए गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर-112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 102, स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई तथा जागरूक किया गया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई विकास विभाग एवं ग्राम्य विकास विभाग के कार्यो की समीक्षा बैठक

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में विकास विभाग एवं ग्राम्य विकास विभाग के कार्यो की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने आयुष्मान आरोग्य मन्दिर के सर्वे की प्रगति की समीक्षा करते हुए मरम्मत कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराने का निर्देश दिया। प्राथमिकता के आधार पर 19 पैरामीटर के अनुसार मरम्मत कार्य जुलाई 2025 के अन्त तक पूर्ण होना चाहिए। सभी खण्ड विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी क्षेत्र में निरीक्षण कर प्रगति की जानकारी ले। आंगनबाड़ी भवन के सर्वे की प्रगति की समीक्षा की गयी। सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी समन्वय बनाकर मरम्मत कार्य पूर्ण कराये। जर्जर व मरम्मत योग्य आंगनबाड़ी केन्द्र 08 पैरामीटर के आधार पर कराने का निर्देश दिया। ओडीएफ माडल ग्राम की समीक्षा करते हुए प्रगति लाने का निर्देश दिया। जिन ग्रामों में अन्नपूर्णा भवन आर0आर0सी0 सेन्टर हेतु भूमि चिन्हित नही है उपजिलाधिकारी के माध्यम से भूमि चयन की कार्यवाही कराये। सामुदायिक शौचालय, आरआरसी क्रियाशील कराने का निर्देश दिया। समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हो गया है उनका प्रथम एवं द्वितीय किश्त का भुगतान कराये। राज्य वित्त आयोग/केन्द्र वित आयोग की समीक्षा में नियमानुसार व्यय कर लें। पंचायत भवन, सीएचसी, पीएचसी मरम्मत कार्य पूर्ण हो गया है जिलाधिकारी ने प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया तथा उसे हैण्ड ओवर कराने का निर्देश दिया। आवास प्लन सर्वे पूर्ण कराकर पात्र लोगो को आवास स्वीकृत करने का निर्देश दिया। क्षेत्र पंचायत निधि से कराये जाने वाले राजकीय विद्यालयों का टेन्डर प्रक्रिया पूर्ण कराने का निर्देश दिया। राजकीय पशु चिकित्सालय के मरम्मत का टेन्डर कार्य पूर्ण कराये। स्टेडियम/पार्क का निर्माण कार्य पूर्ण कराकर उद्घाटन कराने का निर्देश दिया। सभी खण्ड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत द्वारा ओ0डी0एफ0 मॉडल ग्रामों में सुबह/शाम में सामुदायिक शौचालय, अन्त्येष्टि स्थल, आर0आर0सी0 सेन्टर का निरीक्षण करें, कूड़ा कलेक्शन हो रहा है कि नही के बारे में निरीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध कराये। ग्रामीण अन्त्येष्टि स्थल विकास योजनान्तर्गत वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा की गयी। पंचायत भवन पर सीएससी और लाइब्रेरी का संचालन कराये। ओपन जिम का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण व समय से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त पी0डी0 नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीडीओ गोपाल प्रसाद कुशवाहा, डीसीमनरेगा सन्दीप सिंह, डीपीआरओ पवन कुमार, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त एडीओ पंचायत व अन्य संबधित अधिकारी /कर्मचारी उपस्थित थे।

## झोलाछाप नेत्र चिकित्सक से आँख दिखवाना पड़ा भारी

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** कटका थाना क्षेत्र के मुंडेरा चौराहे पर स्थित एक झोला छाप चिकित्सक के इलाज से एक मरीज की आंखों की रोशनी चले जाने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने कटका पुलिस से शिकायत किया है। कटका थाना क्षेत्र के रत्ना गांव निवासी रमेश पुत्र राम दुलार ने पुलिस से शिकायत करते हुए कहा कि डाक्टर प्रवेश यादव मुंडेरा गांव का एक झोला छाप चिकित्सक है। पीड़ित ने बताया कि उस के आंखों में कुछ दिक्कत थी तो वह चिकित्सक को दिखाने गया। डाक्टर ने आंख ठीक करने का दावा करते हुए कुछ ड्रॉप आंखों में डालने को दिया। आरोप है कि दवा डालने से उस की आंख और खराब होने लगी। पीड़ित घबरा कर डिग्री धारक डाक्टर के पास गया तो चिकित्सक ने पूर्व में आंखों में डाली गई दवा की जानकारी लिया तो डाक्टर ने बताया कि दवा की वजह से आंख खराब हुई है। आरोप है कि पीड़ित जब पुनः कथित डाक्टर के पास गया और बताया कि तुम्हारी दवा से ही आंख खराब हुई है। तो चिकित्सक गाली देते हुए अपनी दुकान से भगा दिया। पीड़ित ने 112 डायल पर सूचना दिया तो विपक्षी अपनी दुकान छोड़ कर फरार होगया। इस सम्बंध में एसओ कटका प्रेम चंद ने बताया कि पीड़ित ने मेडिकल स्टोर से दवा लिया था। जबकि मेडिकल स्टोर संचालक ने दवा देने से इनकार किया है। जांच पड़ताल जारी है।

## अपर पुलिस अधीक्षक पशिचमी विशाल पांडेय ने सम्मनपुर थाने का किया आकस्मिक निरीक्षण



**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** 13.05.2025 को पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर केशव कुमार के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी विशाल पाण्डेय द्वारा थाना संम्मनपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया इस दौरान थाना कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कार्यालय, हवालात, थाना परिसर का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक संम्मनपुर जयप्रकाश सिंह यादव उपनिरीक्षक सुरेंद्र प्रताप उपनिरीक्षक राम सुमेर सिंह यादव हेड मोहरीर अवधेश मौर्य हेड कांस्टेबल और रजनीश सिंह यादव मोहित गुर्जर मयंक गुप्ता कृष्ण यादव सूरज लाल मुंशी अजीत मौर्या प्रवीण सिंह हरिकेश यादव त्रिपुरारी विश्वकर्मा महिला कांस्टेबल स्वाति सिंह चौहान लक्ष्मी सिंह आदि पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## बारात में आए दबंगों ने मचाया तांडव

### डुमरियागंज थाना क्षेत्र के महतीनिया बुजुर्ग गांव में बारात के दौरान जमकर हुई मारपीट

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** क्षेत्र के महतीनिया बुजुर्ग गांव में इटवा थाना क्षेत्र के नयेनगर से बारात आयी थी जिसमें बारात में आये कुछ लोगो से आपस में विवाद हो गया। मिली जानकारी के अनुसार डुमरियागंज थाना क्षेत्र के महतिनियां बुजुर्ग गांव के विक्रम यादव ने अपने तहरीर में बताया है कि राम जी उर्फ जक्का चौरसिया के यहां इटवा थाना क्षेत्र के नयेनगर गांव से बुधवार की रात बारात आई थी। मोटर साइकिल पर न बैठने देने पर बात बढ़ गई तभी दबंगों ने युवकों को गालियां दीं और चाकू निकाल लिया और उन लोगों के ऊपर तेज धार वाले चाकू से हमला कर दिया। चार युवक इसका शिकार हो गए जिसमे तीन घायल और एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। पीड़ितों का आरोप है कि दबंगों ने जेब में रखे पैसे तथा मोबाइल भी छीन लिए हैं। लोगो का कहना है कि इस घटना से डुमरियागंज थाना क्षेत्र में दहशत फैली हुई है। इस संबंध में डुमरियागंज थानाअध्यक्ष थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश यादव का कहना है कि घटना की जानकारी है और मुक़दमा पंजीकृत कर दिया गया है तथा मेडिकल करवाकर एक को रेफेर और दो को ज़िले पे भेज दिया गया है। जल्द ही घटना को अंजाम देने वाले लोग पुलिस की गिरफ्त में होगे।

## लेखपाल संघ के चुनाव में प्रवेश कुमार अध्यक्ष तो मंत्री बने देवेन्द्र कुमार



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** तहसील डुमरियागंज के सभागार मे उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की तहसील कार्यकारिणी मे प्रवेश कुमार अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार मंत्री देवीलाल गिरी उपमंत्री अवनीश कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रभाकान्त मौर्य कनिष्ठ उपाध्यक्ष, अम्बिका प्रसाद कोषाध्यक्ष, वीरेन्द्र यादव संप्रेक्षक, सत्या देवी संगठन मंत्री पद पर सर्वसम्मति से चुनाव अधिकारी शैलेश कुमार भारती व सुनील सिंह द्वारा निर्वोरोध घोषित किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अजय कुमार गुप्त, जिलामंत्री आनन्द गौतम, राजस्व निरीक्षक संघ मण्डलीय सचिव लालकृष्ण श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष रमेशचंद्र श्रीवास्तव, रोशनी, रीना, मधु श्रीवास्तव धर्मेंद्र, सहित सभी लेखपाल उपस्थित रहे।

## 43 डिग्री पहुंचा तापमान, आग उगल रहा सूरज

**अमेठी।** गर्मी अधिक होने के कारण जनजीवन पूरी तरह प्रभावित है। कड़की की धूप में रास्ता चलना मुश्किल हो रहा है। हर दस मिनट बाद लोगों को गला ठंडा करना पड़ रहा है। प्यास बुझाने के लिए हर व्यक्ति ठंडा पेयजल की खोज कर रहा हैं। शैक्षिक संस्थानों में दोपहर के समय छुट्टी होने पर बच्चे खड़ी दोपहरी में घर जाने को मजबूर हैं। गर्मी के कारण स्कूलों में उपस्थिति प्रभावित हैं। गुरुवार को अधिक गर्मी होने के कारण सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। लोग गर्मी से बचने के लिए पंखे , कूलर के सहारे घरों में दुबके रहे।

# अमेठी में चालकों की भारी कमी मुश्किल हुआ बसों का संचालन

### चित्रकूट के लिए शुरू की गई नयी बस सेवा, 29 रूटों पर चल रही हैं बसें



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** चालकों और परिचालकों की कमी के कारण अमेठी डिपो में बसों का संचालन प्रभावित है। गर्मी के महीने में चालकों को ओवर टाइम खटना पड़ रहा है। संविदा चालकों की भर्ती के लिए ए आर एम और डिपो को योग्य अभ्यर्थी नहीं मिल रहे हैं।

अमेठी डिपो के बेड़े में इस समय 58 बसें है। इनमें से तीन अनुबंधित और 55 बसें उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की हैं। बसों के सुचारू रूप से संचालन के लिए डिपो को 118 चालक चाहिए, मौजूदा समय में डिपो के पास 72 चालक ही हैं। चालकों की कमी से सभी 29 रूटों पर समय से बसों का संचालन नहीं हो पा रहा है। गुरुवार को बस लेकर आया एक चालक, संचालन प्रभारी की ओर से दुबारा ड्यूटी लगाने पर ए आर एम से हाथ जोड़ता नजर आया, उसने कहा कि हम अभी अभी बस लेकर आ रहे हैं, नींद आ रही है, दुबारा बस लेकर नहीं जा पायेंगे।

**चित्रकूट के लिए बस सेवा शुरू, सुकुलबाजार के लिए बस नहीं** - मई महीने में ए आर एम ने चित्रकूट के लिए एक नयी बस सेवा शुरू की है। दिल्ली, कानपुर, झांसी, आगरा, बरेली और फरूर्खाबाद के लिए बसें पहले से ही संचालित है। जिले के सुदूर ग्रामीण अंचल के विकास खंड बाजार सुकुल के लिए रोडवेज की कोई बस सेवा नहीं है।

**गर्मी में डबल ड्यूटी करना मुश्किल हुआ** - डिपो में चालकों और परिचालकों की भारी कमी है। भीषण गर्मी में चालकों और परिचालकों को डबल ड्यूटी करना मुश्किल हो रहा है। लोड फैक्टर 52से55है। संचालन प्रभारी ने बताया कि स्टाफ की कमी के कारण बसों के संचालन में भारी कठिनाई आ रही है। संविदा चालकों की भर्ती के लिए ऊपर से निर्देश प्राप्त हैं, परंतु योग्य अभ्यर्थी नहीं मिल रहे हैं। काशी प्रसाद, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक अमेठी डिपो ने कहा निर्धारित अर्हताएं रखने वाले अभ्यर्थियों की संविदा चालकों के रूप में प्रत्येक बुधवार को भर्ती की जा रही है। जिला सेवा योजन अधिकारी से पत्राचार किया गया है, उनसे सेवायोजन कार्यालय में पंजीकरण कराने वाले अभ्यर्थियों की सूची भी मांगी गई है।

# सांसद जगदंबिका पाल की अगुवाई में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा

### भारत माता और भारतीय सेना की जय घोष से गुंजायमान रहा वातावरण

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** ऑपरेशन सिंदूर में सेना के विजय और पाकिस्तान में स्थापित आतंकवादी अड्डों को निस्तोनाबूद करने की खुशी में जिले में गुरुवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा की अगुवाई सांसद जगदंबिका पाल ने की।

भव्य तिरंगा यात्रा जनपद मुख्यालय के बीएसए ग्राउंड से निकाली गई। जिसमें सैकड़ो की संख्या में मोटरसाइकिल पर सवार देशभक्तों ने भारत माता और भारतीय सेना की जय के नारे लगाएं। जोश से लबरेज तिरंगा यात्रा में शामिल देशभक्तों ने अपने हाथों में हमें अपने सेना पर गर्व है लिखी हुई तख्तियाँ भी ले रखी थी। जनपद मुख्यालय के बीएसए ग्राउंड से निकली यह भव्य तिरंगा यात्रा पूरे शहर का भ्रमण करते हुए सनई तिराहे पर समाप्त हुई। इस मौके पर सांसद जदम्बिका पाल ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि भारत की सेना ने पाकिस्तान के ऊपर हमला कर जिस तरह आतंकवाद के चल रहे अड्डों को तबाह किया है वह काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि इसके लिए हमारे सेना के शौर्य की जितनी भी तारीफ की जाए वह कम है। उन्होंने कहा कि हमारी सेना ने वीरता का परिचय देते हुए पाकिस्तान की सेना को घुटनों पर ला दिया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के ऊपर उठने वाली हर नापाक हरकत का मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा अगर पाकिस्तान अपनी हरकतों से अभी बाज नहीं आता है तो हमारी सेना और हमारी सरकार वह सब कुछ कर गुजरने को तैयार है जिसकी हम सब भारतीय तमन्ना करते हैं उन्होंने कहा कि इस तिरंगा यात्रा से हम घर-घर तक यह बात पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं कि हमारी सेना ने पाकिस्तान का कितना नुकसान किया है। इस अवसर पर जिला मंत्री एवं अभियान प्रमुख अजय उपाध्याय, जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य, जिला मंत्री फतेह बहादुर सिंह, मंडल अध्यक्ष रमेश मणी त्रिपाठी, कुलदीप द्विवेदी महेंद्र लोधी, महेश वर्मा, सबलू साहनी, रिंकू पाल, विजय कश्यप, उमेश पांडे, मुरारी सिंह, अमरिंदर सिंह, अखंड प्रताप सिंह, रामकेश गौड़, मनीष श्रीवास्तव, भवानी सिंह, अभिषेक सिंह, सदानंद चौधरी, सुरेश प्रसाद, संदीप निषाद, मोनू मिश्रा, एसपी अग्रवाल, दीपू सिंह, अनूप पांडे, विजय सिंह, पंकज चौबे, विजय सिंह श्रीनेत आदि लोग उपस्थित रहे।

# डिवाइन विज़डम एकेडमी में हुआ वार्षिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन





अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक रोड बढ़नी स्थित डिवाइन विज़डम एकेडमी में गुरुवार को विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों में वार्षिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ गांधी आदर्श विद्यालय इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य राजेंद्र पाठक, ज्ञानी जी सतीश सिंह, डॉक्टर रजिया खान, मोहम्मद जमील सिद्दीकी के कर-कमलों से दीप प्रज्वलन कर और मधुर सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम में मंच पर बच्चों द्वारा मनमोहक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। अतिथि राजेन्द्र पाठक, पूर्व चेयरमैन निसार अहमद बागी, ज्ञानी सतीश सिंह, सुधा त्रिपाठी, सगीर ख़ाकसार, डॉ. रजिया हबीब आदि ने सम्बोधित किया।

विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर मोहम्मद जमील सिद्दीकी ने संबोधित करते हुए कहा कि अब उन्हें अपने बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए बढ़नी से बाहर जाने की कोई आवश्यकता नहीं है।

अभिभावकों को भरोसा दिलाया कि डिवाइन विजडम एकेडमी वह सब कुछ उपलब्ध कराएगी जो एक उत्कृष्ट विद्यालय में होना चाहिए। कहा कि विद्यालयअंग्रेजी माध्यम की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने विश्वास जताया कि यहाँ के छात्र अब धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलकर और ज्ञान के विविध क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाकर आगे बढ़ेंगे। विद्यालय में जल्द ही इण्टर मीडिएट तक की शिक्षा व्यवस्था हो सकेगी। प्रिंसिपल मेलविन रोजारियो रोड्रिग्स ने विद्यालय की आधुनिक सुविधाओं, जैसे उत्कृष्ट पुस्तकालय, डिजिटल शिक्षा प्रणाली और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर विस्तार से जानकारी दी।

स्कूल के कक्षा 8 के आसीन, मोहम्मद यासिर, तनिष्का गोयल, सात के सृष्टि श्रीवास्तव, पंखुड़ी अग्रवाल, अरीशा अंसारी, छह के राज गुप्ता, हमजा खान, तेजस गोयल, पांच के अनस कैफी, श्रेया श्रीवास्तव, प्रत्यक्ष यादव, चार के तंजिला कशिश, लैईबा हसन खान, अनन्य पाल, तीन के अफजा महेवीश, फहद, अनबिया, दो के आदित्य राजपूत, परीषा यादव, अदिति रौनियार, कक्षा एक के अहमद हसन खान, नवीन भारद्वाज, अर्सलान खान, यूकेजी के युसूफ खान, हरीम खान, हमदान अहमद, एलकेजी के रेहान अहमद, मारिया, नावेद खान, नर्सरी के याहिया रहमान खान, युगांश सिंह श्रीनेत, अदनान खान और प्लेवे के संध्या कसौधन, शिवांगी चौरसिया तथा यश गुप्ता को कक्षा में उत्कृष्ट स्थान हासिल करने पर प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही साथ विद्यालय के विभिन्न गतिविधियों में स्थान प्राप्त बच्चों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान मैनेजिंग डायरेक्टर मोहम्मद जमील सिद्दीकी, प्रिंसिपल मेलविन आर रोड्रिग्स, एचआर शैली जान, राजेन्द्र पाठक, पूर्व चेयरमैन निसार अहमद बागी, ज्ञानी सतीश सिंह, सुधा त्रिपाठी, सगीर ख़ाकसार, डॉ. रजिया हबीब, रिचा मिश्रा, शगुफ्ता, अवराधिका, इजहार अहमद, धीरज गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# नन्ही सी चिड़िया अभियान के तहत घर-घर बांटे गए मिट्टी के बर्तन



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र के कस्बा हल्लौर में भीषण गर्मी को देखते हुए बेजुबान पशु पंछियों के लिए दाना पानी का इंतेज़ाम करने के लिए ज्येष्ठ माह मे नन्ही सी चिड़िया अभियान दिशा वेलफेयर सोसाइटी द्वारा किया गया। ये अभियान पिछले कई वर्ष से किया जा रहा है जिसके क्रम मे आज कई गाँव मे घर घर मिट्टी का बर्तन बाँटने के बाद मॉडर्न स्कूल के समस्त शिक्षक, कर्मचारी को सोसाइटी अध्यक्ष राहिब रिज़वी ने मिट्टी के बर्तन वितरित कर लोगों से घर के छत पर बेजुबान पंछियों के लिए दाना पानी रखने की अपील की राहिब रिज़वी ने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए हमारी सोसाइटी प्रति वर्ष ये अभियान चलाती है जो कि ज्येष्ठ माह मे चलाया जाता है जिसमें हम लोग गाँव और सार्वजनिक स्थानों पर जाकर मिट्टी के बर्तन वितरित कर बेजुबान पंछियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था की जा सके। रिज़वी ने बताया कि पानी अनमोल है इसके बिना जीवन संभव नही है दिनों दिन बढ़ती गर्मी के चलते आज बेजुबान पशु पंछियों के समक्ष दाना और पानी की समस्या आ गई है हम इंसानों को भूख और प्यास की तड़प व्याकुल कर देती है तब यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि बेज़ुबान पशु पंछियों की क्या हालत होती होगी।

## द्वेष, नफ़रत, हिंसा और तनाव फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें सभी राज्य सरकारें : मायावती

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** आपरेशन सिंदूर की नायिका मुस्लिम महिला कर्नल के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी करने वाले मध्य प्रदेश के वरिष्ठ मंत्री के विरुद्ध हाईकोर्ट की सख्ती के बाद एफ आई आर दर्ज हो गई है। बसपा सुप्रीमो ने कहा है कि भाजपा की ओर से क्या एक्शन किया जा रहा है,इसकी देश को प्रतीक्षा है। बसपा सुप्रीमो ने सभी राज्य सरकारों से साम्प्रदायिक, जातिवादी द्वेष, नफ़रत, हिंसा और तनाव फैलाने वालों के विरुद्ध कोर्ट से पहले सख्त कार्रवाई की मांग की है।

बसपा सुप्रीमो ने कहा है किपहलगाम हत्याकाण्ड के बाद पाकिस्तान में आतंकियों के विरुद्ध सेना के आपरेशन सिंदूर की नायिका मुस्लिम महिला कर्नल को लेकर अभद्र टिप्पणी करने वाले मध्यप्रदेश के मंत्री के खिलाफ हाईकोर्ट की सख्ती के बाद कल देर रात दर्ज एफआईआर उचित, किन्तु भाजपा की ओर से एक्शन की देश को प्रतीक्षा है। देश में साम्प्रदायिक व जातिवादी द्वेष, नफरत, हिंसा व तनाव फैलाने वालों के खिलाफ, कोर्ट से पहले, राज्य सरकारों को बिना भेदभाव कार्रवाई करके अपराध नियंत्रण व कानून-व्यवस्था की संवैधानिक जिम्मेदारी निभाना जरूरी, वरना अपेक्षित विकास बाधित होता रहेगा, जो जन व देशहित में सही नहीं है।

## जल जीवन मिशन के द्वारा करोड़ों खर्च के बाद भी लोगों को नहीं मिला अभी तक शुद्ध जल

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जल जीवन मिशन के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा यह मिशन 15 अगस्त 2019 को भारत के सभी दूर दूर गांव के हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य 20-24 तक पूरा करें का था लेकिन जल जीवन मिशन अभी तक सफलतापूर्वक पूरा नहीं किया जा सका है जिसमें राज्य सरकार और केंद्र सरकार दोनों मिलकर इसे बढ़ा रहे थे लेकिन आज 20-25 में भी यह कार्य 40 प्रतिशत भी नहीं हो पाया है जल जीवन मिशन का आदर्श यह था कि कोई भी ना छूटे इस प्रकार यह सुनिश्चित किया गया था कि प्रत्येक परिवार को उसकी सामाजिक आर्थिक स्थिति के बावजूद नल से जल की आपूर्ति मिले गर्मी के कारण लोग बेहाल हैं वाटर लेवल नीचे चला गया है पानी मिलना दुर्लभ हो गया है लेकिन टेमा गोविंदपुर तेजापुर पकडीनउपुर महापारा आदि गांव में आज तक पानी नहीं पहुंच पाया है जल जीवन मिशन में 20-25 26 तक बजट पेश करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन का कुल बजट 67 हजार करोड़ रुपये दिया गया है लेकिन इसके बाद भी आज तक यह मुहिम सफल नहीं हो पाई है।

## दहेज के प्रताड़ित करने के मामले मे पति को भेजा जेल

**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** दहेज के लिए प्रताड़ित करना व दहेज मृत्यु के मामले में पति को भेजा गया जेल। जनपद सुलतानपुर थाना अखंड नगर के अलाउद्दीनपुर निवासी सुभाष पांडेय ने दिन रविवार 11 मई को मालीपुर थाने में शिकायत पत्र देते हुए दामाद अंकित उर्फ अरुण पाठक निवासी डीघी निवासी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और पुत्री की हत्या का मामला दर्ज कराया था। मालीपुर पुलिस ने गुरुवार को आरोपी अंकित को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मालीपुर थाना प्रभारी स्वतंत्र कुमार मौर्य ने बताया आरोपी के खिलाफ अपनी पत्नी अन्नु पाठक दहेज के लिए प्रताड़ित करना और दहेज मृत्यु के मामले में मुकदमा पंजीकृत किया गया था गुरुवार को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## पुलिस ने होटल मे छापेमारी कर देह व्यापार के तीन युवतियों व पांच युवकों को किया गिरफ्तार

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** बसखारी स्थित किछौछा रोड पर शान ए अवध होटल में पुलिस ने छापेमारी कर देह व्यापार का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने होटल से तीन युवतियों और पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। बता दे कि क्षेत्राधिकारी नगर देवेंद्र कुमार मौर्य और थानाध्यक्ष संत कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में होटल के विभिन्न कमरों से युवक-युवतियों को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा गया। होटल के रिसेप्शन पर मौजूद मैनेजर मनीष कुमार वर्मा और मालिक सौरभ पटेल को भी हिरासत में लिया गया। तलाशी के दौरान आरोपितों के पास से 6 कंडोम, 6 शक्तिवर्धक टैबलेट, 21,970 रुपये नकद, 6 मोबाइल फोन, एक टैबलेट और एक रजिस्टर बरामद हुआ। मुखबिर की सूचना पर की गई इस कार्रवाई में पकड़े गए सभी आरोपितों पर बीएनएस की धारा में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## युद्ध नहीं आतंकवाद का खात्मा

भारत पड़ोसी देश पाक से कभी युद्ध नही चाहता। जब जब भारत पाक युद्ध हुआ है वह पाक की गुस्ताखियों से हुआ है। पाक जब भी भिड़ा है उसे हार ही मिली है। वह जनता भी है वह भारत से किसी भी क्षेत्र में जीत नही सकता। पर उसे अपने नागरिकों को दिखाना है कि वह डरता नही है। क्योकि नगरिकों को उलझाये रखने और वित्तीय मदद और कर्ज पाने के लिये उसे यह आसान तरीका लगता है।

भारत ने आपरेशन सिन्दूर के जरिये पाक अधिकृत कश्मीर के आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। भारत सन्तुलित और गैर उसकाने वाली थी। पर पाक ने इसके जवाब में पाक ने भारत के कई सैन्य ठिकानों पर हमला करने का प्रयास किया। अब एलओसी पर गोला बारी बढ़ा है और मासूम लोगों को निशाना बना रहा है। उसे इसके करतूतों के लिये उसको एयर डिफेन्स सिस्टिम को तबाह करना और उसके काली करतूतों के जबाब देने के लिये भारत ने साथ में ही दूसरे कदम भी उठाये। पाकिस्तान भारत पर झूठे आरोप मढ़ रहा है और भारत के खिलाफ झूठे अपने विजय की कहानियां लोगों को सुना रहा है। पाकिस्तान कह रहा है हमले की शुरूआत भारत ने की पर दहशतगदी की शुरूआत पहलगाम में आतंकी हमले से शुरू हुई थी। भारत ने तब आतंकी इनफ्रास्टक्चर को तबाह किया। भारत ने पाकिस्तानी ठिकानों को अभी तक निशना नहीं बनाया है।

दुनियां को अतंकवाद के मामले में दुनियां को गुमराह करने की कोशिश उसकी पुरानी आदत है। भारत के इस प्रयास को भी बता रहा है धार्मिक स्थानों पर हमला हुआ है और बेगुनाह को निशाना बनाया गया है। यह उसी सोच का नमूना है कि आतंकियों ने अपने हमले से भारत में सम्प्रदायिक तनाव पैदाकर उसे फैलाने और भारत में व्याप्त भाईचारे को नष्ट करने का मकसद बनाया है। झूठ झूठ और झूठ यही पाकिस्तान का पुराना अस्त्र है जो हमेशा नाकाम होता रहा है और नाकाम होता रहेगा। भारतीय समाज में आपसी भाईचारा गहरा है। छिटपुट घटनाओं में कुछ लोग भ्रमित हो जाते है पर शिघ्र ही गलतफ्हमी दूर हो जाती है। पाकिस्तान ने धर्म को आतंक से मिलाया है फिर इसे फैलाने में लगा है। पाकिस्तान धर्म के पवित्रता का भी ध्यान भुला दिया है और नापाक इरादों को लिये इसे भुला दिया है। अपने विदेश मंत्री अभी भी यही कर रहे है कि पाकिस्तान के साथ तनाव बढ़ाने का भारत का इरादा नही है। पर अगर वह भारत पर हमला करता है तो इसका उचित जवाब देना हमारी मजबूरी है। पाकिस्तान वर्षो से उत्पात करता आ रहा है और वर्षो से इसका उचित जवाब देता आ रहा है। हर बार मुंह की खाने के बाद भी उसे अपनी जनता को बरगलाने के लिये और विदेशी सहायता पाने के लिये अपने को बेचारा साबित करने की कोशिश करता रहता हैं। पर दुनियां उसे नाटक को समझती है। कुछ देश जो भारत से ईर्षा रखते है या कोई मकसद रखते है वो ऊपरी तौर से पाक के साथ हो लेते है जैसे चीन।

भारत अपने मकसद के लिये अपने मकसद पर ध्यान केन्द्रित किये हुये है। वह आतंकवाद का खात्मा चाहता है युद्ध नही चाहता है। हमारे प्रधानमंत्री गृह मंत्री, रक्षामंत्री सभी यही बात करते आ रहे है। पर पाक के कान में ये बाते ठहर नही पाती है। पाक भारत से कोई युद्ध जीता नही है पर हेकड़ी दिखाता रहता है। अपने नागरिकों को गलत पाठ पढ़ाता रहता है।

## भारतीय संस्कृति बनाम खोखली आधुनिकता



संजीव ठाकुर

भारतीय संस्कृति हमें अपने भारतीय होने का एहसास कराती है। जो हमें विश्व के अन्य देशों से विकास की दौड़ में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। भारत में अनेक परंपराएं ऐसी हैं जो सामाजिक जीवन को अधिक सभ्य एवं अच्छा इंसान बनाए रखने में योगदान देती है। जिनसे मनुष्यता का जीवन जीने की प्रेरणा भी मिलती है। यांत्रिक उपकरणों की तरह जिंदगी जीना भी कोई जीना है। यह भारतीय संस्कृति में पाश्चात्य का घालमेल ही है जो मनुष्य के जीवन को यंत्रवत बना देता है। जो आने वाले कल के लिए घातक भी हो सकती है। वहीं दूसरी ओर पाश्चात्य दर्शन की कुछ विशेषताएं भी हैं, जो हमारे विचारों को अधिक तार्किक तथा बौद्धिक बनाती है। जिससे हम अपना जीवन कार्तिक तथा बौद्धिक बना सकते हैं। जिन्हें हम अपने जीवन में क्रियान्वित कर अपने मनुष्य जाति के जीवन को अधिक सार्थक एवं सुलभ बना सकते हैं। निसंदेह हमें रूढ़ीवादी या एकदम पुरातन पंथी संस्कृति से लगाव न रखकर पाश्चात्य संस्कृति के जो फायदे हैं, उन्हें अपनाकर अपना जीवन सरल सार्थक एवं सुगम बना सकते हैं। परंतु आज वर्तमान में हमने पश्चिम दर्शन से खोखला आधुनिकवाद ओढ़ लिया है, हम ना अत्यंत आधुनिक ही हो सके हैं और ना ही सही-सही संस्कारित परंपरावादी ही बन पाए हैं हम हम पाश्चात्य दर्शन और भारतीय संस्कार और परंपरा के बीच त्रिशंकु बन कर झूल रहे हैंद्य विवेकानंद जी ने कहा है कि वीणा के तार को ईतना भी ना कसो कि वह टूट जाए, और इतना भी ढीला छोड़ो कि वह बज भी ना पाए, मूलतः हमें दोनों संस्कृतियों की समग्र अच्छाइयों को आत्मसात कर उनकी बुराइयों को त्यागना होगा तब ही जीवन सफल हो सकेगा।

भारतीय संस्कृति अध्यात्म प्रधान है। जबकि पश्चिमी सभ्यता भौतिकता लिए होती है, और उसमें भौतिकता की प्रधानता होती है। आध्यात्मिक प्रधान संस्कृति से तात्पर्य भौतिकता वादी दृष्टिकोण से दूर रहकर भौतिकता वादी होने का ही है। प्राचीन काल से ही भारत देश में अतिथि देवो भव और वसुधैव कुटुंबकम वाली संस्कृति रही है। भारत की सांस्कृतिक धरोहर, विश्वास, भावना, आस्था, धर्म, रीति रिवाज जैसे तथ्यों से भरी पड़ी है। धर्म प्रधान संस्कृति होने के कारण ही इसे आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाला देश माना गया है। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के शब्दों में यदि कहें तो ईश्वरत और त्याग पर्यायवाची शब्द है। संस्कृति और सदाचार उसकी बाह्य अभिव्यक्तियाँ है। परंपरागत दृष्टिकोण से हम अपने धार्मिक तथा अध्यात्मिक दर्शन को लेकर बहुत हद तक अपने आप को एवं देश को महिमामंडित करने में लगे रहते हैं। किंतु आज आवश्यकता इस बात की है कि हमें पूर्ण रूप से आध्यात्मिक ना होकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर इस तथ्य का मूल्यांकन किया जाना चाहिए कि 21 सदी में पांचवी एवं छठवीं सदी की मान्यताएं तथा परंपराएं जारी रख उन्हें अपना सकते हैं क्या?, आज जब दुनिया वैज्ञानिक चमत्कारों से भरी पड़ी है। दुनिया विज्ञान की प्रगति से चांद तो क्या सूर्य को भी खंगालने का प्रयास कर रही है। मानव का क्लोन बनाकर ईश्वर की सत्ता को चुनौती देने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में धार्मिक संस्कृति तथा आध्यात्मिकता को आवश्यकता से अधिक महत्व एवं परंपरा में लाना प्रासंगिक एवं तार्किक होगा। निसंदेह नहीं। पाश्चात्य दर्शन भौतिकता प्रधान एवं वैज्ञानिक संस्कृति है। भौतिकता प्रधान युग से तात्पर्य ऐसी परंपरा जो यथार्थवादी दृष्टिकोण को सर्वाधिक महत्व देती है। वैसे ही भौतिकता का सामान्य मतलब इंद्रिय बोध से साक्षात संबंध रखने वाली वस्तु से है, अर्थात जो वास्तविकता है एवं यथार्थ है वही पाश्चात्य दर्शन है। पाश्चात्य संस्कृति को इसलिए भी वैज्ञानिक एवं वस्तु परख माना जाता है क्योंकि इसमें सूक्ष्म जांच पड़ताल कर वस्तु स्थिति का सही मूल्यांकन अपनाकर एक सामान्य सिद्धांत एवं नियम बनाया जाता है। जिससे भविष्य की बातों को जानकर जीवन को और अच्छा तथा बेहतर बनाने में मदद मिल सके।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़्वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**चीन यह तो चाहता है कि भारत उसके हितों को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरते, लेकिन खुद उसकी ओर से भारत के प्रति अपेक्षित संवेदनशीलता को लगातार नजरअंदाज करता है। चीन भरोसे लायक देश नहीं है, चीन के प्रति कठोर रवैया जरूरी है। निस्संदेह नाम बदलने जैसी घटनाएं हमें सतर्क करती हैं कि चीन के साथ मैत्री संबंधों के निर्धारण के दौरान हमें सजग, सावधान व सचेत रहना चाहिए। अन्यथा चीन पीठ पर वार करने से नहीं चूकने वाला है। भारत को चीन के साथ अपनी तिब्बत नीति पर भी नए सिरे से विचार करना होगा।**

# अरुणाचली चाल है पाक के हक में चीन की बौखलाहट



ललित गर्ग

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के सफल 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद चीन बौखला गया है। पाकिस्तान की करारी हार एवं उसे दिये गये सबक को चीन पचा नहीं पा रहा है। चीन-पाक की सदाबहार दोस्ती के उदाहरण बार-बार सामने आते रहे हैं, हाल ही में सैन्य टकराव के दौरान चीन ने प्रत्यक्ष व परोक्ष तौर पर पाकिस्तान का समर्थन ही नहीं किया, बल्कि सैन्य व आर्थिक मदद भी की। ऐसे ही संवेदनशील समय पर चीन ने भारतीय जमीन पर दावेदारी जताने एवं अरुणाचल के 27 स्थानों को चीनी नाम देने की कुचेष्टा की है। उसकी यह नापाक कोशिश भी पाक के साथ खड़े होने का ही प्रयास है। यह ध्यान रहे कि वह अरुणाचल एवं उसके अनेक क्षेत्रों, इनमें आवासीय क्षेत्रों के साथ पहाड़ और नदियां भी हैं, इनको पहले ही चीनी नाम दे चुका है। भारत सरकार ने अरुणाचल के भीतरी स्थानों को नए नाम देने के चीन के निराधार और बेतुके प्रयासों को स्पष्ट रूप से खारिज करते हुए इसकी निन्दा की है। चीन अपनी दोगली नीति, षडयंत्रकारी हरकतों एवं विस्तारवादी मंशा से कभी बाज नहीं आता। वह हमेशा कोई ऐसी कुचेष्टा करता ही रहता है जिससे भारत चीन बॉर्डर पर अक्सर तनाव रहता है। हालांकि भारत ने दो टूक जवाब देते हुए साफ कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और यह चीनी दुष्प्रचार के सिवाय कुछ नहीं है। चीन की इस हरकत ने यह साफ कर दिया है कि उससे संबंध सुधारने की भारत की तरफ से कितनी ही पहल हो जाए, वह सुधरने वाला नहीं है।

निश्चित ही चीन की ये दकियानूसी हरकतें पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं, यह उसके दुस्साहस एवं उच्छृंखलता का द्योतक है। नाम बदलने से इस स्पष्ट और निर्विवाद वास्तविकता को नहीं बदला जा सकता कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और हमेशा रहेगा। इस तरह की करतूतों, बचकानी एवं बेतूकी हरकतों से भारत को उकसाना चाहता है। इसी नीति के तहत वह भारत के पड़ोसी देशों में अपनी पैठ बना कर पुलों, सड़कों, व्यावसायिक केंद्रों आदि का निर्माण कर भारत की सीमा पर तनाव पैदा करने की भी कोशिश करता रहा है। शायद उसने यह मुगालता पाल लिया है कि ताजा घटनाक्रम से भारत दबाव में आ जाएगा लेकिन भारत अब ऐसे किसी दबाव में न तो आयेगा, बल्कि इनका सक्षम एवं तीक्ष्ण तरीके से जबाव देने में भारत सक्षम है। चीन का अधिक बौखलाहट एवं खीज का बड़ा कारण भारत ने उसके एयर डिफेंस सिस्टम, ड्रोन, मिसाइल आदि की इस कदर पोल खोल कर रख दी कि अब उसके लिए दुनिया के निर्धन देशों को अपने दोयम दर्जे एवं घटिसा किस्म के चीनी हथियार बेचना कठिन होगा। पाकिस्तान ने जिस चीनी मिसाइल का इस्तेमाल किया था, उसे भारत ने नाकाम कर



दिया। चीन यह तो चाहता है कि भारत उसके हितों को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरते, लेकिन खुद उसकी ओर से भारत के प्रति अपेक्षित संवेदनशीलता को लगातार नजरअंदाज करता है। चीन भरोसे लायक देश नहीं है, चीन के प्रति कठोर रवैया जरूरी है। निस्संदेह नाम बदलने जैसी घटनाएं हमें सतर्क करती हैं कि चीन के साथ मैत्री संबंधों के निर्धारण के दौरान हमें सजग, सावधान व सचेत रहना चाहिए। अन्यथा चीन पीठ पर वार करने से नहीं चूकने वाला है। भारत को चीन के साथ अपनी तिब्बत नीति पर भी नए सिरे से विचार करना होगा। पिछले तीसरे साल में चीन ने अरुणाचल प्रदेश के अनेक स्थानों के नाम बदले हैं। चीन अरुणाचल को जांगनान के नाम से दर्शाता है। वहीं इसे तिब्बत के दक्षिणी हिस्से के रूप में होने का दावा करता है। चीन किये गये वायदों एवं समझौतों से पीछे हटता रहा है, चीनी राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच 1993, 1996, 2005 और 2013 में परस्पर भरोसा पैदा करने वाले समझौतों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने अपनी सेना को भारतीय दावे वाले इलाकों में अतिक्रमण करने का आदेश दिया। इसी का अंजाम रही जून 2020 में गलवान घाटी जैसी घटना। जिसमें उसके सैनिक गलवान घाटी में घुस आए थे, जिन्हें रोकने में खूनी संघर्ष हुआ। तबसे दोनों देशों के रिश्ते तनावपूर्ण बने हुए हैं। भारत के हिस्से की जमीन पर कब्जा करने के इरादे से वह चोरी-छिपे और चालबाजी से घुसपैठ करने की कोशिशें करता रहता है। चीन की विस्तारवादी नीति भारत सहित सम्पूर्ण एशिया के लिये ही नहीं, पूरे विश्व के लिए बड़ा खतरा है।

चीन भारत की बढ़ती ताकत एवं रूतबे से परेशान है। भारत की बढ़ती आर्थिक और सामरिक ताकत चीन को चुभती रही है, इसलिए वह चोरी, चालाकी और चालबाजी से भारत को कमजोर करने की चालें चलता रहता है। दरअसल, सीमाओं को लेकर नित नए विवादास्पद तथ्य लाना चीन की फितरत में शामिल है। अरुणाचल प्रदेश ही नहीं, अक्साई चिन, ताइवान और विवादित दक्षिण चीन सागर पर भी चीन अपना दावा जताता रहा है। शातिर और चालबाज चीन अरुणाचल के किसी दस्तावेज पर भारत का नाम स्वीकार नहीं करता। कुछ मौकों पर तो वह अरुणाचल को अपने नक्शे में शामिल कर दुनिया के सामने साबित करने की कोशिश कर चुका है कि वह उसका इलाका है। मगर भारत की तरफ से मिले सख्त प्रतिरोध की वजह, सामरिक शक्ति और रणनीतिक सूझ-बूझ से उसे हर बार मुंह की खानी पड़ी है। भारत को अनेक मोर्चों पर चीन को आडे हाथ लेना होगा, सबसे जरूरी है चीन सामान का बहिष्कार, इस पर सरकार के साथ हमारे उद्योग जगत एवं आम जनता को भी गंभीरता से सोचना होगा। ऐसा करके ही चीन की कमर को तोड़ा जा सकता है, आज दुनिया के अनेक देश चीनी सामान का बहिष्कार कर रहे हैं, हमें भी कठोर कदम उठाने होंगे। भारत ने जब भी पाकिस्तान में पनाह पाए आतंकियों को अंतरराष्ट्रीय आतंकवादियों की सूची में डलवाने का प्रयास किया, चीन संयुक्त राष्ट्र में अपने वीटो का प्रयोग कर उसे रोकने की कोशिश करता रहा है, जबकि पूरी दुनिया आतंकवाद के खिलाफ युद्ध का समर्थन करती रही है। जिससे पता चलता है कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत से दोस्ती का हाथ बढ़ाने तथा व्यापार-कारोबार बढ़ाने की बात करने वाला चीन भारत के प्रति कैसी दुर्भावना रखता है। वह वैश्विक संगठनों व मंचों पर भारत के साथ खड़ा होने का दावा एवं ढोंग ही करता है। भारत एवं चीन दोनों देशों के बीच संबंधों में आने वाली तल्खी की बड़ी वजह भी चीन की नीयत में खोट, उच्छृंखलता एवं अनुशासनहीनता ही है। चीन ने एक बार फिर अपनी इस हरकत से भारत के प्रति शत्रुता को ही जाहिर किया है। भारत के साथ चीन का बर्ताव हमेशा दोगला एवं द्वेषपूर्ण रहा है। इसकी भी अनदेखी नहीं कर सकते कि चीन किस तरह पाकिस्तान को भारत के खिलाफ मोहरे की तरह इस्तेमाल करता रहा है। जाहिर बात है कि चीन ने ऐसा न केवल चुनौतीपूर्ण समय में भारत का ध्यान भटकाने के लिये किया है।

# दुनिया को समझना होगा, भारत का 'न्यू नॉर्मल'

**1965, 1971 और 1999 कारगिल युद्ध और तमाम छोटी–बड़ी आतंकी घटनाओं में पाकिस्तान की स्पष्ट भूमिका के उपरांत सिंधु जल संधि स्थगित करने का साहस भारत दिखा नहीं पाया। बालाकोट और उसी स्ट्राइक, जम्मू कश्मीर में धारा 370 को खत्म करने जैसे बड़े कदम उठाने के बाद भी पाकिस्तान भारत को हल्के में लेता रहा।**



डॉ. आशीष वशिष्ठ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुद्ध पूर्णिमा दिन राष्ट्र के नाम अपने 22 मिनट के संबोधन में पाकिस्तान को स्पष्टतः चेता दिया कि अगर हमारे भारत की ओर आँख उठाकर भी देखा तो वो हश्र होगा कि दुनिया याद करेगी। राष्ट्र के नाम संदेश के अगले दिन पीएम ने आदमपुर एयरबेस पहुंचकर जवानों का उत्साह और मनोबल बढ़ाया। आदमपुर में प्रधानमंत्री के साथ समवेत स्वर में जब जवानों ने भारत माता की जय का उद्घोष किया तो उस निनाद की गूंज और प्रतिध्वनि पाकिस्तान ही नहीं अखिल विश्व ने स्पष्ट तौर पर सुनी।

पीएम ने अपने संबोधन में जितनी स्पष्टवादिता, दृढ़ता और विश्वास के साथ सधे और नपे–तुले शब्दों में अपनी बात विश्व के समक्ष रखी है, ऐसा साहस उनका कोई पूर्ववर्ती दिखा नही सका। पाकिस्तान के साथ अब तक हुए चार युद्ध, बालाकोट और उरी स्ट्राइक में उसे इतने गहरे घाव नहीं लगे, जितने ऑपरेशन सिंदूर ने उसे दिये। अपने स्वभाव से विवश पाकिस्तान पहलगाम आतंकी घटना के बाद इसी सोच के साथ रहा होगा, भारत प्रत्युत्तर में अधिक से अधिक एयर स्ट्राइक या उरी जैसा आक्रमण करेगा। लेकिन उसके अनुमान और विचार धरे के धरे रह गए। और भारत ने जो विध्वंस ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से मचाया, उसकी कल्पना भी आतंकियों और उनके जन्मदाताओं एवं शरणदाताओं की कल्पना से भी परे थी।

भारत ने लड़ाई के मोर्चे पर ही नहीं, बल्कि सिंधु जल संधि को स्थगित करने जैसा ऐतिहासिक और साहसी कदम भी उठाया। 1965, 1971 और 1999 कारगिल युद्ध और तमाम छोटी–बड़ी आतंकी घटनाओं में पाकिस्तान की स्पष्ट भूमिका के उपरांत सिंधु जल संधि स्थगित करने का साहस भारत दिखा नहीं पाया। बालाकोट और उसी स्ट्राइक, जम्मू कश्मीर में धारा 370 को खत्म करने जैसे बड़े कदम उठाने के बाद भी पाकिस्तान भारत को हल्के में लेता रहा। वास्तव में त्रुटि पाकिस्तान की नहीं, हमारी ही रही। हमारे देश के भीतर एक ऐसी मंडली हैं, जिनके हृदय में भारत से अधिक पाकिस्तान के लिये प्रेम, पक्षपात और दया भावना उछाल मारती है। यही मंडली हर आतंकी घटना के बाद भारत पाकिस्तान के विरुद्ध कड़े कदम उठाने का प्रपंच और स्वांग रचती है। प्रोपेगेंडा करने और नैरेटिव गढ़ने में इस मंडली को महारत प्राप्त है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी ये मंडली सक्रिय हो गई थी। वो अलग बात है कि इस बार यह अपना एजेंडा चलाने में सफल नहीं हुई। वहीं पाकिस्तान को सख्त सबक सिखाने की बजाय जुबानी जमा खर्च ज्यादा करने की जो परंपरा नेहरू–इंदिरा के शासन में फली फूली, 2014 में मोदी सरकार के गठन से पूर्व तक भारत उसी नीति का सिर झुकाकर अनुसरण करता रहा। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भी पाकिस्तान को प्रत्युत्तर में एयर स्ट्राइक से अधिक की उम्मीद नहीं थी। उसे लग रहा था भारत की सत्ता संभालने वालों में बड़े, प्रभावशाली और कठोर निर्णय लेने का राजनीतिक साहस नहीं है। लेकिन पाकिस्तान पता नहीं यह कैसे भूल गया



कि पीएम मोदी खतरे उठाने और साहसी निर्णय लेने के लिए जाने जाते हैं। उनकी प्रसिद्धि, साख और लोकप्रियता की यूएसपी जोखिम उठाना ही तो है। पीएम मोदी की दृढ राजनीतिक इच्छा शक्ति का समर्थन पाकर हमारे वीर जवानों ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने पाकिस्तान को उदाहरण के साथ अच्छे से समझा दिया है कि अब खेल बदल चुका है। खेल के खिलाड़ी बदल चुके हैं। भारत की सत्ता जिनके हाथों में हैं, उनका नारा नेशन फर्स्ट का है। ऑपरेशन सिंदूर के रूप में भारत ने न केवल आतंक के पोषक और जनक पाकिस्तान को करारा उत्तर दिया, बल्कि एक नया सैन्य और रणनीतिक सिद्धांत स्थापित कर दिया। 7 से 10 मई के बीच चार दिनों तक चले इस सीमित, लेकिन तीव्र सैन्य अभियान ने न केवल पाकिस्तान को सैन्य रूप से झकझोर कर रख दिया, बल्कि वैश्विक मंच पर भारत की साख, क्षमता और इच्छाशक्ति का ऐसा प्रदर्शन किया जो दशकों में पहली बार देखा गया। ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने यह स्पष्ट कर दिया कि आतंक के विरूद्ध अब वह चुप नहीं बैठेगा, घर के भीतर घुसकर मारेगा। पहलगाम घटना के बाद भारत ने बातें नहीं की, डोजियर सौंपने की तैयार नहीं की, सीधे घर में घुसकर मारा, सीधे एक्शन लिया। पाकिस्तान के अंदर घुसकर 15 से अधिक आतंकियों और सेना से जुड़े ठिकानों को नष्ट भ्रष्ट कर दिया। भारत ने केवल आतंकी ठिकानों पर नहीं, उनके ड्रोन कंट्रोल सेंटर और एयरबेस तक को निशाना बनाया। ये दिखाने के लिए कि अगर आवश्यकता पड़ी, तो भारत सीधे उनके सीने तक पहुंच सकता है। ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य बहुत स्पष्ट था- आतंक का ढांचा तोड़ना, अपनी सैन्य ताकत दिखाना, शत्रु को पुन॰ सोचने के लिए विवश करना और विश्व को यह बताना कि यह परिवर्तित भारत है। और यह परिवर्तित भारत अब नई सुरक्षा नीति पर चल रहा है।

यह बदला हुआ भारत है, भारत के इस बदले हुए मिजाज और कड़े निर्णय लेने के साहस को पाकिस्तान समझने से चूक गया। जिसका परिणाम अखिल विश्व के समक्ष है। भारत ने घर में घुसकर जब चाहा, जहां चाहा, वहां हमला किया। आतंकी खत्म किये, आतंक के ठिकाने ध्वस्त किये और पाकिस्तान के सैन्य हमलों को अपाहिज और पंगु बना डाला। भारतीय सेना और हमारे डिफेंस सिस्टम की श्रेष्ठता और सटीकता ने पाकिस्तान ही नहीं उसके सहयोगियों और हितैषी अमेरिका, चीन और तुर्की के जेट फाइटर, ड्रोन्स, एयर डिफेंस सिस्टम और आयुध की निम्न गुणवत्ता को अनावृत कर डाला।

पाकिस्तान में फलने फूलने वाले आतंकियों को कड़ी सीख देने के लिए अच्छी तरह चिंतन–मंथन के बाद ऑपरेशन सिंदूर संचालित हुआ। इसे स्वैच्छिक युद्ध में परिवर्तित नहीं होने दिया गया, लेकिन आतंक को कठोर उत्तर भी दे दिया गया। भारत ने ये दिखा दिया कि अब युद्ध का अर्थ केवल बम-विस्फोट और सीमा लांघना नहीं होता। अब लड़ाई सोच-समझकर, सीमित परिधि में और स्पष्ट उद्देश्य के साथ लड़ी जाती है। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम ने विश्व समुदाय को स्पष्ट तौर पर बता दिया है कि अब हम किसी और के आश्रित नहीं है। ना अमेरिका की ओर देखा, ना रूस से पूछा और ना ही संयुक्त राष्ट से कोई सहायता मांगी। जो करना था, स्वयं उसकी कार्य योजना बनाई, और स्वयं ही उसे धरती पर उतारा। ये वही भारत है जो कभी हमलों के बाद बयान देता था और अंतरराष्ट्रीय सहायता की प्रतीक्षा करता था। लेकिन इस बार भारत ने ये दिखा दिया कि अब हम अपने निर्णय स्वयं लेते हैं और अपनी लड़ाई स्वयं अपने सामर्थ्य से लड़ते हैं। यह भारत की रणनीतिक आत्मनिर्भरता का स्पष्ट संकेत है, यानी अब हम दूसरों की सहमति या सहायता पर नहीं, अपनी सोच, शक्ति, सामर्थ्य और साधनों पर विश्वास करते हैं। ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य ना राष्ट्र पर आधिपत्य की कामना थी, ना किसी सरकार गिराने या परिवर्तन की। एकमात्र बात विश्व को बतानी थी कि यदि भारत पर आक्रमण हुआ, तो उत्तर अवश्य मिलेगा और ऐसा मिलेगा कि पुन॰ सोचने पर विवश कर देगा। अब भारत की लड़ाई का ढंग परिवर्तित हो गया है। यह केवल अस्त्र–शस्त्र नहीं दिखाता, यह बताता है कि कब, कहां और कैसे उनका प्रयोग करना है।

# सरकारी भ्रष्टाचार बनाम सरकारी सुशासनवाद

**वैसे ही भ्रष्टाचार भी शासन प्रशासन दलालों के गठजोड़ में भी होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि 40 50 पेर्सेंट लिफ़ाफ़े की शुभ सुबसुबाहट इलेक्शन के दिनों में होते रहती है,इसलिए मेरा मानना है कि इन दोनों परिस्थितियों याने सरकारी आतंकवाद व भ्रष्टाचार को सभी देशों ने राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय कानूनों में एक धारा जोड़कर सरकारी आतंकवाद का संज्ञान लिया जाए।चूँकि शासन प्रशासन दलालों का मेल, सरकारी आतंकवाद का खेल।**



किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ का हर देश आज आतंकवाद और भ्रष्टाचार के दंश से पीड़ित है परंतु अनेक देशों में तो आतंकवादी भ्रष्टाचार किसी एकल इकाई तक अब सीमित नहीं रहा वह टॉपअप से बॉटमअप तक या यूं कहें कि शासन वाया प्रशासन वाया दलालों (जासूसों) के माध्यम से भ्रष्टाचार आतंकवाद का प्रचलन अति बढ़ गया है,जो अक्सर हम 40-50 पेर्सेंट लिफाफ़ा के रूप में सुनते आ रहे हैं, यानें 1 रूपया निकलताहै तो 15 पैसा लाभार्थी के हाथ में आताहै,हालांकि आज भले ही कम स्तरपर हो परंतु है जरूर! इस तरह से आतंकवाद एक अकेला व्यक्ति नहीं कर सकता बल्कि उसके पीछे पूरी चैनल जुड़ी होती है। मेरा ऐसा मानना है कि संयुक्त राष्ट्र के सभी 200 से अधिक देशों ने मिलकर एक ऐसी ट्रिटी या व्यवस्था बनानी होगी, जिसमें ऐसे देशों को आतंकवादी देश घोषित करें जो सरकारी आतंकवाद की परिभाषा में आता हो व पारदर्शी व स्वच्छ तथा अच्छे प्रशासन वाले देश की सरकारों को सरकारी सुशासन वाला देश से नवाजा जाए जिनकी चर्चा हम नीचे पैराग्राफ में करेंगे। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि भारत-पाक तनाव में ऑपरेशन सिंदूर के तहत हमने देखा कि किस तरह मारे गए आतंकवादियों को पड़ोसी मुल्क ने अपने राष्ट्रीय ध्वज में लपेटकर सलामी देकर उनको ख़ाक ए सुपुर्द, किया इस वाक्यात को पूरे विश्व ने देखा इसे कुछ लोगों ने सरकारी आतंकवाद की संज्ञादी। वैसे ही भ्रष्टाचार भी शासन प्रशासन दलालों के गठजोड़ में भी होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि 40 50 पेर्सेंट लिफाफ़े की शुभ सुबसुबाहट इलेक्शन के दिनों में होते रहती है,इसलिए मेरा मानना है कि इन दोनों परिस्थितियों याने सरकारी आतंकवाद व भ्रष्टाचार को सभी देशों ने राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय कानूनों में एक धारा जोड़कर सरकारी आतंकवाद का संज्ञान लिया जाए।चूँकि शासन प्रशासन दलालों का मेल, सरकारी आतंकवाद का खेल। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, सरकारी आतंकवाद बनाम सरकारीसुशासनवाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्यों ना हरदेश में शासन प्रशासन और दलालों के गठजोड़ से किया गया भ्रष्टाचार व आतंकवाद में जमानत न होकर ट्रायल के बाद सीधा एक्विट्टल या सजा हो ?

साथियों बात अगर हम सरकारी आतंकवाद को समझने की करें तो, सरकारी आतंकवाद और सरकारी सुशासन वाद में काफी अंतर है। सरकारी आतंकवाद में सरकार द्वारा अपने ही नागरिकों या अन्य देशों के नागरिकों पर हिंसक और गैरकानूनी तरीके से कार्रवाई करना शामिल होता है, जबकि सरकारी सुशासनवाद एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें




सरकार पारदर्शिता, जवाबदेही और नागरिकों की भागीदारी के साथ काम करती है। सरकारी आतंकवाद -परिभाषा सरकार द्वारा अपने ही नागरिकों या अन्य देशों के नागरिकों पर जान बूझकर हिंसा का उपयोग करना, उन्हें डराना या धमकाना, और राजनीतिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए गैरकानूनी तरीके से कार्रवाई करना। उदाहरण :- राजनीतिक विरोधियों का दमन, मानवाधिकारों का उल्लंघन, युद्ध अपराध और गैरकानूनी हत्याएं। लक्ष्य-शक्ति का प्रदर्शन, विरोध को दबाना,औरअपने राजनीतिक एजेंडे को लागू करना।एक प्रकार की हिंसात्मक गतिविधि होती है। अगर कोई व्यक्ति या कोई संगठन अपने आर्थिक राजनीतिक व विचारात्मक लक्ष्यों की प्रतिपूर्ति के लिए देश या देश के नागरिकों की सुरक्षा को निशाना बनाए,तो उसेआतंकवाद कहते हैं। गैर-राज्यकारकों द्वारा किये गए राजनीतिक एवं वैचारिक हिंसा भी आतंकवाद की ही श्रेणी में आती है। अब इसके तहत गैर-कानूनी हिंसा को भी आतंकवाद में शामिल कर लिया गया है। अगर इसी प्रकार की गतिविधि आपराधिक संगठन चलाने या उसे बढ़ावा देने के लिए की जाती है तो सामान्यतः उसे भी आतंकवाद माना जाता है। यद्यपि, इन सभी कार्यो को आतंकवाद का नाम दिया जा सकता है। कुछ मतों के अनुसार आतंकवाद पन्थ से नहीं जुडा है।यह सही है दुनिया के अधिकतर से देश आतंकवाद से ग्रस्त है।

साथियों बात अगर हम सरकारी सुशासनवाद को समझने की करें तो,सुशासन क्या है? शासन का तात्पर्य शासन की सभी प्रक्रियाओं, संस्थाओं, प्रक्रियाओं और प्रथाओं से है, जिनके माध्यम से आम चिंता के मुद्दों पर निर्णय लिया जाता है और उन्हें विनियमित किया जाता है। सुशासन शासन की प्रक्रिया में एक मानक या मूल्यांकनात्मक विशेषता जोड़ता है। मानवा धिकारों के दृष्टिकोण से यह मुख्य रूप से उस प्रक्रिया को संदर्भित करता है जिसके द्वारा सार्वजनिक संस्थाएँ सार्वजनिक मामलों का संचालन करती हैं, सार्वजनिक संसाधनों का प्रबंधन करती हैं और मानवाधिकारों की प्राप्ति की गारंटी देती हैं। यद्यपि सुशासन की कोई अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत परिभाषा नहीं है, फिर भी इसमें निम्नलिखित विषय शामिल हो सकते हैं मानव अधिकारों का पूर्ण सम्मान, कानून का शासन, प्रभावी भागीदारी, बहु-अभिनेता साझेदारी, राजनीतिक बहुलवाद, पारदर्शी और जवाबदेह प्रक्रियाएं और संस्थाएं, एक कुशल और प्रभावी सार्वजनिक क्षेत्र, वैधता, ज्ञान, सूचना और शिक्षा तक पहुंच, लोगों का राजनीतिक सशक्तीकरण, समानता, स्थिरता, तथा दृष्टिकोण और मूल्य जो जिम्मेदारी, एकजुटता और सहिष्णुता को बढ़ावा देते हैं।संक्षेप में, सुशासन का संबंध राजनीतिक और संस्थागत प्रक्रियाओं और परिणामों से है जो विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक हैं। अच्छे शासन की असली परीक्षा यह है कि यह किस हद तक मानवाधिकारों के वादे को पूरा करता है॰ नागरिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक अधिकार। मुख्य प्रश्न यह है॰ क्या शासन की संस्थाएँ स्वास्थ्य, पर्याप्त आवास, पर्याप्त भोजन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, निष्पक्ष न्याय और व्यक्तिगत सुरक्षा के अधिकार की प्रभावी रूप से गारंटी दे रही हैं? सुशासन की प्रमुख विशेषताएं- मानवाधिकार परिषद ने सुशासन की प्रमुख विशेषताओं की पहचान की है (1) पारदर्शिता (2) ज़िम्मेदारी (3) जवाबदेही (4)भाग लेना (5) जवाबदेही (लोगों की जरूरतों के प्रति) सरकारी सुशासन वाद - सरकार द्वारा पारदर्शिता, जवाबदेही, नागरिकों की भागीदारी, और कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए काम करना। उदाहरण -भ्रष्टाचार पर नियंत्रण, कानून के शासन का पालन, सामाजिक न्याय, और नागरिकों को उनकी समस्याओं के लिए समाधान प्रदान करना।

# पूर्वी व दक्षिणी यूपी में भीषण गर्मी का प्रकोप, कई जिलों में पारा 40 पार

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अगले दो से तीन दिन तक प्रचंड गर्मी का प्रकोप रहेगा। मौसम विभाग ने पूर्वी यूपी में 16 व 17 मई को हीटवेव और साथ ही उष्ण रात्रि के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। खास बात यह है कि 16 मई यानी शुक्रवार को उत्तर प्रदेश में हीटवेव की तीव्रता और उसका क्षेत्रफल-विस्तार ज्यादा रहने वाला है।

इससे पहले बुधवार को बांदा में अधिकतम तापमान 45.4 डिग्री तक चला गया। पूर्वानुमान है कि अगले दो दिन में कई जिलों में अधिकतम तापमान 44 डिग्री तक जा सकता है। बृहस्पतिवार को प्रदेश के पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में भीषण गर्मी का प्रकोप रहा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बीते मंगलवार को प्रदेश के बांदा जिला 44.2 डिग्री के साथ पूरे देश में सर्वाधिक गर्म रहा। 17 मई से तराई इलाकों में संभावित हल्की बूंदाबांदी से यहां लू की परिस्थितियां कमजोर पड़ सकती हैं।

यूपी के कई इलाकों में बादलों की आँख मिचौली होगी कुछ जगहों पर गरज चमक के साथ हल्की बारिश भी होगी जिससे पूर्वी और पश्चिमी यूपी में हीट वेव से राहत मिलने के आसार हो रहे है लेकिन प्रदेश के दक्षिणी और मध्य हीटवेव चलेगी।



### 13 जिलों में हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट

बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया एवं आस-पास के इलाकों में उष्ण लहर होने की संभावना है।



### 29 जिलों में लू के लिए येलो अलर्ट

सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, देवरिया, गोरखपुर, एसके नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी एवं आस-पास के इलाकों में उष्ण लहर होने की संभावना है।

## टक्कर के विरोध में पूर्व सैन्यकर्मी के सिर पर किया हमला

**लखनऊ।** शहीद पथ तिराहे के पास स्विफ्ट कार सवार दबंगों ने दवा लेने जा रहे एक पूर्व सैनिक व पूर्व सैनिक संयुक्त संगठन के सदस्य की कार में टक्कर मार दी। विरोध करने पर कार सवार चार-पांच लोगों ने पूर्व सैनिक के सिर पर हमला कर दिया। यही नहीं एक आरोपी ने खुद को इंस्पेक्टर बताकर उन्हें धमकाया। पीड़ित पूर्व सैनिक ने संगठन संग सरोजनीनगर थाने में पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

बिजनौर के रहीमाबाद निवासी रिटायर्ड सैन्यकर्मी रमेश चंद्र मंगलवार दोपहर भतीजे के साथ वैगन आर कार से खुद की दवा लेने वृंदावन कॉलोनी स्थित एक डॉक्टर के पास जा रहे थे। शहीद पथ तिराहे के पास पीछे से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार ने उनकी कार में ठोकर मार दी। रमेश चंद्र ने विरोध करते हुए कार को रोका तो चार-पांच लोगों ने अभद्रता करते हुए उनके सिर पर हमला कर दिया। एक आरोपी ने खुद को इंस्पेक्टर बता धमकाया। फिर कार में साथियों संग बैठकर फरार हो गया।

# बर्ड फ्लू को लेकर यूपी में हाई अलर्ट

## टीम गठित कर सभी चिड़ियाघर और लायन सफारी में होगी नियमित निगरानी

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** गोरखपुर चिड़ियाघर में बर्ड फ्लू से बाघिन की मौत के बाद पशुपालन निदेशालय ने लखनऊ समेत अन्य जिलों में गठित सर्विलांस टीम को सक्रिय कर दिया है। ये टीमें पोल्ट्री फार्म, बाजार आदि की नियमित निगरानी करेंगी। एडवाइजरी के साथ ही निदेशालय में बने कंट्रोल रूम के नंबर भी नंबर जारी किए हैं।

तहसील स्तर पर गठित दो पशु चिकित्सक, एक पशुधन प्रसार अधिकारी व एक चतुर्थश्रेणी कर्मचारी की सर्विलांस टीम गठित हैं। ये टीमें अपने क्षेत्रों में संचालित पोल्ट्री फार्म का नियमित निगरानी करेंगी। साथ ही सैंपल लेकर जांच के लिए भी भेजेंगी। कुक्कट इकाई व पालकों के संपर्क में रहेंगे। टीमें दुकान, बाजार, बाहर से आए पक्षी, प्रवासी पक्षी, वन्य जीव अभ्यारण्य, पक्षी अभ्यारण्य, नेशनल पार्क, जलाशय, अंतराष्ट्रीय व अंतराज्यीय सीमा से लगे क्षेत्रों में सर्विलांस करेंगी। पक्षियों में असामयिक बीमारी या मृत्यु की दशा में तत्काल सूचना विभाग को देंगी। सैंपलिंग व जांच आईवीआरआई इज्जतनगर बरेली से कराई जाएगी। पशुपालन विभाग के अधिकारी वन विभाग के संपर्क में रहेंगे। निदेशक रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र डॉ. योगेंद्र सिंह पंवार ने बताया कि स्थिति सामान्य है। फिर भी एडवाइजरी जारी करते हुए सर्विलांस टीमों को और सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।




### पशुपालन निदेशालय ने कंट्रोल रूम के नंबर जारी किए

पशु निदेशालय के कंट्रोल रूम नंबर-0522- 2741991, 2741992

### लखनऊ में लिए गए 45 सैंपल, जांच को भेजे

जिले में संचालित करीब 100 पोल्ट्री फार्म की चिकित्सकों द्वारा जांच की गई है। 25 अप्रैल को पोल्ट्री फार्मों से 45 सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे थे। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि जिले में स्थिति सामान्य है। एच-5 एवियन इन्फ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) वायरस नहीं है। सभी टीमें सक्रिय हैं। बर्ड फ्लू के चलते राजधानी के नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान को भी 20 मई तक के बंद किया गया है। वन्यजीवों के स्वास्थ्य के साथ चिड़ियाघर में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# क्विज प्रतियोगिता में सीएमएस छात्र विजयी

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, इन्दिरा नगर प्रथम कैम्पस के कक्षा-8 के प्रतिभाशाली छात्र प्रतीक मिश्रा ने अन्तर-विद्यालयी क्विज प्रतियोगिता में विजेता का खिताब अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। पर्यावरण एवं धरा सरंक्षण पर आधारित इस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज, लखनऊ चैप्टर के सहयोग से रीजनल साइन्स सिटी के तत्वावधान में किया गया। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लखनऊ के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के इस प्रतिभाशाली छात्र ने अपने ज्ञान-विज्ञान, तार्किक क्षमता व आत्मविश्वास का प्रदर्शन करते हुए प्रकृति प्रदत्त पृथ्वी को सजाने-संवारने व हरा-भरा रखने हेतु भूमि संरक्षण, जल संरक्षण व पर्यावरण संरक्षण पर पूछे गये प्रश्नों का सटीक जवाब देकर विजेता होने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता के आयोजकों ने प्रतीक के ज्ञान-विज्ञान की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र व अन्य आकर्षक उपहारों से पुरष्कृत कर सम्मानित किया। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका एवं प्रख्यात शिक्षाविद् डा. भारती गाँधी ने विद्यालय के इस होनहार छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## जीआरपी पुलिस ने दबोचा शातिर चोर

**ललितपुर (अवधनामा संवाददाता)।** ट्रेन से चोरी किये गये पन्द्रह हजार रुपये की कीमत वाले मोबाइल फोन के साथ जीआरपी पुलिस ने एक शातिर बदमाश को देर रात रेलवे स्टेशन से ही धर दबोचा। पकड़े गये बदमाश के साथ चोरी किया हुआ फोन बरामद किया गया। जीआरपी थाना में तैनात उ.नि. लालबहादुर सिंह ने अवगत कराया कि एसपी जीआरपी झांसी के आदेश व सीओ रेलवे के निकट पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे चैकिंग अभियान के दौरान जीआरपी ललितपुर पुलिस ने 14 मई की रात करीब साढ़े दस बजे रेलवे स्टेशन से ही शहर के मोहल्ला नदीपुरा निवासी शाजिद खान पुत्र जमील खान को धर दबोचा है। पकड़े गये शाजिद के पास से पुलिस ने चोरी किया हुआ रियलमी कम्पनी का चालू हालत में बरामद किया गया। जीआरपी पुलिस ने बताया कि उक्त चोरी किया गया मोबाइल फोन मु.अ.सं.12/25 में धारा 305(सी), 317(2), 317(4) बीएनएस से सम्बन्धित है।

# चोरी की तीन बाइकों के साथ दबोचे गये तीन शातिर बदमाश

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** औने-पौने दामों पर चोरी की गयी मोटर साइकिल बेचने पहुंचे बदमाशों को पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर धर दबोचा। यह जानकारी देते हुये उप निरीक्षक प्रशान्त राणा ने बताया कि वह अपने हमराही हे.कां. संजीव कुमार के साथ गश्त करते हुये तुवन चौराहा पहुंचे, जहां मौजूद उ.नि. आलोक सिंह व हे.कां.राघवेन्द्र पाल मिले, जिनसे वह बात कर रहे थे। इसी बीच मुखबिर ने सूचना दी की बस स्टैण्ड के पीछे बबूल के जंगल के पास तीन लोग चोरी की बाइकों को औने-पौने दामों पर बेचने की फिराक में हैं। सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्काल हरकत में आकर अतिरिक्त पुलिस बल में अंकित कुमार व राहुल सक्सेना को बुला लिया। इसके बाद मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचे और रेकी की। तदोपरान्त पुलिस ने दो बदमाशों को पकड़ लिया, जबकि एक बदमाश भागनें में कामयाब रहा। पकड़े गये बदमाशों ने अपना नाम मोहल्ला घुसयाना निवासी राजवीर पुत्र धर्मेंद्र बुन्देला व विकास पुत्र गोपाल दास सक्सेना बताया। जबकि भागे हुये व्यक्ति का नाम म.प्र. के जिला सागर अंतर्गत थाना बीना के अम्बेड़कर चौराहा के पीछे निवासी जावेद पुत्र मजीद खान बतया गया। बदमाशों ने बताया कि वह मोटर साइकिलें चोरी की हैं, जिनमें एक बाइक वर्णी कॉलेज से चोरी की थी, वहीं मध्य प्रदेश से चोरी कर लायी गयी बाइक बेचने की फिराक में थे। आगे बताया कि कुछ दिन पहले ग्राम झरकौन निवासी ऋतिक उर्फ छोटेलाल पुत्र रामस्वरूप रैकवार को नहर के पास रावतयाना को एक बाइक बेची थी। वहीं भागे हुये जावेद को भी हिरासत में ले लिया। पकड़े गये बदमाशों के पास से तीन मोटर साइकिलें भी बरामद की गयीं। पुलिस ने पकड़े गये बदमाशों के खिलाफ बीएनएस की धारा 317 (2) व 317 (4) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।



कोतवाली पुलिस को मिली महत्वपूर्ण सफलता

## संक्षिप्त समाचार

### नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की



**ललितपुर (अवधनामा संवाददाता)।** नगर के मोहल्ला गांधीनगर स्थित स्कूल के समीप 12 मई से चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में चौथे दिन श्रीअयोध्याधाम से आये महामंडलेशवर अमरदासजी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की कथा सुनाई। पंडाल में भगवानके जन्म लेते ही चारों ओर हर्ष व्याप्त हो गया। भक्तों ने नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की भजन पर नृत्य करके अपनी भावना प्रकट की। पालना झुलाने की होड़ रही। महाराज ने कहा कि भगवान का धरती पर अवतरण विशेष प्रयोजन से होता है। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह बुंदेला, मंत्री राकेश श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष दिनेश पाठक, मुख्य यजमान पार्षद पुष्पा अरविंद राजा, पुजारी अवध बिहारी उपाध्याय, बृजभूषण कटारे, हरीनारायण चौबे, कमलेश शास्त्री, अक्षय बोहरे, अशोक श्रीवास्तव, प्रदीप विश्वकर्मा, संतोष शर्मा, राजीव गुप्ता, धीरेन्द्र सिंह बुंदेला, मनीष श्रीवास्तव, भरत दुबे सहित अनेक भक्तगण मौजूद रहे।

### प्रतियोगिता के विजेता को किया सम्मानित

**लखनऊ (अवधनामा संवाददाता)।** आज की तेज़-तर्रार दुनिया में, जहाँ संचार बड़े पैमाने पर डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर स्थानांतरित हो गया है, पत्र लिखने की कला अभी भी जीवंत है। पत्र हमारे दिलों में एक विशेष स्थान रखते हैं क्योंकि वे अपने साथ पुरानी यादों, आत्मीयता और व्यक्तिगत स्पर्श की भावना रखते हैं जिसे टेक्स्ट संदेश या ईमेल में नहीं मिल सकता। ऐसे में ढाई आखर अभियान न केवल पत्र लेखन की कला का जश्न है, बल्कि यह देश भर के व्यक्तियों के लिए अपने विचारों, भावनाओं व विचारों को एक अर्थपूर्ण और दिल से व्यक्त करने का अवसर भी प्रदान करता है। उक्त उद्गार उत्तर गुजरात सह सौराष्ट्र एवं कच्छ परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने अमरेली प्रधान डाकघर में व्यक्त किये।



### नीरज सिंह ने खेलो इंडिया में कांस्य पदक जीतने पर दी बधाई

**लखनऊ (अवधनामा संवाददाता)।** बिहार के बोधगया आईआईएम में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स में प्रतिभाग के बाद आज लखनऊ वापसी पर भाजपा वरिष्ठ नेता और कलारीपयटटू एसोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष नीरज सिंह से गोमती नगर आवास पर भेंट की और प्रतियोगिता में कांस्य पदक विजेता लकी सिंह गौतम और प्रतिभागी सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं दी। लखनऊ के लकी सिंह गौतम ने कलारीपयट्टू के हाई किक इवेंट में कांस्य पदक जीता। प्रदेश महासचिव प्रवीण गर्ग ने बताया कि लकी 9.5 फिट हाइट तक बाल को जंप करके किक करने में सफल रहे और कांस्य पदक जीता। जबकि असम के अभिज्ञान कश्यप ने 9.7 फीट हाइट पर गोल्ड और राजस्थान के मोहित सिंह ने 9.6 फीट पर रजत पदक हासिल किया। शिवानी रावत, दिव्यांशी चौरसिया, खुशी चौरसिया, अदिति दत्त तिवारी, निखिल रावत, शिवांश यादव , दक्षेस सिंह, सहारनपुर से सिद्धार्थ दीक्षित, सलोनी राणा और काकुन को भी अच्छे प्रदर्शन के लिए बधाई दी और आगामी प्रतियोगिताओं में मेडल प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।



# बिरारी-टीकमगढ़ रेल सेक्शन में स्टोन पेल्टिंग रोकथाम पर जागरूकता अभियान

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** रेलवे सुरक्षा बल (रे.सु.ब.) पोस्ट द्वारा बिरारी-उदयपुरा स्टेशन के मध्य स्थित ग्राम कचनोंदाकलां के उच्च प्राथमिक विद्यालय में स्टोन पेल्टिंग (ट्रेन पर पत्थर फेंकने) की घटनाओं की रोकथाम हेतु एक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों और ग्रामीणों को रेलवे सुरक्षा के प्रति सचेत करना था। रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी निरीक्षक अर्जुन कुमार यादव, सहायक उप निरीक्षक अतुल कुमार शर्मा, प्रधान आरक्षक हरिकिशन सिंह यादव और प्रधान आरक्षक सत्यनारायण यादव ने विद्यालय में उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए समझाया कि रेलवे लाइन पर न जाएं, उसके आस-पास जानवर न ले जाएं, किसी भी ट्रेन में पत्थर न मारें, रेलवे लाइन पर पत्थर न रखें और घर से स्कूल आने-जाने हेतु रेलवे लाइन के बगल से न जाएं। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि कोई बच्चा या व्यक्ति इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र जैन ने आश्वासन दिया कि वे इस बात का विशेष ध्यान रखेंगे कि बच्चे रेलवे लाइन के पास न जाएं। उन्होंने रे.सु.ब. के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के जागरूकता अभियान बच्चों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक होंगे। यह अभियान रेलवे सुरक्षा बल द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में आयोजित किया गया था।



कचनौंदाकलां विद्यालय में हुआ आयोजन

## सामूहिक विवाह समारोह 25 मई को

**लखनऊ (अवधनामा संवाददाता)।** मानव एकता एसोसिएशन व योगी सेना भारत के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 25 मई को गरीब निर्धन कन्याओं का सामुहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा है। सरोजनी नगर स्थित प्रेम शिवकला लान, ग्राम अमौसी, हैंडल तिराहा, निकट अमौसी रेलवे-स्टेशन में होने वाले इस सही

समारोह की जानकारी आज यहां ओसीआर विधायक निवास में मानव एकता एसोसिएशन के अध्यक्ष एल.पी. सिंह एवं योगी सेना भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव वर्मा ने संयुक्त रूप से दी। इस मौके पर योगी सेना (भारत) राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव सौम्या माया भट्ट, राष्ट्रीय सचिव मोहित मिश्रा सहित आयोजक मण्डल के कई सदस्य मौजूद थे। इस मौके पर मानव एकता एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एल.पी. सिंह बताया कि हमारा विगत सात वर्षो से निरन्तर गरीब निर्धन कन्याओं का सामुहिक विवाह आयोजन कराता आ रहा है।

# कराटे चैम्पियनशिप में सीएमएस छात्र ने जीता गोल्ड

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस के प्रतिभाशाली छात्र अखण्ड प्रताप दीक्षित ने स्टेट कराटे चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। अखण्ड ने 35 किलो से कम भारवर्ग के अन्तर्गत कूमीटे प्रतियोगिता में यह गोल्ड मेडल अर्जित किया है। चैम्पियनशिप का आयोजन कराटे एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में चौक स्टेडियम, लखनऊ में किया गया। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस चैम्पियनशिप में विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के चुने हुए छात्र खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर कराटे में अपनी प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के इस प्रतिभाशाली छात्र ने अपनी खेल प्रतिभा, चुस्ती-फूर्ती, कौशल तथा दमखम के बलबूते गोल्ड मेडल अर्जित कर राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के संकेत दिये है। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका एवं प्रख्यात शिक्षाविद् डा. भारती गाँधी ने विद्यालय के इस होनहार छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. छात्र न सिर्फ शैक्षिक क्षेत्र में अपितु खेलों व समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं।



# ललितपुर की विदुआ कॉलोनी में टूटी पाइपलाइन से बह रहा पानी

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** नगर की बिंदुआ कॉलोनी में नगर पालिका परिषद और जल संस्थान की लापरवाही का बड़ा उदाहरण सामने आया है। कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर टूटी हुई पाइपलाइन से लगातार पानी बह रहा है, जिससे सड़क की स्थिति बदतर हो गई है। कीचड़ और पानी से न केवल राहगीर परेशान हैं, बल्कि स्थानीय निवासी भी गंभीर असुविधा का सामना कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद नगर पालिका और जल संस्थान द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। क्षेत्र में गर्मी चरम पर है, और ऐसे समय में पानी का इस तरह व्यर्थ बहना जल संकट को और गंभीर बना सकता है। उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1916 और जल आपूर्ति तथा जल निकासी नियमों के तहत यह कर्तव्य है कि सार्वजनिक पाइपलाइनें समय-समय पर निरीक्षित और मरम्मत की जाएं। लेकिन अधिकारियों की उदासीनता से नियमों की अनदेखी हो रही है। स्थानीय निवासी आशा कर रहे हैं कि प्रशासन जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करेगा और संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। तस्वीरों में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि पाइपलाइन के फटने से सड़क पर लगातार पानी बह रहा है, जिससे कीचड़ और दुर्गंध की स्थिति उत्पन्न हो गई है। निवासियों की मांग है कि शीघ्र सुधार कार्य शुरू कर इस व्यर्थ जल बहाव को रोका जाए और क्षेत्र को जलसंकट तथा स्वास्थ्य संकट से बचाया जाए।

जल संस्थान और नगर पालिका की लापरवाही उजागर



# कर्नल सोफिया पर अमर्यादित टिप्पणी से कांग्रेसी आक्रोशित

## म.प्र. की भाजपा सरकार के मंत्री को तत्काल बर्खास्त करने की मांग

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** बाइस अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हथियारों से लैस आतंकवादियों ने वहां घूमने पहुंचे दो दर्जन से अधिक पर्यटकों की गोलियों से भून कर नृशंस हत्या कर दी थी। इस बर्बर नृशंस नरसंहार के बाद भारत सरकार ने प्रभावी कदम उठाते हुये सिन्धु जल सन्धी को तत्काल रूप से निलम्बित किया था और दिल्ली में सर्वदलीय बैठक बुलायी थी। सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस के राष्टीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राष्ट्रीय महासचिव राहुल गांधी समेत तमाम संगठनों ने बिना शर्त पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने को लेकर केन्द्र सरकार के साथ खड़े होने की घोषणा की थी। 6 व 7 मई की रात एक से दो बजे के मध्य भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ पहलगाम में हुयी बर्बद नरसंहार का बदला लेने के लिए एयर स्ट्राईक की थी। इस कार्यवाही को ऑपरेशन सिन्दूर नाम दिया गया। ऑपरेशन सिन्दूर का नेतृत्व भारतीय सेना की जांबाज कर्नल सोफिया कुरैशी व स्कॉव्डन लीडर व्योमिका सिंह ने संयुक्त रूप से की थी। पाकिस्तान के तमाम इलाकों में भारी बमबारी करते हुये भारत की बेटियों ने कई आतंकी अड्डे नष्ट कर दिये, जिससे पाकिस्तान में भूचाल की स्थिति बनी। इसके बाद करीब दो रात और तीन दिन तक गोलाबारी की स्थिति बनी रही। पाकिस्तान में घुसकर दुश्मन के दांत खट्टे करने में बड़ी कामयाबी हांसिल करने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ हाल ही में मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार में मंत्री विजय शाह द्वारा अमर्यादित और अशोभनीय टिप्पणी कर दी। इस टिप्पणी के बाद कांग्रेस में भारी आक्रोश देखा गया। मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह के अमर्यादित बयान पर कांग्रेसियों ने आक्रोशित होकर जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक के नेतृत्व में भारत सरकार की महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव को सौंपा। कांग्रेसियों ने ज्ञापन में बताया कि भारत की बहादुर बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ की गयी टिप्पणी से उनकी भावनाएं आहत हुयीं हैं। भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह ने बेटी का अपमान कर देश, नारी और सेना का अपमान किया है। उन्होंने ऐसे मंत्री के खिलाफ राष्ट्रद्रोह का मुकद्दमा दर्ज कराकर उन्हें तत्काल प्रभाव से मंत्री मंडल से बर्खाशत किये जाने की मांग उठायी। ज्ञापन देते समय जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक, पूर्व सांसद प्रतिनिधि जसपाल सिंह बंटी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं में अजय प्रताप सिंह तोमर, पंकज हुण्डैत, पूर्व नगराध्यक्ष हरीबाबू शर्मा, असलम पठान, खलक सिंह राजपूत, संतोष कुमार राय, मोहन सिंह चंदेल, रामेश्वर सिंह यादव के अलावा अनेकों कांग्रेसी मौजूद रहे।



जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक के नेतृत्व में महामहिम राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

# ओवर रेट पर बेची जा रही थी बीयर

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** देशी शराब व बीयर की दुकान पर धड़ल्ले से चल रही ओवर रेटिंग के खिलाफ कार्यवाही करते हुये आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 ने दुकान के सेल्समेन समेत दो के खिलाफ कार्यवाही की है।

आबकारी निरीक्षक मो.राशीद ने बताया कि आलाधिकारियों व कंट्रोल रूम प्रयागराज से प्राप्त शिकायत पर सी.एल. 5 सी.सी. मदिर की दुकान पूराकलां से बीयर की ओवर रेटिंग किये जाने की शिकायत प्राप्त हुयी थी, जिसके बाद उन्होंने दुकान का आकस्मिक निरीक्षण किया। दुकान पर विक्रेता संग्राम सिंह पुत्र सुरेश कुमार व जगभान सिंह पुत्र गजराज सिंह मिले, जिन्होंने दो बीयर की केन गोपनीय खरीददारी के दौरान 20 रुपये ओवर रेट बेची थी, को पकड़ लिया। विक्रेता ने बताया कि उन्हें कम वेतन मिलता है, जिस कारण वह ओवर रेट करते हुये बिक्री करते हैं। आबकारी निरीक्षक ने दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 64 के तहत एफआईआर दर्ज करायी है।

पूराकलां में आबकारी निरीक्षक ने की कार्रवाई

### क्षेत्र-प्रथम पर किसी का ध्यान नहीं

अंग्रेजी शराब और बीयर की आबकारी क्षेत्र प्रथम में भी धड़ल्ले से ओवर रेटिंग किये जाने, सेल्समेन द्वारा ग्राहकों से अभद्रता करने की शिकायतें लगातार प्रकाश में आती रहती हैं। इसके अलावा निर्धारित समय के बावजूद भी बंद शटर से ओवररेट शराब बेचे जाने की वीडियो भी सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुयी हैं। बावजूद इसके आबकारी क्षेत्र प्रथम में न तो कोई अधिकारी और न ही सम्बन्धित विभाग इस ओर ध्यान दे रहा है।

# कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी से सपाईयों में आक्रोश

■ जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष गौरव किशनपुरिया के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा ऑपरेशन सिन्दूर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली भारत की बहादुर बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादी की बहन कहने के खिलाफ समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव कर राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन देना था लेकिन जिलाधिकारी कार्यालय मौजूद होते हुए भी अपने अधीनस्थ को ज्ञापन लेने भेजा समाजवादियों ने अधीनस्थ अधिकारी को ज्ञापन न देकर जिलाधिकारी को ज्ञापन देने की जिद पर अड़े रहे और भारत की बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी जिन्दाबाद, देश की बेटियों का अपमान नही सहेगा हिन्दुस्तान, भारत जिन्दाबाद, भाजपा मुर्दाबाद के नारे लगाए समाजवादियों के हंगामे व आक्रोश को देखते हुए जिलाधिकारी पीछे के गेट से बिना ज्ञापन लिए निकल गये। समाजवादियों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर ज्ञापन चस्पा कर दिया। अधिवक्ता सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष गौरव किशनपुरिया ने कहा कि जो बेटियां राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित है उन देश की बेटियों के लिए भाजपा का मंत्री ऐसी सोच रखता है जो धर्म के आधार पर हमारे वीर बेटी को आतंकवादी की बहन कहने की हिमाकत करता है साथ ही जिलाधिकारी द्वारा बिना ज्ञापन लिए पीछे के गेट निकल जाने पर जिलाधिकारी की निंदा की बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी व पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष देवकीनंदन कश्यप ने संयुक्त रूप से कहा कि तत्काल प्रभाव से मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराकर जेल भेजा जाए और बेटियों के खिलाफ घृणित मानसिकता की सोच रखने वाले मंत्री को तत्काल बर्खास्त कर विधानसभा की सदस्यता रद्द की जाए।

# डीपीआरओ ने जनपद को प्लास्टिक मुक्त बनाने को दिलाई शपथ

अवधनामा संवाददाता

**गोवर्धन (मथुरा)।** जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जायसवाल ने गोवर्धन तहसील के गांव अडिंग में लोगों को प्लास्टिक मुक्त ब्रजभूमि बनाने का संकल्प दिलाया। आपको बता दें कि जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जायसवाल द्वारा गांव अड़ींग में ग्रामीणों के साथ एक बैठक की जिसमें ग्रामीणों को शपथ दिलाई की प्लास्टिक कूड़े व अन्य कुड़े को आप सफाई कर्मचारियों द्वारा कूड़ा एकत्रित करने वाली गाड़ियों में ही डालें अन्यथा सड़क व अन्य जगह उस कूड़े को न डालें जिससे गंदगी उत्पन्न हो धनंजय जायसवाल ने कहा कि गांव से ही विकास की राह निकलती है इसलिए इस अभियान को भी सर्वप्रथम गांव से ही प्रारंभ किया जा रहा है डीपीआरओ धनंजय जायसवाल ने कहा कि गांव में साफ सफाई होगी तभी स्वच्छ भारत का निर्माण होना संभव है इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव रामवीर सिंह ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन को गति देने के लिए ग्रामीण लोगों का सहयोग अति आवश्यक है और शासन के निर्देश अनुसार सफाई कर्मचारियों द्वारा कूड़ा एकत्रित करने वाले वाहनों को समय-समय पर कूड़ा एकत्रित करने के लिए गांव में भेजा जाएगा जिससे ग्रामीण लोग जागरुक होकर कूड़े को सफाई वहान में ही डालें प्लास्टिक के प्रति जागरूक करने के लिए दीनदयाल इंटर कॉलेज के प्रबंधक दिनेश चंद्र यादव के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं द्वारा गांव में रैली निकाली गई इस कार्यक्रम में ग्राम प्रधान स्नेह लता रावत, कुंज बिहारी गर्ग, दिनेश चंद्र त्रिपाठी, ज्योति शर्मा ,आशा संगिनी, आंगनबाड़ी, भारतीय जनता पार्टी के ज्ञानेंद्र सिंह राणा, कपिल सेठ आदि मौजूद रहे।

# साहू इंटरनेशनल स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

■ मेधावी छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा सत्र 2024.25 के कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने के उपलक्ष्य में साहू इंटरनेशनल स्कूल कबरई में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के मेधावी छात्र.छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। कक्षा 10वीं में सुनेना साहू ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, अनन्या साहू 92.8 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा प्रज्ञा पटेल 92.4 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। इसके अलावा आराध्या, हिमांशु, आयुष, सुमित और नेहा जैसे छात्र टॉप.10 में शामिल रहे। 12वीं में लक्ष्य ने 89.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। आरती और वहमिनी ने समान अंक 88 फीसदी अर्जित कर द्वितीय स्थान साझा किया, जबकि शान अली 87.6 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। इसके अलावा दिव्यांशु, मानसी, अनुभव, अंशुमान, अंशिका तथा कैलाश भी टॉप.10 की सूची में शामिल हुए। समारोह में छात्रों के साथ उनके अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने बच्चों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक संजय कुमार साहू, प्रशासनिक अधिकारी बीके साहू एवं प्रधानाचार्य शिशिर कायन ने सभी छात्रों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। विद्यालय प्रबंधन ने आशा जताई कि छात्र.छात्राएं भविष्य में भी इसी प्रकार परिश्रम और लगन से कार्य करते हुए नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

# आतिर हुसैन ने जताई संभल से चुनाव लड़ने की मंशा

अवधनामा संवाददाता



**संभल।** आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ नेता आतिर हुसैन ने संभल विधानसभा सीट से 2027 के चुनाव में उतरने की इच्छा व्यक्त की है। आतिर हुसैन प्रदेश स्तर पर पार्टी के प्रमुख चेहरों में से एक हैं और प्रवक्ता तथा राज्य मीडिया कोऑर्डिनेटर जैसे अहम पदों पर कार्य कर चुके हैं। उन्होंने राष्ट्रीय और प्रदेश मीडिया में पार्टी का सशक्त प्रतिनिधित्व किया है। आतिर हुसैन ने कहा, संजय सिंह ने हमेशा मुझ पर भरोसा जताया है। उन्होंने मुझे प्रवक्ता और मीडिया कोऑर्डिनेटर जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करने का मौका दिया, जिससे मुझे पार्टी का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय और प्रदेश मीडिया में करने का अवसर मिला। आतिर हुसैन ने कहा, संभल की जनता लंबे समय से बदलाव की राह देख रही है। अब समय आ गया है कि हम स्वयं आगे आएं और चुनाव लड़कर विधानसभा में संभल का प्रतिनिधित्व करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि 2017 में उन्होंने चुनाव लड़ने की तैयारी की थी और जनता से उन्हें अपार स्नेह मिला था। उन्होंने कहा मुझे तब निर्दलीय ही चुनाव लड़ लेना चाहिए था, यह एक व्यक्तिगत सीख रही। अगर ऊपर वाले ने चाहा तो 2027 में मैं यह गलती नहीं दोहराऊंगा और इस बार नामांकन जरूर करूंगा।

# समस्याओं को लेकर महापौर ने की मुख्यमंत्री से भेंट

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** मथुरा वृंदावन महानगर की ज्वलंत जन समस्याओं के निदान को लेकर नगर निगम के महापौर विनोद कुमार अग्रवाल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ स्थित उनके आवास पर बुधवार सांय भेंट की।

मुख्यमंत्री को महापौर अग्रवाल ने अवगत कराया कि नगर निगम मथुरा-वृंदावन मथुरा क्षेत्र में ज्यादातर क्षेत्र में भूजल अत्यधिक खारा है एवं पीने योग्य नहीं है जिसके कारण यहाँ के निवासी पेट संबंधी समस्याओं से ग्रस्त रहते हैं। मथुरा के ग्रामीण क्षेत्र में गंगाजल की आपूर्ति के लिए गंगाजल परियोजना प्रारंभ हो चुकी है। मथुरा-वृन्दावन नगर निगम क्षेत्र के लिए भी इसकी अत्यधिक आवश्यकता है। शासन द्वारा 225 MLD गंगाजल का आवंटन जनपद मथुरा के ग्रामीण क्षेत्रों हेतु किया गया है। जनपद मथुरा के ग्रामीण क्षेत्र की वर्तमान पेयजल मांग लगभग 150 स्ब्ड है। नगर निगम मथुरा-वृंदावन क्षेत्र की पेयजल समस्या अत्यंत गंभीर है। वर्तमान समय में मथुरा की प्रक्षेपित जनसंख्या लगभग 9 लाख है एवं श्री बांके बिहारी मंदिर, श्रीकृष्ण जन्मस्थान और श्री द्वारिकाधीश मंदिर में दर्शन हेतु बाहर से अत्यधिक संख्या में श्रद्धालु आते हैं। यहाँ की वर्तमान पेयजल मांग लगभग 125 MLD है जिसके सापेक्ष मात्र 25 MLD गंगाजल की आपूर्ति आगरा जल सम्पूर्ति (गंगाजल) परियोजना के अंतर्गत मथुरा नगर को प्राप्त हो रही है, जो कि अपर्याप्त है। आवंटित गंगाजल में से वर्तमान पेयजल मांग के उपरान्त लगभग 75 MLD गंगाजल अवशेष रहेगा। महापौर ने गंगाजल की सप्लाई के अलावा मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि नगर निगम मथुरा-वृन्दावन क्षेत्र में BSA रोड, नया बस स्टैंड अंडरपास, भूतेश्वर अंडरपास एवं क्षेत्र की लो-लैंड एरिया में स्थित अनेक कॉलोनियों में जलभराव की गंभीर समस्या रहती है। शहर 2 हिस्सों में बंट जाता है और शहर में आवागमन अवरुद्ध हो जाता है। क्षेत्र की इस गंभीर समस्या के समाधान हेतु नगर निगम मथुरा-वृन्दावन द्वारा लगभग 90 करोड़ की कार्ययोजना शासन को मंजूरी के लिए प्रेषित की जा चुकी है। इस कार्ययोजना को जल्द से जल्द स्वीकृति मिल जाए तो महानगर की बहुत बड़ी समस्या का निदान हो जायेगा। मुलाकात के दौरान महपौर प्रतिनधि अंकुर अग्रवाल मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### कुलपति ने किया पुरुष छात्रावास का निरीक्षण



**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफ़ेसर अजय कुमार तनेजा ने आज विश्वविद्यालय के पुरुष छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावास परिसर की साफ़-सफ़ाई, समग्र व्यवस्थाओं एवं भोजन की गुणवत्ता का गहनता से जायज़ा लिया। इस दौरान कुलपति ने छात्रों से सीधे संवाद स्थापित किया और उनके साथ भोजन ग्रहण कर खाने की गुणवत्ता की स्वंय जांच की। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता को लेकर मेस इंचार्ज को आवश्यक हिदायतें दीं और निर्देश दिया कि भोजन ताजगी, पौष्टिकता और स्वाद में किसी भी प्रकार की कमी न हो। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि मेस की रसोई में साफ़-सफ़ाई और स्वच्छता के उच्चतम मानकों का पालन किया जाए। कुलपति की सादगी, संवेदनशीलता और छात्र हितों के प्रति प्रतिबद्धता ने छात्रों और कर्मचारियों के बीच गहरी छाप छोड़ी। उनके इस व्यवहार की छात्रों ने विशेष रूप से प्रशंसा की और इसे एक प्रेरणादायक उदाहरण बताया। कुलगुरु प्रो. तनेजा के नेतृत्व में विश्वविद्यालय प्रशासन पारदर्शिता, अनुशासन और छात्र कल्याण की दिशा में लगातार सक्रिय है।

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर 17 को निकलेगी भारत शौर्य तिरंगा यात्रा

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** नगर के रामलीला मैदान से शाम 5 बजे भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकलेगी जिसमें सैनिक परिवारों पूर्व सैनिकों एनसीसी कैडेट्स सहित सभी बड़ी संख्या में राष्ट्र प्रेमियों से शामिल हो यात्रा का गौरव बढ़ाने का जिलाध्यक्ष भाजपा ने आग्रह किया। जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने सभी राष्ट्रप्रेमियों से आग्रह किया कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकलने वाली 'भारत शौर्य तिरंगा' यात्रा का गौरव बढ़ाने के लिए बड़ी-बड़ी संख्या में शाम 5 बजे रामलीला मैदान उन्नाव में सम्मिलित हो। इसी संबंध में जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने जिला पदाधिकारियों और युवा मोर्चा के साथ भाजपा कार्यालय उन्नाव में बैठक कर योजना रचना बनवाई। युवा मोर्चा अध्यक्ष बालाराव गुप्ता, पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा ललित द्विवेदी आजाद, जिला महामंत्री उदय प्रताप सिंह एवं अंकित यादव, उपाध्यक्ष कुश सिंह, मण्डल अध्यक्ष विमल सिंह आदि उपस्थित रहे।

### सकुशल बेटी के आने पर परिजनों मे खुशी

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** उन्नाव कोतवाली क्षेत्र के आदर्श नगर की 10 कक्षा मे पढ़ने वाली छात्रा सुबह स्कूल जाते समय गायब हो गयी थी जिसकी एफआईआर परिजनों द्वारा कोतवाली उन्नाव मे करायी गयी थी। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देश में शहर कोतवाल अवनीश सिंह व अस्पताल चौकी इंचार्ज अंजनी कुमार सिंह के द्वारा छात्रा को सुरक्षित लाने मे सफलता मिलने पर नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक हिन्दू वादी नेता विमल द्विवेदी ने लड़की के परिजनों के साथ शहर कोतवाल अवनीश सिंह व अस्पताल चौकी इंचार्ज अंजनी सिंह सहित पुलिस टीम को सम्मानित कर आभार जताया। उन्होंने कहा कि उन्नाव पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के नेतृत्व मे आम जनमानस को न्याय व अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजनें का कार्य किया जा रहा है उम्मीद है ऐसे ही उन्नाव पुलिस पूरी निष्ठां व ईमानदारी के साथ लोगो को न्याय देने का कार्य करेंगी। इस अवसर पर हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, शिवम शुक्ला, सुनील तिवारी सहित परिजनो ने उन्नाव पुलिस का आभार व्यक्त किया।

# पानी हमारे लिए है बहुत महत्वपूर्ण : जिलाधिकारी

■ जिला स्तरीय जल संचयन गोष्ठी में पानी की एक-एक बूंद बचाने पर दिया जोर

अवधनामा संवाददाता





**महोबा।** वीर भूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में, जिलाधिकारी गजल भरद्वाज की उपस्थिति में जिला स्तरीय जल संचयन गोष्ठी का आयोजन किया गया। जल संचयन गोष्ठी में जिलाधिकारी ने कहा कि पानी बचाने के लिए हम सभी की जिम्मेदारी है पानी की एक.एक बूंद को बचाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का संपूर्ण लाभ लें। युवा बच्चों को अपने लक्ष्य की ओर हमेशा केंद्रित रहना चाहिए। पानी का कभी दुरुपयोग नहीं करना चाहिए। कहा कि जल है तो कल है जिंदगी में पानी हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

जिलाधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा पूरे प्रदेश में हर घर जल योजना चलाई जा रही है, जिसके तहत लोगों के घर तक पानी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि जल की एक.एक बूंद को बचाये जल ही जीवन है, जीवन में वृक्ष लगाना बहुत ही जरूरी है। उन्होंने सभी प्रधानो से अपील करते हुए कहा कि कुआं तालाबों को पुनः स्थापित करना चाहिए। जिलाधिकारी नें सभी प्रधानों से शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की अपील की। ग्राम पंचायत में कुपोषित बच्चों की जिम्मेदारी लें ऐसे बच्चों को कुपोषण मुक्त कराये। किसान बंधु खेत तालाब योजना से जुड़कर अपनी आय को बढ़ा सकते हैं तथा नई तकनीकी अपना कर खेती के क्षेत्र में अपने ग्राम पंचायत का नाम रोशन करें। चकरोडो को कब्जा मुक्त कराया जाएगा, जिससे खेतों की सुरक्षा भी होगी और हमारे चक रोड भी सुरक्षित होंगे। ग्राम प्रधान अपनी ग्राम पंचायत में अच्छा कार्य करें।ग्राम पंचायत में बच्चों के लिए लाइब्रेरी बनवाई जाए, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में बच्चे आगे बढ़ सके।

मुख्य विकास अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह ने बताया की मनरेगा योजना के अंतर्गत 461 खेत तालाब बनाए गए और अपने गांव में हर आदमी को पानी के महत्व के बारे में बताएं तथा कभी भी पानी का दुरुपयोग न करे। उन्होंने कहा कि खेत का पानी खेत में खेत की मिट्टी खेत में। उन्होंने सभी प्रधानों से कहा आप लोग अपने.अपने खेत में वृक्षारोपण जरूर करें। जीवन में वृक्ष हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी पंकज यादव सहित समस्त सम्बंधित अधिकारीगण एवं ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

# अंबेडकर जयंती कार्यक्रम में विद्यालय को मिला सम्मान

■ उत्कृष्ट प्रदर्शन करनें पर डीआईओएस ने प्रबन्धक को भेंट किया प्रशस्ति पत्र



अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल से 28 अप्रैल तक आयोजित किये गये हमारा सविधान हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम में जिले के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान आकाश एजुकेशन सेंटर को उत्कृष्ट योगदान के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक डा. पूरन सिंह ने संस्थान के प्रबंधक को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। यह जानकारी गुरूवार को नगर के मोहल्ला रामगंज स्थित आकाश एजूकेशन सेन्टर के प्रबन्धक डा. आरके कटियार ने दी। बताया कि उनके विद्यालय द्वारा डॉ. अंबेडकर के विचारों और शिक्षा के प्रति उनके योगदान सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और वक्तव्यों, निबन्धों, प्रदर्शनी के माध्यम से अंबेडकर जी के जीवन और विचारों पर प्रकाश डाला गया। उन्होनें इस सम्मान के लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रेरणा स्वरूप है और भविष्य में वे शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर कार्य करते रहेंगे। बताया कि जनपद मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक डा. पूरन सिंह, नोडल प्रधानाचार्य राजकीय इण्टा कॉलेज उर्मदा ने यह आग्रह किया कि वे डॉ. अंबेडकर के शिक्षा संबंधी आदर्शों को आत्मसात करें और समाज के हर वर्ग तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचाने का प्रयास करें।

# उन्नाव जनपद हिन्दी पत्रकारिता का जनक: पदुम नारायण द्विवेदी

अवधनामा संवाददाता



■ नारद जयन्ती पर आयोजित विचार गोष्ठी में राज्य सूचना आयुक्त ने लिया भाग

**उन्नाव।** नारद सभी काल खण्डो में देखे जाते हैं। वे लोकहित के लिए जाने जाते हैं। उनका लगातार भ्रमण जल थल आकाश तक होते होने के उल्लेख प्राचीन ग्रंथो में हैं। व्यक्ति को स्वयं का और प्रकृति, राष्ट्र के बारे में ज्ञान बोध आवश्यक है जिस भूमिका के निर्वाह में नारद थे वही भूमिका आज के पत्रकारिता के क्षेत्र में होनी चाहिए। उन्नाव जनपद हिंदी पत्रकारिता का जनक रहा है। उक्त विचार राज्य सूचना आयुक्त उत्तर प्रदेश पदुम नारायण द्विवेदी ने स्थानीय गदनखेड़ा बाईपास स्थित होटल मासकोट इन में नारद जन्मोत्सव के अवसर पर पत्रकारिता आज के संदर्भ विचार गोष्ठी में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि उन्नाव जनपद से हिंदी पत्रकारिता की अलख पश्चिम बंगाल में जगी थी। उदंत मार्तंड समाचार पत्र यही के निवासी पं0 जुगल किशोर शुक्ल ने पहली बार हिंदी में नारद के जन्मोत्सव के अवसर पर निकाला था। जनपद से अनेक पत्रकारों ने राष्ट्रीय क्षितिज पर कार्य किया है। पत्रकारों के सामने बड़ी चुनौतियां हैं। खबरें तत्काल पुरानी हो जाती है समय की प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा नारद प्रेरणादायक व्यक्तित्व हैं। नारद पुराणों में है वैदिक काल में भी हैं। वह सब जगह उपस्थित हैं। मुख्य अतिथि पंकज गुप्ता विधायक ने कहा कि पत्रकार समाज की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। पत्रकारों की बड़ी जिम्मेदारी होती है नारद जन्मोत्सव जैसे प्रेरणादायक कार्यक्रमों से समाज को बल मिलता है विशिष्ट अतिथि सियाराम पांडे शांत ने कहा कि उन्नाव साहित्य की तीर्थस्थली है पत्रकारिता के जनक भी उन्नाव के लिए यहां के पत्रकारों से अंग्रेज भी डरते थे संचार के क्षेत्र में बड़ी क्रांति आई है पत्रकारिता से साहित्य को गति मिलती है आज भाषा गड़बड़ा रही है पत्रकारिता के लिए जनता का विषय है इसके लिए कार्य करना होगा कार्यक्रम संयोजक एवं कुमार दीक्षित ने कहा कि ऋग्वेद ने उनके रखे दोस्तों हैं यहां वह कार्ड रिच कारों के साथ मिलकर सोम की स्थिति करते हैं यह सोमवार तेजस्वी हैं हमें भी बनाएं जैसे मित्र एक दूसरे को प्यार करते हैं वैसे ही आप मुझे भी प्यार करें यहां डेमू से विनती है विनती नहीं है मित्रता की प्यास है स्तुति है ऋग्वेद में ही नारद गाते हैं इंद्र उत्तम कार्य करने वालों को असरशाली बनाएं नारद वैदिक ऋषि हैं रिग वैदिक काल हजारों वर्ष प्राचीन है महाभारत के सभापरों में नारद युधिष्ठिर की वार्ता का उल्लेख है।

# कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर कुरेश कांफ्रेंस ने की निन्दा

अवधनामा संवाददाता

**संभल।** कुरेश कॉन्फ्रेंस रजिस्टर्ड के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर इफ्तेखार अहमद कुरैशी ने विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई अपमानजनक टिप्पणी की कड़ी निंदा की है. कुरैशी ने मध्य प्रदेश सरकार से शाह को मंत्री पद से हटाने और कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। मंत्री विजय शाह के विवादित बयान पर की प्रतिक्रिया देते हुए कहा यह भारतीय सेना का अपमान है। विशेष कर कुरेशी समुदाय का एवं प्रत्येक भारतीय नागरिक का अपमान है। सरकार को इस पर त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए। कुरेश कॉन्फ्रेंस ने मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ दिए गए अपमानजनक और आपत्तिजनक बयान की कड़ी निंदा की है.। उनकी टिप्पणी को भारतीय सेना, राष्ट्रीय एकता और सशस्त्र बलों में सेवा देने वाली महिलाओं के सम्मान का घोर अपमान बताया गया है। श्री कुरैशी ने इस टिप्पणी को जानबूझकर और सुनियोजित रूप से सेना के साहस और विश्वसनीयता को कमतर दिखाने का प्रयास बताया उन्होंने कहा ऐसे समय में जब पूरा देश बाहरी खतरों के खिलाफ एकजुट है। और ऑपरेशन सिंदूर' जैसे अभियानों के माध्यम से हमारे सैनिकों के साहस को सलाम कर रहा है, यह शर्मनाक बयान न केवल अस्वीकार्य है। बल्कि अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण भी है। इस घटना के संदर्भ मैं कुरेश कॉन्फ्रेंस रजिस्टर्ड उच्च अधिकारियों से बात करेगी। कुरेश कॉन्फ्रेंस रजिस्टर्ड उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश सरकार से मांग करती है कि विजय शाह को तुरंत मंत्री पद से हटाया जाए, उनके खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक और कानूनी कार्रवाई शुरू की जाए, कर्नल सोफिया कुरैशी और भारतीय सेना से सार्वजनिक रूप से माफी मांगी जाए डॉक्टर इफ्तेखार अहमद कुरैशी ने स्पष्ट किया कि देश की सेवा में समर्पित महिला अधिकारी के चरित्र पर हमला केवल उनके लिए नहीं, बल्कि सेवा, बलिदान और राष्ट्र गौरव की भावना के लिए अपमानजनक है. यह बयान उस मानसिकता को दर्शाता है जो लोकतांत्रिक मूल्यों और सैन्य मनोबल दोनों के लिए खतरनाक है।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए स्व. महेंद्र सिंह टिकैत

■ चौ. टिकैत ने की किसानों के हितों एवं अधिकारों की रक्षा- शमीम सिद्दीकी

■ जिलाध्यक्ष ने जिला कार्यकारिणी भंग की, पुन: किया जाएगा गठन



अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** आजीवन किसान के हितों, उनके अधिकारों की रक्षा में समर्पित रहने वाले किसानों के मसीहा चौ. महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि हवन पूजन कर मनाई गई। इस दौरान भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने कहा कि संघर्ष के योद्धा चौ. महेंद्र सिंह टिकैत ने किसानों के हक की आवाज उठाने की बेमिसाल ताकत दी।

गुरूवार को क्षेत्र के च्यवन ऋषि आश्रम में आयोजित पुण्यतिथि कार्यक्रम में विधि विधान से हवन पूजन किया गया इसके उपरांत किसानों की आयोजित बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने कहा कि स्वर्गीय महेंद्र सिंह टिकैत ने अपना सारा जीवन किसानों के हकों के लिए समर्पित कर दिया। स्वर्गीय महेंद्र सिंह टिकैत आज हमारे बीच भले ही ना हो लेकिन वह हम सभी के आदर्श हैं प्रेरणा स्त्रोत हैं। उनके बताए मार्ग पर चलते हुए हम सभी आजीवन किसानों के हितों की रक्षा करते रहेंगे। जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह ठाकुर, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष कुसुम चौहान ने कहा कि बाबा टिकैत ने कभी अपने उसूलों से समझौता नहीं किया पुण्यतिथि पर भाकियू संस्थापक की स्मृतियां याद आती हैं। सबसे अंत में जिला अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ने जिला कार्यकारिणी भंग किए जाने की घोषणा की है। साथ ही उन्होंने बताया कि आगामी बैठक में नव कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य रूप से महंत अयोध्या वासी महाराज, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हरी बाबू अग्निहोत्री, सुरेश यादव, प्रमोद तिवारी, डॉ साजिद हुसैन, मारूफ खान, शबनूर खान, जिला सचिव ठाकुर धर्मेंद्र सिंह बबलू, रिजवान अहमद, मुईन अहमद, अनिल माथुर, उपेंद्र, आलोक राजपूत, इरशाद अली, रवि राजपूत, मानसिंह, नोमान सिद्दीकी, मो आमिर खान, अमित कुमार, मो.रेहान, मोहित सिंह, रणजीत सिंह, दानिश, कृपाशंकर, इंद्रजीत, अनवर खान, शकील खान, फक्करे आलम, अकील खान, सत्यम प्रजापति, प्रशांत गौतम, रामबाबू तिवारी, सियाराम, ऋषिकांत शुक्ला, राकेश बाथम, सत्यनारायण कन्नौजिया, जफर खान, अरसलान सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

# रचा इतिहासः ऑटो चालक के बेटे ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स के ट्रिपल जंप में बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**वाराणसी।** वाराणसी के विकास इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले प्रयागराज जनपद के शेख जिशान ने इतिहास रच दिया है। वे ट्रिपल जंप इवेंट में के माहिर खिलाड़ी साबित हुए। इस जीत से उनकी काफी सराहना हो रही है। संघर्षों की भट्टी में तपकर कुंदन बनने की कहानी को चरितार्थ करते हुए शेख जिशान ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स के ट्रिपल जंप में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। एक ऑटो चालक के बेटे की यह शानदार उपलब्धि न केवल उसके परिवार के लिए बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश और वाराणसी के खेल समुदाय के लिए गर्व का पल है।

बिहार के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्थित एथलेटिक्स ग्राउंड में 12 से 14 मई तक आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए, शेख जिशान ने बुधवार को ट्रिपल जंप इवेंट में अपना दमखम दिखाया। उन्होंने 15.66 मीटर की छलांग लगाकर न सिर्फ स्वर्ण पदक जीता, बल्कि एक नया राष्ट्रीय

**भरण-पोषण**

> जिशान के पिता अमीनुद्दीन मुंबई में ऑटो चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उनकी मां एक गृहिणी हैं।

रिकॉर्ड भी कायम किया। शेख जिशान वर्तमान में वाराणसी के विकास इंटर कॉलेज, परमानंदपुर में अध्ययनरत हैं। उनका पैतृक गांव प्रयागराज जनपद के सिसई सिपाह, पोस्ट नसरतपुर में है। जिशान के पिता अमीनुद्दीन मुंबई में ऑटो चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उनकी मां एक गृहिणी हैं। जिशान के दो भाई और तीन बहनें हैं। आर्थिक चुनौतियां होने के बावजूद, जिशान ने हार नहीं मानी और अपने सपनों को पूरा करने की दिशा में



कदम बढ़ाया। खेल के प्रति जिशान का लगाव अपने गांव में लोगों को खेलते देखकर ही पनपा था। इस जुनून ने उन्हें एथलेटिक्स में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया। जुलाई 2022 से, वह खेल विभाग उत्तर प्रदेश की ओर से संचालित एथलेटिक्स छात्रावास, डॉ. भीमराव आंबेडकर स्टेडियम, बड़ा लालपुर, वाराणसी में रहकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। यहां उन्हें एथलेटिक्स प्रशिक्षक डॉ. मंजूर आलम अंसारी का मार्गदर्शन मिल रहा है, जिन्होंने जिशान की प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बिहार में चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में उत्तर प्रदेश की बास्केटबॉल पुरुष टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। इसमें काशी के तीन खिलाड़ियों का अहम योगदान रहा है। यूपी टीम में यूपी कॉलेज स्थित भारतीय खेल प्राधिकारण (साई) सेंटर में प्रशिक्षण ले रहे तीन खिलाड़ियों भी शामिल हैं। क्षेत्रीय उप निदेशक सुधांशु द्विवेदी ने बताया कि इनमें चंदौली के राज सिंह, संतअतुलानंद विद्यालय के सुमित सिंह और वाराणसी के प्रणव सिंह शामिल हैं।

**हॉकी में अभिजीत को रजत पदक**

खेलो इंडिया नेशनल यूथ गेम्स में उत्तर प्रदेश की हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस पदक विजेता टीम में जिले के होनहार खिलाड़ी अभिजीत पाल भी शामिल रहें, जिन्होंने फॉर्वर्ड खिलाड़ी के तौर पर टीम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

विकास इंटर कॉलेज, परमानंदपुर के छात्र अभिजीत पाल वाराणसी के डॉ. भीमराव अंबेडकर क्रीड़ा संकुल, बड़ा लालपुर में हॉकी का प्रशिक्षण लेते हैं।

# शीर्ष भारतीय साइकिलिस्ट ईसो अल्बान को दो बाइक सवारों ने टक्कर मारी, ट्रेनिंग के दौरान की घटना

**नई दिल्ली।** टक्कर से ईसो के कूल्हे और हाथों पर चोटें आईं तथा उनकी साइकिल का पिछला पहिया टूट गया। भारतीय साइकिलिंग महासंघ के महासचिव मनिंदर पाल सिंह ने कहा कि यह एक मामूली' दुर्घटना थी और ईसो अब ठीक है।

शीर्ष भारतीय साइकिल राइडर ईसो अल्बान को बुधवार को इंदिरा गांधी खेल परिसर के पास सड़क पर ट्रेनिंग के दौरान दो बाइक सवारों ने पीछे से टक्कर मार दी लेकिन सौभाग्य से उन्हें 'मामूली' चोटें ही लगी। अंडमान एवं निकोबार द्वीप के 24 वर्षीय ईसो साइ साइकिलिंग अकादमी में रहते हैं और ट्रेनिंग लेते हैं जिसमें एक शीर्ष श्रेणी का वेलोड्रोम है। इंदिरा गांधी खेल परिसर में स्थिति इस सुविधा को वैश्विक संचालन संस्था यूसीआई से मान्यता मिली है।

ईसो ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा, ट्रेनिंग के दौरान दो बाइक सवारों ने मुझे पीछे से टक्कर मार दी। वे 100 किमी प्रति घंटा से अधिक की गति से गाड़ी चला रहे थे। मैं





अपनी लेन में था। ध्यान केंद्रित कर रहा था। अनुशासित था। फिर भी उन्होंने मुझे दोषी ठहराया और कोई खेद नहीं दिखाया। उन्होंने कहा, आभारी हूं कि मैं सुरक्षित हूं, केवल कुछ खरोंचें आई हैं।

टक्कर से ईसो के कूल्हे और हाथों पर चोटें आईं तथा उनकी साइकिल का पिछला पहिया टूट गया। भारतीय साइकिलिंग महासंघ के महासचिव मनिंदर पाल सिंह ने कहा कि यह एक मामूली' दुर्घटना थी और ईसो अब ठीक है। मनिंदर ने कहा, उसे (ईसो) प्राथमिक उपचार दिया गया है और वह अब ठीक है। यह एक मामूली दुर्घटना थी और वह अपने कमरे में है। वह कल फिर से ट्रेनिंग कर सकेगा उन्होंने कहा, वह सड़क पर (इंदिरा गांधी खेल परिसर के पास) नियमित ट्रेनिंग पर था। वह एक बस के पीछे था और फिर एक बाइक ने उसे टक्कर मार दी।

## महाराष्ट्र केआईवाईजी टीम चैंपियनशिप जीतने की दौड़ में सबसे आगे, हरियाणा-राजस्थान पर बनाई बढ़त

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र अपने ट्रैक एवं फील्ड एथलीटों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत टीम चैंपियनशिप जीतने की दौड़ में सबसे आगे है। राज्य के एथलीटों ने बुधवार को दो और स्वर्ण पदक जीतकर यहां खेलो इंडिया युवा खेलों (केआईवाईजी) में इस स्पर्धा में अपने स्वर्ण पदकों की संख्या 10 तक पहुंचा दी। केआईवाईजी के मौजूदा सत्र में अब सिर्फ एक दिन बचा है और महाराष्ट्र ने पदक तालिका में दूसरे और तीसरे स्थान पर चल रहे क्रमशः हरियाणा और राजस्थान पर बड़ी बढ़त बना ली है।

महाराष्ट्र 56 स्वर्ण के साथ हरियाणा और राजस्थान से काफी आगे है जिनके पास क्रमशः 35 और 22 स्वर्ण पदक हैं। बुधवार को महाराष्ट्र की भूमिका नेहाता ने 200 मीटर स्पर्धा 24.51 सेकेंड में जीती। हरियाणा की प्रिशा मिश्रा (24.62 सेकेंड) और आरती (24.94 सेकेंड) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। ऊंची कूद की खिलाड़ी आंचल पाटिल ने भी 1.68 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीता।

मेजबान बिहार भले ही मौजूदा टूर्नामेंट में शीर्ष-10 में शामिल नहीं हो लेकिन उसके खिलाड़ियों ने छाप छोड़ना जारी रखा। बिहार ने अप्रत्याशित जीत के साथ अपने स्वर्ण पदक की संख्या सात तक पहुंचा दी। मेजबान टीम ने पूर्वोत्तर में प्रचलित मार्शल आर्ट के पारंपरिक रूप थांग-ता में दो स्वर्ण पदक जीते। बिहार की खुशी यादव ने 2000 मीटर स्टीपलचेज का स्वर्ण आसानी से जीता जबकि अल्का सिंह ने गोला फेंक में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारोत्तोलन में केरल की अमृता सुनी ने स्नैच में 79 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 102 किग्रा भार उठाकर युवा लड़कियों की 81 किग्रा से अधिक श्रेणी का स्वर्ण पदक जीता जबकि हरियाणा के सनी भाटी ने कुल 268 किग्रा उठाकर युवा लड़कों के 102 किग्रा से अधिक वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किया। बुधवार को संपन्न मुक्केबाजी प्रतियोगिता में अप्रत्याशित नतीजे में मिजोरम के सैमुअल जेडेंग ने 70 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। लड़कों के फुटबॉल फाइनल में झारखंड ने नियमित समय में मुकाबले के 2-2 से बराबर रहने के बाद शूटआउट में ओडिशा को 5-4 से हराया।

# रोहित-कोहली का संन्यास बड़ा झटका

## 2018 से सिर्फ दो भारतीयों ने इंग्लैंड में 40+ की औसत से रन बनाए

**नई दिल्ली।** साल 2018 से लेकर अभी तक इंग्लैंड में टेस्ट में कोहली ने भारतीय बल्लेबाजों में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। वहीं, रोहित शर्मा इस लिस्ट में छठे स्थान पर हैं। हालांकि, दोनों अगले महीने शुरू हो रहे इंग्लैंड दौरे पर खेलते नहीं दिखेंगे। दोनों ने टेस्ट से संन्यास ले लिया है।

भारत को अगले महीने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा करना है। 20 जून से हो रही इस सीरीज के साथ भारतीय टीम के नए टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत हो जाएगी। इस सीरीज से पहले टीम इंडिया को पिछले 10 दिनों के अंदर दो बड़े झटके लगे। टेस्ट में नियमित कप्तान रोहित शर्मा ने सात मई और दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने 12 मई को टेस्ट से संन्यास ले लिया। यह इंग्लैंड दौरे से पहले टीम इंडिया के लिए बड़ा झटका रहा। कोहली का इस दौरे के लिए चुना जाना तय माना जा रहा था, लेकिन उससे पहले ही उन्होंने बीसीसीआई और भारतीय फैंस को चौंका दिया। रोहित और कोहली दोनों ने इंग्लैंड में खूब रन बनाए हैं



और ऐसे में उनका संन्यास लेना भारत के लिए घातक साबित हो सकता है। साल 2018 से इंग्लैंड दौरे पर टेस्ट में केवल दो भारतीयों ने 40 से ज्यादा की औसत से रन बनाए हैं। ये दोनों बल्लेबाज रोहित और कोहली ही हैं।

**कोहली और रोहित सबसे सफल**

साल 2018 से लेकर अभी तक इंग्लैंड में टेस्ट में कोहली ने भारतीय बल्लेबाजों में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने इस दौरान 23 पारियों में 41.82 की औसत से 962 रन बनाए हैं। इसमें दो शतक और पांच अर्धशतक शामिल हैं। वहीं, हिटमैन ने इस दौरान इंग्लैंड में 12 पारियां खेलीं और 44.54 की औसत से 490 रन बनाए। इसमें एक शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं। वह इंग्लिश सरजमीं पर साल 2018 से टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीयों में छठे स्थान पर हैं। हिटमैन से ज्यादा और विराट से कम रन वाले पांच बल्लेबाजों में चेतेश्वर पुजारा, केएल राहुल, अजिंक्य रहाणे और ऋषभ पंत शामिल हैं।

**लिस्ट में ये हैं अन्य बल्लेबाज**

पुजारा ने साल 2018 से लेकर अब तक इंग्लैंड में 22 पारियों में 32.40 की औसत से 648 रन बनाए। इसमें एक शतक और चार अर्धशतक शामिल है। वहीं, राहुल ने इस दौरान 18 पारियों में 34.11 की औसत से 614 रन बनाए। इनमें दो शतक और एक अर्धशतक है। रहाणे ने 21 पारियों में 26.90 की औसत से 565 रन बनाए। इसमें चार अर्धशतक शामिल है। वहीं, पंत ने 17 पारियों में 32.70 की औसत से 556 रन बनाए। इनमें दो शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं। हिटमैन के बाद सातवें स्थान पर रवींद्र जडेजा हैं। जडेजा ने इस दौरान 15 पारियों में 33.21 की औसत से 465 रन बनाए। इसमें एक शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं।

## सुपरबेट क्लासिक में प्रज्ञानंद संयुक्त रूप से शीर्ष पर, गुकेश को अब भी पहली जीत की तलाश





**नई दिल्ली।** सात बाजी में सिर्फ ढाई अंक के साथ गुकेश स्पष्ट रूप से प्रतियोगिता में छाप छोड़ने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने बुधवार को ग्रैंड शतरंज टूर के सुपरबेट क्लासिक के सातवें दौर में फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के साथ ड्रॉ खेलकर अपनी संयुक्त बढ़त बरकरार रखी। संभावित सात में से चार अंक लेकर प्रज्ञानंद अमेरिका के फैबियानो करुआना, फ्रांस के मैक्सिम वचियेर-लाग्रेव और फिरोजा के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

विश्व चैंपियन डी गुकेश का प्रतियोगिता में जीत का इंतजार जारी रहा। उन्होंने अमेरिका के वेस्ली सो के साथ ड्रॉ खेला। टूर्नामेंट में दो और दौर का खेला बाकी है और ऐसा लगता है कि शीर्ष पर चल रहे चार खिलाड़ियों में से कोई एक ट्रॉफी और एक लाख अमेरिकी डॉलर की शीर्ष पुरस्कार राशि जीत सकता है।

सात बाजी में सिर्फ ढाई अंक के साथ गुकेश स्पष्ट रूप से प्रतियोगिता में छाप छोड़ने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

# सामंथा से नाम जोड़े जाने के बीच राज की पत्नी का क्रिप्टिक पोस्ट वायरल

**मुंबई।** साउथ की जानी-मानी एक्ट्रेस सामंथा ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें साझा की हैं। इन्हीं



तस्वीरों में से एक तस्वीर में वह डायरेक्टर राज निदिमोरु के कंधे पर सिर रखे नजर आ रही हैं। इसके बाद से ही सोशल मीडिया पर यह तस्वीर ट्रेंड करने लगी। सामंथा के फैंस का मानना था कि एक्ट्रेस ने अपने रिश्ते को डायरेक्टर राज के साथ स्वीकार कर लिया। इसी बीच राज निदिमोरु की पत्नी की सोशल मीडिया पोस्ट भी वायरल हुई। सामंथा और राज की तस्वीरें जब वायरल होने लगीं तो निर्देशक की पत्नी शामली डे ने भी इंस्टाग्राम पर एक क्रिप्टिक पोस्ट की। इसमें लिखा था, 'मैं उन सभी को प्यार भेजती हूं जो मेरे बारे में सोचते हैं, मुझे देखते हैं, मुझे सुनते हैं, मुझसे बात करते हैं, मेरे बारे में पढ़ते हैं, मेरे बारे में लिखते हैं और आज भी मुझसे मिलते हैं।' इस पोस्ट में राज निदिमोरु की पत्नी ने किसी का नाम नहीं लिया है लेकिन सोशल मीडिया यूजर्स का मानना है कि इस पोस्ट का इशारा सामंथा और राज की तरफ ही है। बताते चलें कि अभी तक राज निदिमोरु और उनकी पत्नी के तलाक की स्थिति स्पष्ट नहीं है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इनका तलाक हो गया है, वहीं कुछ रिपोर्ट्स में कहा जाता है कि अभी ये ऑफिशियल अलग नहीं हुए हैं। लेकिन सामंथा और राज की नजदीकियां जरूर लोगों से नहीं छिपी हैं। बुधवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट एक्ट्रेस सामंथा ने की। यह पोस्ट एक्ट्रेस ने अपने प्रोडक्शन हाउस की फिल्म 'शुभम' को लेकर की लेकिन एक्ट्रेस के फैंस का ध्यान राज निदिमोरु वाली तस्वीर पर ही गया।

एक तस्वीर में वह राज के कंधे पर सिर रखे दिखीं। इन तस्वीरों को देखकर फैंस ने भी रिएक्शन दिए। इन तस्वीरों के वायरल होते ही यह अटकलें तेज हो गईं कि सामंथा और राज ने अपने रिश्ते को दुनिया के सामने स्वीकार कर लिया है। सामंथा और राज कई मौकों पर साथ नजर आ चुके हैं, जिस वजह से इनके रिलेशनशिप में होने की अटकलें लगाई जाती रही हैं लेकिन दोनों ने अपने रिश्ते पर चुप्पी अब तक साधे रखी है।

## टीनू आनंद पर एफआईआर दर्ज

**मुंबई।** दबंग, गजनी, साहो जैसी कई बॉलीवुड फिल्मों में महत्वपूर्ण किरदार निभा चुके बॉलीवुड एक्टर टीनू आनंद एक बड़ी मश्किल में फंस गए हैं। उन पर आवारा कुत्तों को हॉकी स्टीक से मारने की धमकी का मामला दर्ज किया गया था, जिस पर अब उन्होंने सफाई दी है। टीनू आनंद ने हाल ही में आवारा कुत्तों को मारने की धमकी का आरोप व्हाट्सएप पर दिया था। इस संदेश को PAL फाउंडेशन ने ऑनलाइन शेयर किया, जिससे पशु प्रेमियों और नेटिजेंस में गुस्सा फैल गया। पुलिस में शिकायत दर्ज की गई और उनके खिलाफ मामला शुरू हुआ। एसीपी और पशु अधिकार कार्यकर्ता सुधीर कुडलकर ने टीनू के खिलाफ शिकायत दर्ज की। उन्होंने कहा कि आवारा कुत्ते भारतीय कानून के तहत संरक्षित हैं और सुप्रीम कोर्ट ने उनके अधिकारों को बरकरार रखा है। कुडलकर ने टीनू से लिखित माफी मांगी और कहा कि कोई भी, चाहे वह सेलिब्रिटी हो, कानून से ऊपर नहीं है।

# गुनीत मोंगा की 'वुमन इन फिल्म इंडिया' का कान में डेब्यू, महिला निर्माताओं के लिए एक खास पहल

**नई दिल्ली।** अकादमी पुरस्कार विजेता गुनीत मोंगा द्वारा एक पहल किया गया गया 'वुमन इन फिल्म इंडिया', जिसका डेब्यू कान फिल्म फेस्टिवल में हुआ। इसके जरिए महिलाओं को फिल्म निर्माण के क्षेत्र में प्रोत्साहन करने पर प्रकाश डाला जाएगा।

भारतीय फिल्ममेकर गुनीत मोंगा कपूर ने वुमन इन फिल्म इंडिया की शुरुआत कर दी है जिसमें निर्माताओं के लिए फेलोशिप भी शामिल है। इसका मुख्य उद्देश्य है महिलाओं के प्रति समानता और उनके नेतृत्व को बढ़ावा देना। वुमन इन फिल्म इंडिया को वुमन इन फिल्म लॉस एंजिलस का समर्थन प्राप्त है। इस पहल की आधिकारिक शुरुआत कान फिल्म फेस्टिवल से हुई, जिसमें भारत की तीन महिला निर्माता मुख्य केंद्र बनी रहीं।

गुनीत मोंगा कपूर के नेतृत्व में वुमन इन फिल्म इंडिया का पहली बार कान फिल्म फेस्टिवल में वैश्विक स्तर पर शुभारंभ हो रहा है। इसमें तिलोत्तमा शोम सहित




निर्माताओं के लिए फेलोशिप डिजाइन किया गया। इसके जरिए कान प्रोड्यूसर्स एडिशन की शुरुआत की जा रही है, जो मिड-करियर वाली महिला निर्माताओं को आगे बढ़ाने के लिए एक प्रयास है और सिनेमा में वैश्विक सहयोग के लिए एक प्रभावशाली मंच है। डब्ल्यूआईएफ इंडिया मनोरंजन उद्योग में लैंगिक समानता को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रहे छह महाद्वीपों में 50 से अधिक अध्यायों के वैश्विक गठबंधन में शामिल हो गया है।

**गुनीत मोंगा ने क्या कहा?**

वुमन इन फिल्म इंडिया की संस्थापक गुनीत मोंगा ने कहा, 'वुमन मेन इन फिल्म इंडिया% के साथ हम समानता के विचार के पीछे वास्तविक संरचना कर रहे हैं, जिसे मार्गदर्शन, पहुंच और नेतृत्व के रास्ते प्राप्त किया जा सकता है।' इसके साथ ही उन्होंने कहा, 'यह लॉन्च न केवल आज के लिए, बल्कि भारतीय मनोरंजन उद्योग के भविष्य के लिए महिलाओं में निवेश करने की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता की शुरुआत है।

**इन महिलाओं का नाम फेलोशिप में शामिल**

इसके साथ ही वुमन इन फिल्म इंडिया ने इस साल के फेलोशिप प्राप्तकर्ता की सूची जारी की है। इसमें पहला नाम है पुरस्कार विजेता तिलोत्तमा शोम, जो हाल ही में बंगाली फीचर फिल्म 'बक्शो बोंडी' (शैडोबॉक्स) के साथ निर्माता बनी हैं। वहीं दूसरा नाम है रुचा पाठक, जिन्होंने पान सिंह तोमर और बर्फी, जैसी फिल्मों में काम किया है।

इसी कड़ी में तीसरा नाम डिम्पी अग्रवाल का है, जो बक्शो बोंडी की सह-निर्माता भी हैं और उन्होंने चश्मा, उम्मीद, मोनिका ओ माय डार्लिंग जैसी फिल्मों में भी काम किया है। इसके अलावा मराठी फिल्म उद्योग की महिला निर्माता शेफाली भूषण को भी एक मान्यता अनुदान प्रदान किया गया है, जिनकी फिल्म 'स्थल' को कान फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित किया जा रहा है।

# दादा साहब फाल्के की बायोपिक करने जा रहे आमिर खान राजकुमार हिरानी के साथ तीसरी बार करेंगे काम

**नई दिल्ली।** आमिर खान और राजकुमार हिरानी की जोड़ी एक बार फिर एकसाथ नजर आने वाली है। इस बार ये जोड़ी हिंदी फिल्मों के जनक की कहानी को लेकर आएगी। जानिए कब शुरू होगी इस फिल्म की शूटिंग।

दादा साहब फाल्के को भारतीय सिनेमा का पितामह कहा जाता है। उन्होंने ही भारतीय फिल्मों की नींव रखी। तभी उनके नाम पर सिनेमा का सबसे बड़ा पुरस्कार 'दादा साहब फाल्के पुरस्कार' रखा गया। दादा साहब के जीवन और फिल्मों को लेकर उनकी कहानी काफी रोचक है। अब ये कहानी बड़े पर्दे पर भी नजर आएगी। जी हां, सही सुना आपने, दादा साहब फाल्के के ऊपर फिल्म बनने जा रही है। जानिए कौन बनाने जा रहा है ये फिल्म।

**आमिर खान और राजू हिरानी**

**नींव**

> दादा साहब फाल्के को भारतीय सिनेमा का पितामह कहा जाता है। उन्होंने ही भारतीय फिल्मों की नींव रखी।

**की जोड़ी बनाएगी फिल्म**

भारतीय सिनेमा और फिल्मों के जनक कहे जाने वाले दादा साहब फाल्के की कहानी अब हर किसी को पता चलेगी। क्योंकि दादा साहब फाल्के के जीवन पर अब फिल्म बनाने की तैयारी है। जिन्होंने भारतीय फिल्मों को लाया, अब उन पर फिल्म लाने का काम करने जा रहे हैं बॉलीवुड के मिस्टर





परफेक्शनिस्ट कहे जाने वाले आमिर खान। 'थ्री इडियट्स' और 'पीके' जैसी शानदार ब्लॉकबस्टर फिल्में देने वाली जोड़ी आमिर खान और राजकुमार हिरानी अब दादा साहब फाल्के के जीवन को पर्दे पर उतारने की तैयारी कर रहे हैं। इस जोड़ी के इस फिल्म पर काम करने से लोगों को फिल्म से काफी उम्मीदें बंधने लगी हैं।

**अक्टूबर में शुरू होगी फिल्म की शूटिंग**

आजादी की जंग के दौर में बसी ये कहानी एक ऐसे कलाकार की है, जिसने शून्य से शुरूआत कर हर मुश्किल का सामना करते हुए दुनिया की सबसे बड़ी स्वदेशी फिल्म इंडस्ट्री की नींव रखी। जानकारी के मुताबिक, इसी साल अक्टूबर से इस फिल्म की शूटिंग शुरू होगी। आमिर खान अपनी आगामी फिल्म 'सितारे जमीन पर' की रिलीज के तुरंत बाद अपने किरदार की तैयारी में जुट जाएंगे। जबकि फिल्म के दौर और समय को दिखाने का काम वीएफएक्स के जरिए पहले से ही शुरू किया जा चुका है। राजकुमार हिरानी, अभिजात जोशी, हिंदुकुश भारद्वाज और अविष्कार भारद्वाज फिल्म की स्क्रिप्ट पर पिछले चार साल से काम कर रहे हैं।

दादा साहब फाल्के के पोते चंद्रशेखर श्रीकृष्ण पुसालकर ने इस प्रोजेक्ट का पूरा समर्थन किया है और दादा साहब फाल्के के जीवन से जुड़ी कई खास बातें और घटनाएं साझा की हैं।

## अभिनेता से कहीं बढ़कर थे-ओम पुरी, नसीरुद्दीन शाह ने देखी अर्द्ध सत्य, लिखी दिलचस्प बात

**मुंबई।** नसीरुद्दीन शाह ने आज अपने दोस्त और अभिनेता ओम पुरी को याद करते हुए एक भावुक पोस्ट शेयर किया है, जिसे पढ़ कर कोई भी इमोशनल हो जाएगा।

बॉलीवुड अभिनेता नसीरुद्दीन शाह और ओम पुरी ने आघात, आक्रोश, मंडी, चाइना गेट, भूमिका, मकबूल, डर्टी पॉलिटिक्स और अर्द्ध सत्य जैसी कई फिल्मों में एक साथ शानदार काम किया है। दोनों को एक सफल जोड़ी के रूप में भी माना जाता है। ओम पुरी ने आज नसीरुद्दीन को याद करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है, जो बेहद ही इमोशनल है।

**नसीरुद्दीन शाह का खास पोस्ट**

नसीरुद्दीन शाह ने आज इंस्टाग्राम पर अपनी और ओम पुरी की फिल्म %अर्द्ध सत्य% को लेकर एक खास पोस्ट शेयर किया है। नसीरुद्दीन ने एक्टर ओम पुरी की एक खास



तस्वीर शेयर की और कैप्शन में लिखा, कल रात अर्द्ध सत्य को बड़े पर्दे पर बहुत दिनों बाद फिर से देखा गया। सदाशिव और ओम दोनों ही अपने सर्वश्रेष्ठ रूप में हैं। निकोलस रे ने बोगार्ट के बारे में जो कुछ कहा था, वह ओम पर भी लागू होता है, उनका चेहरा एक जीवंत निंदा था। वह एक अभिनेता से कहीं बढ़कर थे। वह हमारी स्थिति की सच्ची छवि थे। 19 अगस्त 1983 को रिलीज हुई फिल्म अर्द्ध सत्य अर्ध का निर्देशन गोविंद निहलानी ने किया है। फिल्म की पटकथा विजय तेंदुलकर ने लिखा और फिल्म के संवाद वसंत देव ने लिखे हैं। फिल्म में ओम पुरी और नसीरुद्दीन शाह के अलावा स्मिता पाटिल, अमरीश पुरी, शफी इनामदार और सदाशिव अमरापुरकर ने अहम भूमिका निभाई है।

# विजय शाह को सुप्रीम फटकार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह से पूछा कि आप किस तरह के बयान दे रहे हैं। शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी को निशाना बनाने वाली टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। कोर्ट उनकी याचिका पर 16 मई को सुनवाई करेगा।

कर्नल सोफिया कुरैशी को निशाना बनाकर की गई अपनी कथित विवादास्पद टिप्पणी मामले में मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह को करारा झटका लगा है। कोर्ट से गुरुवार को उन्हें कोई राहत नहीं मिली। दरअसल, आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए एफआईआर दर्ज करने के हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ विजय शाह ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। याचिका में विजय शाह ने एफआईआर पर रोक लगाने की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने कल यानी 16 मई को कुंवर विजय शाह की याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने 14 मई को शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। शाह ने भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के बारे में मीडिया को जानकारी देने वाली भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ टिप्पणी की थी। सुप्रीम कोर्ट ने कुंवर विजय शाह को फटकार लगाते हुए कहा कि जब देश ऐसी स्थिति से गुजर रहा है, तो संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को जिम्मेदार होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उन्हें पता होना चाहिए कि वह क्या कह रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के समक्ष मामले को तत्काल सुनवाई के लिए पेश किया गया। सीजेआई ने शाह के वकील से कहा, आप किस तरह के बयान दे रहे हैं। आप सरकार के एक जिम्मेदार मंत्री हैं। इस पर वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता एफआईआर पर रोक लगाने की मांग कर रहा है। पीठ ने कहा कि याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई होगी। विजय शाह उस समय सुर्खियों में आ गए, जब एक वीडियो वायरल हुआ। इसमें उन्हें ऑपरेशन सिंदूर पर मीडिया ब्रीफिंग के दौरान विंग कमांडर व्योमिका सिंह के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए दिखाया गया। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने विजय शाह को कर्नल कुरैशी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने और गटर की भाषा का इस्तेमाल करने के लिए फटकार लगाई थी। क

# हाईवे पर गाड़ियों की चार्जिंग की नो टेंशन, 15 मिनट में बैटरी फुल चार्ज; सरकार लगाने जा रही ऐसे प्वाइंट

**लक्ष्य**

**दरअसल, सरकार ने 2030 तक कम से कम एक लाख चार्जिंग स्टेशन बनाने का लक्ष्य रखा है।**



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सड़कों के अलावा रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट और बंदरगाह पर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन बनाने की स्कीम तैयार की है। इसमें बैटरी स्वैपिंग सुविधाएं भी शामिल होंगी।

भारत में तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों का दबदबा बढ़ता जा रहा है। कई कंपनियों ने अपने नए इलेक्ट्रिक मॉडल्स को लॉन्च किया है। इसी देखते हुए केंद्र सरकार राजमार्गों, एक्सप्रेसवे और बस स्टेशनों पर उच्च क्षमता वाले चार्जर लगाने जा रही है। इन 360 किलोवाट क्षमता वाले चार्जरों से हैवी ड्यूटी इलेक्ट्रिक वाहनों और प्रीमियम कारों जैसे जैगुआर और मर्सिडीज की बैटरी महज 15 मिनट में चार्ज हो जाएगी। आमतौर पर 60 किलोवाट का डीसी चार्जर एक इलेक्ट्रिक वाहन को चार्ज करने में 1 घंटा लगता है। से जुड़े सूत्रों का कहना है, आने वाले दिनों में चार्जिंग स्टेशनों पर वाहन महज 15 मिनट में चार्ज हो सकेंगे। इसके लिए सरकार चार्जर की क्षमता बढ़ाने पर भी प्रयास कर रही है। इससे चार्जिंग अवधि न केलव कम होगी बल्कि लंबी दूरी के सफर के दौरान चार्जिंग सुविधा भी मिल सकेगी। इससे लोगों को सफर के दौरान परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी। दरअसल, सरकार ने 2030 तक कम से कम एक लाख चार्जिंग स्टेशन बनाने का लक्ष्य रखा है। इस समय शहरी इलाकों में 60 किलोवाट के चार्जर लगाए जा रहे हैं। एक्सप्रेस वे और हाइवे पर 240 किलोवाट क्षमता के चार्जर स्थापित होंगे। सभी जरूरी मंजूरी मिलने शेष स्टेशनों पर 360 किलोवाट के चार्जर लगेंगे। जिससे वाहन कम समय में चार्ज हो सकेंगे। दरअसल, केंद्र सरकार ने सड़कों के अलावा रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट और बंदरगाह पर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन बनाने की स्कीम तैयार की है। इसमें बैटरी स्वैपिंग सुविधाएं भी शामिल होंगी। केंद्र सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण, बंदरगाह, जहाजरानी और जल मार्ग मंत्रालय समेत विभिन्न राज्य सरकारों के साथ बातचीत शुरू कर दिया है। इन सभी के साथ तालमेल के साथ ही ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाए जाएंगे। बशर्ते इन सभी को बिजली मंत्रालय के दिशानिर्देशों का पालन करना होगा। बैटरियों की संख्या या आकार पर कोई पाबंदी नहीं होगी, लेकिन बिजली मंत्रालय के सुरक्षा मानकों का पालन जरूरी होगा। केंद्र सरकार ने 10,900 करोड़ रुपये की पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत देशभर में ईवी चार्जिंग स्टेशन और बैटरी स्वैपिंग सुविधाएं स्थापित करने के लिए 2,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। इस पहल का लक्ष्य भारत के बढ़ते ईवी बाजार के लिए चार्जिंग कनेक्टिविटी को बेहतर करना और इंटरनल कम्बशन इंजन वाहनों पर निर्भरता कम करना है। भारत का लक्ष्य वित्त वर्ष 2026 तक सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों की संख्या को 32,500 से बढ़ाकर 72,300 करना है। पीएम ई-ड्राइव के तहत, केंद्र सरकार सार्वजनिक स्थानों पर ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाने के लिए 80 प्रतिशत तक सब्सिडी दे रही है। केंद्र सरकार पूर्वोत्तर, तटीय और पहाड़ी क्षेत्रों में 100 प्रतिशत तक की छूट दे रही है।

अभी देश में सबसे ज्यादा ईवी चार्जिंग स्टेशन 5879 कर्नाटक में हैं। दूसरे नंबर पर महाराष्ट्र 3842 स्टेशन हैं। उत्तर प्रदेश में 2113, दिल्ली में 1951 और तमिलनाडु में 1495 ईवी चार्जिंग स्टेशन हैं। केरल में 1288 तो वहीं राजस्थान में 1285 स्टेशन हैं।

## क्या तुर्किये-अजरबैजान से व्यापारिक संबंध तोड़ेगा भारत?

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान का समर्थन करने के बाद भारत में तुर्किये के उत्पादों और पर्यटन का बहिष्कार करने की मांग उठने लगी है। भारतीय कारोबारियों ने तुर्किये के सेब और संगमरमर जैसे उत्पादों का बहिष्कार करना शुरू कर दिया है। साथ ही, ईजमाईट्रिप और इक्सिगो जैसे ऑनलाइन ट्रैवल प्लेटफॉर्म ने तुर्किये एवं अजरबैजान की यात्रा नहीं करने की चेतावनी जारी करते हुए इन दोनों की बुकिंग बंद कर दी है। भारत की ओर से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमले की निंदा करने एवं इस्लामाबाद का समर्थन करने के बाद नई दिल्ली का तुर्किये और अजरबैजान के साथ व्यापारिक संबंधों में तनाव आने की आशंका है। इस बात की भी आशंका जताई जा रही है कि भारत इन देशों से व्यापारिक संबंध खत्म भी कर सकता है।

# वक्फ कानून के प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई 20 मई को

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 की सांविधानिक वैधता के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई सीजेआई जस्टिस बीआर गवई व जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने की। पूर्व सीजेआई जस्टिस संजीव खन्ना, जिनकी पीठ मामले की सुनवाई कर रही थी, ने 13 मई को पद छोड़ दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वह वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अंतरिम राहत पर विचार करने के मुद्दे पर 20 मई को विचार करेगा। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कानून की वैधता को चुनौती देने वालों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से सोमवार तक अपने लिखित नोट दाखिल करने को कहा। सीजेआई ने याचिकाओं पर सुनवाई स्थगित करते हुए कहा, हम अंतरिम राहत के मुद्दे पर मंगलवार को ही विचार करेंगे।

पीठ को दोनों पक्षों के वकीलों ने बताया कि न्यायाधीशों को याचिकाओं पर विचार करने के लिए कुछ और समय की आवश्यकता हो सकती है। इस बीच विधि अधिकारी ने कहा कि किसी भी मामले में केंद्र का यह आश्वासन है कि वक्फ द्वारा उपयोगकर्ता की ओर से स्थापित संपत्तियों सहित किसी भी वक्फ संपत्ति को गैर-अधिसूचित नहीं किया जाएगा।

इससे पहले विधि अधिकारी ने यह भी आश्वासन दिया था कि नए कानून के तहत केंद्रीय वक्फ परिषद या राज्य वक्फ बोर्डों में कोई नियुक्ति नहीं की जाएगी। पीठ ने कहा कि जब 20 मई को मामले

**विचार**

**पीठ को दोनों पक्षों के वकीलों ने बताया कि न्यायाधीशों को याचिकाओं पर विचार करने के लिए कुछ और समय की आवश्यकता हो सकती है।**

की सुनवाई होगी, तो वह 1995 के वक्फ कानून के प्रावधानों पर रोक लगाने की किसी भी याचिका पर विचार नहीं करेगी। केंद्र ने केंद्रीय वक्फ परिषदों और बोर्डों में गैर-मुस्लिमों को शामिल करने की अनुमति देने वाले प्रावधान पर रोक लगाने वाले सुप्रीम कोर्ट के प्रस्ताव का विरोध किया है। साथ ही उपयोगकर्ता की ओर से वक्फ सहित वक्फ संपत्तियों की



अधिसूचना रद्द करने के खिलाफ अंतरिम आदेश पारित करने के शीर्ष अदालत के प्रस्ताव का भी विरोध किया है। केंद्र ने शीर्ष अदालत से वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज करने का आग्रह किया है। केंद्र ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को 5 अप्रैल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिलने के बाद अधिसूचित किया था। इससे पहले 25 अप्रैल को, अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय मंत्रालय ने संशोधित वक्फ अधिनियम 2025 का बचाव करते हुए एक प्रारंभिक 1,332-पृष्ठ का हलफनामा दायर किया और संसद से पारित सांविधानिकता के अनुमान वाले कानून÷ पर अदालत की ओर से किसी भी पूर्ण रोक का विरोध किया। केंद्र ने शीर्ष अदालत से वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज करने का आग्रह किया और इसके कुछ प्रावधानों के बारे में शरारतपूर्ण झूठी कहानी फैलाए जाने की ओर इशारा किया।

## डीआरडीओ की बड़ी सफलता, समुद्री जल को मीठे पानी में बदलने की स्वदेशी तकनीक विकसित की




**नई दिल्ली।** डीआरडीओ ने समुद्री जल को मीठे जल में बदलने वाली तकनीक को विकसित करने में सफलता हासिल की है। खास बात ये है कि डीआरडीओ ने यह तकनीक महज 8 महीने के कम समय में विकसित की है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। डीआरडीओ ने स्वदेशी नैनोपोरस मल्टीलेयर्ड पॉलीमर झिल्ली को विकसित करने में सफलता पाई है। यह समुद्री पानी को मीठे पानी में बदलने की तकनीक है। इससे भारतीय तटरक्षक बल को काफी फायदा होगा। डीआरडीओ की कानपुर स्थित डिफेंस मैटेरियल स्टोर्स एंड रिसर्च एंड डेवलपमेंट लैब द्वारा भारतीय तटरक्षक बल के साथ मिलकर इस नैनोपोरस मल्टीलेयर्ड पॉलीमर झिल्ली का विकास किया गया है। खास बात ये है कि इस झिल्ली का निर्माण रिकॉर्ड आठ महीने में किया गया है। अभी तटरक्षक बल के ऑफशोर पेट्रोलिंग वेसल पर मौजूद समुद्री जल को मीठे पानी में बदलने वाले प्लांट में इस तकनीक का परीक्षण चल रहा है। अभी तक के परीक्षण में संतोषजनक नतीजे मिले हैं। हालांकि इस तकनीक को मंजूरी के लिए तटरक्षक बल कम से कम 500 घंटे का परिचालनात्मक परीक्षण करेगा। आत्मनिर्भर भारत की दिशा में यह एक अहम कदम माना जा रहा है।

# पाकिस्तान के दोस्त तुर्किये को अमेरिका देगा 53 एयर-टू-एयर मिसाइल; 225 मिलियन डॉलर में डील



**वाशिंगटन'** अमेरिका ने तुर्किये के साथ एक महत्वपूर्ण हथियारों का समझौता किया है। इस समझौते के तहत अमेरिका तुर्किये को 52 एयर-टू-एयर मिसाइल देगा। गौरतलब है कि पाकिस्तान के साथ संघर्ष में तुर्किये ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया था। जिसको लेकर भारत में तुर्किये के प्रति भारी नाराजगी है। आतंक के पनाहगाह पाकिस्तान के समर्थक तुर्किये को अब अमेरिका हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल देगा। तुर्किये और अमेरिका के बीच मिसाइल बेचने का समझौता भी हो गया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर इस डील के बारे में जानकारी दी है। इस बयान में कहा गया है कि यूएस स्टेट डिपार्टमेंट ने तुर्की गणराज्य को ढ्डरू120ष्ट-8 उन्नत श्रेणी की मध्यम दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की संभावित विदेशी सैन्य बिक्री को मंजूरी दी है। इस सौदे की अनुमानित लागत 225 मिलियन अमेरिकी डॉलर है, इसके सौदे में 53 ढ्डरू120ष्ट-8 उन्नत श्रेणी की मध्यम दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें और 6 गाइडेंस सेक्शन शामिल हैं।

अपने बयान में अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा है कि यह प्रस्तावित बिक्री नाटो में अपसी सहयोग का हिस्सा है। यह उसके सहयोगी तुर्किये की सुरक्षा में सुधार करके और यूएस विदेश नीति के लक्ष्यों और राष्ट्रीय सुरक्षा का समर्थन करेगी। इसमें यह भी कहा गया है कि यह समझौता तुर्किये को अपनी रक्षा और वहां तैनात अमेरिकी कर्मियों की रक्षा के लिए क्षमता प्रदान करेगा। अमेरिकी विदेश विभाग ने यह भी कहा है कि इस मिसाइल समझौते से क्षेत्र में बुनियादी सैन्य संतुलन में कोई बदलाव नहीं आएगा।

गौरतलब है कि पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में जब भारत ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमला किया। तो तुर्किये ने ही पाकिस्तान को जवाबी कार्रवाई के लिए ड्रोन्स मुहैया कराए थे। इतना ही नहीं तुर्किये ने पाकिस्तान को न सिर्फ ड्रोन्स दिए, बल्कि उन ड्रोन्स के संचालक भी उपलब्ध कराए। इस तरह कह सकते हैं कि तुर्किये ने पाकिस्तान के साथ मिलकर भारत पर हमले की नाकाम कोशिश की। विश्लेषकों की मानें तो तुर्किये इस्लामिक सहयोग संगठन या ओआईसी में अपनी स्थिति मजबूत करना चाहता है। 57 सदस्यीय ब्लॉक में सऊदी अरब और ईरान का वर्चस्व है और तुर्किये एक इस्लामी राष्ट्र के समर्थन के नाम पर अपनी लोकप्रियता बढ़ाना चाहता है। राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन के शासनकाल में तुर्किये में इस्लामी प्रभाव बढ़ा है और एर्दोगन पाकिस्तान के समर्थन में शुरू से ही रहे हैं। कश्मीर मुद्दे पर भी एर्दोआन ने पाकिस्तान का पक्ष लिया है।

भारत में तुर्किये और अजरबैजान के खिलाफ भारी नाराजगी देखी गई है। 7 मई के बाद से सोशल मीडिया पर लगातार बॉयकॉट तुर्किये और बॉयकॉट अजरबैजान जैसे हैशटैग ट्रेंड कर रहे हैं। सोशल मीडिया में चलने वाले इस अभियान में आम लोगों के साथ-साथ अब पर्यटन सेवाओं से जुड़ी भारतीय कंपनियां भी शामिल हो गई हैं। भारतीय पर्यटकों के बॉयकॉट के डर से बीच तुर्किये पर्यटन विभाग को अपील जारी करनी पड़ी है।

# इस्राइल ने दक्षिण गाजा के खान यूनिस शहर पर किया घातक हवाई हमला, 54 लोगों की मौत

**गाजा।** गाजा को लेकर इस्राइल की मंशा शुरुआत से ही साफ है। हालांकि ये और ज्यादा घातक तब हो गया जब बीते दिनों इस्राइली पीएम नेतन्याहू ने युद्ध विराम की उम्मीदों को धूमिल बताया था, जिसके बाद से इस्राइल ने गाजा पर लगातार हवाई हमले शुरू कर दिए। ताजा जानकारी के अनुसार एक बार फिर दक्षिण गाजा में हुए घातक और जोरदार हवाई हमले में 54 लोगों की मौत हो गई। वहीं कई अन्य घायल हो गए...

इस्राइल और हमास के जारी संघर्ष के बीच एक बार फिर इस्राइल ने दक्षिण गाजा के खान यूनिस शहर पर घातक हवाई हमला किया। इस हमले में 54 लोगों की जान चली गई, वहीं इससे ज्यादा कई अन्य घायल हो गए। मामले में जानकारी देते हुए खान यूनिस के नासर अस्पताल के मुर्दाघर ने बताया कि कुल 54 शव अस्पताल लाए गए।

**संघर्ष**

**इस्राइल और हमास के जारी संघर्ष के बीच एक बार फिर इस्राइल ने दक्षिण गाजा के खान यूनिस शहर पर घातक हवाई हमला किया।**

इनमें से कई शव टुकड़ों में थे और कुछ बॉडी बैग्स में एक से ज्यादा लोगों के अवशेष थे। बता दें कि यह लगातार दूसरा दिन है जब गाजा में भारी बमबारी हुई। इससे ठीक एक दिन पहले यानी बुधवार को उत्तरी और दक्षिणी गाजा में हुए हमलों में कम से कम 70 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें लगभग दो दर्जन बच्चे भी शामिल थे। इसमें ध्यान देने वाली बात ये है कि इस्राइल का ये हमला



ऐसे समय पर हो रहा है कि जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मिडिल ईस्ट की यात्रा पर हैं। हालांकि वे इस्राइल नहीं जाएंगे ,लेकिन उनकी यात्रा से यह उम्मीद जताई जा रही थी कि शायद कोई संघर्षविराम या मानवीय सहायता की घोषणा हो सकती है। इसी बीच इस्राइल के घातक हमले को देखते हुए इंटरनेशनल मानवाधिकार संस्था ह्यूमन राइट्स वॉच ने गुरुवार को कहा कि गाजा को कब्जे में लेने और लोगों को जबरन विस्थापित करने की इस्राइल की योजना नरसंहार के बेहद करीब है। इसके साथ ही संगठन ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इस मामले में अपनी चुप्पी तोड़ने की अपील की है। बीते मंगलवार रात और बुधवार सुबह इस्राइल ने उत्तरी गाजा में ताबड़तोड़ हवाई हमले किए थे। इस दौरान कम से कम 22 बच्चे मारे गए। जबलिया में इंडोनेशियाई अस्पताल ने बताया कि हमलों में कुल मिलाकर 70 लोगों की मौत हुई है। हमला अमेरिका की मध्यस्थता में हमास की ओर से एक इस्राइली-अमेरिकी बंधक को रिहा करने के एक दिन बाद हुआ।

## अमेरिका में पर्वतारोहण हादसे में भारतीय मूल के विष्णु समेत तीन की मौत, परिवार और दोस्तों ने दी श्रद्धांजलि




**वाशिंगटन।** अमेरिका के वाशिंगटन में पहाड़ चढ़ने के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। इसमें भारतीय मूल के विष्णु इरिगिरेड्डी समेत तीन पर्वतारोहियों की मौत। हालांकि चौथा साथी गंभीर रूप से घायल है।

अमेरिका के वॉशिंगटन राज्य के नॉर्थ कैस्केड्स रेंज में पहाड़ चढ़ने के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। इस हादसे में भारतीय मूल के टेक प्रोफेशनल विष्णु इरिगिरेड्डी समेत तीन लोगों की मौत हो गई। बता दें कि अमेरिका के सिएटल में रहने वाले 48 वर्षीय विष्णु अपने तीन दोस्त टिम गुयेन, ओलेक्जेंडर मार्टिनेंको और एंटन सेलिएख के साथ नॉर्थ अर्ली विंटर्स स्पायर पर चढ़ाई कर रहे थे। चढ़ाई के दौरान मौसम खराब होते देख समूह ने वापस लौटने का फैसला किया, लेकिन नीचे उतरते समय एंकर पॉइंट फेल हो गया, जिससे चारों करीब 200 फीट नीचे गिर पड़े।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस हादसे में सिर्फ एंटन सेलिएख जीवित बच सके, जो गंभीर रूप से घायल अवस्था में 64 किलोमीटर दूर जाकर मदद लेने पहुंचे। उन्हें आंतरिक चोटों और सिर की गंभीर चोट के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

विष्णु के दोस्तों ने एक वेबसाइट पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए लिखा कि मूल रूप से भारत से आने वाले विष्णु सिएटल के जिंदा दिल केसांस्कृतिक समुदाय के गौरवशाली सदस्य थे। उन्होंने एक ऐसा जीवन जिया जो ईमानदारी, प्यार और निरंतर विकास जैसे मूल्यों से भरा था।


विष्णू के परिवार ने बताया कि विष्णु को पहाड़ चढ़ने का बढ़ा शौक था। साथ ही ये काम उनके जीवन का अहम हिस्सा बन चुका था। उनकी याद में गुरुवार को होने वाले अंतिम संस्कार के मौके पर दो गैर-लाभकारी संस्थाओं को दान किया जाएगा, जिनसे वह जुड़ाव रखते थे। साथ ही लोगों से 22 मई तक इन संस्थाओं को दान देने की अपील की गई है।

# संघर्ष विराम के लिए पाकिस्तान डरे हुए कुत्ते की तरह दुम दबाकर भागा फिरा था, अमेरिकी अधिकारी का दावा

**खिलाफ**

**माइकल रुबिन ने कहा कि पाकिस्तान ने भारत के साथ हर बार लड़ाई शुरू की और उसे ये भुलावा है कि भारत के खिलाफ लड़ाई में उसकी जीत हो सकती है।**

**वॉशिंगटन** माइकल रुबिन ने कहा कि पाकिस्तान ने भारत के साथ हर बार लड़ाई शुरू की और उसे ये भुलावा है कि भारत के खिलाफ लड़ाई में उसकी जीत हो सकती है। पाकिस्तान को ये साबित करने में भी काफी मुश्किल होगी कि चार दिन की हालिया लड़ाई में उसकी जीत हुई है। भारत के साथ संघर्ष के बाद




पाकिस्तानी सेना ने अपने देश की जनता को मुर्ख बनाया और ये दावा किया कि लड़ाई में उनकी जीत हुई है, लेकिन दुनियाभर के रक्षा विशेषज्ञों का साफ कहना है कि भारत ने पाकिस्तान को धूल चटा दी और पाकिस्तानी वायुसेना का भारतीय वायुसेना से कोई मुकाबला ही नहीं था। अब पेंटागन के पूर्व शीर्ष अधिकारी माइकल रुबिन ने भी खुलासा किया है कि भारत ने पाकिस्तान के हमले को भोथरा साबित कर दिया और सैन्य ठिकानों पर हमले के बाद पाकिस्तान इतना घबरा गया था कि डरे हुए कुत्ते की तरह अपनी दुम पैरों में दबाकर संघर्षविराम की मांग कर रहा था। न्यूज एजेंसी एएनआई के साथ बातचीत में माइकल रुबिन ने कहा कि पाकिस्तानी सेना इस हकीकत से नहीं बच सकती कि वे बुरी तरह हारे हैं। भारत पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई में कूटनीतिक और सैन्य दोनों तरीकों से विजयी रहा और अब सभी का पूरा फोकस पाकिस्तान के आतंक को बढ़ावा देने पर चला गया है। माइकल रुबिन ने पाकिस्तान को आईना दिखाते हुए कहा कि पाकिस्तानी सेना के अफसर आतंकियों के जनाजे में शामिल हुए, जो ये दिखाता है कि पाकिस्तानी सशस्त्र बल, आतंकवादी या आईएसआई में कोई अंतर नहीं है। ऐसे में पाकिस्तान पर आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई का दबाव बनेगा। भारत के रुख ने पाकिस्तान को भी अचंभित कर दिया है। माइकल रुबिन ने कहा कि पाकिस्तान ने भारत के साथ हर बार लड़ाई शुरू की और उसे ये भुलावा है कि भारत के खिलाफ लड़ाई में उसकी जीत हो सकती है। पाकिस्तान को ये साबित करने में भी काफी मुश्किल होगी कि चार दिन की हालिया लड़ाई में उसकी जीत हुई है क्योंकि भारत ने सटीक और सुनियोजित तरीके से आतंकी ठिकानों पर हमले किए। पाकिस्तान ने जब जवाबी हमले किए तो भारत ने उसके हर हमले को नाकाम कर दिया। इसके बाद पाकिस्तान डरे हुए कुत्ते की तरह दुम दबाकर संघर्षविराम के लिए भागता फिरा था। भविष्य में क्या हो सकता है, इसके जवाब में माइकल रुबिन ने कहा कि पाकिस्तान को सबसे पहले अपना घर साफ करने की जरूरत है, लेकिन सवाल ये है कि क्या अब पाकिस्तान ऐसा कर सकता है।

# चयन वेतनमान स्वीकृत न होने से शिक्षकों में आक्रोश

**चयन वेतनमान स्वीकृत न होने से हो रहा शिक्षकों का आर्थिक नुकसानः अरविंद**

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जौनपुर का एक प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष अरविंद शुक्ल के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जौनपुर डॉ0 गोरखनाथ पटेल को शिक्षकों के चयन वेतनमान के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ल ने बताया कि 10 वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी करने वाले शिक्षकों की ऑनलाइन मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से चयन वेतनमान स्वीकृत करने की प्रक्रिया बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा शुरू की गई। इस प्रक्रिया में विभिन्न स्तर की प्रक्रिया पूरी करने के बाद बीएसए द्वारा चयन वेतनमान स्वीकृत किया जाएगा। इस प्रक्रिया में लाभार्थी शिक्षक को अपने स्तर से कोई भी प्रक्रिया नहीं करनी है और इसके लिए पोर्टल पर कोई भी विकल्प उपलब्ध नहीं है , शिक्षक केवल स्टेटस देख सकता है। उन्होंने बताया कि अभी तक अधिकांश शिक्षकों की पहले चरण की ही प्रक्रिया पूरी नहीं की गई और न इस संबंध में स्पष्ट जानकारी दी गई है। अभी तक अधिकांश शिक्षकों का इनिशियल कैडर भी अपडेट नहीं किया गया है जिसके कारण यह प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है। ऐसे में लंबित चयन वेतनमान की प्रक्रिया ऑनलाइन के खेल में उलझी हुई है। ज्ञापन के माध्यम से प्रतिनिधिमंडल द्वारा मांग की गई कि प्रत्येक ब्लॉकों से खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से ऐसे समस्त शिक्षकों की सूची मंगवाकर, जिनका ऑनलाइन इनिशियल कैडर पोर्टल पर शो नहीं कर रहा है, उसको अपडेट कराया जाय, जिससे कि भविष्य में इस प्रकार की समस्या से शिक्षकों को सामना न करना पड़े तथा साथ ही साथ पोर्टल पर आ रही समस्याओं को दूर कराते हुए शिक्षकों का चयन वेतनमान स्वीकृत किया जाय। प्रतिनिधिमंडल में रविचंद्र यादव, वीरेंद्र प्रताप सिंह, लालसाहब यादव, रामदुलार यादव, लक्ष्मीकांत सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## लेखपाल ने आदिवासी से मांगी रिश्वत, वीडियो वायरल

**प्रयागराज।** करछना तहसील के खाएं गांव में एक गरीब आदिवासी से जमीन की पैमाइश के लिए लेखपाल द्वारा ली गई 35 हजार रुपए की रिश्वत का मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बच्चू लाल भीरू नाम के आदिवासी को 2005 में सरकार ने पट्टे पर जमीन दी थी। वह तब से इस जमीन पर खेती करता आ रहा था। तहसील से खतौनी भी निकलवा रखी थी। इसके बावजूद गांव के कुछ भू-माफिया ने उसकी फसल काट ली। उसे अपनी जमीन पर जाने से भी रोका जा रहा है।पीड़ित ने तहसील दिवस पर शिकायत की। एसडीएम ने लेखपाल बिपिन कुमार को जांच का आदेश दिया। लेखपाल कई बार मौके पर गया, लेकिन पैमाइश नहीं की। इसके बजाय उसने आदिवासी से पैसों की मांग की। पुलिस की रिपोर्ट में दर्ज है कि पट्टे की भूमि पर आवेदक ने फसल बोई थी। पीड़ित का आरोप है कि भू-माफिया ने फसल काट ली। अब लेखपाल न तो पैमाइश कर रहा है और न ही रिश्वत के पैसे लौटा रहा है।

# पुलिस के हत्थे चढ़ीं चार महिला चोर



**सोने की चेन, गैस सिलेंडर और मोबाइल फोन बरामदश**

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** सरायममरेज पुलिस ने चोरी के दो मामलों का खुलासा करते हुए चार महिला अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से चोरी का सामान भी बरामद किया है। गिरफ्तार महिलाओं में जौनपुर के बक्शा थाना क्षेत्र की सावित्री और बच्चा कुमारी तथा चन्दवक थाना क्षेत्र की काजल और सवित्रा देवी शामिल हैं। पुलिस ने इन्हें सरायममरेज क्षेत्र के तिलकठ से कुन्दौरा मंदिर मार्ग से पकड़ा। पुलिस के अनुसार इनके पास से एक सोने की चेन, गैस सिलेंडर, एल्यूमिनियम के बर्तन और तीन चोरी के मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। साथ ही चोरी के सामान की बिक्री से मिले 1600 रुपये भी मिले हैं। पहला मामला 21 मई 2024 का है, जब कुन्दौरा स्थित महादेव मंदिर से शुमन कौशल के बैग से सोने की चेन चोरी हुई थी। दूसरा मामला 27 मार्च 2025 का है, जिसमें पुरेलुटाई गांव के प्राथमिक विद्यालय की रसोई से ताला तोड़कर गैस सिलेंडर और अन्य सामान चुराया गया था। दोनों मामलों में सरायममरेज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### फिजिक्स वाला क्लासेज जौनपुर के हाई स्कूल के छात्र पार्थसारथी ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नाम किया रौशन



**जौनपुर।** नगर के नईगंज निवासी पार्थसारथी ने अपने स्कूल में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त करके फिजिक्स वाला क्लासेज का किया नाम रौशन जनपद के सनबीम स्कूल के छात्र पार्थसारथी ने अपनी इस कामयाबी का श्रेय फिजिक्स वाला क्लासेज के मैनेजमेंट,टीचर्स एवं स्टाफ का किया धन्यवाद पार्थसारथी से बात करने पर पता चला कि उनके क्लासेज द्वारा उन्हें हर तरह का सपोर्ट मिला जैसे ऑफलाइन क्लासेज के साथ ही साथ कभी शहर से बाहर रहने पर ऑनलाइन के माध्यम से भी अपनी पढ़ाई को ज़ारी रखने में मदद की अगर किसी कारण से अगर ऑनलाइन क्लासेज भी छूट जाता था तो फिजिक्स वाला क्लासेज के मैनेजमेंट द्वारा उस दिन का वीडियो प्रोवाइड करके सारी चीजों को समझने और तैयारी करने में सपोर्ट मिलता था इसलिए मैं अपनी कामयाबी का श्रेय माता पिता के साथ साथ सबसे मुख्य फिजिक्स वाला क्लासेज को देता हूं। इस अवसर पर सेंटर हेड शुभम सिंह,एकेडमिक हेड अभिषेक,फैकल्टी मैनेजर राज,मार्केटिंग हेड दीपक, फाउंडेशन हेड सौरभ सर आदि रहे।

### डीएम ने पंजाब नेशनल बैंक मुख्य शाखा, शाही पुल का किया औचक निरीक्षण



**जौनपुर, अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र के द्वारा पंजाब नेशनल बैंक मुख्य शाखा, शाही पुल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के संदर्भ में पीएनबी की सभी 18 शाखाओं से कुल 56 आवेदन डिस्बर्समेंट हेतु लम्बित पाया गया, जिसपर शाखा प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि 03 दिन के भीतर सारी पेन्डेसी खत्म करते हुए अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि यह योजना शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में से एक है। योजना का उददेश्य जनपद के युवाओं को रोजगार सृजक बनाने के साथ ही स्वावलम्बन की दिशा में तेजी से आगे बढाना है। इसके साथ ही उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में ऋण वितरित करने के निर्देश दिये जिससे जनपद का सीडी रेशियो में वृद्धि हो सके। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा बैंक में उपस्थित ग्राहको को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के सम्बन्ध में जागरूक करते हुए कहा गया कि सभी लोग अनिवार्य रूप से इस योजना का लाभ लें। इस अवसर पर एलडीएम सहित बैंक के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### नागेंद्र यादव अध्यक्ष, अमित सोनकर उपाध्यक्ष, नवनीत सिंह मंत्री निर्वाचित



**जौनपुर, अवधनामा संवाददाता।** ग्राम पंचायत अधिकारी संघ सर्वसम्मति का गठन गुरुवार को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुए। अध्यक्ष डॉ. राम कृष्ण यादव के निर्देशन में ग्राम पंचायत अधिकारियों ने सर्वसम्मति से नागेंद्र कुमार यादव को अध्यक्ष, अमित सोनकर को उपाध्यक्ष, नवनीत सिंह को मंत्री, नीतू साहु कोषाध्यक्ष एवं प्रमोद यादव संप्रेक्षक मीडिया प्रभारी अवधेश यादव को निर्वाचित किया। बैठक की अध्यक्षता पंचायत सहायक विकास अधिकारी डॉक्टर रामकृष्ण यादव एवं संचालन सफाई कर्मी अध्यक्ष मंगला यादव ने किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष नागेंद्र कुमार यादव ने साथियों का आभार जताते हुए कहा कि संगठन के हित में पूरी निष्ठा से कार्य करने का आश्वासन दिया। इस दौरान कई ग्राम पंचायत अधिकारी आदि लोग उपस्थित रहे।

### पुलिस मुठभेड़ में गौ तस्कर गिरफ्तार

**जौनपुर।** शाहगंज क्षेत्र के जमदानीपुर गांव के पास बुधवार देर रात पुलिस और गौ तस्कर के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान एक तस्कर सादाब पुत्र फरहान (निवासी भरौली, थाना सबरहद) गोली लगने से घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।क्षेत्राधिकारी अजीत सिंह चौहान ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक को सूचना मिली थी कि एक युवक बाइक से अवैध मांस लेकर गुजरने वाला है। इस पर पुलिस ने भरौली-दीदारगंज मार्ग पर घेराबंदी की। कुछ देर बाद जैसे ही संदिग्ध युवक पहुंचा, उसे रोकने का प्रयास किया गया तो उसने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसके दाहिने पैर में गोली लगी और वह मौके पर ही पकड़ा गया।पुलिस ने मौके से एक तमंचा, कारतूस, बाइक और करीब 50 किलो मांस बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उसके आपराधिक इतिहास व नेटवर्क की जांच की जा रही है।

# निक्षय दिवस कार्यक्रम आयोजित



**अवधनामा संवाददाता**

**मैनपुरी।** जिला क्षय रोग नियंत्रण अधिकारी डा. आशुतोष कुमार ने बताया कि आज जनपद के समस्त सामुदायिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों एवं जिला क्षय रोग नियंत्रण केन्द्र में निक्षय दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें आने वाले मरीजों का बलगम परीक्षण, एक्स-रे किया गया, रोग से ग्रसित पाये गये मरीजों का निक्षय पोर्टल पर तत्काल पंजीकरण कर उपचार प्रारंभ किया गया, आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों को इस बीमारी को लेकर जागरूक किया गया साथ ही जिला क्षय रोग नियंत्रण केन्द्र में मरीजों को पोषण पोटली वितरित की गयी। जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि ट्यूबरक्लोसिस, टी.बी. के मामलों की पहचान करने के लिए अभियान प्रारंभ किया गया है, यह अभियान प्रत्येक माह की 15 तारीख को टी.बी. के संदिग्ध मामलों पर फोकस करेगा, अभियान को निक्षय दिवस का नाम दिया गया है, जिसके तहत समस्त स्वास्थ्य सुविधाएं, संदिग्ध मामलों की जांच, परीक्षण प्रदान करेंगी, आशा कार्यकत्री डोर-टू-डोर अभियान चलाएंगी और संदिग्ध मामलों की पहचान करने का प्रयास करेंगी, मरीजों की पहचान होने के बाद उनका इलाज भी किया जाएगा। उन्होने कहा कि अभियान के माध्यम से टी.बी. के प्रसार को शीघ्र निदान के माध्यम से रोका जा सकता है, अभियान हर महीने प्रभावी ढंग से चलेगा, टी.बी. के मामलों की पहचान करने और बीमारी के प्रसार को रोकने में मदद करेगा, क्योंकि मरीजों का इलाज शुरूआती चरण में ही शुरू हो जाएगा। इस अवसर पर चिकित्साधिकारी डा. गौरव अग्रवाल, जिला कार्यक्रम समन्वयक मोनिका यादव, जिला समन्वयक वाई.पी. सिंह, टी.बी.एच.आई.वी. कोर्डिनेटर विकास चन्द्र गुप्ता, योगेश कुमार, प्रिया यादव आदि मौजूद रहे।

## पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अभियुक्त घायल

**मैनपुरी।** उप जिला मजिस्ट्रेट भोगांव संध्या शर्मा ने बताया कि थाना हाथरस जंक्शन पर पंजीकृत मु.अ.सं.-239/24 धारा-147, 148, 149, 302, 506, 34 भादवि में अभियुक्त जीतू उर्फ जितेन्द्र पुत्र मुरली सिंह नि. पहाड़पुर थाना हाथरस जंक्शन वॉछित था, जिस पर रू. 01 लाख का पुरस्कार घोषित था, उक्त अभियुक्त को दि. 29.04.2025 को लगभग प्रातः 03.30 बजे पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया, जिसे उपचार हेतु पुलिस अभिरक्षा में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जागीर, थाना एलाऊ में ले जाया गया, वहां चिकित्सकों द्वारा उसको जिला चिकित्सालय रेफर किया गया, उक्त अभियुक्त जीतू उर्फ जितेन्द्र को चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया, उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना एलाऊ पर मु.अ.स. -115/2025 धारा-109, 351 (1), 352 बी.एन.एस. व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया, उक्त प्रकरण के समस्त पहलुओं की जांच हेतु उन्हें मजिस्ट्रीयल जांच हेतु नामित किया गया है। उन्होने कहा कि उक्त के सम्बन्ध यदि किसी को लिखित या मौखिक साक्ष्य, कथन प्रस्तुत करना है तो वह दि. 19 मई से 24 मई तक किसी भी कार्य दिवस में उप जिला मजिस्ट्रेट भोगांव के न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं।

# कर्नल सोफिया के समर्थन में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



**कलेक्ट्रेट में जमकर नारेबाजी की, विजय शाह की तस्वीर पर जूते मारे**

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** मध्य प्रदेश के मंत्री विजय साह के वायु सैन्य की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित टिप्पणी से कांग्रेसियों में उबाल है। उन्होंने नारेबाजी करते हुए मंत्री के गिरफ्तारी की मांग की। साथ ही सरकार से मंत्री को कैबिनेट से निष्कासित करने की मांग उठाई है। गुरुवार को शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष फुजैल हाशमी के अगुवाई में कलेक्ट्रेट पहुचें कांग्रेसियों ने मंत्री के बयान पर विरोध जताते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान राष्ट्रपति सम्बोधित पत्र अपर नगर मजिस्ट्रेट को सौपते हुए मंत्री के गिरफ्तारी की मांग की। अध्यक्ष फुजैल हाशमी ने कहा की मप्र सरकार में मंत्री विजय शाह ने घिनौना और शर्मनाक बयान दिया है। देश की शान, हमारी वीर बहादुर अफसर कर्नल सोफिया कुरैशी का अपमान पूरे भारत की नारी शक्ति और भारतीय सेना का अपमान है। वहीं शहर पहुचें राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा की यह सिर्फ कर्नल सोफिया का ही अपमान नहीं है, बल्कि हमारे सशस्त्र बलों का भी अपमान है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा की देश में भाजपा नेता द्वारा अराजकता और दंगे भड़काने की साजिश रची जा रही है। कहा की भारत की संप्रभुता, एकता, अखंडता और सौहार्द को भाजपा मंत्री के बयान से ठेंस पहुंची है। उनका बयान देश के गणतंत्र के लिये खतरा है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा की ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देश एकजुट था। कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी को ऐसे मंत्री को तत्काल बर्खास्त कर देना चाहिए। उन्होंने मंत्री के बेतुका बयान को राज्यसभा के सत्र में उठाये जाने की बात कही है। इस मौके पर शहर अध्यक्ष फुजैल हाशमी, मुकुंद तिवारी, हरिकेश त्रिपाठी, सुधाकर तिवारी, किशोर वार्ष्णेय, हसीब अहमद, विवेकानंद पाठक, संजय तिवारी, मानस शुक्ला, अरशद अली, अनूप त्रिपाठी, परवेज सिद्दीकी, राम मनोरथ सरोज, मो. फरहान, प्रतिमा त्रिपाठी, मो. हसीन, सरताज अहमद, राजकुमार शुक्ला, मुख़्तार अहमद, प्रदीप नारायण द्विवेदी, लइक अहमद, अनिल चौधरी, दरख्शा कुरैशी, निशात फातिमा, इशरत अली, नसीम हाशमी, मो. शारिक, कमाल अली, इरशाद उल्ला, मो. जावेद, विशाल सोनकर, मो. जाहिद, अशोक पासी, अहमद उल्ला समेत आदि लोग मौजूद रहे।

# निर्जीव, संवेदनहीन और बनावटी रिश्तों के परिणाम से होता है दुष्कर्म : जमनोत्री गुप्ता



**जागते रहो भारत यात्रियों का प्रयागराज में हुआ अभिनन्दन**

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** मां का वात्सल्य, प्रेम और करुणा के संस्कार ही बच्चों को दूसरों के प्रति संवेदनशीलता सिखा सकते हैं। एक मां के गर्भ से जन्म लेने वाला पुरुष कैसे दूसरी मां के जीवन से खिलवाड़ कर सकता है। महिलाओं के साथ दुष्कर्म हमारे द्वारा निर्मित निर्जीव, संवेदनहीन और बनावटी रिश्तों का परिणाम है। यह विचार अखिल भारतीय महिला परिषद की अध्यक्ष जमनोत्री गुप्ता ने भारतीय महिला परिषद और वसेरा द्वारा पूर्व सांसद स्व. श्यामाचरण गुप्ता के आवास पर आयोजित महिला सुरक्षा और सम्मान को समर्पित जागते रहो भारत यात्रा के यात्रियों के स्वागत कार्यक्रम में अध्यक्षीय उद्बोधन में व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि महिलाओं के साथ दुष्कर्मो को रोकने के लिए संवेदनशील समाज को आगे आना होगा। लोगो को अपने लड़को को संस्कारित बनाना होगा। अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन प्रयागराज चैप्टर द्वारा जमनोत्री गुप्तक अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि राजेन्द्र यादव , संयोजक , जागते रहो भारत ने बताया कि महिला यौन हिंसा विश्व गुरु भारत के सामने कड़ी चुनौती है। इस अवसर पर वसेरा द्वारा यात्री दल का अभिनन्दन पत्र देकर स्वागत किया गया। विकास विद्यालय , ईश्वर शरण आश्रम में आयोजित स्वागत समारोह में उन्होंने कहा कि आज परिवार टूटते जा रहे है। पति , पत्नी, पिता, पुत्र, माँ, बेटे, बेटियां किसी के पास आपसी वार्तालाप , संवाद नही हो रहा है । सभी मोबाइल द्वारा सोशल मीडिया में ब्यस्त है। पूरी दुनिया मुठ्ठी में रखने के बाद अपनो से दूर होते जा रहे है। इसी से संवेदनहीनता बढ़ रही है। प्रधानाचार्य सत्य प्रकाश तिवारी ने ईश्वर शरण डिग्री कालेज से विकास विद्यालय तक नारी शक्ति, जिंदाबाद के नारे के साथ रैली निकाली। स्वागत समारोह में विकास विद्यालय की तरफ से जागते रहो भारत यात्री राजेंन्द यादव , जम्मूबेन तथा देवेन्द्र शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व सदस्य जिला पंचायत आशा सिंह पटेल ने बताया कि पीड़ित परिवार एवं बिटिया को समाज गिरी नजरों से देखता है तथा कानून के विद्वान न्यायालय में विचित्र तरह के सवालों से ,महिला को मानसिक ठेस पहुंचाते हैं ,जो बहुत बड़ा अन्याय है। जागते रहो भारत यात्रा की उप संयोजिका जम्बू बहन ने शुभ मंगलम गीत गाकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम को बसेरा के संयोजक देवेंद्र शर्मा तथा वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता पंडित गिरधारी लाल तिवारी ने भी संबोधित किया।

## नशे से मुक्ति से ही समाज का विकास संभव हैः सचिव

**प्रयागराज।** गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिरकण, प्रयागराज द्वारा नशा मुक्ति विषय पर केन्द्रीय कारागार नैनी, प्रयागराज में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। दिनेश कुमार गौतम सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिरकण, प्रयागराज द्वारा बन्दियों को विधिक सहायता और विधिक साक्षरता के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान किया। उन्होंने बताया कि नशा समाज के लिए एक अभिशाप है, नशे से मुक्ति से ही समाज का विकास संभव है। केन्द्रीय कारागार नैनी के अधीक्षक ने विचाराधीन कैदियों को प्रदान किए जाने वाले सुविधाओं के संबंध में जानकारी दिया। संजीव कुमार, कन्वेनियर इलाहाबाद यूनिवर्सिटी द्वारा उपस्थित बंदियों और छात्र छात्राओं को लीगल एड के बारे में बताया गया। इस अवसर पर डॉक्टर विजय लक्ष्मी, अजय कुमार, गौरव सिंह, अखिलेश प्रताप सिंह, सुश्री आयुषी शुक्ला इंटर्न व इलाहाबाद यूनिवर्सिटी व आर्य कन्या विधि कॉलेज के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। यह जानकारी दिनेश कुमार गौतम, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज द्वारा प्रदान की गई।

# सपा महिला सभा ने कर्नल सोफिया मुद्दे पर निकाली शर्म करो यात्रा



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** मध्य प्रदेश भाजपा सरकार में मंत्री विजय शाह का सैन्य महिला अधिकारी कर्नल सोफिया पर किया गया अति निंदनीय बयान को लेकर आज सपा महिला सभा की महानगर अध्यक्ष मंजू यादव के नेतृत्व में महिलाओ ने शर्म करो यात्रा निकाली। सपा के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर एवं महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में आज महानगर महिला सभा की कार्यकर्ताओं ने स्थानीय पत्थर गिरिजा घर से सुभाष चौराहा सिविल लाइन्स तक पैदल मार्च कर शर्म करो यात्रा निकाली। सपा महिला सभा की महानगर अध्यक्ष मंजू यादव ने कहा कि भाजपा मंत्री विजय शाह का बयान सिर्फ कर्नल सोफिया ही नहीं बल्कि देश के हर नारी समाज और सेना का अपमान है। सपा महिला सभा ने मंत्री विजय शाह को मंत्रिमंडल से बर्खास्त किये जाने एवं कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई के लिये देश की राष्ट्र पति से मांग की है। इस सम्बन्ध जिलाधिकारी के माध्यम से एक ज्ञापन भी सौंपा जिसे इंस्पेक्टर सिविल लाइन्स रामआश्रय यादव ने मौके पर लिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सपा महिला सभा की महानगर अध्यक्ष मंजू यादव, पं सुमन शर्मा, निर्मला यादव, संध्या कुशवाहा, गीता देवी, छाया दीक्षित, उर्मिला यादव, पूजा कुशवाहा, आराधना सिंह, अंकिता श्रीवास्तव, नवरत्न तिवारी, दान बहादुर मधुर, संतोष यादव, रजनी शर्मा, रविगुप्ता, राजेश, नेहा यादव, सचिन श्रीवास्तव, सावित्री देवी, सविता, आशीष पाल, राकेश वर्मा, रतन, रुपनाथ यादव एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# महिला ऑगनबाड़ी कर्मचारी संध ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** महिला ऑगनबाड़ी कर्मचारी संध आजमगढ के जिलाध्यक्ष कुसुम उपाध्या अध्यक्षता में संगठन का प्रतिनिधि मंण्डल जनपद के जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा। जिलाध्यक्ष कुसुम उपाध्या ने कहा की धूप व गर्मी में बेसिक शिक्षा परिषद के नियन्त्रण हेतु संचालित परिषदीय सहायता प्राप्त एवं समस्त बोर्ड (यू.पी बोर्ड. सी.बी.एस.सी. बोर्ड, आई.सी.एस.सी. बार्ड) से मान्यता प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों (कक्षा से 1 से 8 तक) में 20 जुन से अवकाश होना सुनिश्चित है जिसके अन्तर्गत अधिकांश आगनवाड़ी केन्द्रों का संचालन प्रा.वि. में हो रहा है। जिसमे ऑगनवाड़ी केन्द्रो पर आने वाले बच्चे (03 वर्ष से 06 वर्ष की आयु) प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों से भी काफी छोटे बच्चे है। संगठन ने आंगनवाड़ी केन्द्रो पर आने वाले छोटे बच्चों को देखते हुए अवकाश घोषित करने की कृपा करें ताकि बच्चों को गर्मी में बाहर निकलने से बच सके। अवकाश की अवधि में ऑगनवाड़ी कार्यकत्रियों मिनी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं के द्वारा लाभार्थियों को टेक होम राशन वितरण कराते हुए सामुदायिक गतिविधियों, गृह भ्रमण, बच्चों का वजन, बी.एच.एम.डी. सहित सरकारी कार्यो जैसे बी.एल.ओ. आदि का कार्य किया जायेगा। इस आवसर पर प्रमिला यादव सरिता सिंह जिला संदीपनीकाल अचनी सिंह नीतू पान्डेय (नीतू पाण्डेय) जिलाध्यक्ष कुसुम उपाध्या प्रतिमा सिंह शामील रही।

# 15 दिवसीय हुनर समर कैंप का हुआ आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** जनपद में रंगमंच, ललित कलाओं एवं सृजनात्मक सामाजिक कार्यों के लिए सतत प्रयत्नशील हुनर सामाजिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्थान आजमगढ़ द्वारा जनपद के नवोदित नव प्रतिभाओं के अंदर छिपे हुए हुनर को निखारने के उद्देश्य से 15 दिवसीय नाटक एवं नृत्य की प्रस्तुति परक कार्यशाला हुनर समर कैम्पष् का आयोजन 25 मई से लेकर 10 जून तक प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज के प्रांगण में किया जाएगा। इस कार्यशाला में कुशल प्रशिक्षकों द्वारा नृत्य, नाटक, गायन, योग, आर्ट एंड क्राफ्ट, मार्शल आर्ट, मेहंदी, पेंटिंग और रंगोली का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कर साल की जानकारी देते हुए वरिष्ठ रंगकर्मी व संस्थान सचिव सुनील दत्त विश्वकर्मा ने बताया कि पिछले 18 वर्षो से लगातार यह यह कार्यशाला हुनर समर कैंप आयोजन होता चला रहा है इसमें स्थानीय व बाहर से आए हुए कुशल प्रशिक्षकों द्वारा नाटक और नृत्य का विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है। कार्यशाला के समापन अवसर पर एक वृहद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है और सभी प्रशिक्षण प्राप्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाता है। प्रतिभागियों का पंजीकरण ऑनलाइन और ऑफ्लाइन प्रारंभ हो गया है।

# वर्षा ऋतु में जल निकासी हेतु डीएम ने टीम बनाई

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा समिति, जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं आर्द्रभूमि समिति की मासिक समीक्षा बैठक आहूत की गई। जिलाधिकारी आजमगढ़ द्वारा जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक में सभी कार्यदायी विभागों से परिचय करते हुए यह पूछा गया कि आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष वृक्षारोपण लक्ष्य आप द्वारा पूर्ण कर लिया जायेगा या नहीं। सम्बन्धित विभागों द्वारा अवगत कराया गया कि आवंटित लक्ष्य को पूर्ण कर लिया जायेगा। वृक्षारोपण को पूर्ण करने के लिए जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक में वर्णित दो प्रारुपों में सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा सभी कार्यदायी विभागों को अवगत कराया गया कि वृक्षारोपण कार्य को प्राथमिकता दी जाय। जिला गंगा समिति की कार्यवाही में जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम नगरीय को नोडल नामित करते हुए मुबारकपुर एवं बिलरियागंज में प्रस्तावित सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट की डी0पी0आर0 इस माह के अन्त तक तैयार करने के निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त सभी नगर निकायों को निर्देश दिया गया कि जहां-जहां एस0टी0पी0 निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध है, वे अपने प्रस्ताव प्रेषित करना शुरू करें। कोलघाट के पास जल निकासी की समस्या की सुनवाई करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि बन्धे के किनारे वर्षा ऋतु में जल निकासी हेतु नाला बनाये जाने के प्रस्ताव पर अपर जिलाधिकारी द्वारा एक टीम गठित कर उक्त स्थल पर भूमि उपलब्धता का परीक्षण करें।

उन्होने कहा कि नदी की वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए सभी विभागों से सहयोग एक स्वच्छता अभियान की आवश्यकता है। इस प्रयास में सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी आंमत्रित किया जाना चाहिये। उक्त के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता बाढ़ खण्ड (सदस्य जिला गंगा समिति) को कार्ययोजना प्रेषित करने हेतु निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने जिला पर्यावारण समिति की बैठक के दौरान जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबन्धन के सम्बन्ध में मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया गया कि चिकित्सालयों से निकलने वाले कचरे के निस्तारण हेतु संचालित एजेन्सी मानक नियमों के अनुरुप एक प्लान बनाये कि सम्बन्धित एजेन्सी की कितनी गाड़ियां कितने तहसीलवार अस्पताल को कवर कर रही हैं तथा सभी गाड़ियों में जी0पी0एस0 लगायें।जिला वेटलैण्ड समिति की बैठक में प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम आर्द्रभूमि समिति के गठन एवं वेटलैण्ड के क्मउंतबंजपवद से सम्बन्धित निर्देश दिये गये।

# अप्रैल में देश का निर्यात 9% बढ़ा

## आयात में 19% की वृद्धि, व्यापार घाटा 26.42 अरब डॉलर हुआ

**नई दिल्ली।** देश का कुल निर्यात अप्रैल महीने में 9.03त्न बढ़कर 38.49 अरब डॉलर हो गया। इस



दौरान देश का व्यापार घाटा 26.42 अरब डॉलर का रहा। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

देश का कुल निर्यात अप्रैल महीने में 9.03% बढ़कर 38.49 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान देश का व्यापार घाटा 26.42 अरब डॉलर का रहा। सरकार के ताजा आंकड़ों में इसकी पुष्टि हुई है। आंकड़ों के अनुसार देश का आयात अप्रैल महीने के दौरान सालाना आधार पर 19.12 प्रतिशत बढ़कर 64.91 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने बताया, हमें उम्मीद है कि भारत अपने निर्यात में बढ़ोतरी की गति को जारी रखेगा।

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर वार्ता आगे बढ़ रही है÷ वाणिज्य सचिव

शीर्ष सरकारी अधिकारी बर्थवाल ने गुरुवार को भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए बातचीत अच्छी तरह आगे बढ़ रही है।

वाणिज्य सचिव ने कहा कि आगे की चर्चा के लिए एक भारतीय दल वाशिंगटन जाएगा। वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों के एक दल का नेतृत्व करेंगे जो समझौते पर अपने अमेरिकी समकक्षों के साथ चर्चा करने के लिए 17 मई से वाशिंगटन दौरे पर रहेंगे।

अपनी यात्रा के दौरान वह अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जेमीसन ग्रीर और अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक के साथ बैठक करेंगे।

चार दिवसीय वार्ता (17-20 मई) ऐसे समय में हो रही है, जब दोनों देश इस वर्ष शरद ऋतु (सितंबर-अक्टूबर) तक व्यापार समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देने से पहले ÷शीघ्र पारस्परिक लाभ÷ सुनिश्चित करने के लिए वस्तुओं में अंतरिम व्यापार व्यवस्था की संभावना तलाश रहे हैं।

## उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस ने वाराणसी और देवरिया में नए आउटलेट खोलकर उत्तर प्रदेश पर अपना ध्यान केंद्रित किया



**देवरिया।** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड उत्तर प्रदेश के वाराणसी में सोनिया रोड पर अपने नए बैंकिंग आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा करता है। इस लॉन्च के साथ, बैंक ने उत्तर प्रदेश में 223 बैंकिंग आउटलेट और देश भर में 1,095 आउटलेट खोल दिए हैं। सोनिया रोड, वाराणसी के निवासियों को बचत खाते, चालू खाते, सावधि जमा और आवर्ती जमा सहित बैंकिंग उत्पादों के व्यापक सेट से लाभ होगा। बैंक विभिन्न ऋण उत्पाद भी प्रदान करता है, जैसे कि आवास ऋण, व्यवसाय ऋण, संपत्ति के विरुद्ध ऋण, ऋण, बीमा और निवेश उत्पाद। बैंक का बुनियादी ढांचा, डिजिटल बैंकिंग क्षमताएं और एटीएम नेटवर्क एक सहज बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित करते हैं। विस्तार पर टिप्पणी करते हुए, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री गोविंद सिंह ने कहा, सोनिया रोड, वाराणसी में हमारे नए बैंकिंग आउटलेट का उद्घाटन उत्तर प्रदेश में वित्तीय समावेशन को बढ़ाने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। वाराणसी, अपनी आध्यात्मिक विरासत और सांस्कृतिक विरासत के लिए प्रसिद्ध शहर, छोटे व्यवसायों और कारीगरों के लिए भी एक संपन्न केंद्र है। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के मुख्यालय के रूप में, यह हमारी यात्रा में एक विशेष स्थान रखता है। यहां अनुरूप वित्तीय समाधान पेश करके, हमारा उद्देश्य व्यक्तियों को सशक्त बनाना, स्थानीय उद्यमों का समर्थन करना और क्षेत्र की सामाजिक-आर्थिक प्रगति में योगदान देना है।

# यामाहा के टू-व्हीलर्स अब मिलेंगे 10 साल की 'टोटल वारंटी' के साथ विश्वसनीयता का नया मानक



इंडिया यामाहा मोटर प्रा. लि. (आईवायएम) ने भारत में अपने 40 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आज देश में बनी अपनी सभी मोटरसाइकिलों और स्कूटर्स पर 10 साल की 'टोटल वारंटी' शुरू करने की घोषणा की है। यह पहल यामाहा की प्रीमियम ब्रैंड रणनीति का एक अहम हिस्सा है, जिसका उद्देश्य ग्राहकों को बेहतर गुणवत्ता, दीर्घकालिक भरोसा और पूरी मानसिक शांति देना है।

नई टोटल वारंटी में 2 साल की स्टैंडर्ड वारंटी और 8 साल की एक्स्टेंडेड वारंटी शामिल है। इसमें इंजन, इलेक्ट्रिकल पार्ट्स और फ्यूल इंजेक्शन (एफआई) सिस्टम जैसी महत्वपूर्ण चीजें कवर की जाएंगी। इसके तहत यामाहा की हाइब्रिड स्कूटर्स रेंज और मैक्सी-स्पोर्ट्स Aerox 155 Version S पर 1,00,000 किलोमीटर तक का कवरेज मिलेगा, जबकि भारत में बनी मोटरसाइकिल रेंज (FZ सीरीज, R15 और MT-15) को 1,25,000 किलोमीटर तक कवर किया जाएगा। कंपनी इस उपलब्धि का जश्न मनाते हुए सीमित समय के लिए सभी नए ग्राहकों को यह टोटल वारंटी बिना किसी अतिरिक्त खर्च के दे रही है। बाद में यह सुविधा एक नाममात्र शुल्क पर उपलब्ध रहेगी। यह कदम यामाहा की अपने उत्पादों की गुणवत्ता और लंबे समय तक साथ निभाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यामाहा की यह टोटल वारंटी पूरी तरह ट्रांसफर भी किया जा सकता है, यानी वाहन के मालिक बदलने पर भी यह लागू रहेगी। इससे यामाहा वाहनों की रीसेल वैल्यू भी बढ़ती है और यह ब्रैंड की इंजीनियरिंग और टिकाऊपन पर भरोसे को मजबूत बनाता है। यह सिर्फ एक वारंटी नहीं, बल्कि ग्राहकों के साथ लंबे और भरोसेमंद रिश्ते बनाने की कंपनी की सोच का प्रतीक है। इस पहल का मकसद है कि ग्राहक पूरे स्वामित्व के दौरान खुद को अधिक सुरक्षित और संतुष्ट महसूस करें। 10 साल की यह टोटल वारंटी स्वामित्व लागत को कम करती है, सर्विस अनुभव को बेहतर बनाती है और लंबे समय तक निश्चिंत राइडिंग का भरोसा देती है।

बीते चार दशकों में यामाहा ने खुद को भारत में एक भरोसेमंद मोबिलिटी ब्रैंड के रूप में स्थापित किया है, जो परफॉर्मेंस, स्टाइल और एडवांस टेक्नोलॉजी का बेहतरीन मेल पेश करता है।

## टाटा मोटर्स और वर्टेलो ने इलेक्ट्रिक कमर्शियल वाहनों के लिए आकर्षक लीजिंग समाधान पेश करने के लिए किया एमओयू



**मुंबई।** भारत की सबसे बड़ी कमर्शियल वाहन निर्माता कंपनीटाटा मोटर्सने विशेष इलेक्ट्रिक मोबिलिटी समाधान प्रदातावर्टेलोके साथ एकसमझौता ज्ञापन (एमओयू)पर हस्ताक्षर किए हैं। इसका उद्देश्य देशभर में ग्राहकों के लिए इलेक्ट्रिक कमर्शियल वाहनों को और अधिक सुलभ बनाना है। इस साझेदारी के तहत, वर्टेलो फ्लीट मालिकों को कस्टमाइज्ड लीजिंग समाधान देगा, जिससे वे बिना रुकावट इलेक्ट्रिक और स्थायी परिवहन की ओर बढ़ सकें। यह समाधान टाटा मोटर्स के पूरे इलेक्ट्रिक कमर्शियल वाहन पोर्टफोलियो पर लागू होंगे।

इस साझेदारी की घोषणा करते हुएटाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स के वाइस प्रेसिडेंट और बिजनेस हेड - ट्रक्स, श्री राजेश कौलने कहा, टाटा मोटर्स का उद्देश्य इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को सभी के लिए सुलभ बनाना है। वर्टेलो के साथ यह सहयोग हमारे आधुनिक इलेक्ट्रिक वाहनों को ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों तक पहुंचाएगा। इससे न केवल पर्यावरण-अनुकूल परिवहन को अपनाने की रफ्तार बढ़ेगी, बल्कि देश में एक मजबूत ईवी ईकोसिस्टम को भी मजबूती मिलेगी।

वर्टेलो के सीईओ श्री संदीप गंभीरने कहा, हम टाटा मोटर्स के साथ साझेदारी करके बसों, ट्रकों और मिनी ट्रकों जैसी इलेक्ट्रिक गाड़ियों को तेजी से अपनाने में सहयोग कर रहे हैं। यह सहयोग विशेष लीजिंग समाधानों और टिकाऊ परिवहन को बढ़ावा देगा, जिससे कमर्शियल वाहन ऑपरेटरों के लिए इलेक्ट्रिक मोबिलिटी एक स्वाभाविक विकल्प बन सकेगा।

# वजन कम करना चाहते हैं तो स्नैकिंग के हेल्दी विकल्पों को अपनाएंः डॉ रोहिणी पाटिल, एमबीबीएस एवं न्यूट्रिशनिस्ट

खाने के बीच भूख लगना उन लोगों के लिए परेशानी हो सकता है जो वजन कम करना चाहते हैं। इस भूख के दौरान हमें अक्सर ऐसी चीजें खाने का मन करता है जो सेहत के लिए अच्छी नहीं होतीं, जिससे वजन कम करने का लक्ष्य बिगड़ सकता है। लेकिन सही तरीके से नाश्ता करने से वजन कम करने में मदद मिल सकती है। डॉ. रोहिणी पाटिल (एमबीबीएस और न्यूट्रिशनिस्ट) कहती हैं कि बादाम, फल और सब्जियां जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थ सही मात्रा में खाने चाहिए। स्नैकिंग के ये स्मार्ट विकल्प न केवल भूख को शांत करते हैं, बल्कि जरूरी पोषक तत्व भी देते हैं जो आपको एनर्जी से भरपूर रखती हैं और आपको संतुष्टि भी मिलती है। डॉ. पाटिल कहती हैं कि नाश्ता करना समस्या नहीं है, बल्कि हम क्या और कितना खाते



हैं, यह मायने रखता है। सही पोषक तत्वों के संतुलन के साथ चुने गए नाश्ते से सेहत के लक्ष्यों को बनाए रखा जा सकता है और खाने का आनंद भी लिया जा सकता है।

यहां कुछ सेहतमंद नाश्ते के विकल्प दिए गए हैं जो आपको तृप्त रखेंगे और वजन कम करने की राह पर मदद करेंगे।

1.मुट्ठी भर बादाम

बादाम में प्रोटीन, मैग्नीशियम, विटामिन ई और जिंक जैसे 15 जरूरी पोषक तत्व होते हैं। इनका कुरकुरा स्वाद भूख को शांत करता है। बादाम दिल, त्वचा के लिए अच्छे हैं, और इन्हें खाकर संतुष्टि का अहसास होता है। ये वजन नियंत्रण में मदद करते हैं।

डॉ. पाटिल ने खासतौर पर कैलिफोर्निया आमंड्स की सलाह दी है, जिनमें प्रोटीन, गुड फैट और फाइबर होते हैं, जो लंबे समय तक पेट भरा रखते हैं। इन्हें अकेले खाएं, स्मूदी में डालें, सलाद में मिलाएं या मसाले के साथ भूनें।

2. मूंग दाल चीला

नॉन-स्टिक पैन पर बिना तेल के बनाया गया मूंग दाल चीला वजन कम करने के लिए एक बढ़िया नाश्ता है। इसमें प्रोटीन और फाइबर होते हैं, जो भूख पर नियंत्रण रखते हैं और एनर्जी बनाए रखते हैं। डॉ. पाटिल सलाह देती हैं कि पालक, प्याज और टमाटर जैसी बारीक कटी सब्जियां डालकर इसे और पौष्टिक बनाएं। मूंग दाल में पोटैशियम, मैग्नीशियम, आयरन और कॉपर होते हैं, जो पाचन और दिल के लिए अच्छे हैं।

3. स्प्राउट्स भेल

मूंग और चना स्प्राउट्स से बनी इस क्रंची, खट्टी भेल को खाकर ना सिर्फ पेट भरता है बल्कि यह बेहद पौष्टिक होती है। इसमें खीरा, टमाटर, कच्चा आम और नींबू का रस मिलाकर बनाएं। इसमें फाइबर, विटामिन ए, सी, के और कैल्शियम, आयरन जैसे खनिज होते हैं।

इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, इसलिए यह ब्लड शुगर को स्थिर रखता है और एनर्जी बनाए रखता है। यह वजन नियंत्रण के लिए बेहतरीन है।

## एमपी बिरला सीमेंट ने उत्तर प्रदेश में पहले एक्सपीरियंस सेंटर का भव्य उद्घाटन किया



**गोंडा।** देश की अग्रणी सीमेंट निर्माण कंपनी एमपी बिरला सीमेंट ने आज तरबगंज, जिला गोंडा, उत्तर प्रदेश, में अपने अत्याधुनिक एक्सपीरियंस सेंटर का भव्य उद्घाटन किया। इस केंद्र का उद्देश्य ग्राहकों, आर्किटेक्ट्स, बिल्डरों और इंजीनियरों को सीमेंट और निर्माण से जुड़ी आधुनिक तकनीकों, गुणवत्ता और टिकाऊ निर्माण करने के लिए तकनीकी सहायता देना है।एमपी बिरला सीमेंट ने इस पहल के माध्यम से निर्माण उद्योग में पारदर्शिता, गुणवत्ता और नवाचार को बढ़ावा देने का संकल्प लिया है। कंपनी के सीएमओ कालीदास प्रमाणिक ने कहा, यह एक्सपीरियंस सेंटर हमारे ग्राहकों को केवल उत्पाद ही नहीं, बल्कि एक सम्पूर्ण समाधान और ज्ञान प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर कालीदास प्रमाणिक, प्रेसिडेंट (सेल्स) संजय भंडारी, रीजनल हेड अविनाश सिंह, तकनीकी सेवा प्रमुख अशिवानी प्रताप सिंह, ब्रांच हेड प्रकाश श्रीवास्तव, सेल्स प्रमोटर्स, डीलर, रिटेलर, इंजीनियर, ठेकेदार व उपभोक्ता उपस्थिति रहे। उद्घाटन समारोह के दौरान केंद्र के प्रमुख आकर्षणों जैसे भवन निर्माण का लेआउट, लागत, प्रोडक्ट डिस्प्ले, उत्पाद डेमोंस्ट्रेशन, निर्माण सामग्री की गुडवत्ता और वर्चुअल बिल्डिंग मॉडल का प्रदर्शन किया गया।

# ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 के दमदार नतीजों की घोषणा की



**लखनऊ।** भारत की अग्रणी इंटीग्रेटेड सप्लाई चेन और मल्टीमोडल लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाता कंपनी ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीसीआई) ने आज, 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष के वित्तीय नतीजों की घोषणा की है।

वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही के वित्तीय मुख्य बिंदु-

राजस्वः TCI ने 11,972 मिलियन का समेकित राजस्व दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 10,954 मिलियन की तुलना में 9.3% की वृद्धि दर्शाता है।

• EBITDA: कंपनी की ब्याज, कर, मूल्यह्रास और अमोर्टाइज़ेशन से पहले की आय 1,401 मिलियन रही, जो वित्तीय वर्ष 2024 में 1,259 मिलियन की तुलना में 11.3त्न अधिक है।

कर पश्चात लाभ: PAT 11.4% बढ़कर 1,151 मिलियन हो गया, जबकि पिछले वर्ष यह ? 1,033 मिलियन था।

बहुआयामी प्रदर्शन अंतर्दृष्टियों को संक्षेप में प्रस्तुत करते हुए, टीसीआई के प्रबंध निदेशक श्री विनीत अग्रवाल ने कहा- वित्त वर्ष 2025 टीसीआई के लिए प्रणालीगत विकास का वर्ष रहा है। वैश्विक अनिश्चितताओं और आपूर्ति श्रृंखलाओं की बदलती परिस्थितियों के बावजूद, हमारे मल्टीमोडल एकीकरण, स्थिरता और डिजिटलीकरण पर केंद्रित दृष्टिकोण ने हमारी प्रगति को निर्णायक वेग प्रदान किया है।÷

हम त्वरित वाणिज्य, रिटेल और कंज़्यूमर ड्यूरेबल्स क्षेत्रों में उपभोग-आधारित वेयरहाउसिंग की मांग को मापते रहे हैं, तथा बल्क गुड्स, भारी मशीनरी और बड़े उपकरणों के लिए भी हमने अपनी विशेष लॉजिस्टिक्स और मल्टीमोडल समाधान क्षमताओं को सुदृढ़ किया है। रेल और तटीय परिवहन में स्मार्ट संसाधनों का यथोचित उपयोग करते हुए, हमने उच्च क्षमता वाले 40-फुट, 40-टन कंटेनरों, फिक्स्ड चेसिस यूनिट्स और द्रुस्ह कंटेनरों के साथ अपनी संचालन क्षमता और विस्तारशीलता को बढ़ाया है।

संधारिता हमारे नवाचार रोडमैप का अभिन्न हिस्सा है, जो हमारे बेड़े में ईवी और एलएनजी ट्रकों के अवशोषण और नवीकरणीय ऊर्जा से संचालित वेयरहाउसिंग द्वारा रेखांकित है।

## बालू फोर्ज ने मार्च तिमाही और वित्त वर्ष 2024-25 के वित्तीय नतीजों की घोषणा की

**लखनऊ।** प्रीसिशन इंजीनियरिंग और विनिर्माण मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र की अग्रणी कंपनी बालू फोर्ज इंडस्ट्रीज लिमिटेड कंपनी या बीएफआईएल ने 14 मई, 2025 को आयोजित अपने निदेशक मंडल बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक में 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही और वित्त वर्ष के लिए अपने ऑडिटेड एकीकृत वित्तीय परिणामों (कॉन्सॉलिडेटेड फाइनेंशियल रिजल्ट्स) को मंजूरी दी।कंपनी के प्रदर्शन को लेकर बीएफआईएल के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर तृमाण चंडोक ने कहा, हमें वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही और पूरे वित्त वर्ष में मजबूत प्रदर्शन की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। वित्त वर्ष 2024-25 में हमारा राजस्व बढ़कर 924 करोड़ रुपये पर पहुंच गया जो कंपनी के इतिहास में अब तक का सर्वाधिक राजस्व है। यह आंकड़ा वित्त वर्ष 2023-24 में 560 करोड़ रुपये के कुल राजस्व की तुलना में 65 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि को दिखाता है। हमारे प्रमुख कारोबार में स्थिर मांग के साथ-साथ रक्षा, एयरोस्पेस और रेलवे जैसे उभरते क्षेत्रों के उल्लेखनीय योगदान से वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में हमारा राजस्व 270 करोड़ रुपये पर रहा। अगर पूरे वित्त वर्ष की बात की जाए तो ईबीआईटीडीए 110.8 प्रतिशत के उछाल के साथ 251 करोड़ रुपये पर पहुंच गया जिससे मार्जिन में उल्लेखनीय सुधार हुआ और शुद्ध लाभ बढ़कर 204 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो हमारी परिचालन दक्षता और मजबूत क्रियान्वयन को दर्शाता है। यह प्रदर्शन परिचालन का विस्तार करने, विनिर्माण क्षमताओं का लाभ उठाने और विभिन्न उद्योगों में अपने कारोबार में विविधता लाने की हमारी क्षमताओं को दिखाता है।रक्षा, एयरोस्पेस और रेलवे जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लक्ष्य के साथ अपनी विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने और अपनी टेक्नोलॉजी को और उन्नत करने के लिए वित्त वर्ष 2024-25 में हमने अहम पूंजीगत व्यय किया।

## एशिया का सबसे बड़ा टेडी इंस्टॉलेशन बना लखनऊ की शान

**लखनऊ।** फ़ीनिक्स पलासियो में आज शाम को एक खास नज़ारा देखने को मिला, जब ÷बियर ऑन अ रोल÷ का शानदार उद्घाटन किया गया। यह टेडी बियर कोई आम बियर नहीं, बल्कि एशिया का सबसे बड़ा और सबसे कूल टेडी इंस्टॉलेशन है, जिसने बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी का दिल जीत लिया।

इस खास मौके पर मशहूर एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने इंस्टॉलेशन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह अनोखा आर्टवर्क देखकर बचपन की यादें ताज़ा हो गईं। उन्होंने खुद भी इस बड़े से, रंग-बिरंगे और एनर्जी से भरपूर टेडी बियर के साथ फोटो क्लिक करवाए, जिससे वहां मौजूद फैन्स भी काफी उत्साहित नज़र आए।

बियर ऑन अ रोल एक ऐसा डेकोर है जो रेट्रो स्ट्रीट कल्चर से प्रेरित है। मॉल के बीचों-बीच लगा यह विशाल टेडी है और ऐसा लगता है जैसे वो अभी नाचने-गाने लगेगा। इसकी डिज़ाइन, रंग और मूवमेंट हर किसी को अपनी तरफ खींचते हैं।



यह इंस्टॉलेशन सिर्फ एक शो-पीस नहीं बल्कि एक ऐसी जगह है जहां लोग मस्ती कर सकें, यादें बना सकें और खूब सारी सेल्फीज़ ले सकें।

फीनिक्स मिल्स के सीनियर सेंटर डायरेक्टर श्री संजीव सरीन ने कहा कि हम हमेशा अपने विजिटर्स को कुछ नया और यादगार देने की कोशिश करते हैं। 'बियर ऑन अ रोल' न सिर्फ बच्चों के लिए, बल्कि हर उम्र के लोगों के लिए एक मज़ेदार और इंटरएक्टिव अनुभव है। हमें खुशी है कि लोगों ने इसे इतना पसंद किया और इसने मॉल की रौनक बढ़ा दी। लॉन्च इवेंट के दौरान मॉल में ज़बरदस्त भीड़ देखी गई और सभी ने इस नए इंस्टॉलेशन को सराहा। आने वाले दिनों में यह डेकोर मॉल का सबसे बड़ा अट्रैक्शन बनने जा रहा है।

## टाइटेनियम ग्लास टेक लिमिटेड की दूसरी यूनिट का उद्घाटन



**लखनऊ।** प्रदेश सरकार की उद्योग नीति के तहत लखनऊ के निगोहा में टाइटेनियम ग्लास टेक लिमिटेड की दूसरी यूनिट का भव्य उद्घाटन मंत्री राजस्व रवींद्र जायसवाल एवं एमएसएमई कैबिनेट मंत्री राकेश सचान द्वारा किया गया उन्होंने फैक्ट्री में मशीन को स्टार्ट करके शुभारंभ किया। हरिद्वार से आए महंत संतोष आनंद महाराज ने फैक्ट्री प्रांगण में ही बनाए गए हनुमान मंदिर का उद्घाटन एवं प्राण प्रतिष्ठा किया. कंपनी के डायरेक्टर राजीव जायसवाल ने बताया कि वह पहले चीन से इस बिजनेस को ऑपरेट कर रहे थे लेकिन सरकार की आसान उद्योग नीति के तहत उन्होंने लखनऊ के निगोहा क्षेत्र में कंपनी की दूसरी यूनिट डालने का फैसला किया .उन्होंने बताया कि कंपनी में करीब 500 लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे .राजस्व मंत्री रविंद्र जायसवाल ने कहा कि vocal for local को और बुलंद करने के लिए सरकार ने सब्सिडी की व्यवस्था की है .एमएसएमई कैबिनेट मंत्री राकेश राकेश सचान ने कहा कि हमारा उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा स्टार्टअप शुरू करवा कर प्रधानमंत्री मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पांच ट्रिलियन इकोनामी के सपने को साकार करना है।

# एक्सपर्ट ने दी चेतावनी, ज्यादा कैफीन, चीनी और MSG से बच्चों के दिमाग को हो सकता है नुकसान




**लखनऊ।** बच्चों के खाने में प्रोसेस्ड चीजें और तेज़ असर करने वाले पदार्थों का बढ़ता इस्तेमाल चिंता की बात है। डॉक्टरों का कहना है कि कैफीन, ज्यादा चीनी और एमएसजी एक स्वाद बढ़ाने वाला पदार्थ बच्चों के दिमाग के विकास को नुकसान पहुंचा सकते हैं। छोटे बच्चों का दिमाग तेजी से बढ़ता है, और अगर वे ऐसी चीजें खाते हैं तो यह उनके सोचने, समझने और भावनाओं पर बुरा असर डाल सकता है। कैफीन एक ऐसा पदार्थ है जो सॉफ्ट ड्रिंक, एनर्जी ड्रिंक, पैकेज्ड स्नैक्स और कुछ प्रकार के चॉकलेट में पाया जाता है। यह हमारे दिमाग और नसों को तेज़ करने का काम करता है। बच्चों के लिए इसका असर और भी भयानक हो सकता है। रीजेंसी हेल्थ लखनऊ के पीडियाट्रिशियन डॉ अम्मार जावेद ने कहा, थोड़ी मात्रा में कैफीन नुकसानदायक नहीं लगती, लेकिन छोटे बच्चों के बढ़ते दिमाग पर यह नींद खराब कर सकती है, घबराहट बढ़ा सकती है और दिमागी विकास में रुकावट डाल सकती है। अगर बच्चे बार-बार कैफीन लेते हैं, तो उन्हें इसकी आदत लग सकती है। फिर जब वे इसे न लें, तो सिरदर्द, थकान और चिड़चिड़ापन जैसे लक्षण दिख सकते हैं। सिर्फ नींद खराब होना भी बच्चों की याददाश्त, ध्यान लगाने की ताकत और भावनाओं को संभालने की क्षमता को कमजोर कर सकता है।

चीनी को अक्सर बच्चों को इनाम या ट्रीट के रूप में दिया जाता है, लेकिन यह भी अपने साथ कई तरह के खतरे लाती है। अध्ययनों से पता चला है कि ज्यादा चीनी खाने से बच्चों में चंचलता, मूड बदलना और सोचने-समझने की शक्ति में कमी आ सकती है। मीठी चीजें खाने से खून में शुगर का स्तर ऊपर-नीचे होता रहता है, जिससे बच्चों के व्यवहार में बदलाव आ सकता है, पढ़ाई में ध्यान कम लग सकता है और डिप्रेशन या घबराहट जैसी मानसिक परेशानियों का खतरा बढ़ सकता है। समय के साथ बहुत ज्यादा चीनी मोटापा, टाइप 2 डायबिटीज़ और दांतों की समस्याएं भी ला सकती है। ये सभी बच्चों के शरीर और दिमाग पर और बुरा असर डालती हैं।

MSG (मोनोसोडियम ग्लूटामेट) एक स्वाद बढ़ाने वाला पदार्थ है जो कई फास्ट फूड और पैकेज्ड खाने की चीजों में पाया जाता है। इसे लेकर चिंता इसलिए है क्योंकि यह दिमाग के लिए नुकसानदायक हो सकता है। जानवरों पर हुई रिसर्च और कुछ नए डेटा बताते हैं कि एमएसजी दिमाग की नसों को जरूरत से ज़्यादा उत्तेजित कर सकता है, जिससे वे कमजोर हो सकती हैं और दिमाग के वो हिस्से प्रभावित हो सकते हैं जो सीखने और याद रखने का काम करते हैं। बढ़ते हुए दिमाग के लिए ऐसे पदार्थ (जिन्हें एक्साइटोटॉक्सिन कहा जाता है) और भी ज्यादा नुकसानदायक हो सकते हैं। हालांकि इंसानों पर और रिसर्च की ज़रूरत है, लेकिन अब तक की जानकारी काफी चिंताजनक है, इसलिए सावधानी बरतना जरूरी है।

डॉ. अम्मार जावेद ने माता-पिता से कहा है कि वे बच्चों को जो खाना दे रहे हैं, उसकी जानकारी अच्छे से लें और खाने की पैकेजिंग पर लिखे लेबल ध्यान से पढ़ें। उन्होंने कहा कि बच्चों का खाना ऐसा होना चाहिए जो उनके विकास में मदद करे, न कि उसे रोक दे।

## जीरो पेस्टिसाईड रेज़िड्यू एलमंड्सः बादाम की श्रेणी में नया इनोवेशन




**लखनऊ।** पिछले कुछ सालों में लोग अपने आहार को लेकर काफी सावधान हो गए हैं। बदलती जीवनशैली और ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों के बीच बादाम की श्रेणी में भी इनोवेशन हो रहा है। नए लॉन्च किए गए बोर्जेस जीरो पेस्टिसाईड रेज़िड्यू (जैडपीआर) एलमंड्स की लोकप्रियता ग्राहकों के बीच बढ़ रही है क्योंकि ये स्नैक्स का एक माइंडफुल विकल्प हैं।

बोर्जेस जीरो पेस्टिसाईड रेज़िड्यू (जैडपीआर) एलमंड्स में पेस्टिसाईड के अवशेष प्रति किलोग्राम 0.01 मिलीग्राम से कम या 0.01 पीपीएम हैं, जो एक स्वतंत्र यूरोपियन लैब द्वारा प्रमाणित मानक है। ग्राहक इसकी पुष्टि पैक पर दिए गए एक क्यूआर कोड को स्कैन करके कर सकते हैं। बैच नंबर डालने पर उन्हें सर्टिफिकेट मिल जाता है।

बोर्जेस इंडिया ने भारत में ग्राहकों की विकसित होती हुई जरूरतों को पूरा करने के लिए जैडपीआर एलमंड्स बाजार में उतारे हैं। स्वच्छ और पोषक आहार की बढ़ती मांग के साथ बोर्जेस जैडपीआर एलमंड्स भारत में स्नैक का अद्वितीय विकल्प प्रदान करके इस मांग को पूरा कर सकते हैं। ये बादाम स्पेनिश ओरिजिन के है और अपनी नेचुरल मिठास के लिए विख्यात है। साथ ही ये बादाम हल्के भुने हुए और कुरकुरे हैं और इनका स्वाद बहुत ही अच्छा है।

बोर्जेस ऐसे उत्पाद पेश करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो ग्राहकों के लिए उपयोगी हों, ऐसे उत्पाद, जो क्वालिटी, स्वास्थ्य और सस्टेनेबिलिटी को प्राथमिकता देते हों। जैडपीआर एलमंड्स सहित बोर्जेस के सभी उत्पाद लोगों को अपने दैनिक जीवन में ज्यादा समझदार और सेहतमंद विकल्प चुनने में मदद करने के लिए बनाए गए हैं।

# जश्न मनाना ठीक नहीं, देश की सीमाओं को सुरक्षित रखने के लिए कारगर कदम उठाए सरकार : अखिलेश यादव

- जश्न जीत का होना चाहिए, सीज का नहीं
- कानून और संविधान को नहीं मानती योगी सरकार

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव गुरुवार को जिले में सपा नेता जहूर अहमद और सपा जिलाध्यक्ष राम उदित यादव के घर आयोजित वैवाहिक आयोजनों में शामिल हुए।

अखिलेश यादव ने शादी के बंधन में जुड़कर नयी जिंदगी की शुरुआत करने वाले नवयुगलों को बधाई, आशीर्वाद और शुभकामनाएं दीं।

अमेठी दौरे के दौरान मीडिया से बातचीत में अखिलेश यादव ने भाजपा और डबल इंजन सरकार को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा का चाल, चरित्र और चेहरा मध्यप्रदेश से ही नहीं उजागर हुआ है, इसके पहले बलिया और बिहार में भी इसके नेता महिलाओं के प्रति अभद्र व्यवहार का प्रदर्शन कर चुके हैं। भाजपा के लोग नारी वंदन की बात तो करते हैं परंतु महिलाओं की सुरक्षा और नारी शक्ति के सम्मान के बारे में गंभीर नहीं रहते। आपरेशन सिंदूर को लेकर भारत सरकार की कार्रवाइयों का उल्लेख किया और कहा कि भाजपा और सरकार जश्न मना रही है। जश्न जीत का होना चाहिए सीज का नहीं। भारत एक शांति प्रिय देश है किंतु हमारी सम्प्रभुता भी अक्षुण्ण रहनी चाहिए। देश की सीमाएं जितना सुरक्षित रहेंगी, उतना ही भारत आगे बढ़ेगा। भारतीय सेना की आपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सरकार की ब्रीफिंग करने वाली मुस्लिम महिला प्रवक्ता के विरुद्ध भारतीय जनता पार्टी के एक वरिष्ठ मंत्री की टिप्पणी हास्यास्पद और निंदनीय है। भाजपा के लोग नारी वंदन और नारी शक्ति के सम्मान की बात तो करते हैं, परंतु कभी गंभीर नहीं रहते, इसके पहले भी कई बार इनका चेहरा उजागर हो चुका है। सपा से चुने गए जिले के एक विधायक के सभाजपा के साथ जाने और सरकार के गुणगान के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा अमेठी में गुमशुदा है। जब भारतीय जनता पार्टी अपनी ही सगी नहीं है तो यह जो दल बदलू एहसान फरामोश, लोग है, उनकी क्या सगी होगी। वैसे भी अब ऐसे लोगों को किसी भी दल से टिकट नहीं मिलने वाला।दल बदल के बाद कार्रवाई स्पीकर को करनी है।इस सरकार के लोग संविधान और कानून नहीं मानते हैं।

दोनों वैवाहिक कार्यक्रमों में सपा के मुखिया से मुलाकात करने और गुलदस्ते भेंटकर उनका स्वागत करने और साथ में फोटो खिंचवाने के लिए सपा नेताओं की लम्बी कतार देखी गई। सपा मुखिया ने भारत सरकार से देश की सीमाओं को सुरक्षित रखने और कारोबार बढ़ाकर आर्थिक स्थिति मजबूत करने हेतु कारगर कदम उठाने की मांग की।

### भाले सुल्तान शहीद स्मारक स्थल पर नहीं रूके अखिलेश, भाजपाइयों ने किया विरोध प्रदर्शन

**मुसाफिरखाना।** अमेठी दौरे के दौरान गुरुवार को तमाम सपा कार्यकर्ताओं ने शहीद स्मारक स्थल भाले सुल्तान पर अखिलेश यादव के स्वागत का इंतजाम किया था। अखिलेश यादव सीधे सपा जिलाध्यक्ष राम उदित यादव के गांव चले गए। शहीद स्मारक स्थल पर नहीं रूके। भाजपा के स्थानीय नेताओं ने इसे मुद्दा बनाकर विरोध प्रदर्शन किया और सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर महापुरुषों का अपमान करने के आरोप लगाए।

## आगजनी के शिकार हुए पीड़ित परिवार को दी आर्थिक मदद



पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देते हाटा विधायक

अवधनामा संवाददाता

**हाटा, कुशीनगर।** नगर पालिक परिषद हाटा के वार्ड नं. 22 निवासी चना देवी पत्नी स्व. राजवली राजभर के पुत्री की 15 मई 2025 को शादी का कार्यक्रम सुनिश्चित था, लेकिन एक दिन पूर्व हुए भीषड़ आगजनी में घर का सारा समान फूंककर खाक हो गया। राजभर परिवार पर दुख का सैलाब टूट पड़ा। इस बात की जानकारी हाटा विधायक मोहन वर्मा को हुई तत्काल मौके पर पहुंचकर देखा तो दुखी हुए। चारों तरफ घर जला हुआ बिखरा सामान पड़ा था। परिवारजनों का रो रो के बुरा हाल था। शादी की चिंता और घर फूंकने का मलाल था, ये देख सुन लोगों के रूह कांप जा रहा था। बेटी की हाथ पीले हो इसके लिए विधायक ने अपनी तरफ से शादी में देने के लिए आवश्यक समान का तथा आर्थिक मदद किया और भरोसा दिलाया में हमेशा पीड़ित परिवार के साथ खड़ा हूं और रहूंगा। हाटा विधायक ने मौके पर तहसीलदार हाटा को आगजनी की स्थिति से अवगत कराते हुए सरकार से मदद दिलाने एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए कहा जिसमें तहसीलदार हाटा ने सरकार द्वारा हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

## 814 किमी लम्बाई में सम्पर्क मार्गों के निर्माण, मरम्मत और नवीनीकरण को डीएम ने शासन को भेजा प्रस्ताव

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में सड़कों और पुलों के निर्माण, नवीनीकरण और विशेष मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभाग ने 1543.54 करोड रु की कार्ययोजना तैयार की है। विधायकों और जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों के आधार पर तैयार कार्य योजना को डी एम संजय चौहान ने प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को अग्रेतर कार्यवाही के लिए भेजा है। अब जिले में 150 से अधिक आबादी की सभी बसावटों तक पक्के ग्रामीण मार्गों का निर्माण कराया जाएगा। सड़कों और सम्पर्क मार्गों की कुल प्रस्तावित लम्बाई 814किमी से अधिक है। विकास भवन के सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार डी एम संजय चौहान,सी डी ओ सूरज पटेल और अधिशासी अभियंता इंजीनियर रमेश चंद्र, इंजीनियर शैलेन्द्र कुमार के संयुक्त हस्ताक्षर के साथ प्रस्तावित कार्ययोजना को प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग को भेजी गई है।



अब 150 से अधिक आबादी के सभी गांवों तक बनेंगी पक्की सड़कें

## नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री करेंगे विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा 16 मई, 2025 को जनपद देवरिया में विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग करते हुए नगर विकास विभाग की योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे। मंत्री श्री शर्मा दोपहर 3:30 बजे पथरदेवा स्थित शिव मंदिर में नगर पंचायत पथरदेवा की योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे। इसके पश्चात अपराह्न 4:30 बजे प्राथमिक विद्यालय, कनकपुरा (देवरिया) में नगर पंचायत तरकुलवा की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। शाम 5:30 बजे हेतिमपुर छठ घाट पर परास खाड़ तटबंध के सुरक्षात्मक कार्यों का लोकार्पण एवं हेतिमपुर नगर पंचायत में पर्यटन विभाग की योजनांतर्गत निर्मित राम जानकी मठ का शिलान्यास करेंगे।



## बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से प्रशिक्षित हुए डॉक्टर कन्हैया लाल गुप्ता व अन्य शिक्षक



**भाटपार रानी, देवरिया अवधनामा संवाददाता।** मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण पटना ने दो दिवसीय राज्य स्तरीय मास्टरट्रेनिंग का आयोजन चंद्रगुप्त प्रबंध संस्थान पटना में संचालित कर रहा है। आयोजन में वरीय सलाहकार अशोक कुमार शर्मा,विनय कुमार आप्त सचिव , संचालिका डॉ ममता शर्मा, कुमारी सोनालिका और पंकज सुमन आदि प्रमुख हैं। प्रशिक्षण के उद्देश्य एवं मास्टर ट्रेनर्स के गुणों पर अशोक कुमार शर्मा, आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन पर डॉ उदय कुमार उज्वल एसपीओ- बीईपीसी, मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम की रुपरेखा श्री विनय कुमार, सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम की रूपरेखा एवं हाजार्ड हंट,बाल अ डधिकार ,बालशोषण तथा बाल छेड़छाड़ ममता शर्मा, विद्यालय आपदा प्रबंधन योजना एवं समिति की प्रक्रिया एवं जलवायु परिवर्तन, साइबर सुरक्षा पंकज कुमार सुमन, प्राकृतिक आपदाओं के संबंध में जानकारी और मानवजनित आपदाओं के संबंध में जानकारी, स्वास्थ्य संबंधी आपदाओं से सुरक्षा, समूह कार्य एवं प्रस्तुतिकरण, सुश्री सोनालिका मॉकड्रिल (भूकंप, अगलगी, वज्रपात) एवं प्राथमिक उपचार एसडीआरएफ टीम की प्रस्तुति सराहनीय रही। इस कार्यक्रम में धीरेन्द्र कुमार मिश्र, विनय कुमार सिंह, कुमार सौरभ, श्री कांत सिंह, रश्मिबाला बर्नवाल, मंताशा परवीन आदि प्रशिक्षित हुए।

## प्रदेश सरकार के मंशा के अनुरूप नगर में प्याऊ की व्यवस्था

**भाटपार रानी, देवरिया।** प्रचंड गर्मी को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार की मनसा के अनुरूप नगर पंचायत भाटपार रानी में प्याऊ की व्यवस्था नगर पंचायत अध्यक्षया के द्वारा की गई जिसमे की नगर पंचायत के कर्मियों नरेंद्र कुशवाहा अजय आर्य सहित अन्य कर्मचारियों के द्वारा नगर के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर टोटी वाले मटका में पानी रखा गया जिंससे की नगरवासियों व राजगीरों की पेयजल संकट से निजात दिलाया जा सके इस बावत नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रेमलता गुप्ता व अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय कुमार गुप्त ने बताया कि सरकार की मनसा के अनुरूप यह व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है और आने वाले समय में जो भी योजनाएं सरकार की मनसा के अनुरूप होगी वह जनता के लिए मुहैया कराई जाएगी। क्योंकि जनता का हित सर्वोपरि है, नगर में कुल 6 टोंटी वाले मटके रखे गए हैं।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **09.06.2025 को 15.00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नही किये जायेगे।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | 05402025 दिनांक 14.05.2025 | | |
| निविदा संख्या | 08/Sr.DEN-VI/LKO/2025-26 | | |
| कार्य का नाम | वरि. मण्डल इंजीनियर/VI/लखनऊ के अधिकार के क्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर–उन्नाव के अन्तर्गत डीएमडब्ल्यू–ओएन सेक्शन में एलसी संख्या 70/सी, 75/सी, 103/सी, 116/सी और 119/सी (कुल–05) के बदले आरयूबी का प्रावधान का कार्य। | | |
| अनुमानित लागत | Rs.25,67,91,324.21 | धरोहर राशि | Rs. 14,34,000.00 |
| कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह। | | |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 26.05.2025 | | |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 09.06.2025 15:00 बजे | | |
| वेबसाईट | www.ireps.gov.in | | |

नोटः– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1433/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला कारागार का किया गया निरीक्षण

**रायबरेली।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली राजकुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा जिला कारागार, रायबरेली का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव द्वारा जिला कारागार की महिला बैरक, चिकित्सालय व लीगल ऐड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा दौरान निरीक्षण बन्दियों से उनके पास अधिवक्ता उपलब्धता के सम्बन्ध में व जिसकी जमानत न्यायालय से होने के बाद भी जमानतदार न दाखिल होने के कारण रिहाई नहीं हो सकी हो के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी। निरीक्षण उपरांत महिला बन्दियों के विधिक अधिकार विषय् पर विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन महिला बैरक में किया गया।

## नौनिहालों को अच्छी शिक्षा दें, अभिभावक का विश्वास कायम रखना शिक्षकों की पहली जिम्मेदारी

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी/संग्रामपुर।** जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संग्रामपुर की क्षेत्रीय इकाई का त्रिवार्षिक अधिवेशन, चुनाव और शिक्षा उन्नयन गोष्ठी का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय जरौटा के प्रांगण में हुआ। अधिवेशन में कार्यकारिणी के सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन सम्पन्न हुआ। अवधेश कुमार मिश्र अध्यक्ष और यदुनाथ यादव एक बार फिर तीन वर्षों के लिए अध्यक्ष और मंत्री चुने गए हैं।

अधिवेशन में पर्यवेक्षक के रूप में वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयराम कनौजिया उर्फ वेतन एक्सप्रेस, और अमेठी विकास खंड के अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह मौजूद रहे। अधिवेशन में शिक्षकों को ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करते हुए नौनिहालों के अच्छे भविष्य का निर्माण करने और अभिभावकों में विश्वास कायम रखने के संदेश दिए गए। नव निर्वाचित कार्यकारिणी कोषाध्यक्ष -वीरेन्द्र प्रताप कनौजिया वरिष्ठ उपाध्यक्ष -नन्हें लाल उपाध्यक्ष -कल्पना सिंह रमेश चौहान संयुक्त मंत्री -वर्षा सिंह संयुक्त मंत्री -राम हर्ष संयुक्त मंत्री -कर्मवीर चक्रवर्ती लेखाकार -राम प्रकाश आय व्यय निरीक्षक -संतराम मौर्य जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अब्दुल रसीद ने शिक्षकों को समय से विद्यालय जाने, शिक्षक डायरी के साथ कक्षा शिक्षण के लिए सचेत किया और कहा कि सरकार शिक्षकों से मल्टी बैरल मिसाइल के रूप में काम ले रही है। शिक्षक समुदाय और अभिभावकों के बीच विश्वास कायम रखें, भ्रष्ट अधिकारियों से डरने की जरूरत नहीं, संगठन हर लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी और वित्त लेखाधिकारी कार्यालय की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए और कहा कि जिसने शिक्षकों की एरियर की धनराशि को लूटा है, वहीं जांच अधिकारी बनाया गया है। शिक्षकों को परेशान करने के लिए कई फर्जी शिकायतें कराई गई हैं।

## मोतीचक के पूर्व खंड शिक्षाधिकारी को शिक्षक संघ ने दी विदाई



विदाई समारोह में फूल माला पहनाकर स्वागत करते शिक्षक

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** मोतीचक के खंड शिक्षा अधिकारी रहे राजेश कुमार का स्थानांतरण हो जाने से गुरुवार को जूनियर शिक्षक संघ, प्राथमिक शिक्षक संघ एवं मिशन शिक्षण संवाद टीम ने भावभीनी विदाई दी। इसके उपरांत नवागत खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश नारायण मिश्र का स्वागत भी किया गया। इस मौके पर बीईओ राजेश अपने कार्यकाल को याद करते हुए काफी भावुक हुए। सभी शिक्षकों ने उन्हें उपहार देकर विदा किया। विकास खंड के सभी अध्यापक उन्हें विदा करते वक्त भावुक हो गए। नवागत खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश नारायण मिश्र ने शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट किया और अधिक बेहतर कार्य करने के लिए सभी शिक्षकों से आह्वान किया। मिशन शिक्षण संवाद टीम मोतीचक ने भी पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी मोतीचक और नवागत खंड शिक्षा अधिकारी मोतीचक को उपहार देकर आदर प्रकट किया किया। कार्यक्रम का संचालन रामवीर सिंह ने किया। सम्मान समारोह में जूनियर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष हारून रसीद, ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह, मंत्री मोलई प्रसाद सहित तमाम शिक्षक उपस्थित थे।

## देवरिया की विरासत के साथ बन रहा अमृत रेलवे स्टेशन

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** देवरिया अमृत रेलवे स्टेशन का निर्माण कार्य प्रगति पर है। सदर सांसद शशांक मणि और वाराणसी जोन के डिविजनल रेल मैनेजर विनित श्रीवास्तव ने प्रगति का जायजा लिया।

सबसे खास बात यह है कि देवरिया अमृत स्टेशन के निर्माण में सांसद शशांक मणि ने नई पहल करते हुए इसकी डिजाइन को रेलवे विभाग के समन्वय से थोड़ा बदलाव किया। जिसमें देवरिया की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को सहेजते हुए स्टेशन पर भित्ति चित्र, टीवी स्क्रीन, लाइब्रेरी के लिए जगह, प्रतीक्षालय में देवरिया को प्रदर्शित करने वाले चित्र, स्टेशन का सौंदर्यीकरण, फुट ओवर ब्रिज की डिजाइन में बदलाव कर स्टेशन का निर्माण शुरु हुआ। आज इसी निर्माण प्रगति को लेकर सांसद देवरिया शशांक मणि ने विधिवत पूजन के साथ प्रगति कार्य की समीक्षा की। इसके साथ ही सांसद शशांक मणि ने जनता की लंबे समय से हो रही मांग को देखते हुए कसया ढाले पर रेलवे अंडर ब्रिज को लेकर डीआरएम के साथ स्थलीय निरीक्षण किया और बनने वाले अंडर ब्रिज के निर्माण को लेकर निर्देशित किया। कसया ढाले के पास लंबित माल गोदाम शिफ्टिंग का भी जायजा लिया और अधिकारियों से इस काम को आगे बढ़ाने के लिए निर्देशित किया। बता दें कि देवरिया माल गोदाम को शिफ्ट कर अहिल्यापुर ले जाने का प्लान इसलिए सांसद शशांक मणि अधिकारियों के साथ अहिल्यापुर का भी निरीक्षण किया। इसके बाद डीआरएम के साथ सीधे बैतालपुर स्टेशन गए और गोविंदपुर रेलवे अंडर ब्रिज बनाने को लेकर निरीक्षण किया। इस प्रक्रिया में आज की ही नहीं बल्कि 10 साल में देवरिया की जनसंख्या और आवश्यकताओं पर भी अमृत प्रयास के तहत चर्चा हुई ताकि भविष्य की योजना तैयार हो सके। इस मौके पर गति शक्ति के चीफ इंजीनियर आईसी सुभाष, गति शक्ति के डिप्टी चीफ इंजीनियर वाराणसी, रमेश पांडेय के साथ कई अधिकारी गण मौजूद रहे। इसके साथ ही बीजेपी नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, रविशंकर नाथ त्रिपाठी, गोल्डेन पांडेय, अनिल मिश्रा, दुर्गेश नाथ त्रिपाठी, अजय सिंह, अंकित वर्मा, गोलू राव, राहुल मणि आदि मौजूद रहे।

## पुत्रोष्टी यज्ञ से हुआ था राम का जन्म : पं. वीरेन्द्र तिवारी

अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** सुकरौली विकास खण्ड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हरपुर सुक्खड़ अकटहवां टोले पर स्थित शिव मंदिर परिसर में चल रहे एकादश रूद्र महायज्ञ के छठवें दिन गुरुवार को कथावाचक पंडित विरेन्द्र तिवारी ने श्रोताओं को राम जन्मोत्सव की प्रसंग सुनाई। उन्होंने रामजन्म का वर्णन करते हुए कहा कि रामचरित मानस के बाल कांड में बताया गया है कि जब राजा दशरथ को उत्तराधिकारी के रूप में पुत्र नहीं प्राप्त हो रहा था तब वो बड़े परेशान थे। तब महर्षि वशिष्ट ने उन्हे श्रृंगी ऋषि के शरण में जाने की सलाह दी थी। उस युग में सिर्फ श्रृंगी ऋषि ने ही पुत्रयेष्ठी मंत्र सिद्ध किया था।महर्षि वशिष्ट के बताए अनुसार राजा दशरथ श्रृंगी ऋषि की शरण में जाकर उनसे पुत्रयेष्ठी यज्ञ करने की प्रार्थना की राजा दशरथ के साथ श्रृंगी ऋषि अयोध्या आए जहां उन्होंने पुत्रयेष्ठी यज्ञ संपन्न कराया यज्ञ से प्राप्त खीर को राजा दशरथ की तीनों रानियों के खिलाया गया। इसके बाद ही भगवान राम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघन का जन्म हुआ था। राम का जन्म होने पर पूरे अयोध्यावासी मंगल गान करने लगे। इस दौरान यज्ञ समिति के अध्यक्ष मनोज यादव, विपिन यादव, फागू यादव, नन्दू गौड़, शुभम यादव, नागेंद्र यादव, राजेश शर्मा, सागर राय सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।



कथा का रसपान कराते कथावाचक वीरेंद्र तिवारी

## अपने भक्तों पर कभी दुख संकट नहीं आने देते हैं



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के पूरे गुलाब सिंह (कंडौरा) में आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के तृतीय दिवस श्रीधाम वृंदावन से पधारे प्रख्यात व्यास योगेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने भक्त व भगवान की सारगर्भित व्याख्या करते हुए कहा अपने आराध्य के प्रति सेवा और समर्पण का भाव रखने वाले भक्त के ऊपर कभी भगवान दुख, संकट नहीं आने देते है। परमात्मा के पावन नाम की अपरम्पार महिमा है। कथा व्यास ने कहा भक्त प्रह्लाद सदैव अपने आराध्य श्री नारायण की साधना आराधना में लीन रहते थे। परमात्मा का विरोधी दैत्य राज हिरण्य कश्यप बेटे के भगवत प्रेम में बाधा, जान से मार डालने की तमाम कोशिश करता है। जिसके रक्षक स्वयं भगवान बन जायें उसे कौन मार सकता है। भक्त प्रह्लाद को संकट में आया देख भगवान नरसिंह रूप में खंभे से प्रकट होकर हिरण्य कश्यप का वध करके अपने भक्त की रक्षा करतें हैं। शास्त्र ने श्रीमद् भागवत की भक्ति भाव भरी पावन कथा सुनाते हुए कहा कलयुग कलि काल में श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा अत्यंत फलदाई है। भाव के भूखे भगवान अपने भक्तों की हर तरह से रक्षा करतें हैं।

## पानी की राह देखते-देखते सूखे टोटियों के कंठ, ग्रामीणों में आक्रोश

**बछरावा, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** पेयजल की संकट से ग्रामवासी लगातार जूझने पर मजबूर है। विगत दो वर्षों पूर्व से ही गांव में लगी हुई टोटी शोपीस बनकर नजर आ रही हैं। जिसको लेकर ग्रामीणों में भयंकर आक्रोश व्याप्त है। विदित हो कि विकासखंड की ग्राम शेखपुर समोधा के ग्रामीणों से जल समस्या को लेकर बातचीत की गई। तो उन्होंने बताया की विगत 2 वर्षों से जल निगम के द्वारा लगाई गई टोटियों से जलापूर्ति नहीं की गई। जिसका कारण भी ग्रामीणों को समझ में नहीं आ रहा है। लगातार कई बार शिकायत करने के बाद भी अभी तक किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई। जबकि सरकार लगभग 8 से 9 वर्ष पूर्व इस ग्राम सभा में जलापूर्ति के टंकी का निर्माण कराया गया था। परंतु जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते ग्रामसभा वासी एक एक बूंद पानी को तरसते के लिए मजबूर है। इस भीषण गर्मी में जहां तालाब, नहर, पोखरो आदि में जानवर एवं पशु पक्षियों के पीने का पानी भी सूख चुका है और घरों में लगे हुए चार नंबर हैंडपंप व लगे हुए इंडिया मार्का नल भी वाटर लेवल कम होने से पानी निकलने में समस्याएं आ रही हैं।

## उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्य ने किया निरीक्षण



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी के दो दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान आज द्वितीय दिन सदस्य द्वारा गोरा बाजार स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के समय आंगनबाड़ी केन्द्र पर कायाकल्प के सभी पैरामीटर्स पूर्ण पाए गए 3 से 6 वर्ष तक के 18 बच्चें उपस्थित मिले। सदस्य ने बच्चों से अक्षर ज्ञान व गिनती ज्ञान के सम्बन्ध में जानकारी ली। बच्चों द्वारा 2 अक्षर वाले शब्द जोड़कर पढ़कर सुनाए गये। तथा बच्चों से गिनती भी सुनी गयी। निरीक्षण में आंगनबाड़ी केंद्र पर संतोषजनक स्थिति मिली। तत्पश्चात सदस्य द्वारा महानन्दापुर स्थित वन स्टाप सेन्टर का निरीक्षण किया गया, जहां पर सभी कार्मिक रोस्टर के अनुसार उपस्थित मिले तथा वहां पर केन्द्र प्रबन्धक से कार्यालय के समस्त अभिलेखों महिलाओं से संबंधित प्राप्त प्रकरणों का अवलोकन तथा महिलाओं से संबंधित प्रकरणों की जानकारी ली गयी तथा केन्द्र प्रबंधक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## बर्ड फ्लू को लेकर जिला प्रशासन सख्त, सौंपी गई जिम्मेदारी

### अनुश्रवण एवं निगरानी हेतु डीएम की अध्यक्षता में बैठक हुई संपन्न

अवधनामा ब्यूरो



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते डीएम

**कुशीनगर।** मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ रविंद्र प्रसाद ने बताया कि शहीद अशफाकुल्लाह खान प्राणी उद्यान जनपद गोरखपुर के टाइगर में ॥-5 एवियन इन्फ्लूएंजा के पॉजीटिव होने की पुष्टि हुई है, जिसके दृष्टिगत जनपद में एवियन इन्फ्लुएन्जा (बर्ड फ्लू) बीमारी की सतत अनुश्रवण एवं नियमित निगरानी हेतु जनपद स्तर पर सहित टास्क फोर्स की बैठक जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई।

उक्त बीमारी के रोकथाम हेतु जनपद स्तर पर की गई कार्यवाहियों के अंतर्गत अनुश्रवण हेतु पर डॉ विद्याराम वर्मा, उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को जनपदीय नोडल अधिकारी नामित किया गया है। जिनका मो. नं0 9450556594 है। जनपद को भी व्यक्ति उक्त बीमारी के शंका होने पर संबंधित अधिकारी को सूचित कर सकते हैं। एवियन इन्फ्लूएन्जा (बर्ड फ्लू) बीमारी के सघन अनुश्रवण एवं नियमित निगरानी हेतु तहसील स्तर पर पशुपालन विभाग द्वारा 06 आरआरटी टीम का गठन किया गया है। जिससे जनपद में कही भी अगर बीमारी की आउट ब्रेक की सूचना प्राप्त होती है तो संबंधित टीम द्वारा उचित कार्यवाही की जायेगी।

इसी क्रम में जनपद की कुल 30 सीरम सैंपल जनपद से मेजा जा चुका है। उक्त सैंपल से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर उक्त बीमारी की पुष्टि नही है। उक्त बीमारी के रोकथाम हेतु जनपद स्तर पर समस्त संसाधन जैसे पीपीई कीट, स्प्रे मशीन, फेस मारक आदि उपलब्ध है।उक्त बीमारी के सघन अनुश्रवण एवं नियमित निगरानी के दृष्टिगत बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारियो को जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत आने वाले समस्त पोल्ट्री फार्मों की स्थलीय सत्यापन एवं जांच करते हुए प्रतिदिन पक्षियों का नेजल, क्लोएकल एवं सीरम सैंपल एकत्र कर मंडलीय प्रयोगशाला, गोरखपुर भेजना सुनिश्चित करे। उक्त सैम्पलिंग का कार्य विगत 07 दिवस के अन्दर शत प्रतिशत पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए गए।

# मनरेगा कार्यों में तेजी लायी जाए: डीएम

■ वेतन रोकना एवं निलम्बन की होगी कार्यवाही : डीएम



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन के निर्देशन में तथा मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में मनरेगा योजना अंतर्गत किए गए कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, पूरे जनपद में मनरेगा के तहत 106660 एक्टिव जॉब कार्ड है, साथ ही मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया गया कि सभी विकास खण्डों में जिलाधिकारी के निर्देश पर 20 बड़े कार्य चयनित किए गए थे, इसमें एका ब्लॉक को छोड़कर शेष अन्य ब्लॉकों में लगभग कार्य प्रगति पर है, परंतु एका ब्लॉक में 20 बड़े कार्यों में से कोई भी कार्य प्रगति पर नहीं है, इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने डीसी मनरेगा को निर्देशित किया कि 'एका ब्लॉक के एपीओ का वेतन रोका जाए' अगर कार्य शुरू न हुआ हो तो निलंबन की कार्रवाई भी की जा सकती है, साथ ही मनरेगा के अंतर्गत किए गए कार्यों में शिथिलता पाए जाने पर एका, खैरगढ़, टूंडला, नारखी के खंड विकास अधिकारियों के स्पष्टीकरण जारी करने के आदेश दिए। मनरेगा योजना के अंतर्गत मुख्य विकास अधिकारी ने इसकी वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा करते हुए पाया कि माह के अंत तक लक्ष्य के सापेक्ष, सृजित मानव दिवस का प्रतिशत सबसे कम शिकोहाबाद एवं फिरोजाबाद में रहा, जबकि सबसे अच्छी स्थिति नारखी, जसराना और एका की रही, मुख्य विकास अधिकारी ने खंड विकास अधिकारी एवं एपीओ को निर्देशित किया कि मनरेगा के अंतर्गत कार्यरत श्रमिकों का भुगतान एक सप्ताह के अंदर अनिवार्य रूप से कर दे सबसे ज्यादा भुगतान की खराब की स्थिति खैरगढ़ में रही, जिन-जिन ब्लॉकों के आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण अपूर्ण है, वहां-वहां के सचिवों का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के आदेश मुख्य विकास अधिकारी ने दिए, इस समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि मनरेगा में महिला एवं एससी, एसटी की सहभागिता की बात करें तो कुल महिला मानव दिवस की संख्या 143175 जबकि एससी, एसटी महिलाओं द्वारा मानव दिवस की कुल संख्या 88562 है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि खासकर एससी, एसटी की महिलाओं की मानव दिवस की संख्या और बढ़ाने की आवश्यकता है, मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में महिला मेट की नियुक्ति अवश्य होनी चाहिए, मुख्य विकास अधिकारी ने प्रति जॉब कार्ड परिवार बनने की औसत समीक्षा करते हुए पाया के टूंडला, नारखी, शिकोहाबाद और खैरगढ़ में कम प्रतिशत में जॉब कार्ड बने हैं, उन्होंने एपीओ को निर्देश दिए कि इनका प्रतिशत और बढ़ाया जाए, वित्तीय वर्ष 2024-25 में 90 दिन का रोजगार प्राप्त कर चुके श्रमिकों के पंजीकरण की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने पाया की सबसे कम पंजीकरण टूंडला, खैरगढ़ और जसराना में हुए हैं मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि पंजीकरण के कार्यों में प्रगति लाये, इसके लिए जगह-जगह कैंप लगाये जाए।

## रिक्त पदों पर चयन प्रक्रिया प्रारम्भ की जाए: सीडीओ

**फिरोजाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिला कार्यक्रम विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, इस समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया गया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के कुल 321 पद रिक्त हैं जबकि मिनी आंगनवाड़ी कार्यत्रियों के पद 175 रिक्त हैं, जबकि सहायिकाओं के 694 पद रिक्त है, मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया गया कि इनके चयन की प्रक्रिया चल रही है, आवेदन पत्रों का मिलान अभिलेख से करते हुए भौतिक सत्यापन किया जा रहा है, सबसे अधिक आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के पद शहर द्वितीय और कोटला में है, पिछली बैठक में यह निर्देशित किया गया था कि जिला कार्यक्रम अधिकारी पांच आंगनबाड़ी केंद्रों का प्रतिमाह निरीक्षण करेंगे, जबकि सीडीपीओ 10 आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करेंगे और सुपरवाइजर 20 आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करेंगे, परंतु अभी तक इसमें विशेष प्रगति नहीं देखी जा रही है, आप सब अपने दिए गए निरीक्षण को पूरा करें, अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें, साथ ही मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए की सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर आधारभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराये, साथ ही उन्होंने कहा कि पोषण ट्रैकर एप पर सभी सुपरवाइजर गृह भ्रमण करें।

# जलाधिवास और अन्नाधिवास का कार्यक्रम संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** श्री चित्रगुप्त धाम मंदिर, सीताकुंड पर स्थापित किए जाने वाली देवी देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम प्रथम दिन जलाभिषेक से आरम्भ हो गया। गुरुवार को अन्नाधिवास का कार्यक्रम भी सकुशल संपन्न हो गया। संपूर्ण कार्यक्रम पंडित रोहित तिवारी की देख रेख के साथ अन्य दो पुजारियों द्वारा कराया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रथम दिन मुख्य यजमान के रूप में श्रीमती विजय लक्ष्मी एवं पवन श्रीवास्तव के साथ पांच अन्य परिवार विशिष्ट यजमान के रूप में शामिल हुए, जिनमें क्रमशः श्रीमती एवं जीतेंद्र श्रीवास्तव ,श्रीमती एवं ओम प्रकाश श्रीवास्तव ,श्रीमती एवं संजय श्रीवास्त, श्रीमती एवं डॉ गगन एवं आशीष हैं। कार्यक्रम के प्रथम दिन मंदिर परिसर में स्थापित होने वाले सभी देवी देवताओं में एकादश मुखी हनुमान जी, श्री राम दरबार, श्री दुर्गा जी, शिव परिवार, बारह ज्योतिर्लिंग, शिवलिंग एवं नंदी महराज की प्रतिमाओं का जलाभिषेक, पूजन और आरती कर भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया, इसी क्रम में 15 तारीख दिन गुरुवार को सुबह भी पूजन और आरती के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई, गुरुवार को अन्नाधिवास का कार्यक्रम पूर्ण रूपेण सम्पन्न हुआ। भक्ति में डूबे भक्त सभी अधिवासों के सकुशल पूर्ण होने पर, मूर्तियों की स्थापना किए जाने की बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहे हैं। समस्त अधिवास के पूर्ण होने के बाद रविवार को शोभायात्रा और मंगलवार को भंडारे का आयोजन भी किया जायेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सुरेश बने अध्यक्ष, सुरजीत को मिला मंत्री का दायित्व



■ प्रदेश लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा एसोसिएशन इकाई बहराइच का अधिवेशन

**बहराइच, अवधनामा संवाददाता।** जनपद में उत्तर प्रदेश लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा एसोसिएशन इकाई जनपद बहराइच का अधिवेशन जिला पंचायत के कैम्प कार्यालय में सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी उप निदेशक कृषि कार्यालय के सहायक लेखा अधिकारी राकेश श्रीवास्तव रहे। सर्वसम्मत से आद्याशंकर सिंह को संरक्षक, सुरेश कुमार को अध्यक्ष और सुरजीत सिंह को मंत्री चुना गया। इसी तरह अयोध्या प्रसाद यादव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रदीप कुमार यादव व रोहित कुमार को उपाध्यक्ष, नागेश कुमार त्रिपाठी व वरुणेंद्र कुमार को संयुक्त मंत्री, राजेश कुमार को कोषाध्यक्ष, ज्ञानेंद्र स्वरूप को कार्यालय मंत्री, विकास श्रीवास्तव को संप्रेक्षक एवं महेंद्र कुमार जायसवाल को मीडिया प्रभारी निर्वाचित किया गया।

### पदस्थ डीसी एमडीएम संदीप यादव की संविदा समाप्त

**सुल्तानपुर, अवधनामा संवाददाता।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में तैनात डीसी एमडीएम संदीप यादव की संविदा समाप्त कर दी गई। गौरतलब हो कि शिकायतकर्ता ममता सिंह द्वारा संदीप यादव पर यह आरोप लगाया गया था कि संदीप यादव मेरा मकान यह कहकर किराए पर लिया था की मेरा मकान बन जाएगा तो मैं छोड़ दूँगा लेकिन धीरे-धीरे संदीप यादव की नियत खराब हो गई और मकान पर कब्जा कर लिए जिससे छुब्ध होकर मकान मालिक ने संदीप यादव का काला चिट्ठा जिलाधिकारी के सामने रख दिया जिलाधिकारी द्वारा जांच कराया गया तो यह पाया गया कि संदीप यादव की अनियमितता की पुष्टि हो गई किया गई। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा संदीप यादव की संविदा समाप्त कर दिया गया।

### जिला सैनिक बन्धु की बैठक 22 मई को

**सुलतानपुर, अवधनामा संवाददाता।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने जनपद सुलतानपुर के समस्त भूतपूर्व सैनिकों उनके आश्रितों एवं वीर नारियों को सूचित किया है कि माह मई, 2025 की जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु की बैठक कराया जाना है, जिसमें भूमि विवाद, पुलिस सुरक्षा, बैंक ऋण, पेंशन, शिक्षा तथा चिकित्सा आदि से सम्बन्धित बिन्दुओं पर विचार किया जायेगा। उक्त के क्रम में आप सभी अपनी समस्याओं के समाधान हेतु अपने आवेदन दो प्रति में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी सुलतानपुर को दिनॉक 17 मई, 2025 तक उपलब्ध करा दें, ताकि जिला सैनिक बन्धु की बैठक में समस्याओं को जिलाधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर समाधान कराया जा सके।

### झटका मशीन की चपेट में आए बुजुर्ग की मौत

**सुलतानपुर, अवधनामा संवाददाता।** झटका मशीन से करंट लगने पर बुजुर्ग की मौत हो गई। उक्त दुर्घटना से गांव में हड़कंप मचा हुआ है। बल्दीराय थाना क्षेत्र के सिंघनी गांव से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। गांव निवासी (58) वर्षीय हरिराम उर्फ सैलहा की खेत में लगी झटका मशीन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार,हरिराम सुबह बकरी चराने निकले थे। इसी दौरान वह पास के खेत में पहुंचे,जहां अवधेश प्रताप सिंह ने अपने खेत की सुरक्षा के लिए बिजली से चलने वाली झटका मशीन लगा रखी थी। मशीन में तेज करंट दौड़ रहा था,जिसकी चपेट में आकर हरिराम की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर डायल 112 और स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया में जुट गई है।

# जलवायु परिवर्तन की समस्या को कम करने के लिए करेंगे उन्नत कार्य

अवधनामा संवाददाता

**टूंडला।** पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन संबर्धन परिषद में प्लांटेशन बोर्ड के केंद्रीय निदेशक द्वारा रवि भारद्वाज (रुद्र) को पर्यावरण वन जलवायु परिवर्तन संबर्धन परिषद इकाई (भारत) के प्लांटेशन बोर्ड का केंद्रीय निदेशक नियुक्त किया गया है। साथ ही प्लांटेशन बोर्ड का केन्द्रीय निदेशक का प्रभार भी सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के एक पेड़ मां के नाम अभियान को लेकर वृक्षारोपण के संरक्षण के लिए कमेटी गठित की गई हैं। उन्होंने बताया जलवायु परिवर्तन की समस्या और प्रदूषण को कम करने के लिए उन्नत तकनीकों के द्वारा कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर रवि भरद्वाज (रुद्र) ने परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल द्विवेदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति की सेवा करने का मौका मिला। इसके लिए भारत में युद्ध स्तर पर कार्य करने का प्रयास किया जाएगा। कमेटी परिषद केंद्र में कार्यरत नेचर वेलफेयर विभाग की एजेंसी के रूप में कार्य करती है। भारत सरकार पर्यावरण और वनिकी संबंधी योजना, प्रचार और समन्वय की देखरेख करती है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अमित शाह यूथ बिग्रेड के समर्थ मिश्र, क्षेत्रीय मंत्री भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ भाजपा राजीव पचौरी, मीडिया प्रभारी भाजपा आगरा हेमंत तिवारी ने हर्ष व्यक्त किया।

# एसडीएम के नेतृत्व में चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान

■ अभियान के प्रारंभ होते ही व्यापारियों में मचा हड़कंप, उठाने लगे सामान

■ सुभाष तिराहा से लेकर सुभाष पार्क तक चलाया गया अभियान, दी चेतावनी



अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** नगर पालिका ने एसडीएम के नेतृत्व में गुरुवार को स्टेशन रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान का शुभारंभ किया। जेसीबी मशीन, ट्रैक्टर और बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स के साथ अभियान चलाया गया। अतिक्रमण अभियान को देखते ही व्यापारियों और दुकानदारों में हड़कंप मच गया। सभी लोग अपने सामान को हटाने में जुट गए। वहीं पाली इंटर कॉलेज के सामने स्थित भूसे की टाल वालों को भूसा हटाने के निर्देश दिये गये। नगर की स्टेशन रोड की सड़क पर लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण के चलते राहगीरों को भारी परेशानी होती है। वहीं पालीइंटर कॉलेज के सामने भूसा की टाल लगा कर लोगों ने पूरे नाले पर अतिक्रमण कर लिया है। इतना ही नहीं इन भूसा की टाल से सुबह टहलने आने वाले लोगों को भी भारी परेशानी होती है। कई बार शिकायत करने पर भी इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसकी बजह से गुरुवार को उन्हें भी नाला खाली करने के निर्देश दिये।

## अभियान के नाम पर हुई खानापूर्ति

नगर पालिका द्वारा चलाए गए अतिक्रमण अभियान मात्र खानापूर्ति रही। पालिका की टीम ने किसी-किसी के दरवाजे पर हुए अस्थाई अतिक्रमण को मामूली खरोंच कर छोड़ दिया। इसके साथ ही कई लोगों के अतिक्रमण को हटाया तक नहीं गया। कई जगह नगर पालिका ने नाला तिरछा कर जगह छोड़दी है, जिस पर लोग अवैध रूप से अतिक्रमण किये हुए हैं। लेकिन नगर पालिका ने नाले के ऊपर हो रहे अतिक्रमण को ही हटाया है। वहीं इस अभियान से नगर पालिका के कर्मचारियों पर उंगली उठने लगी है।

# कटाव निरोधक परियोजनाओं का डीएम मोनिका रानी ने किया निरीक्षण

■ संचालित कार्यों को 05 जून तक पूर्ण करने के दिये निर्देश



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने तहसील नानपारा अन्तर्गत सरयू नदी के बायें तट पर स्थित ग्राम समूह-पतरहिया, बोटनपुरवा, बगियापुरवा एवं भगईदासपुरवा की सुरक्षा हेतु कटाव निरोधक कार्य की परियोजना के कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधि.अभि. सरयू ड्रेनेज खण्ड-प्रथम, बहराइच जे.पी. वर्मा ने बताया कि परियोजना की कुल लागत रू. 445 लाख तथा कार्य आरम्भ होने की तिथि 05 अप्रैल है। श्री वर्मा ने बताया कि परियोजना के अन्तर्गत ग्रामों के सामने 800.00 मी. लम्बाई में आर.बी.एम. भरे हुये जियो-बैग के द्वारा 02 लेयर में स्लोप पिचिंग एवं 985.00 मी. लम्बाई में 03 पंक्ति में परक्यूपाइन लगाकर उसके अन्दर कटाव निरोधक सामग्री भरने का कार्य प्रस्तावित है, जिसमें से 350.00 मी. कार्य पूर्ण हो चुका है। निरीक्षण के दौरान डीएम मोनिका रानी द्वारा स्लोप पिचिंग की लम्बाई की जांच करायी गयी, जो कि सही पायी गयी। डीएम ने अधि.अभि. श्री वर्मा को निर्देश दिया कि प्रत्येक दशा में कार्य को 05 जून 2025 तक पूर्ण करा लिया जाय। इसके उपरान्त डीएम ने सरयू नदी के बायें तट पर स्थित ग्राम समूह- सरैया, महौली शेर खाँ, भौरहवा, तकिया, गुरहवा, मुन्नीपुरवा की सुरक्षा हेतु कटाव निरोधक कार्य की परियोजना के कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया। अधि.अभि. श्री वर्मा ने बताया कि परियोजना की कुल लागत रू. 417.30 लाख तथा कार्य आरम्भ होने की तिथि 05 अप्रैल है। परियोजना के अन्तर्गत 910.00 मी. लम्बाई में आर.बी.एम. भरे हुये जियो-बैग से 02 लेयर में स्लोप पिचिंग एवं 03 पंक्ति में परक्यूपाइन लगाकर उसके अन्दर कटाव निरोधक सामग्री के भरने का कार्य प्रस्तावित है, जिसमें 490.00 मी. कार्य पूर्ण हो चुका है। लगभग 40 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। डीएम ने अधि.अभि. बाढ़ खण्ड श्री वर्मा को निर्देशित किया कि कराये जा रहे कटाव निरोधक कार्य को परक्यूपाइन लगाने सहित समस्त कार्य को 05 जून 2025 तक अवश्य पूर्ण करा लिया जाये। डीएम ने निर्देश दिया कि आवश्यकतानुसार कार्य स्थल पर मैनपावर व संसाधनों को बढ़ाकर प्रत्येक दशा में कटाव निरोधक कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करायें।

# पुलिस मुठभेड़ में दो अभियुक्त पकड़े, लूट का सामान बरामद

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा थाना शिकोहाबाद पर पंजीकृत अभियोग मु.अ.सं. 298/25 से सम्बन्धित 2 अभियुक्तगणों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 02 अवैध तमंचा 315 बोर, 04 जिन्दा कारतूस, 02 खोखा कारतूस, 01 मोबाईल फोन, 01 घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल एवं छिनैती की गयी 01 पीली धातु चैन बरामद की गयी। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। उक्त प्रकरण के खुलासे हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के कुशल नेतृत्व में घटना के सफल अनावरण हेतु थाना स्तर पर 02 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में 15-05-2025 को थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम को मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि मु.अ.सं. 298/25 से सम्बन्धित अभियुक्तगण कुछ देर पहले मोटर साईकिल पर भगवन्त वाले बाग तिराहे पर फिर से किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में खडे हैं, सूचना के आधार पर थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था इसी दौरान बाइक पर सवार 03 संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये। पुलिस टीम द्वारा बाइक सवार संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने का इशारा करने पर उक्त संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम को देखकर बाइक को वापस मोड़कर भागने लगे। हड़बड़ाहट में भागते समय उक्त संदिग्ध व्यक्तियों की बाइक फिसलकर गिर गई। खुद को घिरता हुआ देख संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया।

# आवास विकास कालोनी मे लगा गंदगी और अपशिष्ट पदार्थों का अंबार

अवधनामा संवाददाता



■ आवास विकास कालोनी मे खुले दर्जनो चिकित्सालयो से निकलने वाला निष्प्रयोज्य फैला रहा है बीमारियां , जगह जगह लगे है गंदगी के भंडार: कई चिकित्सालय बिना पंजीकरण के संचालित हो रहे है

**बाँदा।** आवास विकास कालोनी में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। कॉलोनी के विभिन्न स्थानों पर गंदगी और अपशिष्ट पदार्थों का अंबार देखने को मिल रहा है, जिससे स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कॉलोनी में दर्जनों की संख्या में निजी चिकित्सालय संचालित हो रहे हैं, जिनमें से कई बिना पंजीकरण के चल रहे हैं। इन चिकित्सालयों से प्रतिदिन निकलने वाला बायोमेडिकल और अन्य निष्प्रयोज्य अपशिष्ट खुले में फेंका जा रहा है। यह न सिर्फ पर्यावरण के लिए खतरनाक है, बल्कि आसपास रहने वाले लोगों को संक्रमण और गंभीर बीमारियों की चपेट में ला रहा है। महिला चिकित्सालयों से निकलने वाला अपशिष्ट पदार्थ , जानवरों द्वारा पूरी कालोनी मे फैलाया जाता है जिससे मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को बहुत परेशानी होती है। बात करें अगर साफ सफाई की तो नगर पालिका के द्वारा लगवाया गया कूडादान भी गायब है जिससे कालोनी का कूडा भी सडको पर ढेर के रूप मे पडा रहता है जबकि प्राइवेट हास्पिटल से निकले कूडे से तो व्यवस्था और भी बदतर हो गयी है , कालोनी के निवासियो ने अब प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले चिकित्सको के विरौध मे आंदोलन का भी मूड बना लिया है। नालियों का पानी जाम है, सड़कों पर कूड़े के ढेर लगे हैं और मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। इसके बावजूद नगर प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभागों से तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने और अवैध रूप से संचालित चिकित्सालयों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## जनता लघु माध्यमिक विद्यालय व प्रा.वि. बितनिया का डीएम ने किया निरीक्षण

**बहराइच।** परिषदीय विद्यालयों की शिक्षण कार्य की गुणवत्ता, शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन, निःशुल्क पुस्तक एवं ड्रेस वितरण, आधार फीडिंग, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई तथा भवन का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विकास खण्ड शिवपुर अन्तर्गत 01 परिसर में संचालित जनता लघु माध्यमिक विद्यालय बरूआ बितनिया व प्राथमिक विद्यालय बितनिया का औचक निरीक्षण किया। जनता लघु माध्यमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान डीएम ने प्रधानाध्यापिका आशा वर्मा से छात्र-छात्राओं का पंजीकरण एवं उपस्थिति तथा पठन-पाठन कार्य की गुणवत्ता के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्राथमिक विद्यालय बितनिया के निरीक्षण के दौरान डीएम ने शिक्षा की गुणवत्ता को परखने के लिए कक्षा 01 से 03 तक संचालित क्लासरूम में जाकर बच्चों की कापियों का अवलोकन करने पर पाया कि काफी दिनों से कापियां चेक नहीं हुई तथा बच्चों की पुस्तकें भी व्यवस्थित नहीं हैं।

# सपा के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व राज्यमंत्री का किया स्वागत

■ संविधान को न मानने वाले देश को नहीं चला सकते: श्यामलाल



अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयमैन तनवीर खां के नेतृत्व में जनपद बदायूं दातागंज से शाहजहांपुर आगमन पर बेलाडाडी पुल के पास सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजपाल कश्यप और पूर्व दर्जा राज्यमंत्री मुनीर अहमद का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद सपा नेताओं ने कटरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सिउरा पहुंचकर बूथ प्रभारियों, जोन प्रभारियों एवं सेक्टर प्रभारियों सहित कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि पीडीए की आवाज गांव से निकलकर सड़क तक पहुंच चुकी है। कहा कि संविधान और न्यायपालिका की बात न मानने वाले देश को नहीं चला सकते।भाजपा सरकार में लोकतंत्र और संविधान दोनों के लिए खतरा है। कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी पिछड़े, दलितों, अल्पसंख्यक, शोषितों, वंचितों, मजलूमों, मजदूरों, किसानों, महिलाओं, छात्रों व नौजवानों के लिए उनके हक और अधिकारों के लिए लगातार लड़ती रहेगी। उन्होंने बूथ प्रभारियों, जोन प्रभारियों और सेक्टर प्रभारियों को अपने अपने बूथ को सशक्त बनाने के निर्देश दिए। कहा कि अभी पार्टी की तरफ से किसी भी विधानसभा में किसी भी प्रत्याशी की घोषणा नहीं की गई है, कोई भी अपने को प्रत्याशी न लिखे और न ही समझे। सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजपाल कश्यप ने कहा कि 2024 के लोकसभा एवं ददरौल विधानसभा के उपचुनाव में उन्हें हर समाज व हर वर्ग का ऐतिहासिक वोट मिला था और जनता ने दोनों प्रत्याशियों को जिताने का काम किया, लेकिन भाजपा सरकार और प्रशासन के तंत्र ने हराने का काम किया। पूर्व एमएलसी अमित यादव ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर पीडीए को और अधिक मजबूत करने का काम करें। अंत में सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व विधायक एवं सपा जिलाध्यक्ष बदायूं आशीष यादव, पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा, जिला महासचिव रणंजय सिंह यादव, महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, कटरा विधानसभा अध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्तव, नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, तिलहर विधानसभा अध्यक्ष संदीप यादव, ददरौल विधानसभा अध्यक्ष मुनेन्द्र पाल सिंह, जलालाबाद विधानसभा अध्यक्ष सूरजपाल सिंह, रोहित बहल, कमलेश यादव, जितेन्द्र प्रधान, गायत्री वर्मा, प्रसून कुमार कनौजिया, पार्थ सिंह यादव, शरद यादव प्रधान, सरताज खां, ओमवीर सिंह यादव, नरवीर फौजी, सुधीर चंदेल, राजेंद्र गुर्जर, मनोज सिंह चौहान, तस्लीम अंसारी, सौमित्र यादव, लालाबाबू, नईम खान, रामशंकर पाल आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सपा नेता जितेन्द्र यादव ने किया।


## कार्यालय नजारत अमेरिकन लाइब्रेरी मुख्य भवन पारिवारिक न्यायालय लखनऊ।

**नीलामी सूचना दिनांक 31.5.2025**

अमेरिकन लाइब्रेरी स्थित मुख्य भवन पारिवारिक न्यायालय लखनऊ में स्थित नजारत भवन, प्रशासनिक भवन नकल अनुभाग, रिकार्ड रुम भवन, चतुर्थ श्रेणी कमर्चारी के समस्त आवासो, चार कोर्ट रुम मय चैम्बर मय बालकनी, 37 एडवोकेट चैम्बर के मापों के विवरण के अनुसार ध्वस्त करते हुए समस्त सामाग्री को हटाकर कार्य स्थल को समतल एवं साफ करते हुए कार्य पूर्ण किये जाने हेतु सार्वजनिक नीलामी दिनांक 31.5.2025, दिन शनिवार को समय सांयकाल 4.00 बजे नजारत, पारिवारिक न्यायालय, ओल्ड एल0 डी0 ए0 बिल्डिंग लालबाग लखनऊ के कार्यालय में लोक निर्माण विभाग कार्यालय द्वारा दी गयी मूल्यांकन के अनुसार निम्न शर्तो के आधीन की जायेगी।

1. उपरोक्त पुराने मुख्य भवन पारिवारिक न्यायालय लखनऊ अमेरिकन लाइब्रेरी के ध्वस्तीकरण व मलबे को हटाने व कार्यस्थल को पूर्ण रुप से साफ व समतल करने हेतु नीलामी बोली लगाने हेतु प्रतिभूति के रुप में रु0 1446/- की जमानत धनराशि जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट दिनांक 28.5.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 2.00 बजे तक नजारत पारिवारिक न्यायालय लखनऊ के कार्यालय में जमा करना होगा। उक्त ड्राफ्ट श्रीमान प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय लखनऊ के पक्ष में देय होगा। प्रतिभूति की धनराशि जमा न करने की स्थिति में उसे बोली बोलने का अधिकार नहीं होगा। उपरोक्त पुराने मुख्य भवन पारिवारिक न्यायालय लखनऊ अमेरिकन लाइब्रेरी लखनऊ को किसी भी कार्य दिवस में अपरान्ह 12.00 से 2.00 बजे के बीच में देखा जा सकता है। नीलामी के उपरान्त उक्त धनराशि उच्चतम बोलीदाता द्वारा आवश्यक धनराशि जमा करने के उपरान्त अन्य बोलीदाताओ को दिनांक 03.6.2025 के बाद वापस होगी।
2 उपरोक्त पुराने मुख्य भवन पारिवारिक न्यायालय लखनऊ अमेरिकन लाइब्रेरी के ध्वस्तीकरण व मलबे को हटाने व कार्यस्थल को पूर्ण रुप से साफ व समतल करने हेतु नीलामी हेतु सम्बन्धित अन्तिम बोली जिस प्रतिभागी के पक्ष में छूटेगी, उस पर निमयानुसार सभी टैक्स सम्मिलित होगें। उच्चतम बोली दाता को पूर्ण नीलामी की राशि का 25% तुरन्त जमा करना होगा अधिकतम बोली दाता द्वारा अगर निर्देशानुसार यदि धन नहीं जमा किया जाता है तो जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी। और द्वितीय अधिकतम बोली दाता के पक्ष में प्रकरण निस्तारित कर दिया जायेगा।
3. नीलामी की स्वीकृति का पूर्ण अधिकार श्रीमान प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय लखतऊ को होगा। नीलामी को बिना कारण बताये निरस्त भी किया जा सकता है।
4 इस निष्प्रयोज्य सम्पत्ति का ध्वस्तीकरण एवं मलबा निस्तारण की लागत सम्मिलित करते हुए शासकीय मूल्य रुपये 14463/- (चौदह हजार चार सौ तिरसठ रुपये मात्र) है। नीलामी मूल्य में नियमानुसार सभी टैक्स सम्मिलित है। स्वीकृति के उपरान्त समस्त ध्वस्तीकरण/मलबा जहाँ है जैसे है के आधार पर सम्पूर्ण धनराशि जमा करने के चाद अधिकतम 30 दिनों के अन्दर कार्य स्थल से मलबा हटाना होगा अन्यथा नीलामी मूल्य का प्रतिदिन 1% की दर से अतिभार लगाया जायेगा।
5 उच्चतम बोली की नीलामी के स्वीकृति के उपरान्त समस्त भवनों को ध्वस्त करते समय इस बिन्दु का निशेष रूप से ध्यान रखना होगा कि धवस्तीकरण के समीप की अन्य संरचनाओं को जैसे माननीय उच्च न्यायालय के गेस्ट हाऊस, प्राइवेट आवास, सीवर लाइन, पाइपलाइन, ADR भवन व अन्य अधिवक्तागण के चैम्बर्स व भवन को किसी भी प्रकार की क्षति न पहुंचे तथा मलबा निस्तारण की प्रक्रिया से कार्यालय के सामान्य क्रियाकलाप बाधित न हो एवं इस दौरान पर्यावरण संरक्षण आदि का भी ध्यान रखा जायेगा।

**श्रीमती कल्पना**
**ह0/-अध्यक्ष, नीलामी समिति अपर प्रधान न्यायाधीश, कक्ष सं0-02 पारिवारिक न्यायालय, लखनऊ।**

UPID-233688 Dated-14-05-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

# राठ में वर्दी का रौब दिखाते पुलिसकर्मी का वीडियो वायरल

**रोडवेज बस में कंडक्टर के साथ की अभद्रता**



**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** राठ थाना क्षेत्र में एक पुलिसकर्मी द्वारा रोडवेज बस के कंडक्टर के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वर्दी का रौब दिखाते हुए सिपाही कंडक्टर से उलझता नजर आ रहा है। जानकारी के अनुसार, राठ से हमीरपुर जा रही रोडवेज बस में एक सिपाही मुलजिम को लेकर सवार हुआ। सिपाही ने बिना टिकट यात्रा की और सीट न मिलने पर कंडक्टर से विवाद शुरू कर दिया। कंडक्टर का आरोप है कि सिपाही ने न केवल गाली-गलौज की, बल्कि उसके साथ मारपीट भी की। कंडक्टर ने बताया कि सिपाही ने वर्दी का दुरुपयोग करते हुए धमकी दी और अभद्र व्यवहार किया।घटना के वायरल वीडियो में सिपाही और कंडक्टर के बीच तीखी नोकझोंक देखी जा सकती है, जिसके बाद यात्रियों ने भी सिपाही के व्यवहार की निंदा की। स्थानीय लोगों और यात्रियों में इस घटना को लेकर गुस्सा है, और वे पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।राठ थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है और वीडियो के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने पर सिपाही के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, रोडवेज अधिकारियों ने भी इस घटना को गंभीरता से लेते हुए कंडक्टर की शिकायत पर उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया है।यह घटना पुलिस की छवि पर सवाल उठा रही है, और लोग इस बात पर चर्चा कर रहे हैं कि वर्दी का दुरुपयोग कर आम नागरिकों के साथ इस तरह का व्यवहार कितना उचित है। मामले में आगे की जांच और कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हैं।

## दबंग मछली ठेकेदार पर अवैध कब्जे और पेड़ काटने का आरोप

**सुमेरपुर हमीरपुर।** कस्बा सुमेरपुर के चांद थोक निवासी संजय त्रिपाठी ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर गांव सुरौली बुजुर्ग डांडा के दबंग मछली ठेकेदार कालीचरण निषाद पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित ने ठेकेदार पर खेत के पास दो गांठा चकरोड पर अवैध कब्जा करने, 50 वर्ष पुराना इमली का पेड़ उखाड़ने और बंधी तोड़कर खेती करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।संजय त्रिपाठी ने बताया कि कालीचरण निषाद पुत्र महदी निषाद वर्षों से उनके खेत (गाटा संख्या 3873) के पास दो गांठा चकरोड को जबरन जोतकर कब्जा कर रहा है। इस वर्ष भी चकरोड पर खेती कर ली गई। इसके अलावा, ठेकेदार ने ट्रैक्टर और जेसीबी से उनके खेत में 50 वर्ष पुराना इमली का पेड़ गिरा दिया। पिछले वर्ष भी कालीचरण ने खेत की पूर्व दिशा की बंधी तोड़कर निजी वाहनों के लिए रास्ता बना लिया था।पीड़ित ने आरोप लगाया कि गांव में ढाई दशक से एक ही व्यक्ति ग्राम प्रधान है, जिसके संरक्षण में दबंगों, वाहन स्वामियों और व्यापारियों को अवैध रूप से भूमि पट्टे दिए गए हैं। उन्होंने मांग की कि कालीचरण के भूमि पट्टे की जांच हो, चकरोड को खेत से पृथक किया जाए और अवैध पट्टों की निष्पक्ष जांच किसी सक्षम अधिकारी से कराई जाए।

# मंत्री को किया जाए बर्खास्त, हो गिरफ्तार




**शहर कांग्रेस कमेटी ने राबर्ट्सगंज में किया प्रदर्शन**

**कर्नल सोफिया कुरैशी पर अभद्र टिप्पणी से बढ़ी नाराजगी**

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ अमर्यादित एवं अशोभनीय टिप्पणी से लोग भड़क गए है। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हाजी फरीद अहमद के नेतृत्व में अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को राबर्ट्सगंज के बढोली चौराहे पर प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने मंत्री को तत्काल बर्खास्त कर गिरफ्तार करने के साथ ही देशद्रोह का मुकदमा चलाए जाने की मांग की। अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा मंत्री विजय शाह द्वारा देश की बेटी का यह अपमान देश-नारी-सेना का अपमान है। इस तरह की टिप्पणी कर हमारी सेना का मनोबल गिराने का काम किया गया है। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पूरा भारत देश आतंक के खिलाफ था लेकिन मंत्री के इस अमर्यादित बयान के कारण भारतवासीओ में नाराजगी है और वे देश-नारी-सेना का अपमान किए जाने के खिलाफ कार्यवाही की मांग कर रहे है। इस मौके पर पूर्व शहर अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी, पूर्व सचिव कमलेश ओझा, जगदीश मिश्रा, प्रदीप चौबे, सलीमुद्दीन, रिचर्ड डेविड, राधेश्याम पटेल, रेहाना बेगम, शाहबाज खान, गोपाल स्वरूप पाठक, मेराज खालिद, लाल बहादुर वर्मा, जितेंद्र देव पाण्डेय, राजेंद्र भारती, प्रांजल श्रीवास्तव, आशीष शुक्ल, दीपू पांडे आदि उपस्थित थे।

## किसवाही गांव में दलित परिवार पर दबंगों का हमला

**मौदहा।** सिसोलर थाना क्षेत्र के ग्राम किसवाही में मंगलवार रात मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दलित परिवार पर गांव के दबंगों ने हमला बोल दिया। आरोप है कि हमलावरों ने जातिसूचक गालियां दीं, महिलाओं के साथ मारपीट की और लोहे की सरिया से एक व्यक्ति को लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।पीड़ित ललता देवी पत्नी कमतू वर्मा ने बताया कि 14 मई की रात करीब 8:30 बजे उनके बेटे अनिल वर्मा का मोहल्ले के सत्यम सिंह से मामूली विवाद हुआ। इसके बाद सत्यम का चाचा वीर सिंह शराब के नशे में अनिल को गाली देता हुआ चला गया। कुछ देर बाद सत्यम सिंह, वीर सिंह, राजवीर सिंह और छोटे सिंह ने ललता के घर में घुसकर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए मारपीट शुरू कर दी। ललता के बाल पकड़कर उन्हें जमीन पर पटका गया, जबकि राजवीर सिंह ने लोहे की सरिया से कमतू वर्मा पर हमला किया, जिससे उनके सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। उनकी बेटी खुशबू के साथ भी अभद्रता की गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल कमतू को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर पहुंचाया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल हमीरपुर रेफर किया गया। उनका इलाज जारी है।

# 21 मई से 10 जून तक सभी विद्यालय में समर कैंप



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** जनपद स्तरीय अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण समिति की बैठक जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

उन्होंने कहा कि गर्मी की छुट्टी को लेकर जनपद में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। 21 मई से 10 जून तक जनपद के सभी माध्यमिक विद्यालय में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है इसमें कुल 283 विद्यालय, 54 एडिट स्कूल, 21 सरकारी स्कूल हैं। उन्होंने कहा कि कैंप में विद्यार्थी नियमित पढ़ाई से भिन्न रोचक गतिविधियों का आनंद ले सके। उन्होंने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा की समर कैंप को लेकर प्रतिदिन गर्मी को देखते हुए एंबुलेंस आदि की व्यवस्था एवं स्कूल बस की व्यवस्था सभी विद्यालय में सुनिश्चित की जाए। कैंप का समय 7:00 बजे से 11:00 बजे तक निर्धारित है। उन्होंने कहा कि 21 कॉलेज में समर कैंप का आयोजन आवश्यक किया जाएगा जिसमें 50 प्रतिशत बच्चे उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि संबंधित अध्यापक को कार्यक्रम के पहले चार्ट भिजवाया जाए। उन्होंने कहा कि जलपान के लिए बच्चों को समय-समय पर छाछ, पानी आदि दिया जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में कंप्यूटर के टीचर लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि लड़कियों के साथ-साथ लड़कों को भी खाद्य सामग्री की जानकारी होनी चाहिए एवं सभी को बनाना आना चाहिए। बैठक के दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी, क्रीडा अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**हेलमेट और अतिक्रमण पर सख्ती के निर्देश**



**हिफजुर्रहमान**

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता और मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनने के लिए जागरूक करने और नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य सड़कों, चौराहों और आबादी क्षेत्रों में प्रकाश व्यवस्था, तीव्र मोड़ों पर रिफ्लेक्टर व सुरक्षात्मक उपकरण लगाने, सड़कों से अवैध अतिक्रमण और पार्किंग हटाने, 18 वर्ष से कम आयु के रिक्शा चालकों के वाहन सीज करने, ओवरलोड व बिना रॉयल्टी वाले वाहनों पर कार्रवाई तेज करने को कहा। उन्होंने स्कूलों के अनुबंधित वाहनों की फिटनेस और वैध दस्तावेजों की जांच सुनिश्चित करने, अनफिट वाहनों को सड़कों पर चलने से रोकने, दुर्घटना बाहुल्य स्थलों पर यातायात संकेतक और साइन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी विभागों से सड़क सुरक्षा के दायित्वों का प्रभावी निर्वहन करने, दुर्घटना से निपटने की कार्ययोजना तैयार करने और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए समेकित प्रयास करने की अपील की। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), क्षेत्राधिकारी सदर, एआरटीओ, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# 1914 छात्राओं को डायट परिसर में साईकिल का किया जायेगा वितरण

**अवधनामा ब्यूरो**



**साईकिल वितरण स्थल व तैयारी का डीएम ने लिया जायजा**

**साईकिल वितरण स्थल पर सभी आवश्यक तैयारियां ससमय की जाये सुनिश्चित : जिलाधिकारी**

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज डायट परिसर उरमौरा में 1914 छात्राओं के साईकिल वितरण स्थल पर की जा रही तैयारियों का जायजा लिये, इस दौरान जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यक्रम स्थल पर निर्धारित समय सुबह 09.00 बजे सभी छात्राएं उपस्थित हो जायें एवं परिसर में आयोजित कार्यक्रम स्थल पर छात्राओं को व उनके अभिभावक को पीने के पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, कार्यक्रम से जुड़ी सभी आवश्यक तैयारियां ससमय पूर्ण कर ली जाये, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद द्वारा पानी के टैंकर व साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये, पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही यातायात पर बेहतर प्रबन्ध सुनिश्चित किया जाये, जिससे सड़कों पर जाम आदि की समस्या न होने पायें, डायट परिसर में जनजाति वर्ग की 1914 छात्राओं को साईकिल वितरण किया जायेगा, जिसमें समाज कल्याण राज्य मंत्री श्री संजीव कुमार गौड़ जी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगें, जिनके द्वारा साईकिल का वितरण किया जायेगा। इस मौके पर जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### चोरी के माल सहित 4 अभियुक्त गिरफ्तार



**मौदहा हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के निर्देशन में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मौदहा पुलिस ने मदारपुर मोड़ यात्री प्रतीक्षालय के पास से 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी का माल, जिसमें एक पर्स, एक आधार कार्ड, एक एटीएम कार्ड, दो मोटरसाइकिलें और 7900 रुपये नकद शामिल हैं, बरामद किए गए हैं।गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान इसरा बहेलिया (25 वर्ष), शेखर बहेलिया (26 वर्ष), दीपू बहेलिया (27 वर्ष), और हप्पू (45 वर्ष) के रूप में हुई है। सभी अभियुक्त मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के बिचपुरा गांव के निवासी हैं। पुलिस ने बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर थाना मौदहा में मुकदमा संख्या 0166/2025, धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर अभियुक्तों को माननीय न्यायालय में पेश किया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम उपनिरीक्षक अभिषेक त्रिवेदीमहिला उपनिरीक्षक प्रतिमा गौतम कॉन्स्टेबल विजय प्रताप कॉन्स्टेबल आसिफ शेख पुलिस का यह अभियान क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के लिए प्रभावी साबित हो रहा है।

### भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन होना सुनिश्चित



**सोनभद्र, अवधनामा ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी सोनभद्र जिला कार्यालय पर आगामी 17 मई 2025 को सायं 03.00 बजे भारतीय सेना के अदम्य साहस शौर्य व पराक्रम के सम्मान में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है जिसकी व्यवस्था के निमित्त बैठक आज सम्पन्न हुयी। तिरंगा यात्रा होटल सवेरा ग्राउण्ड से स्वर्ण जयन्ती चौक होते हुए शीतला माता मंदिर चौक पर जायेगी तिरंगा यात्रा मे सभी सामाजिक संगठन, स्वयंसेवी संस्थाएं, व्यापार मण्डल व सभी समाज के लोग सहभाग करेंगे भव्य तिरंगा यात्रा को सफल बनाने हेतु भाजपा जिलाध्यक्ष नन्द लाल जी के नेतृत्व में आज तैयारी बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक मे प्रमुख रुप से जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश दूबे, रमेश पटेल, अशोक मौर्य, कार्यक्रम संयोजक कृष्णमुरारी गुप्ता, कमलेश चौबे, शंम्भू नारायण सिंह, यादवेन्द्र द्विवेदी, ओमप्रकाश यादव, रजनीश रघुवंशी, महेश्वर चन्द्रवंशी, गुडिया त्रिपाठी, सुनिल सिंह, नार सिंह, अनिल सिंह, बृजेश श्रीवास्तव, मनीष अग्रहरी, दिलिप चौबे, रामबली मौर्या, बलराम सोनी, अजय मिश्रा सहित आदि कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने किया आईएमए पदाधिकारियों का स्वागत



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने गुरुवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की नई कमेटी के अध्यक्ष डा.डीके दुबे सहित कमेटी के अन्य पदाधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के ज़िलाध्यक्ष राजेश मिश्रा ने कार्यवाहक ज़िलाध्यक्ष रिजवान अहमद, संघर्ष समिति अध्यक्ष अजय कुमार तथा कर्मचारियों के साथ आईएमए इटावा की नयी कार्यकारिणी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष डाक्टर डी के दुबे वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ, कोषाध्यक्ष डाक्टर रमाकांत रावत का फूल मालाओ से लादकर जोशीला स्वागत किया। वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा जनहित में परिषद द्वारा लगाये जाने वाले निशुल्क स्वास्थ्य कैम्प में समय तथा बेहतर स्वास्थ्य सेवाये देने का आश्वासन दिया। कार्यकारिणी मंत्री हिमांशु यादव किसी आवश्यक कार्य होने के कारण नहीं आ सके जिनको दूरभाष पर बधाई देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर डाकटर डीके दुबे के बेटे डा. अनुराग दुबे अस्थि रोग विशेषज्ञ का पगड़ी पटके और फूल मालाओ के साथ स्वागत किया गया। इस मौके पर सैयद क़मर एजाज़, संजीव कुमार, रविन्द्र, अमिताभ, सरफ़राज़, राजीव, राहुल, राजकुमार, सुशील, अमित, दीपक, अनिल, अमित कुमार, श्रेष्ठ यादव तथा बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थिति रहे।

# नगर पंचायत चोपन में पोखरा सुंदरीकरण कार्य का हुआ शिलान्यास

**अवधनामा संवाददाता**




**चोपन/सोनभद्र।** नगरीय झील पोखरा संरक्षण योजना के अंतर्गत आज नगर पंचायत चोपन के वार्ड नंबर 09, नई बस्ती दक्षिणी में स्थित पोखरा के सुंदरीकरण कार्य का शिलान्यास बड़े उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली, निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिकेत निषाद, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह, सभासद नागेंद्र यादव ने संयुक्त रूप से शिलान्यास किया। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों और क्षेत्रवासियों की उपस्थिति रही। नगरीय झील पोखरा संरक्षण योजना के तहत इस पोखरा के सुंदरीकरण कार्य का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, जल संचय और स्थानीय क्षेत्र की सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देना है। इस परियोजना के तहत पोखरा की सफाई, गहराईकरण, किनारों का सुदृढ़ीकरण, और आसपास के क्षेत्र में हरियाली विकसित करने जैसे कार्य किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, पोखरा के आसपास बैठने की व्यवस्था, पैदल पथ, और प्रकाश व्यवस्था भी स्थापित की जाएगी, ताकि यह स्थल स्थानीय निवासियों के लिए एक आकर्षक और उपयोगी स्थान बन सके। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने कहा कि यह परियोजना न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह चोपन के सौंदर्य और सामुदायिक विकास को भी बढ़ावा देगी। हमारी कोशिश है कि इस पोखरा को एक ऐसी जगह के रूप में विकसित किया जाए, जहां लोग अपने परिवार के साथ समय बिता सकें और प्रकृति के करीब महसूस करें। निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिकेत निषाद ने कहा कि निषाद समाज की सांस्कृतिक पहचान पोखरों और जलाशयों से जुड़ी रही है। इस योजना से आने वाली पीढ़ियों को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का अवसर मिलेगा।कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल की सराहना की और इसे क्षेत्र के लिए एक सकारात्मक कदम बताया। इस दौरान सभासद अनिकेत रावत, संतोष साहनी, डॉ विजय साहनी,फूलचंद चौधरी, राजनारायण निषाद, जीतू सिंह,लिपिक अंकित पांडेय,मनोज चौबे,विकास चौबे,अमित सिंह, रंजीत सिंह,अभिषेक दुबे,दिनेश सिंह, रामनरेश चौधरी,मंसूर आलम,पंडित सचिन तिवारी, पप्पू पाल, विकास सिंह छोटकू इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## एनसीएल का मेगा आरोहण समर कैंप 2025 आज से शुरू

**सोनभद्र/सिंगरौली।** सिंगरौली स्थित भारत सरकार की मिनिरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफ़ील्डस लिमिटेड (एनसीएल) मेगा समर कैम्प आरोहण के छठे संस्करण का शुक्रवार से आयोजन कर रही है। इस वर्ष यह समर कैम्प 16 मई से 5 जून, 2025 तक आयोजित किया जाएगा। एनसीएल द्वारा प्रतिवर्ष बच्चों में खेल कूद भावना को बढ़ावा देने एवं स्वस्थ जीवन शैली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से निःशुल्क ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर आरोहण का आयोजन किया जाता है। 6-14 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों हेतु आयोजित यह शिविर एक माह की अवधि तक आयोजित किया जाएगा। आरोहण समर कैम्प के दौरान योग्य प्रशिक्षकों के द्वारा सभी बच्चों को विभिन्न खेल-कूद विधाओं जैसे ङ्कबैडमिंटन, एथलिटिक्स, टेबल टेनिस, कबड्डी, फुटबाल, वॉलीबाल , क्रिकेट, नृत्य, संगीत (गायन एवं वादन), पेंटिंग, बास्केट बॉल, जूडो कराटे, स्विमिंग, स्केटिंग व अन्य विधाओं में पारंगत किया जाएगा। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर आरोहण स्थानीय क्षेत्र के बच्चों में परस्पर भाई-चारे की भावना को बढ़ावा देते हुए उनका मानसिक, शारीरिक व आध्यात्मिक विकास करने में सहायक है।

# डाला नगर पंचायत ने दुर्गंध के खिलाफ खोला मोर्चा



**जिलाधिकारी से की त्वरित कार्रवाई की मांग**

**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/डाला।** डाला नगर में फैली दुर्गंध की गंभीर समस्या के खिलाफ नगर पंचायत अध्यक्षा फुलवंती गोंड ने सभासदों के साथ मिलकर मौर्चा खोल दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को नगर पंचायत अध्यक्षा के नेतृत्व में सभासदों ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर इस समस्या के तत्काल समाधान की गुहार लगाई। ज्ञापन के माध्यम से जिला अधिकारी को अवगत कराया गया कि नगर में स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री द्वारा भारी मात्रा में कूड़ा लाकर लक्ष्मण नगर के वार्ड 10 में फैक्ट्री की बाउंड्री के पास एकत्रित करके जलाने में उपयोग लिया जा रहा है।इस कूड़े के कारण दुर्गंध ने पूरे नगर में फ़ैल कर पर्यावरण दूषित कर रहा है। पिछले कई दिनों से नगरवासी 24 घंटे जहरीली हवा और असहनीय दुर्गंध का सामना कर रहे हैं, जिससे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को सांस लेने में कठिनाई हो रही है। नगर पंचायत अध्यक्षा फुलवंती गोंड ने कहा कि हमारी प्राथमिकता नगरवासियों के स्वास्थ्य और स्वच्छ पर्यावरण की रक्षा करना है। अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री द्वारा कूड़ा जलाने से उत्पन्न दुर्गंध और प्रदूषण अस्वीकार्य है। यह न केवल पर्यावरण के लिए खतरा है, बल्कि हमारे बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य को भी गंभीर नुकसान पहुंचा रहा है। हमने जिलाधिकारी से त्वरित कार्रवाई की मांग की है और इस मामले के ज्ञापन की प्रतिलिपि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री,नगर विकास मंत्री उत्तर प्रदेश और एनजीटी तक प्रेषित किया जा रहा हैं। ताकि इस मामले में उच्च स्तर पर कार्रवाई सुनिश्चित हो। इस मौके पर सभासद विशाल कुमार, अवनीश देव पांडेय, शबाना खान , आशा देवी,दिक्षा पटेल,सभासद प्रतिनिधि कन्हैया लाल, बलवीर , संतोष कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# आईएएस बनकर देश सेवा करना चाहती है अदिति

**वहाज अली निहाल**



**इटावा।** जो बड़ा सपने देखता है वही उसे अपनी मेहनत से पूरा भी करता है बस मन में कुछ कर दिखाने का जुनून और टाइम मैनेजमेंट का महत्वपूर्ण ज्ञान होना चाहिए ऐसी ही विचार रखने वाली दिल्ली पब्लिक स्कूल की एक होनहार छात्रा है अदिति यादव जिसने इस वर्ष 12 वीं की परीक्षा में डिस्ट्रिक्ट सेकेंड टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया है।

**आइए जानते है कौन है अदिति ?**

मन में सिविल सेवा की तैयारी का बड़ा सा सपना लिए इटावा जनपद के एक बड़े राजनैतिक परिवार में जन्मी जनपद की बेटी, दिल्ली पब्लिक स्कूल, इटावा की होनहार छात्रा अदिति भविष्य में आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती है। अपने प्रिय दादाजी स्व0 बाबू दर्शन सिंह यादव को अपना आदर्श मानने वाली अदिति का पसंदीदा विषय राजनीति विज्ञान है जिसमे उसने इस वर्ष 100 में 100 अंक हासिल किए है। इसके साथ ही अंग्रेजी विषय में भी उसने शानदार 100 में 100 अंक हासिल किए है।

अदिति को पढ़ाई के साथ अंग्रेजी नॉवेल पढ़ना, स्केटिंग करना और अच्छे आर्टिकल पढ़कर उनका उत्तर लिखना बेहद पसंद है। अदिति दिल्ली विश्विद्यालय के किसी टॉप कालेज से बीए ऑनर्स की पढ़ाई करना चाहती है, इस समय वह घर पर ही CUET की परीक्षा की तैयारी भी कर रही है। अदिति के पिता नीरज कुमार यादव एक बिजनिस मैन और सामाजिक कार्यकर्ता है मां आभा यादव एक सामान्य ग्रहणी है उसके बड़े ताऊ जी नागेंद्र प्रताप सिंह एक IAS अधिकारी है अदिति का बड़ा भाई अभी स्नातक की पढ़ाई कर रहा है, अदिति ने बताया कि वह स्कूल से घर वापस आकर रोजाना ही 4 से 5 घंटे सेल्फ स्टडी करती थी उन्होंने किसी भी कोचिंग का कभी कोई सहारा नही लिया।

### अदिति ने साझा किया अपनी इस सफलता का राज

अदिति अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता और डीपीएस के उन सभी शिक्षकों को देती हैं जिन्होंने उसे परीक्षा की तैयारी के लिए शानदार मार्गदर्शन दिया। अपनी शानदार सफलता का राज साझा करते हुए अदिति कहती है कि, परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए सभी विषयों को थोड़ा थोड़ा रोज नियम से पढ़ते रहना चाहिए साथ ही पूरी मेहनत से डिटेल के साथ रोज नोट्स बनाकर तैयारी करें और परिणाम की चिंता बिल्कुल भी न करें, मेरी इस सफलता का बस यही एक मूल मंत्र है। अदिति की इस सफलता पर पूरे डीपीएस में खुशी का माहौल है डीपीएस, इटावा के चेयरमैन डॉ विवेक यादव, वाइस चेयरमैन डॉ प्रीति यादव सहित प्रिंसिपल भावना सिंह ने शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की है।

# जनसुनवाई समाधान पोर्टल पर कार्यशाला का आयोजन



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी.एन. सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त होने वाली जन शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ ही अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के उपस्थिति में कार्यशाला का आयोजन किया गया, इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री की मंशा है कि जनता दर्शन, तहसील दिवस, आई.जी.आर. एस., थाना समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण ससमय व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाये, जिससे कि जन मानस की समस्याओं का ससमय निस्तारण हो सकें, उन्होंने कहा कि आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायातों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारी स्थल पर जाकर शिकायतकर्ता का फीडबैक प्राप्त करते हुए शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करें, निस्तारण के दौरान स्थल पर कार्यवाही सम्बन्धी जी.पी. एस. फोटोग्राफ्स अपलोड करना सुनिश्चित करें, सम्बन्धित अधिकारी प्रतिदिन आई.जी.आर.एस. पोर्टल को लागिन करते हुए प्राप्त होने वाली शिकायतों का फीडबैक भी प्राप्त करते रहें और प्राप्त शिकायतों का निस्तारण भी ससमय कराना सुनिश्चित करें।

# किसान पथ पर चलती बस में लगी आग

अवधनामा ब्यूरो



पांच जिंदा जले, बेगूसराय से दिल्ली जा रही थी निजी बस

**लखनऊ।** बिहार के बेगूसराय से दिल्ली जा रही एक निजी बस में बृहस्पतिवार सुबह लखनऊ के मोहनलालगंज इलाके में किसान पथ पर आग लगने से दो बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गयी। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस आयुक्त (मोहनलालगंज) रजनीश वर्मा ने बताया कि बिहार के बेगूसराय से दिल्ली जा रही एक निजी बस में सुबह करीब पांच बजे अचानक आग लग गयी।

उन्होंने बताया कि आग लगने से बस में सवार दो बच्चों, दो महिलाओं और एक पुरूष की मौत हो गयी । वर्मा ने बताया कि आग लगने के बाद बस का चालक और सहचालक मौके से फरार हो गए वहीं बस में सवार यात्रियों को पुलिस और जनता की मदद से कांच तोड़कर बाहर निकाला गया।

एसीपी ने बताया कि यात्रियों के अनुसार बस में करीब 80 से 90 यात्री थे। बस से पांच शव बरामद हुये हैं, वहीं हादसे में कुछ लोग मामूली रूप घायल भी हुये हैं जिन्हें इलाज के लिये अस्पताल ले जाया गया है। इस हादसे में लक्खी देवी (55), सोनी (26), देवराज (3), साक्षी कुमारी (2) तथा मधुसूदन (21) की मौत हो गई। वर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि बस के 'गेयर बाक्स' में शार्ट सर्किट के कारण आग लगी।

पुलिस की जांच में यह बात सामने आई है कि बस का आपातकालीन द्वार नहीं खुला और इस वजह से लोग बस से बाहर नहीं निकल सके। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग इतनी भीषण थी कि एक किलोमीटर दूर तक आग की लपटें दिखाई दे रही थीं। वर्मा ने कहा कि यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के इंतजाम किये गए हैं।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बस में आग लगने से लोगों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, '' मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्यों में तेजी लाने और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। साथ ही, घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।''

## परिवहन मंत्री ने लखनऊ के मोहनलालगंज में हुई बस दुर्घटना का लिया संज्ञान



उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने गुरूवार को लखनऊ के मोहनलालगंज स्थित कल्ली पश्चिम के पास किसान पथ के फ्लाई ओवर पर प्रातः 05 बजे हुई बस दुर्घटना का त्वरित संज्ञान लेकर विभागीय अधिकारियों को घटना स्थल पर जाकर जांच करने तथा घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस बस दुर्घटना में जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। प्रदेश की योगी सरकार किसी भी स्थिति में कार्यों, नियमों एवं निर्देशों के प्रति शिथिलता एवं लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने दुर्घटना में मृत व्यक्तियों के प्रति गहरी शोक-संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की ईश्वर से प्रार्थना की। परिवहन मंत्री ने विभागीय उच्च अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुर्घटनाग्रस्त हुई बस नं0 यूपी-17 ए0टी0 6372 को जारी किये गये स्पेशल परमिट की विभागीय जांच की जाए। उन्होंने कहा कि जानकारी हुई है कि संबंधित बस का लीगल परमिट 22 अक्टूबर, 2023 को ही समाप्त हो गया था। फिर भी, बिना किसी फिटनेस जांच और स्थायी लीगल परमिट जारी किये बगैर बस का संचालन किया जा रहा था।

# दुधवा को आकर्षित करने में ट्रैवेल एण्ड टूर ऑपरेटर्स की महत्वपूर्ण भूमिका



अवधनामा ब्यूरो

- पर्यटन मंत्री ने टूर एवं ट्रैवेल ऑपरेटर्स के साथ बात-चीत की

**लखनऊ।** पर्यटन विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड एवं टूर ट्रैवेल ऑपरेटर्स के साथ आयोजित की गई बैठक में प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि दुधवा के आस-पास के क्षेत्रों को भी पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जायेगा जिससे देशी-विदेशी पर्यटकों की संख्या में बड़ोतरी हो सके। आज पर्यटन भवन में आयोजित बैठक में पर्यटन मंत्री ने कहा कि पर्यटकों को ठहरने की सुविधा, योग, वैल्नेस सेन्टर ग्रामीण पर्यटन, स्थानिय हस्तशिल्प और व्यन्जन का आनंद लेने के लिए सुविधाएं बढ़ाई जायेंगी। दुधवा पर्यटकों के लिए एक बेहतरीन तथा रमणीक स्थल है। प्रदेश की आर्थव्यवस्था में इसका महत्वपूर्ण योगदान है। यहाँ पर वर्ष भर पर्यटक आते रहते है। पर्यटकों की सुविधा के लिए लखनऊ से दुधवा तक हवाई सेवा भी शुरू की गई है। जयवीर सिंह ने कहा कि विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने में दुधवा पार्क की अहम भूमिका है। यह टाइगर रिजर्व, हिमालयी तराई में स्थित है, यहाँ वृक्षों की दुर्लभ प्रजातियाँ, वन-जीव आदि की भरमार है। यहाँ की जैव विविधता अनूठी है। पर्यटक शांत वातावरण में प्रकृति के साथ अपने को जोड़ने के लिए आते है। दुधवा टाइगर रिजर्व, हिमालयी तराई के कभी विशाल रूप से फैले क्षेत्र के अंतिम हिस्सों में से एक है। यह क्षेत्र न केवल दुर्लभ और असामान्य जीव-जंतुओं का निवास स्थान है, वनों के विशाल विस्तार में एक अनमोल धरोहर के रूप में उभरकर आता है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि विगत 08 वर्षों में बड़े पैमाने पर चलाये गये वृक्षारोपण अभियान के चलते प्रदेश की हरीतिमा एवं वनाच्छादन में काफी विस्तार हुआ है। राज्य सरकार के प्रयासों से वन्यजीवों को संरक्षित करने एवं दुर्लभ प्रजातियों को अगली पीढ़ी तक के लिए बचाये रखने के लिए हर सम्भव प्रयास किये जा रहे है।

# अखिलेश ने गोमती रिवर फ्रंट से गायब फव्वारों पर सवाल उठाए

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर गोमती नदी की बिगड़ती स्थिति को लेकर तीखा हमला बोला और सरकार पर अपनी जिम्मेदारी जनता पर डाल देने का आरोप लगाया। 'एक्स' पर एक अखबार की कतरन साझा करते हुए यादव ने भाजपा के शासन मॉडल और नदी की सफाई अभियान में जनता की भागीदारी के लिए मुख्यमंत्री के आह्वान का मजाक उड़ाया।

अखबार की इस खबर में मुख्यमंत्री द्वारा एक महीने के भीतर गोमती की सफाई पर एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। यादव ने लिखा, ''जनता अब भाजपा की सफ़ाई का कार्यक्रम बना चुकी है, भाजपा की सफाई से सब कुछ अपने आप साफ़ हो जाएगा। जिस जनता के हाथ में मुख्यमंत्री जी जिम्मेदारी का टोकरा थमाकर अपने दायित्व से बचना चाहते हैं वही जनता सरकार से पूछ रही है कि गोमती में लगे विश्वस्तरीय फाउंटेन मतलब विश्वस्तरीय फ़व्वारे कहां गये? कोई आंखों के सामने से चुरा ले गया या बेचकर मिलकर-बांटकर आपस में निपटारा हो गया।'' उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा अब अपनी नाकामी का ठीकरा जनता के सिर पर फोड़ने की तैयारी है।

# योगी सरकार का दवा कारोबारियों पर एक्शन

- 30 करोड़ नकली दवाएं जब्त, 68 गिरफ्तार

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नकली दवा के कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई के तहत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने सख्त कदम उठाते हुए 2024-25 में 30 करोड़ 77 लाख रुपये की नकली दवाएं जब्त की हैं। यहां जारी एक अधिकारिक बयान के मुताबिक विभाग ने पिछले एक साल के दौरान पूरे प्रदेश में 1039 छापेमारी अभियान चलाए और इस दौरान 13,848 नमूने एकत्र किये। नकली दवा के कारोबार में संलिप्त पाये गये 1166 दवा कारोबारियों के लाइसेंस निरस्त किए गये। साथ ही, 68 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। आधिकारिक बयान के मुताबिक सबसे ज्यादा कार्रवाई आगरा, लखनऊ और गाजियाबाद में हुई, जहां नकली दवाओं के साथ-साथ 'ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन', 'नारकोटिक्स (मादक पदार्थ)' औषधियां और नकली 'कॉस्मेटिक' उत्पाद भी जब्त किये गए। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस संबंध में सर्वाधिक कार्यवाही लखनऊ, आगरा और गाजियाबाद जिले में की गई। राज्य की राजधानी लखनऊ में एसटीएफ के सहयोग से 'ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन' और नकली दवाओं के खिलाफ कई बड़ी कार्रवाइयां की गईं। अधिकारियों के मुताबिक, आगरा में पांच नवंबर 2024 को एक करोड़ 36 लाख रुपये की नकली दवाएं और गाजियाबाद में छह फरवरी 2025 को 90 लाख रुपये की 'नारकोटिक्स' औषधियां जब्त की गईं। बरेली में अप्रैल 2025 में 50 लाख रुपये के नकली 'कॉस्मेटिक' उत्पाद जब्त किए गए। इसके अलावा, आयुर्वेदिक दवाओं की आड़ में 'एलोपथिक' दवाओं के अपमिश्रण के मामले में भी कड़ी कार्रवाई की गई। लिये गये 14 संदिग्ध नमूनों की जांच जारी है। प्रदेश में नकली दवाओं के खिलाफ यह कार्रवाई देश में मादक पदार्थ माफियाओं के विरुद्ध सबसे बड़ी मानी जा रही है। यह कार्रवाई न केवल जनस्वास्थ्य की रक्षा करेगी, बल्कि अवैध दवा व्यापार पर भी प्रभावी अंकुश लगाएगी। सरकार ने भविष्य में भी ऐसी कार्रवाइयों को और तेज करने का संकल्प लिया है।

## जमुनापारी बकरियों हेतु 191.52 लाख स्वीकृत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में पशुधन विकास के तहत जमुनापारी बकरियों का सुधार एवं संरक्षण योजना के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष में 01 करोड़ 91 लाख 52 हजार मात्र रूपये धनराशि स्वीकृत की है। इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए निदेशक, प्रशासन विकास पशुपालन विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। योजना का उद्देश्य जमुनापारी नस्ल के बकरे/बकरियों को सुरक्षित करना एवं जमुनापारी ब्रीडिंग ट्रैक में उच्च गुणवत्ता की नस्ल को संरक्षित करना है जिससे उच्चगुणवत्ता की मीट वाले बकरे एवं अधिक दुग्ध उत्पादन वाली बकरी तैयार हो सके। शासनादेश में निर्देशित किया गया है कि स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण/व्यय अनुमोदित कार्ययोजना एवं योजना हेतु निर्धारित गाइडलाइन्स का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए व्यय विवरण सहित उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन को उपलब्ध कराया जाएगा।

# सेमीकंडक्टर उत्पादन में 3,706 करोड़ का निवेश

- एचसीएल-फॉक्सकॉन मिलकर बनाएंगे आधुनिक चिप्स, रोजगार और तकनीकी विकास को मिलेगा बढ़ावा
- जेवर में लगेगा नया सेमीकंडक्टर प्लांट

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारत सरकार के इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन के तहत उत्तर प्रदेश के जेवर में एक और नया और अत्याधुनिक सेमीकंडक्टर प्लांट स्थापित किया जाएगा। इस परियोजना में एचसीएल और फॉक्सकॉन कंपनियाँ साझेदार होंगी। दोनों कंपनियाँ मिलकर कुल 3706 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि यह परियोजना उत्तर प्रदेश को सेमीकंडक्टर निर्माण का हब बनाएगी। इससे न सिर्फ आर्थिक विकास होगा, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के सपने को भी बल मिलेगा। जेवर को एक प्रमुख तकनीकी क्षेत्र के रूप में विकसित करने का हमारा सपना अब साकार हो रहा है। यह प्लांट यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (लम्प्व।) क्षेत्र में जेवर एयरपोर्ट के पास स्थापित होगा। यहां मोबाइल फोन, लैपटॉप, ऑटोमोबाइल, पीसी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज़ के लिए डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स का निर्माण किया जाएगा। इस यूनिट में हर महीने लगभग 20,000 वेफर्स और 3.6 करोड़ चिप्स तैयार किए जाएंगे, जो भारत की डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक ज़रूरतों को पूरा करने में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट से हजारों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा और प्रदेश में तकनीकी निवेश और बुनियादी ढांचे का विस्तार होगा जिससे स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षण और आधुनिक तकनीक से काम करने का मौका मिलेगा।

# रेशम सखी के रूप में रेशम कीट पालन करेंगी स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं



- रेशम विभाग से जुड़कर रेशम कीट पालन करेंगी समूहों की दीदियां
- रेशम सखी के रूप में काम करके बढ़ायेगी, अपनी आमदनी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों को रेशम उत्पादन से जोड़ते हुए रेशम क्लस्टर विकसित किये जायेंगे। समूहों के मध्य से रेशम सखियों का चयन कर उन्हें प्रशिक्षित किया जायेगा। इस तरह स्वयं सहायता समूहों की दीदियां रेशम विभाग से जुड़कर रेशम कीट पालन करेंगी और रेशम सखी के रूप में काम करके अपनी आमदनी बढ़ायेंगी। इस कार्य को मूर्तरूप प्रदान करने के लिए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को व्यापक दिशा-निर्देश दिए हैं। उप मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं रेशम विभाग द्वारा 50,000 स्वयं सहायता समूह की सदस्यों को आगामी पाँच वर्षों में रेशम उत्पादन से जोड़ने हेतु अनुबंध किया जा चुका है।

इस मसौदे व अनुबंध को अमलीजामा पहनाने की कवायद शुरू कर दी गई है। शहतूत रेशम कीट पालन पर समझ विकसित करने हेतु 14 सदस्यीय दल जिसमें राज्य, जनपद एवं ब्लॉक स्तरीय मिशन प्रोफेशनल सम्मिलित हैं, का तीन दिवसीय एक्सपोज़र विज़िट केंद्रीय रेशम अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, मैसूर, कर्नाटक में आयोजित किया जा चुका है। टसर रेशम कीट पालन पर समझ विकसित करने हेतु जनपद सोनभद्र से 17 सदस्यीय दल, जिसमें रेशम सखी एवं मिशन स्टाफ़ सम्मिलित हैं, का तीन दिवसीय एक्सपोज़र विज़िट केंद्रीय टसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, राँची, झारखंड में आयोजित किया जा चुका है।

## पर्यटन मंत्री फिरोज़ाबाद और मैनपुरी के दो दिवसीय भ्रमण पर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री 16 मई के अपराह्न से मैनपुरी एवं फिरोज़ाबाद जनपदों के दो दिवसीय भ्रमण पर रहेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार पर्यटन मंत्री कल देर शाम फिरोज़ाबाद पहुँचेंगे। अगले दिन शनिवार 17 मई को नगर पालिका परिषद सिरसागंज, फिरोज़ाबाद में आयोजित तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके उपरान्त पूर्वाह्न लगभग 10:00 बजे छोटा किश्चियन मैदान मैनपुरी में तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। इसके उपरान्त ट्रॉजिट हॉस्टल पीडब्ल्यूडी, पुलिस लॉइन मैनपुरी में अपराह्न 01:00 बजे तक जनता की समस्याओं की सुनवाई करेंगे। इसके पश्चात कृषणा मैरिज होम, स्टेशन रोड, मैनपुरी में एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद गीता पैलेस, कुरावली रोड, घिरोर, मैनपुरी में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# आयुक्त एवं निबन्धक सहकारिता ने समस्त अधिकारियों से सहकारिता विभाग को नम्बर-वन बनाने के लिए की अपील

- सामूहिक प्रयास से हम विभाग को ऊंचाईयों तक पहुंचा सकते हैं : हीरालाल

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।**आयुक्त एवं निबन्धक सहकारिता हीरालाल ने आज लखनऊ मण्डल की समीक्षा आयुक्त एवं निबन्धक के सभागार में की। जिसमें संयुक्त निबन्धक, सहायक निबन्धक, सचिव जिला सहकारी बैंक, अपर जिला सहकारी अधिकारी, क्षेत्रीय प्रबन्धक पीसीएफ/पीसीयू/यूपीएसएस के अधिकारी उपस्थित रहे। आयुक्त महोदय ने जिले से आये सहायक निबन्धकों से अपने एक महीने के कार्यकाल में भेजे गये दिशा-निर्देशों परिपत्रों के कार्यवाही के सम्बन्ध में बिन्दुवार जानकारी प्राप्त की तथा अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सहकारिता विभाग में परिवर्तन दिखाई देगा तथा सहकारिता विभाग प्रगति की राह पर चलकर देश में नम्बर-वन प्रदेश बनेगा।

आयुक्त एवं निबन्धक ने बैठक में आये सहायक निबन्धक, अपर जिला सहकारी अधिकारी से उनका परिचय प्राप्त की। उन्होंने समस्त अधिकारियों से सहकारिता विभाग को नम्बर-वन बनाने के लिए अपील की। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयास मेहनत लगन से हम सब मिलकर विभाग को ऊंचाईयों तक पहुंचा सकते हैं। सहकारिता विभाग को ऊंचाईयों तक ले जाने के लिए दिशा-निर्देश भी दिये। उन्होंने सहकारिता का मूल मंत्र बताया कि नियत साफ है तो रास्ते मिल ही जाते हैं। उन्होंने सहकार से समृद्धि, आडिट व अन्य कार्यों को 20 मई तक करने के निर्देश दिये। उन्होंने ब्रांच मैनेजर सहायक निबन्धकों को एक-एक समिति को गोद लेने के निर्देश दिये। कॉमन सर्विस सेन्टर में 31 मई तक बिजली बिल जमा करवाने को प्राथमिकता दी। उन्होंने इसी प्रकार मूल्य समर्थन योजना, भण्डारण योजना, जनऔषधि केन्द्र, एफपीओ, पीएम सम्मान निधि योजना, आहरण वितरण, धान एवं गेहूं खरीद भुगतान की स्थिति, बैंकिंग योजना, लखनऊ में रिकवरी की प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। आयुक्त निबन्धक ने निर्देश दिये कि 10 लाख लिमिट वाली समितियों पर खाद अभी से भेज दी जाये। दलहन-तिलहन की खरीद को पूरे प्रदेश में बढ़ाया जाय। नैनो यूरिया, नैनो डीएपी पर भी चर्चा की। उन्होंने मध्यस्थवाद को जीरो करने का अभियान चलाकर निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जो भी वाद न्यायालय में लम्बित हैं उनका शीघ्र निस्तारण कराकर विभागीय वादों को खत्म किया जाय। सहकारिता विभाग की कार्यवाही जो प्रचलित हैं उनका शीघ्र निस्तारण किया जाए। उन्होंने वृक्षारोपण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। जहां पर वृक्ष लग चुके हैं उनको कैसे बचाया जाय इस पर ध्यान देने की आवश्यकता बताई। उन्होंने पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओं अभियान पर विशेष जोर दिया।

## वृहत् पशु आरोग्य शिविरों हेतु 264.75 लाख स्वीकृत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में पं0 दीनदयाल उपाध्याय वृहत् पशु आरोग्य शिविरों/मेलों (मण्डल स्तर पर) के आयोजन हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में रूपये 02 करोड़ 64 लाख 75 हजार मात्र रूपये की धनराशि स्वीकृत की है। इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए निदेशक, प्रशासन एवं विकास पशुपालन विभाग आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। शासनादेश में निर्देशित किया गया है कि स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण/व्यय अनुमोदित कार्ययोजना एवं योजना हेतु निर्धारित गाइडलाइन्स का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए व्यय विवरण सहित उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन को उपलब्ध कराया जाएगा। स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय/उपयोग उसी मद/प्रयोजन में किया जाएगा जिसके लिए धनराशि वस्तुतः स्वीकृत की जा रही है। निदेशक, प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग योजनान्तर्गत धनराशि व्यय करने से पूर्व यह सुनिश्चित करेंगे कि उक्त प्रयोजन हेतु पूर्व में किसी अन्य योजना/स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है।

# आज दुनिया को पहले से सबसे अधिक अमनो-शान्ति की ज़रूरत है

- ज़नाना पार्क में बज़्म ख़्वातीन के ज़ेर-ए-एहतमाम मदर्स-डे तक़रीब आयोजित

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** आज दुनिया को शांति की जितनी जरूरत है उतना पहले कभी नहीं थी। शांति हम सबके लिए हर दर्जे पर जरूरी है चाहे विश्व हो देश हो प्रदेश को समाज हो या फिर परिवार। इन विचारों का उद्गार आज बज़्म ए ख़्वातीन द्वारा ज़नाना पार्क में मदरस डे परआयोजित जलसे में किया गया। उम्मे सफ़िया बाराबंकी, अफ़शां सिद्दीकी गोरखपुर निंदा ख़ानम अलीगढ़, अनवर जहां, आफरीन सिद्दीक, फलकनाज, अर्शिया बानोआदि ने कहा कि आज हम ऐसी दुनिया में रह रहे हैं जिसे ग्लोबल विलेज कहा जाता है जिसने एक दूसरे देश को जोड़ते हुए आप आत्मनिर्भरता को बढ़ाया है लेकिन वैश्वीकरण के इस युग में युद्ध असंतोष, अवसाद, पलायन, पर्यावरणीय असंतुलन पूरी दुनिया के लिए भारी चुनौती है ऐसे में विश्व स्तर पर शांति और भाईचारे की स्थापना बहुत जरूरी है। बज़्म ए ख़्वातीन की अध्यक्ष बेगम शहनाज़ सिदरत ने कहा कि सांप्रदायिकता और आतंकवाद इस वक्त दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती है इसके कारण हर दिन दुनिया के साथ-साथ देश में भी अस्थिरता देखने को मिलती है क्योंकि पड़ोसी देशों से हमारे रिश्ते इन कारणों से खराब रहते हैं।उन्होने भारतीय सेना की तारीफ करते हुए कहा कि हम उन सैनिकों के कर्जदार हैं जो अपनी जानें न्योछावर कर कें हमारी हिफाजत करते हैं.बेगम शहनाज सिदरत ने कहा कि असंतुलित आर्थिक विकास भी वैश्विक शांति में रुकावट है। अंधाधुंध औद्योगिक करण ने पर्यावरणीय समस्याओं को जन्म दिया है इसलिए समय रहते हमें एक ऐसी दुनिया का निर्माण करना है जिसमें सभी लोगों के साथ समान व्यवहार किया जाए।जलसे की मुख्य अतिथि आफरीदी होमावजीर दिल्ली ने कहा कि दुनिया के सभी धर्मो संप्रदायों पंथ और आध्यात्मिक विचार वालों में डायलॉग की जरूरत है। आज हमारे परिवारों को पुनर्गठन की भी जरूरत है क्योंकि हमेशा से इंसान की पहली पाठशाला परिवार रहा है।

## सड़क निर्माण कार्यों के लिए 41.01 लाख रूपये मंजूर

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत जनपद जौनपुर में सड़क निर्माण से संबंधित 04 कार्यों के लिए कुल 41.01 लाख रूपये मंजूर किए हैं। इस संबंध में जारी शासनादेश की प्रति जिलाधिकारी, जौनपुर को प्रेषित कर दी गई है। शासनादेश के अनुसार मंजूर की गई धनराशि से जनपद जौनपुर की विधानसभा-मुंगराबादशाहपुर के विकासखण्ड-सुजानगंज के विभिन्न क्षेत्रों में सी0सी0 रोड का निर्माण तथा इण्टरलॉकिंग का निर्माण कार्य कराया जायेगा। इस संबंध में निर्देशित किया गया है कि मंजूर की जा रही धनराशि नियमानुसार संबंधित जनपद के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति से कोषागार से आहरित कर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करा दी जाएगी। कार्यों को मानकों के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ स्वीकृत लागत में ही पूर्ण किया जाएगा और लागत वृद्धि अनुमन्य नहीं होगी।

# इफरा ख़ान ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे स्कूल में किया टॉप

अवधनामा ब्यूरो



- लखनऊ की इफरा ख़ान भविष्य में आईएएस बनना चाहती हैं और अपने मामा की तरह समाज की सेवा करना चाहतीं हैं
- जीवन में कामयाब होने के लिए सबसे पहले शिक्षित होना ज़रूरी है: इफरा ख़ान

**लखनऊ।** शिक्षा हमारे जीवन के लिए सबसे ज़रूरी है हमें आगे बढ़ने और कामयाब होने में सिर्फ शिक्षा ही हमारा सहयोग करती है और हमारी सबसे अच्छी दोस्त किताबें हैं शिक्षा के लिए यह जज़्बा है इफरा ख़ान का 2025 सीबीएसई बोर्ड की 10वीं के नतीजों में बेटियों ने इस बार लड़कों से बेहतरीन प्रदर्शन करके नारी शक्ति को साबित कर दिया दसवीं बोर्ड के राष्ट्रीय स्तर पर छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 95 प्रतिशत और छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 92.63 प्रतिशत रहा और वहीं उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 85.82 प्रतिशत रहा और छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 80.10 प्रतिशत रहा और इस तरह एक बार फिर लड़कियों ने लड़कों से बेहतरीन प्रदर्शन किया इसी कड़ी में सेंट्रल अकैडमी इंदिरा नगर लखनऊ की छात्रा इफरा ख़ान ने 10वीं में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त करके अपने स्कूल में टॉप करके अपने माता-पिता का नाम रौशन किया इफरा को स्कूल परिसर में स्कूल द्वारा सम्मानित किया गया इफरा ने बताया कि मैंने पढ़ाई का एक लक्ष्य निर्धारित करके बिना समय पर ध्यान दिए अपने लक्ष्य को पाने के लिए पढ़ना जारी रखा जब तक विषय पूर्ण रूप से याद नहीं हो जाता था तब तक पढ़ती रहती थी अपने लक्ष्य को पाने के लिए रात दिन पढ़ना बहुत ज़रूरी है मेरी इस कामयाबी में मेरी मां का बहुत बड़ा योगदान है मेरी पढ़ाई में उन्होंने मुझे बहुत समय दिया और मेरा हौसला बढ़ाती रहीं जिस कारण आज मैं सफल हो पाई हूं जब हमारे संवाददाता ने इफरा से पूछा कि वह भविष्य में क्या बनना चाहती हैं तो उन्होंने कहा कि मैं आईएएस ऑफिसर बनना चाहती हूं और उसके साथ-साथ अपने मामा की तरह समाज की सेवा करना चाहती हूँ और अपने शहर के होनहार और पढ़ने लिखने वाले ग़रीब जरूरतमंद बच्चों को मुफ्त शिक्षा देना चाहती हूं ताकी वह अपना भविष्य बना सके और किसी के आगे हाथ ना फैलाएं।